CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 17 मार्च 2025 । वर्ष – 66 । अंक –328 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



बिहार में डबल इंजन की सरकार ने किया गुंडाराज स्थापित : राजद — पृष्ठ 2
- मुस्लिम के बिना भारत की राजनीति नहीं चल सकती
- आम लोगों के गिरते जीवन स्तर और बेरोज़गारी पैदा कर रही सामाजिक तनाव — पृष्ठ 6
- हूती ठिकानों पर अमेरिकी हमलों में 13 लोगों की मौत
- उत्तरी मैसेडोनिया के नाइटक्लब में भीषण आग, 50 लोगों की मौत — पृष्ठ 7

मेदवेदेव को हराकर चौथी बार एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में रूण — पृष्ठ 8

## सार संक्षेप

### हाफिज सईद के सहयोगी की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के मुख्य कमांडर और 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के करीबी सहयोगी अबू कताल और उसके सुरक्षाकर्मी की अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। 'द न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार अबू कताल, जिसका असली नाम जिया उर रहमान था, मंगला-झेलम रोड पर बंदूक से उस समय हमला हुआ जब वह अपनी काली जीप में यात्रा कर रहा था। अबू कताल और उसके सुरक्षाकर्मी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### भारत का प्रमुख कूटनीतिक सम्मेलन रायसीना संवाद आज से

**नई दिल्ली**। भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत के प्रमुख कूटनीतिक सम्मेलन रायसीना संवाद 17-19 मार्च के बीच होगा, जिसमें न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के अलावा कम से कम 20 देशों के विदेश मंत्री शिरकत करेंगे। रायसीना संवाद के 10वां संस्करण का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 मार्च को करेंगे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन, मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे और मुख्य उद्बोधन देंगे।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहली ई-एफआईआर दर्ज की

**नई दिल्ली**। जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले के काजीगुंड पुलिस स्टेशन ने डिजिटल पुलिसिंग की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए पहली इलेक्ट्रॉनिक प्राथमिकी (ई-एफआईआर) दर्ज की है। पुलिस ने कहा कि 16 फरवरी, 2025 को व्हाट्सएप के माध्यम से दर्ज की गई शिकायत के बाद ई-एफआईआर दर्ज की गई थी।

### अमृतसर के बाद जालंधर में घर पर ग्रेनेड हमला

**जालंधर**। पंजाब के अमृतसर में एक मंदिर पर हमले के बाद अब जालंधर में एक घर पर ग्रेनेड फेंका गया है। पंजाब के जालंधर में हुए ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी ने ली है। सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर भट्टी ने इस हमले का दावा किया और इसे एक साजिश के तहत अंजाम दिया गया बताया।

# पाकिस्तानी सेना के काफिले पर आत्मघाती हमला

## हमले में 7 जवानों की मौत, बीएलए का 90 सैनिकों को मारने का दावा

- बलूच विद्रोहियों ने सेना की बस को उड़ाया
- लगभग 35 लोगों के घायल होने की हुई पुष्टि

**क्वेटा**, 16 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक बार फिर पाकिस्तानी सेना के काफिले पर बड़ा हमला हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान के नोशकी जिले में एक आत्मघाती हमले में काफिले को निशाना बनाया गया और उसके बाद भारी गोलीबारी की गई। समूह ने 90 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत का दावा किया है। हालांकि, मीडिया आउटलेट खुरासान डायरी ने स्वतंत्र स्रोतों ने अब तक 7 लोगों की मौत और लगभग 35 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है।

बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जीयांद बलूच ने कहा कि एक आत्मघाती हमलावर ने एक बस को निशाना बनाया और उसके बाद दूसरी बस पर गोलीबारी की। काफिले में आठ बसें थीं, जिनमें से एक आत्मघाती हमले में पूरी तरह नष्ट हो गई। प्रवक्ता ने आगे कहा कि



हमले के तुरंत बाद बीएलए के फतह दस्ते ने बस को पूरी तरह से घेर लिया और उसमें मौजूद सभी सैनिकों को मार डाला। बीएलए ने दावा किया कि पूरी कार्रवाई में कुल 90 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। खुरासान डायरी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि पाकिस्तानी सैन्य बलों के काफिले में 8 बसें और दो कारें शामिल थीं। एक पुलिस अधिकारी के हवाले से इसने बताया है कि एक बस को व्हीकल बॉर्न आईईडी से निशाना बनाया गया है, जो संभवत: एक आत्मघाती हमला है, जबकि दूसरी बस को रॉकेट से संचालित ग्रेनेड से निशाना बनाया गया।

**ट्रेन हाईजैक के बाद दूसरी घटना**

एक सप्ताह के भीतर बलूच विद्रोहियों का ये दूसरा बड़ा हमला है। इसके पहले मंगलवार को बीएलए ने क्वेटा से पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस ट्रेन का अपहरण कर लिया था। ट्रेन में 450 से ज्यादा यात्री सवार थे। ट्रेन पर कब्जा करने के बाद बीएलए ने बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को जाने दिया था। बुधवार की रात को पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि उसने सभी बंधकों को रिहा करा लिया है। इसने 33 बीएलए लड़ाकों को मारने का दावा किया, लेकिन समूह ने पाकिस्तानी सेना के दावों को झूठ बताया और कहा कि बंधक अभी भी उनके कब्जे में हैं। बाद में समूह ने दावा किया कि उसने 214 बंधकों को मार दिया जो पाकिस्तानी सेना के जवान थे।

**बलूचिस्तान की आजादी चाहता है बीएलए**

बीएलए पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी चाहता है। यह प्रांत ईरान से सटा हुआ है। आज से नहीं दशकों से आजादी की शेष पृष्ठ 7 पर

# मुख्यमंत्री साय ने जशपुर में विमान उड़ान प्रशिक्षण का किया शुभारंभ




- राज्य सरकार युवाओं को बनाएगी पायलट
- हर संभव सहायता होगी उपलब्ध

**रायपुर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर जिले के आगडीह हवाई पट्टी में 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर के कैडेट्स से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कैडेट्स के अनुभव सुने और जशपुर में पहली बार शुरू हुए विमान उड़ान प्रशिक्षण को एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि जशपुर अब केवल पर्यटन और प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र नहीं, बल्कि विमानन प्रशिक्षण का नया हब भी बन रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में करियर निर्माण के लिए आवश्यक संसाधन और अवसर प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। अब युवा पायलट बनने का भी सपना साकार कर सकते हैं, जिसके लिए सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर माइक्रो लाइट एयर स्क्वाड्रन विमान का अवलोकन किया और उसकी तकनीकी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैडेट्स को जशपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण करवाया जाए, ताकि वे जिले के प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से परिचित हो सकें। उन्होंने यह भी बताया कि जशपुर में काजू, चाय पत्ती, नाशपाती और सेब की खेती बड़े पैमाने पर हो रही है, जिससे यहां की कृषि को नया आयाम मिला है।

**पहली बार जशपुर में विमान उड़ान प्रशिक्षण, 100 कैडेट्स को मिलेगा अवसर**- जशपुर जिले में 7 मार्च 2025 से कैडेटों को सुबह विमान उड़ाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान विमान आकाश में उड़ान भरने के बाद सुरक्षित लैंड करता है, जिससे कैडेट्स को व्यावहारिक अनुभव मिलता है। रायपुर से बाहर पहली बार जशपुर जिले में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिससे कैडेट्स में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

**ट्विन-सीटर एसडब्ल्यू-80 विमान से दी जा रही ट्रेनिंग**- आगडीह हवाई पट्टी की लंबाई 1200 मीटर शेष पृष्ठ 7 पर

## कांग्रेस ने बिहार में शुरू की पदयात्रा

**बेतिया**, 16 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कर्मभूमि बिहार के पश्चिमी चंपारण से रविवार को कांग्रेस की पलायन रोको – नौकरी दो पदयात्रा शुरू हुई। पदयात्रा जिले के भीतिहरवा गांधी आश्रम से शुरू हुई है। पदयात्रा में कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के साथ बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह और बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू भी शामिल हुए। यह यात्रा 14 अप्रैल को पटना पहुंचेगी। यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने सरकार पर विभिन्न मुद्दों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने पदयात्रा के उद्देश्यों को लेकर कहा कि यह पदयात्रा लोकसभा और विधानसभा में सीट मिलने की यात्रा नहीं है, बल्कि यह यात्रा नौकरी में सबको सीट मिले, उसकी यात्रा है। जो पढ़-लिख चुके हैं, उन्हें दफ्तर में नौकरी मिले।

## स्पेस स्टेशन में सुनीता से मिले अंतरिक्ष यात्री

- जल्दी धरती पर

**न्यूयॉर्क**, 16 मार्च (एजेंसियां)। नासा और स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन इस समय इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंच चुका है। फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा भेजे गए ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के जरिए क्रू-10 के अंतरिक्ष यात्री आईएसएस पहुंचे।



सफल डॉकिंग के बाद, जब हैच खुला, तो अंतरिक्ष यात्रियों की मुलाकात भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स और उनके साथी अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मर से हुई। हैच खुलते ही सुनीता विलियम्स और बुच विल्मर ने रविवार को आए सभी अंतरिक्ष यात्रियों को गले लगाया। इस खास मुलाकात शेष पृष्ठ 7 पर

## ईडी दफ्तर में पेश नहीं होंगे पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे

**दुर्ग**, 16 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईडी की इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि उन्हें या उनके पुत्र (चैतन्य बघेल) को कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है, इसलिए ईडी दफ्तर में उपस्थित होने का प्रश्न ही नहीं उठता। उन्होंने यह भी कहा कि यदि नोटिस आता है, तो वे अवश्य जाएंगे। बघेल ने आरोप लगाया कि ईडी का काम केवल मीडिया में हाइप क्रिएट करना और बदनाम करना है। उन्होंने भाजपा पर षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि सात साल पहले सेक्स सीडी कांड में उन्हें बदनाम किया गया था, लेकिन कोर्ट में मामला खत्म हो गया।




- कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है : भूपेश

आपको बता दें कि 10 मार्च को ईडी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई-3 स्थित निवास पर छापेमारी की। यह कार्रवाई राज्य में कथित 2161 करोड़ रुपये के शराब घोटाले की जांच के तहत की गई थी। ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समेत 14 स्थानों पर तलाशी ली।

भूपेश बघेल ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक षड्यंत्र करार देते हुए कहा कि भाजपा विपक्षी दलों को दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि सात साल पहले उनके खिलाफ एक गंभीर आरोप लगाया गया था, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया था। इस पूरे मामले में कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ गया है, जिसमें ईडी की कार्रवाई और उसके बाद की घटनाएं प्रमुख भूमिका निभा रही हैं।

# दो बाइक आपस में भिड़ी, 4 युवकों की मौत

**कोरिया**, 16 मार्च (देशबन्धु)। बैकुंठपुर में रफ्तार ने फिर 4 लोगों की जान ले ली। 2 बाइकों के बीच आमने सामने की टक्कर में चारों की जान चली गई। हादसे में एक युवक की हालत गंभीर है। घायल युवक का इलाज अस्पताल में जारी है। हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार युवकों के शव पूरे सड़क पर बिखर गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को पहले अस्पताल पहुंचाया फिर मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

2 बाइकों की टक्कर में 4 की मौत-पुलिस की शुरुआती जांच में ये बात सामने आई है कि दोनों बाइकें तेज रफ्तार में आ रही थी। स्पीड को काबू नहीं कर पाने के चलते दोनों गाड़ियों के बीच टक्कर हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। गुस्साए लोगों का कहना था कि जिस जगह पर हादसा हुआ है वहां स्पीड कंट्रोल के लिए स्पीड ब्रेकर लगाया जाए। ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पुलिस पालन कराए। तभी इस तरह के रोज होने वाले हादसे रोके जा सकते हैं।

## तेज रफ्तार बाइक खड़े ट्रक से टकराई, तीन दोस्तों की जान गई

**बालोद**, 16 मार्च (देशबन्धु)। बालोद जिले के अर्जुंदा थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देर रात हुआ, जब तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।



घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को अर्जुंदा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक तेलीटोला गांव से फाग प्रतियोगिता देखकर अपने गांव मनकी लौट रहे थे। गांव के पास पहुंचने से पहले ही उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे की सूचना मिलते ही अर्जुंदा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को मर्चुरी भिजवाया। शेष पृष्ठ 7 पर

## उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने दिया इस्तीफा

**देहरादून**, 16 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने आज इस्तीफा दे दिया है। प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर इस्तीफे का ऐलान किया। इस दौरान प्रेमचंद अग्रवाल काफी भावुक हुए। रोते हुए प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दिया। इसके साथ ही प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने आप को राज्य आंदोलनकारी बताया। इस्तीफे के ऐलान के बाद प्रेमचंद अग्रवाल सीएम धामी से मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने सीएम धामी को अपना इस्तीफा सौंपा। इसके बाद सरकारी गाड़ी छोड़ निजी वाहन से प्रेमचंद अग्रवाल वापस अपने आवास लौट गए। इससे पहले प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें उन्होंने कहा मैं राज्य आंदोलकारी रहा हूं। उन्होंने कहा मुझे टारेगट किया जा रहा है। मेरी बातों को तोड़ मरोड़कर पेश किया गया।

### लेक्स फ्रिडमैन के पॉडकास्ट में बोले मोदी

## 140 करोड़ देशवासी मेरी ताकत



**नई दिल्ली**, 16 मार्च (एजेंसियां)। पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ एक इंटरव्यू के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को अपनी ताकत बताई और पाकिस्तान के साथ देश के रिश्तों पर बात की। पीएम मोदी ने पॉडकास्ट इंटरव्यू के दौरान कहा, मेरी ताकत मोदी नहीं है, 140 करोड़ देशवासी और हजारों साल की महान संस्कृति और परंपरा हमारी ताकत है। इसलिए मैं जहां भी जाता हूं, मैं अपने साथ हजारों साल की वैदिक परंपरा, स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद, सपनों और आकांक्षाओं का सार लेकर जाता हूं। जब मैं विश्व के नेताओं से हाथ मिलाता हूं, तो मोदी हाथ नहीं मिलाता है, 140 करोड़ लोगों की ताकत उनसे हाथ मिलाती है। इसलिए यह मेरी ताकत नहीं है, बल्कि यह भारत की ताकत है। उन्होंने कहा कि जब भी हम शांति की बात करते हैं, तो दुनिया हमारी बात सुनती है, क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है। भारतीयों में संघर्ष और टकराव का समर्थन करने की आदत नहीं है। हम इसकी बजाय सद्भाव और समन्वय का समर्थन करते हैं। हम न तो प्रकृति के खिलाफ युद्ध छेड़ना चाहते हैं, न ही राष्ट्रों के बीच संघर्ष को बढ़ावा देना चाहते हैं। हम शांति के पक्षधर हैं।



# देश

**उवाच**

"हिन्दू-मुसलमान आपस में कभी नहीं लड़ते हैं। भाजपा दोनों में लड़ाई लगाने का काम करती है। होली के रंग की वजह से मस्जिदों को ढक दिया गया। क्योंकि, भाजपा के नेता जुमे की नमाज और होली को लेकर बयान दे रहे थे।

-राशिद अल्वी,कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29.0 | 16.0 |
| मुंबई | 29.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 27.0 |

# बिहार में डबल इंजन की सरकार ने किया गुंडाराज स्थापित : राजद

■ प्रदेश में दो एएसआई की हत्या के मामले पर नीतीश सरकार को घेरा

**पटना,** 16 मार्च (एजेंसियां)। बिहार में दो एएसआई की हत्या के मामले को लेकर अब सियासत तेज हो गई है। राजद ने कानून-व्यवस्था को लेकर नीतीश सरकार पर सवाल उठाए हैं। मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की एनडीए सरकार ने गुंडाराज स्थापित कर दिया है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि डबल इंजन की एनडीए सरकार ने बिहार में गुंडाराज स्थापित कर दिया है।

बिहार में एनडीए की सरकार है और अपराधियों की बहार है। अब जिनके ऊपर जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, वही पुलिस वाले अब यहां सुरक्षित नहीं हैं, इसलिए जनता भगवान भरोसे है। यहां गुंडाराज, अपराधी राज कायम हो गया है और राज्य में अराजकता की स्थिति है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचेत अवस्था में हैं और उनसे बिहार संभल नहीं रहा है। इस सरकार के विदाई में ही बिहार की भलाई है। प्रदेश की जनता अपराधियों के तांडव



अब जिनके ऊपर जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी है वही पुलिस वाले अब यहां सुरक्षित नहीं हैं इसलिए जनता भगवान भरोसे है : मृत्युंजय तिवारी

से कराह रही है। अब पुलिस वाले भी अपराधियों के तांडव का शिकार हो रहे हैं। मृत्युंजय तिवारी ने तेजप्रताप यादव का बचाव किया। उन्होंने कहा कि बेवजह तिल का ताड़ बनाया जा रहा है। जेडीयू के विधायक मंच से कैसी भाषा बोल रहे हैं, यह सब किसी ने नहीं देखा। इससे पहले बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि 20 वर्षों की एनडीए सरकार में बिहार में सत्ता संरक्षित, सत्ता संपोषित और सत्ता प्रायोजित अपराध सब रिकॉर्ड तोड़ चुका है। सत्ता, अपराधी और पुलिस के गठजोड़ ने नागरिकों का जीना मुहाल कर कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रखी हैं। अपराधियों द्वारा पुलिस अधिकारियों की हत्या हो रही है। प्रति माह सैकड़ों हत्याएं हो रही हैं।

मुख्यमंत्री विधि व्यवस्था को लेकर बेसुध हैं। बिहार भगवान भरोसे चल रहा है। बता दें कि बीते शुक्रवार को बिहार के नंदलालपुर के पास एक व्यक्ति ने तेज धारदार हथियार से एएसआई संतोष कुमार पर हमला कर दिया था।

घायल पुलिस अधिकारी संतोष कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे पहले बिहार के अररिया जिले में पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन की ग्रामीणों के साथ हुई झड़प में मौत हो गई थी।

## बिहार में अपराध व अपराधियों को सत्ता का संरक्षण

**पटना।** बिहार राष्ट्रीय जनता दल प्रवक्ता एजाज अहमद ने प्रदेश की विधि-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार पर हमला बोला और कहा कि अपराध और अपराधियों को सत्ता के माध्यम से संरक्षित किया जा रहा है। यादव ने रविवार को कहा कि बिहार में जिस तरह से पुलिस पर हमले हो रहे हैं और सरकार के स्तर से कार्रवाई करने में कोई गंभीरता नहीं दिख रही है। यह स्पष्ट रूप से समझ में आता है कि बिहार में किस तरह का राज चल रहा है। जहां अपराध और अपराधियों को सत्ता के माध्यम से कहीं ना कहीं संरक्षित किया जा रहा है । और ऐसे लोगों के मनोबल को बढ़ाने में सत्ता के संरक्षण का ही प्रमाण मिलता है, तभी तो अपराध करने वालों की समझ बन गई है कि सैंया भए कोतवाल तो अब डर काहे का। राजद प्रवक्ता ने कहा कि इस तरह से लगातार हो रही वारदातें शासन और प्रशासन के गिरते मनोबल का ही परिणाम है कि राज्य के विभिन्न जिलों में पुलिस पर हमले हो रहे हैं और पुलिस पदाधिकारी की जान ली जा रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के स्तर से जो कार्रवाई दिखनी चाहिए वह कार्रवाई कहीं नहीं दिख रही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि बिहार में महा जंगलराज की स्थिति है।

# पीडीपी के दो पूर्व शीर्ष नेता फिर से पार्टी में शामिल

**श्रीनगर,**16 मार्च (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को रविवार को उस समय नया हौसला मिला जब उसके दो पूर्व नेता फिर से पार्टी में शामिल हो गए। पार्टी मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की मौजूदगी में दो पूर्व विधायक मंसूर हुसैन सुहरवर्दी और



यासिर रेशी फिर से पीडीपी में शामिल हो गए। पीडीपी ने एक्स पर कहा कि एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में पूर्व विधायक सुहरवर्दी और एमएलसी रेशी, जो पहले पार्टी छोड़कर चले गए थे, रविवार को श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय में महबूबा मुफ्ती की मौजूदगी में पीडीपी में वापस आ गए। दोनों नेताओं के शामिल होने से पीडीपी और मजबूत होगी। पीडीपी के संस्थापक सदस्यों में से एक सुहरवर्दी ने फरवरी 2021 में राजनीतिक और व्यक्तिगत कारणों से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। रेशी ने भी मार्च 2021 में पार्टी छोड़ दी थी।दोनों इससे पहले 2021 में सज्जाद गनी लोन के नेतृत्व वाली पीपुल्स कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए थे। पिछले एक साल में खुर्शीद आलम और बशारत बुखारी समेत कई पूर्व नेता पार्टी में वापस आ चुके हैं।

# नशीली दवाओं के तस्करों पर कोई रहम नहीं : अमित शाह

**नई दिल्ली/गुवाहाटी,** 16 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सरकार नशीली दवाओं के तस्करों पर कोई रहम नहीं दिखाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने नशा तस्करी से निपटने के लिए नीचे से ऊपर और ऊपर से नीचे की रणनीति अपनाई है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुवाहाटी में पूर्वोत्तर राज्यों में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान गृह मंत्री ने असम के आपराधिक जांच विभाग द्वारा नए आपराधिक कानूनों पर तैयार मानक प्रक्रिया पुस्तक का विमोचन भी किया। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के पूर्वोत्तर राज्यों में कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए



पूर्वोत्तर राज्यों में की नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा

कहा कि मादक पदार्थ माफियाओं के लिए कोई दया नहीं। मोदी सरकार के नशामुक्त भारत के निर्माण के अभियान को गति देते हुए, 88 करोड़ रुपए मूल्य की 'मेथमफेटामाइन' गोलियों की एक बड़ी खेप जब्त की गई और इंफाल तथा गुवाहाटी क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने कहा कि यह नशीली दवाओं की जब्ती हमारी नीचे से ऊपर और ऊपर से नीचे की जांच रणनीति की शानदार सफलता का प्रमाण है। गृह मंत्री ने इस बात को दोहराया कि सरकार नशा तस्करी के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखेगी।

## नशा मुक्त भारत के लिए सरकार प्रतिबद्ध

गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया कि सरकार नशा तस्करी को खत्म करने के लिए हर संभव कदम उठाएगी और इसमें किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी। सरकार नशा तस्करी से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार की नशीली दवाओं के खिलाफ यह कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा को मज़बूत करने और समाज को नशे से मुक्त करने के प्रयासों का हिस्सा है। इससे पहले तीन मार्च को असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने चंफाई जिले में एक संयुक्त अभियान में 60.63 करोड़ रुपये की मेथामफेटामाइन टैबलेट्स जब्त की थी। यह ऑपरेशन 28 फरवरी को ज़ोखावथर के क्रॉसिंग पॉइंट वन इलाके में चलाया गया था।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में चार तस्करों को किया गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में पुलिस ने अलग-अलग घटनाओं में चार तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस ने कहा कि समाज से मादक पदार्थों की बुराई को खत्म करने के प्रयासों को जारी रखते हुए उसने श्रीनगर में बेमिना चौक से बोटमैन कॉलोनी तक गश्त के दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

### अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर राजनाथ ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शोक जताया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने में अरविंद सिंह मेवाड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने आजीवन जनकल्याण एवं समाज कल्याण के लिए काम किया। अरविंद सिंह का रविवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने शंभू निवास में अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे व उदयपुर स्थित उनके आवास पर उनका इलाज चल रहा था।

### त्रिपुरा में चार रोहिंग्या समेत नौ लोग गिरफ्तार

**अगरतला।** सीमा सुरक्षा बल ने शनिवार को उत्तरी त्रिपुरा व उनाकोटी जिलों के विभिन्न स्थानों से मानव तस्करी में कथित रूप से शामिल चार रोहिंग्याओं समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया और रिमांड के लिए उन्हें संबंधित अदालतों में पेश किया। बीएसएफ की खुफिया शाखा ने धर्मनगर के आईएसबीटी से दो रोहिंग्याओं व एक दलाल को हिरासत में लिया, जो नौकरी की तलाश में दक्षिण भारत जा रहे थे। हिरासत में लिए गए रोहिंग्याओं की पहचान मंताजू हक व जाहिद आलम के रूप में हुई। उनके साथ दो युवतियां भी हैं जो बांग्लादेश के रोहिंग्या शरणार्थी शिविरों से आई हैं। दलाल की पहचान अब्दुल हक के रूप में हुई है।

### मऊगंज हिंसा में शहीद एएसआई को दी अंतिम विदाई

**सतना।** मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव में हुई हिंसा में शहीद हुए सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) रामचरण गौतम का आज उनके सतना जिले में स्थित गृहग्राम गुलुआ पवईया में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शहीद एएसआई स्व. गौतम की पार्थिव देह उनके गृह ग्राम गुलुआ पवईया पहुंचीं, जहां उनके अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सतना जिला कलेक्टर सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता भी गुलुआ पवईया गांव पहुंचे। बताया गया कि स्वर्गीय गौतम का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े बेटे सुनील गौतम ने दी।

# मध्य प्रदेश सरकार फिर लेगी करोड़ों का कर्ज : जीतू पटवारी

**भोपाल,**16 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश सरकार योजनाओं को संचालित करने के लिए लगातार कर्ज पर कर्ज ले रही है। सरकार 19 मार्च को फिर 6 हजार करोड़ का कर्ज लेने जा रही है। रंग पंचमी के दिन एमपी सरकार इस साल में तीसरी बार बाजार से कर्ज लेगी। प्रदेश में बढ़ रहे कर्ज को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार सरकार को घेर रहे हैं और सवाल खड़े कर रहे हैं। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने प्रदेश सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कर्ज से जनहित के काम नहीं किए जा रहे हैं बल्कि मंत्रियों के बंगले सुधारे जा रहे हैं। मध्य प्रदेश से ऐसा राज्य है, जहां जब बच्चा पैदा होता है तो 60 हजार का कर्जदार होता है। पटवारी ने दावा किया कि प्रदेश पर 5 लाख करोड़ का कर्ज है। समझ में नहीं आता मध्य प्रदेश सरकार आखिर कर्ज किस लिए ले रही है। कर्ज लेकर जनहित की योजनाएं संचालित नहीं की जा रहीं, बल्कि इस राशि का प्रयोग मंत्रियों के बंगले चमकाने में होता है। पटवारी ने आगे कहा कि मप्र को इस वित्तीय वर्ष में कुल 62,835 करोड़ रुपए तक कर्ज लेने की अनुमति है। इस हिसाब से 31 मार्च तक सरकार सिर्फ 5,800 करोड़ रुपये और कर्ज ले सकती है। 19 मार्च को लिया जाने वाला कर्ज 7, 21 और 24 साल की अवधि के लिए होगा। वित्त विभाग ने इसके लिए आरबीआई के जरिए अधिसूचना जारी कर दी है।



■ कर्ज से मंत्रियों के बंगले चमकाने का हो रहा काम

# झारखंड में कांग्रेस को मजबूत करने की तैयारी

■ 26 से 30 मार्च तक होंगी अहम बैठकें

**रांची,**16 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड में कांग्रेस पार्टी को संगठित और मजबूत करने के लिए 26 से 30 मार्च 2025 तक महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जाएंगी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रमुख पदाधिकारियों को विशेष कार्य सौंपे जाएंगे, जिन्हें अगले 100 दिनों में ज़मीनी स्तर पर लागू किया जाएगा।

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के झारखंड प्रभारी के. राजू ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो को लिखे पत्र में बताया कि इन बैठकों का उद्देश्य पार्टी की लंबी अवधि की रणनीति तैयार करना है। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नागरिक संगठनों से विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठकों का विस्तृत कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी प्रमुख पदाधिकारियों को सौंपे जाएंगे विशेष कार्य : केशव महतो

कमलेश ने रविवार को बताया कि झारखण्ड कांग्रेस प्रभारी के.राजू 26 मार्च को सुबह 10:30 से 2:00 बजे तक जेपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिवों के साथ चर्चा होगी, जबकि दोपहर 3:00 से 6:00 बजे प्रदेश कांग्रेस सचिवों के साथ बैठक होगी।

27 मार्च को एसी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विभाग के राज्य समिति सदस्यों के साथ बातचीत की जाएगी, इसके अलावा युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एन एसयूआई और इंटक के सदस्यों से चर्चा होगी। 28 मार्च को कांग्रेस के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों, पूर्व मंत्रियों और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के साथ अहम बैठक होगी। मार्च 29 को नागरिक समाज संगठनों के साथ दो चरणों में विचार-विमर्श किया जाएगा। 30 मार्च को पूर्व लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ चुके कांग्रेस प्रत्याशियों से मुलाकात होगी, इसके बाद मीडिया, सोशल मीडिया और कम्युनिकेशन विभाग के पदाधिकारियों से संवाद किया जाएगा। इसी दिन शाम 3:00 बजे प्रेस वार्ता के माध्यम से मीडिया से बातचीत होगी और 5:30 बजे कांग्रेस कनेक्ट सेंटर, रांची का दौरा किया जाएगा।

## कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए बनाई जाएगी विशेष कार्य योजना

झारखंड में कांग्रेस की नई रणनीति इन बैठकों के दौरान प्रदेश कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जाएगी। पार्टी कार्यकर्ताओं को मिशन मोड में काम करने के निर्देश दिए जाएंगे। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि झारखंड में पार्टी की उपस्थिति को फिर से मज़बूत करने के लिए जनसंवाद, मीडिया रणनीति और संगठनात्मक मजबूती पर विशेष ध्यान देना होगा। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो ने बताया झारखंड कांग्रेस के लिए यह कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे राज्य में संगठन को मजबूत करने और बेहतर प्रदर्शन की रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी।

# उस्मानिया विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शनों पर लगा प्रतिबंध



■ केटीआर ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**हैदराबाद,** 16 मार्च (एजेंसियां) भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के. तारक रामा राव (केटीआर) ने तेलंगाना कांग्रेस सरकार के उस्मानिया विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने के फैसले की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला करार दिया। रविवार को जारी एक बयान में, केटीआर ने सवाल उठाया कि क्या यह वही लोकतंत्र की भावना है जिसका राहुल गांधी और कांग्रेस ने बार-बार समर्थन किया था जब वे विरोध करने के अधिकार की वकालत कर रहे थे।

केटीआर ने सवाल किया क्या यह वह लोकतांत्रिक अधिकार है जिसका विरोध करने का राहुल गांधी और कांग्रेस ने दावा किया था। अगर कांग्रेस वास्तव में लोकतंत्र में विश्वास करती है, तो वह छात्रों की आवाजों को दबाने के लिए अधिनायकवादी उपायों का सहारा क्यों ले रही है कांग्रेस के स्पष्ट दोहरे मानकों की आलोचना करते हुए, केटीआर ने जनता को याद दिलाया कि पार्टी ने अपने चुनावी अभियान के दौरान 'सातवें गारंटी' के अंतर्गत विरोध करने का अधिकार देने का वादा किया था। हालांकि, एक साल से भी कम समय में, उसी कांग्रेस सरकार ने छात्र विरोधों पर प्रतिबंध लगाकर उस वादे का उल्लंघन किया।

## छात्रों की आवाज को दबाना तानाशाही

केटीआर ने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाना स्पष्ट रूप से तानाशाही को दर्शाता है। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार अब छात्रों के विरोध करने के मौलिक अधिकार को दबाकर अपना असली रंग दिखा रही है। उस्मानिया विश्वविद्यालय, जिसने तेलंगाना आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, अब इस दमनकारी शासन के अंतर्गत एक जेल में तब्दील किया जा रहा है। उन्होंने सरकार की गलत प्राथमिकताओं की आलोचना की और कहा कि विश्वविद्यालय के होस्टलों में प्रदूषित भोजन जैसे गंभीर मुद्दों को संबोधित करने के बजाय, जहां हाल ही में छात्रों के भोजन में कीड़े और यहां तक कि रेजर ब्लेड पाए, कांग्रेस सरकार छात्र असहमति को दबाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

# भाजपा ने की महाराष्ट्र विप चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों की घोषणा

**मुंबई,**16 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को पांच सीटों के लिए 27 मार्च को होने वाले महाराष्ट्र विधान परिषद (विप) चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों की सूची जारी की। भाजपा उम्मीदवारों में छत्रपति संभाजीनगर से संजय केनेकर, विदर्भ क्षेत्र से संदीप जोशी और दादाराव केचे शामिल हैं। अब सबका ध्यान इस बात पर है कि भाजपा बाकी बची दो सीटों के लिए अपने गठबंधन सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा-अजित गुट) और शिवसेना (शिंदे गुट) में से किसे मौका मिलेगा।

इस बीच, सोमवार नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है और 20 मार्च को नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख है। मतदान 27 मार्च को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक चलेगा। उसी दिन शाम को तुरंत मतगणना शुरू हो जाएगी और देर रात तक नतीजे घोषित किए जाएंगे।

# रांची में दो गुटों के बीच झड़प में घायल युवक की हुई मौत

**रांची,** 16 मार्च (एजेंसियां)। रांची शहर के नामकुम थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान मौत के बाद तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। मृतक युवक का नाम सोनू मुंडा था और उसके शव के साथ रविवार को सैकड़ों लोग सड़क पर उतर आए हैं। लोगों ने रांची-पुरुलिया रोड को नामकुम की जोरार बस्ती के पास जाम कर दिया है जिसके चलते सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई है। पुलिस-प्रशासन के अफसर आक्रोशित लोगों को समझाने में जुटे हैं। नामकुम स्टेशन के पास के लोगों और जोरार बस्ती के युवकों के बीच शुक्रवार को मामूली बात को लेकर विवाद हुआ था। युवकों के बीच उस दिन हल्की मारपीट भी हुई थी। शनिवार को होली के दिन दोनों पक्ष के लोग एक-दूसरे से भिड़ गए। दोनों ओर से लाठी-डंडे और तलवारें चलीं, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। करीब 15 अन्य लोग भी इस झड़प में जख्मी हो गए। इनमें से एक जोरार बस्ती निवासी मोनू मुंडा की मौत इलाज के दौरान हो गई। कई घायलों को इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। रविवार को मोनू का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया तो बड़ी संख्या में लोग शव लेकर सड़क पर उतर आए। इस बीच पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। रांची के डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर इलाके में भारी तादाद में पुलिस बल की तैनाती की गई है।



■ शव के साथ सड़क पर उतरे लोग, 15 गिरफ्तार

**चिंता** *जम्मू-कश्मीर में हाल ही में तीन नागरिकों की हत्या के बाद सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ीं*

# काजीगुंड से लापता तीन दोस्तों में से दो के शव मिले तीसरा लापता

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,**16 मार्च (देशबन्धु)। कठुआ जिले से जो दो नाबालिग लड़के लापता हुए थे दोनों मिल गए हैं। हालांकि वे दावा करते हैं कि उन्हें अपहृत किया गया था जिसकी पुलिस जांच कर रही है पर काजीगुंड से लापता हुए तीन दोस्तों में से अभी तक एक नहीं मिला है जबकि दो के शव मिल गए हैं। तीनों राजौरी के रहने वाले थे और काजीगुंड में मजदूर के रूप में काम करते थे। तीनों 13 फरवरी को एक रिश्तेदार के घर समारोह में शामिल होने के लिए अश्मुजी, कुलगाम के लिए निकले थे।

हालांकि, वे अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही लापता हो गए। लापता होने के बाद से उनके फोन बंद हैं। लापता तीनों लोगों का पता लगाने के लिए कुलगाम पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने तलाशी अभियान शुरू किया। अब तक दो शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि तीसरे लापता युवक की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दो नाबालिग लड़कों को खोज निकाला है, जो एक पखवाड़े पहले कठुआ जिले के राजबाग से लापता हो गए थे।



■ रिश्तेदार पिछले एक महीने से कर रहे थे तलाश

यह घटना उस समय हुई है जब क्षेत्र में हाल ही में तीन नागरिकों की हत्या के बाद सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं। पुलिस ने कहा कि 12 और 15 साल के लड़के जाहिर तौर पर काम की तलाश में पंजाब गए थे, लेकिन वे अपने ठिकाने के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए। हालांकि, उनमें से एक ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें हरदोई मुथी गांव से काले रंग के वाहन में सवार लोगों ने अगवा कर लिया था, एक घर में ले गए और उन्हें खाना खिलाया।

कुछ दिनों बाद, वे कथित तौर पर बस और ट्रेन में सवार हुए और फिर क्रांडी पहुंचे। लड़के 27 फरवरी को भंबरवान बकरी फार्म के पास मवेशी चराते समय लापता हो गए थे। उनके परिवारों ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पंजाब और पड़ोसी इलाकों में कई टीमों को भेजकर व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। जम्मू, सांबा और कठुआ रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक शिव कुमार शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से उनके परिवारों से मुलाकात की और खोज में सहायता के लिए उनकी तस्वीरें प्रसारित करने का निर्देश दिया। राजबाग स्टेशन हाउस ऑफिसर अजय सिंह चिब ने पुष्टि की कि लड़के राजबाग के एक खेत में पाए गए और अपने परिवारों से मिल गए। दोनों ने दावा किया कि एक व्यक्ति उन्हें पठानकोट ले गया था, कुछ दिनों तक उन्हें खाना खिलाया और बाद में उन्हें बेहोश करके खेत में छोड़ दिया। पुलिस इन दावों की जांच कर रही है।

इस बीच पुलिस ने रविवार को एक और गुज्जर युवक का शव बरामद किया, जो पिछले महीने दक्षिण कश्मीर के इस जिले में दो अन्य लोगों के साथ लापता हो गया था।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु रायपुर, सोमवार, 17 मार्च, 2025

**मैं चाहती हूं, लोग मुझे जानें : नीना गुप्ता**

**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री नीना गुप्ता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल को लॉन्च करने के पीछे की वजह बताई। इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर लेटेस्ट पोस्ट शेयर करते हुए नीना गुप्ता ने खुलासा किया कि वह इंस्टाग्राम पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने अपडेट शेयर करती रहती हैं। हालांकि, उन्हें यह एहसास हुआ कि उनके बहुत से प्रशंसक इंस्टाग्राम पर एक्टिव नहीं हैं। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने यूट्यूब के जरिए उनके बीच आने का फैसला किया। वीडियो को शेयर करते हुए नीना ने कहा कि मुझे एहसास हुआ कि बहुत से लोग इंस्टाग्राम पर नहीं हैं और मैं ज्यादातर चीजें वहां पोस्ट करती हूं इसलिए, मैंने यूट्यूब चैनल शुरू करने के बारे में सोचा, ताकि जो लोग फेसबुक या इंस्टाग्राम नहीं चलाते हैं, वे जान सकें कि मैं कौन हूं, मैं क्या करती हूं।

## सेहत का खजाना है चांगेरी घास, कई गुणों से है भरपूर

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। हमारे घरों के आस-पास आयुर्वेद का खजाना छिपा होता है, लेकिन हमें उसकी पहचान नहीं होती है। आज हम ऐसे ही एक अति गुणकारी घास के बारे में बात कर रहे हैं, जो हमारे घरों के पास में आसानी से मिल जाती है। यह घास है- चांगेरी घास। आसानी से मिलने वाली इस घास को विज्ञान की दुनिया में 'इंडियन सॉरेल' नाम से जाना जाता है। चांगेरी घास, जिसे आयुर्वेद में विशेष स्थान प्राप्त है, एक अद्भुत पौधा है जो न केवल स्वास्थ्य लाभों से भरपूर है, बल्कि इसके गुणकारी पत्ते विभिन्न शारीरिक समस्याओं के उपचार में भी सहायक होते हैं। आयुर्वेदिक ग्रंथों जैसे चरक-संहिता, सुश्रुत-संहिता में चांगेरी का विस्तार से उल्लेख किया गया है। इसे खासतौर पर दस्त, बवासीर और अन्य पाचन संबंधी समस्याओं के उपचार के लिए उपयोगी माना गया है।

रिसर्च गेट के सितम्बर 2020 अंक में छपे एक शोध के अनुसार, चांगेरी के पत्तों में पोटैशियम, कैल्शियम, विटामिन सी, कैरोटीन और ऑक्सलेट जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो इसे एक शक्तिशाली पोषण स्रोत बनाते हैं। इसकी तासीर गर्म होती है और यह शरीर में सूजन कम करने, पित्त संतुलित करने, तथा हृदय को ठीक रखने में मदद करता है। इसके अलावा, यह लीवर के लिए भी अत्यधिक लाभकारी है।

चांगेरी के पत्ते स्किन की कई समस्याओं को दूर करने में सहायक होते हैं। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीकॉन्वेलसेंट, और एंटीफंगल गुण त्वचा को राहत पहुंचाते हैं। इसके पत्तों को चंदन के पेस्ट के साथ मिलाकर लगाने से पिंपल्स और काले धब्बे दूर हो सकते हैं। इसके अलावा, चांगेरी के पीले फूलों का चावल के आटे के साथ इस्तेमाल करने से त्वचा का रंग निखरता है और दाग-धब्बों से छुटकारा मिलता है। शोधकर्ताओं ने चांगेरी को स्वस्थ जीवन की औषधि माना है। इसका सेवन पाचन को बेहतर बनाता है और अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। इसके पत्ते भूख बढ़ाने, लीवर को स्वस्थ रखने, और पेट की जलन को दूर करने में सहायक होते हैं। इसके अलावा, यह दस्त (अतिसार) और बवासीर (पाइल्स) जैसी समस्याओं को दूर करने में भी प्रभावी है।



- **चांगेरी के पत्तों में पोटैशियम, कैल्शियम, विटामिन सी, कैरोटीन और ऑक्सलेट जैसे पोषक तत्व**
- **दस्त और बवासीर जैसी समस्याओं को दूर करने में भी प्रभावी**

चांगेरी का उपयोग महिलाओं में होने वाली ल्यूकोरिया (व्हाइट डिस्चार्ज) की समस्या में भी किया जाता है। बताया जाता है कि इसके पत्तों का रस मिश्री के साथ सेवन करने से ल्यूकोरिया के कारण होने वाली दर्द और हड्डियों की कमजोरी में राहत मिलती है। चांगेरी की तासीर गर्म होती है, जो कफ और सूजन को कम करने में मदद करती है। यह शरीर के भीतर की अधिक गर्मी को संतुलित करने में मदद करता है और शरीर के विभिन्न हिस्सों में होने वाले दर्द को दूर करता है। शोध में पाया गया है कि चांगेरी घास न केवल एक आयुर्वेदिक औषधि है, बल्कि यह हमारे जीवन में आवश्यक पोषण प्रदान करने के साथ-साथ कई स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज भी करती है।

## स्वाद के साथ सेहत के लिए फायदेमंद है तेजपत्ता

- **तेजपत्ता से एलर्जी की समस्या में काफी आराम**
- **कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में भी सहायक**

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय रसोई में तेजपत्ता एक महत्वपूर्ण मसाला है जो न केवल खाने के स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। यह मसाला न केवल सब्जियों, पुलाव और खीर जैसे व्यंजनों में इस्तेमाल होता है, बल्कि अपने औषधीय गुणों के कारण यह शारीरिक दिक्कतों को भी दूर करता है। आयुर्वेद के अनुसार, तेजपत्ता एलर्जी से राहत देने में मदद करता है। चाय में एक या दो तेज पत्ते डालने से एलर्जी की समस्या में काफी आराम मिल सकता है। इसके अलावा, तेजपत्ता तनाव को कम करने, पाचन प्रक्रिया को सुधारने और संक्रमण से बचाव में सहायक होता है। यह घावों को जल्दी भरने में भी मदद करता है, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं।

तेजपत्ता में विटामिन ए, बी6 और सी जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं। इसके सेवन से शरीर की रोग प्रतिकारक क्षमता बढ़ती है और मेटाबॉलिज्म में भी सुधार होता है। तेज पत्ता पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है और गैस, कब्ज, एसिडिटी अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है।



तेजपत्ते के पत्तों को आमतौर पर मसालेदार व्यंजन बनाने के दौरान शुरुआत में सरसों के बीज, जीरा, इलायची आदि के साथ डाला जाता है, जिससे पकवान का स्वाद चटपटा बनता है। वहीं कुछ अध्ययन बताते हैं कि तेजपत्ता कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में भी सहायक होता है, क्योंकि इसमें कैटेचिन, लिनालूल और पार्थेनोलाइड जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो शरीर से फ्री रेडिकल्स को निकालने में मदद करते हैं। इसमें पाया जाने वाला कार्बनिक यौगिक बाउल सिंड्रोम को कम करता है। साथ ही शरीर की सूजन को भी घटाता है, क्योंकि इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। इतना ही नहीं, तेज पत्ते में मौजूद खुशबूदार गुण साइनस की समस्या को भी दूर करते हैं। शुगर के मरीजों के लिए भी तेजपत्ता फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि यह शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। इस प्रकार, तेजपत्ता न केवल स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में भी अहम भूमिका निभाता है।

## सितारों की नहीं, निर्देशकों और अच्छे लेखकों की तलाश में है मुक्ता आर्ट्स : सुभाष घई

**मुंबई,** 16 मार्च (एजेंसियां)। फिल्म निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने बताया कि उनकी फिल्म निर्माण कंपनी 'मुक्ता आर्ट्स' कलाकारों की नहीं बल्कि उन लेखकों और निर्देशकों की तलाश कर रही है, जो पैन सिनेमा के लिए बेहतरीन काम कर सकें।

घई ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्ट में बताया कि उनकी फिल्म निर्माण कंपनी मुक्ता आर्ट्स भारतीय सिनेमाघरों में सिनेमा का जादू चलाने के लिए तैयार है। इसके लिए वह बेहतरीन लेखकों और निर्देशकों की तलाश भी कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर के साथ घई ने कैप्शन में लिखा कि मुक्ता आर्ट्स आज सितारों की तलाश में नहीं है, बल्कि पैन सिनेमा के लिए समर्पित, बेहतरीन फिल्म निर्देशकों और अच्छे लेखकों की तलाश में है।

घई ने बताया कि वह दर्शकों के लिए फिर से कुछ नया और शानदार लेकर आने के लिए तैयार हैं। उन्होंने लिखा कि हम एक बार फिर भारतीय सिनेमाघरों में नई कहानियों के साथ वापस आएंगे, 1978 से ही मुक्ता आर्ट्स ऐसा करता आ रहा है। इससे पहले सुभाष घई ने दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर और टीना मुनीम स्टारर फिल्म 'कर्ज' की शूटिंग की झलक दिखाई थी। तस्वीर में उनके साथ ऋषि और टीना भी नजर आए।

इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीर में ऋषि कपूर दिखाई दिए, उनके सामने टीना खड़ी हैं और बीच में घई खड़े नजर आए। घई ने तस्वीर के साथ लिखा कि यकीन नहीं होता...45 साल पहले ऋषि कपूर और टीना मुनीम की फिल्म कर्ज का निर्देशन किया। अब रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल में फिल्म का प्रीमियर 21 मार्च को सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर पीवीआर बीकेसी बांद्रा मुंबई में होगा।

सुभाष घई ने 8 मार्च को दिवंगत अभिनेता प्रेम नाथ को याद किया था, जिन्होंने 'कर्ज' में विलेन की भूमिका निभाई थी। इस मौके पर घई ने कहा था कि जब कोई दिग्गज अभिनेता किसी फिल्म में छोटी भूमिका निभाता है, तो वह उस किरदार को यादगार बना देता है। सुभाष ने इंस्टाग्राम पर अभिनेता की एक झलक भी शेयर की थी।

## 'पिंटू की पप्पी' के कलाकारों ने दिल्ली में किया अपनी फिल्म का प्रचार



**नई दिल्ली,** 16 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली में उस वक्त एक शानदार और सितारों से सजी शाम देखने को मिली, जब मैथरी मूवी मेकर्स ने विधि आचार्य के वी2एस प्रोडक्शंस के साथ मिलकर 21 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही रोमांटिक कॉमेडी 'पिंटू की पप्पी' के लिए एक मीडिया कार्यक्रम आयोजित किया। शिव हरे द्वारा निर्देशित इस जीवंत और मनोरंजक फिल्म में तीन होनहार नए कलाकार- शुशांत थमके, जान्या जोशी और विधि शामिल हैं, जो अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। जोश और उत्साह का माहौल से भरे इस शानदार शाम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध कोरियोग्राफर-अभिनेता गणेश आचार्य की उपस्थिति थी, जिन्होंने युवा मुख्य कलाकारों शुशांत थमके और जान्या जोशी के साथ इस अवसर की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में फिल्म की टीम ने मीडिया से बातचीत की और फिल्म के प्रति अपने उत्साह और अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम में गणेश आचार्य ने कहा कि जब मैं पुष्पा 2-द रूल की शूटिंग कर रहा था, तब निर्देशक शिव हरे ने 'पिंटू की पप्पी' की कहानी के साथ मुझसे संपर्क किया। जैसे ही मैंने इसकी कहानी सुनी, मुझे यह अवधारणा अविश्वसनीय रूप से अनूठी लगी और मैंने इस शर्त पर तुरंत इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए हामी भर दी कि मेरी पत्नी विधि आचार्य इस फिल्म का निर्माण करेंगी। जैसे-जैसे हमने कहानी को आगे बढ़ाया, हमें पता चला कि प्रशांत की भूमिका के लिए शुशांत एकदम सही थे, जिन्हें प्यार से 'पिंटू' कहा जाता है, जबकि जान्या ने प्रेरणा के चरित्र को खूबसूरती से जीवंत किया है, जिसे प्यार से 'पप्पी' कहा जाता है। और इस तरह हम शीर्षक पर पहुंचे- 'पिंटू की पप्पी'।

मैथरी मूवी मेकर्स और वी2एस प्रोडक्शंस द्वारा समर्थित 'पिंटू की पप्पी' मस्ती, रोमांस और कॉमेडी से भरपूर एक रोलरकोस्टर राइड होने का वादा करती है। फिल्म में कई बेहतरीन कलाकार हैं, जिनमें अनुभवी अभिनेता विजय राज, मुरली शर्मा, सुनील पाल, अली असगर, पूजा बनर्जी, अदिति सनवाल, रिया एस. सोनी, उर्वशी चौहान, प्यूमोरी मेहता दास, मुक्तेश्वर ओझा और खुद गणेश आचार्य भी विशेष भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म के आकर्षण में चार चांद लगाने वाला इसका जीवंत संगीत एलबम है, जिसे संगीतकारों की एक प्रतिभाशाली लाइनअप-डॉ. निट्ज़ उर्फ नितिन 'निट्ज़' अरोड़ा, सन्नी केसी, प्रसाद एस, शफ़ात अली, सोनल प्रधान और अंकित शर्मा-अभिनव ठाकुर ने तैयार किया है। उम्मीद है कि इसका साउंडट्रैक एक प्रमुख आकर्षण होगा, जो कहानी में एक युवा और जोशीला माहौल लाएगा। अपनी आकर्षक कहानी, होनहार नवोदित कलाकारों और अनुभवी सहायक कलाकारों के साथ 'पिंटू की पप्पी' सभी उम्र के दर्शकों के लिए एक मनोरंजक फिल्म बनने के लिए तैयार है। तो आप भी 21 मार्च, 2025 के लिए अपने कैलेंडर पर निशान लगाएं और एक मजेदार सिनेमाई सफर के लिए तैयार हो जाएं।

## एआर रहमान की पत्नी सायरा बानो बोलीं, हम पति-पत्नी, मुझे 'एक्स' न कहें

**मुंबई,** 16 मार्च (एजेंसियां)। डिहाइड्रेशन की वजह से अस्पताल में भर्ती ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान की तबियत अब ठीक है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी मिल चुकी है। अपोलो अस्पताल और उनके बेटे अमीन ने हेल्थ अपडेट दिया। इसके बाद उनकी पत्नी सायरा बानो का बयान सामने आया है। उन्होंने पति की सेहत का अपडेट देने के साथ ही लोगों से खास गुजारिश की है। सायरा ने अपील की कि उन्हें 'एक्स वाइफ' न कहा जाए।

सायरा ने वॉयस-नोट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मुझे खबर मिली है कि उन्हें सीने में दर्द की शिकायत थी। मैं उनके (एआर रहमान) जल्द स्वस्थ होने की कामना करती हूं। उनकी एंजियोग्राफी की गई और अल्लाह की रहमत से अब वह ठीक हैं।

संगीतकार को लंदन से लौटने के बाद डिहाइड्रेशन की शिकायत हो गई थी। सायरा ने रहमान के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देने के साथ आगे कहा कि मैं आप सभी को बताना चाहती हूं कि हम आधिकारिक रूप से तलाकशुदा नहीं हैं, हम अभी भी पति-पत्नी हैं, हम बस अलग हो गए क्योंकि पिछले दो सालों से मेरी तबियत ठीक नहीं थी और मैं उन्हें ज्यादा तनाव नहीं देना चाहती थी। प्लीज मुझे 'पूर्व पत्नी' न कहें। मेरी दुआएं हमेशा उनके साथ हैं और मैं आप सभी से खासकर उनके परिवार से कहती हूं कि उन्हें तनाव न दें और उनका ख्याल रखें।

ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान को रविवार सुबह डिहाइड्रेशन की शिकायत के बाद ग्रीम्स रोड स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां नियमित जांच के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।



अपोलो अस्पताल ने मेडिकल बुलेटिन जारी कर बताया कि एआर रहमान आज सुबह डिहाइड्रेशन के बाद ग्रीम्स रोड स्थित अपोलो अस्पताल आए। नियमित जांच के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

उनके बेटे एआर अमीन ने भी हेल्थ अपडेट देते हुए प्रशंसकों और शुभचिंतकों का शुक्रिया अदा किया। अमीन ने बताया कि उनके पिता अब ठीक हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि सभी प्यारे प्रशंसकों, परिवार और शुभचिंतकों को मैं आपके प्यार, प्रार्थनाओं और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। मेरे पिता डिहाइड्रेशन के कारण थोड़ा कमजोर महसूस कर रहे थे इसलिए कुछ नियमित जांच हुए। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उनकी हालत ठीक है। आपके समर्थन और प्यार के लिए धन्यवाद। इससे पहले, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक्स हैंडल पर एआर रहमान के स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी। स्टालिन ने प्रशंसकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह ठीक हैं। एक्स हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर स्टालिन ने रहमान के 'ठीक' होने की पुष्टि करते हुए लिखा, जैसे ही मैंने यह खबर सुनी कि एआर रहमान की तबीयत खराब है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, मैंने डॉक्टर्स से संपर्क किया और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली! डॉक्टर्स ने कहा कि वह ठीक हैं और जल्द ही घर वापस आ जाएंगे।

58 वर्षीय रहमान की तबीयत बिगड़ने के बाद चेन्नई के ग्रीम्स रोड स्थित अपोलो अस्पताल में रविवार की सुबह भर्ती कराया गया। उन्हें सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर भर्ती कराया गया। उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की थी। डॉक्टर्स ने उनकी ईसीजी समेत कई जांच की। उनका इमरजेंसी वार्ड में इलाज चला और एंजियोग्राफी भी कराई गई।

## हर पल आखिरी लगता है धर्मेंद्र की बातें सुन भावुक हुए फैंस, बोले- हमारी उम्र भी आपको लग जाए

**मुंबई,** 16 मार्च (एजेंसियां)। हिंदी सिने जगत के 'ही मैन' धर्मेंद्र जितना अपनी अदायगी से दर्शकों को लुभाते हैं उतना ही सोशल मीडिया पोस्ट से भी छाए रहते हैं। एक नई पोस्ट में 89 वर्षीय अभिनेता ने दिल की बात शायराना अंदाज में बयां की तो प्रशंसक भावुक हो उठे। धर्मेंद्र ने इंस्टाग्राम पर अपना पोट्रेट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, हर पल लगता है पल ये आखिरी है। जी भर कर लूं बातें मैं आपसे, ऐसा सभी को लगता है। हमेशा साहसी और पॉजिटिव बने रहो दोस्तों। सोशल मीडिया पर खासा पसंद किए जाने वाले अभिनेता धर्मेंद्र की लेटेस्ट पोस्ट पर उनके बेटे और अभिनेता सनी देओल ने दिल वाले इमोजी के साथ अपने जज्बात दिखाए। वहीं, उनके प्रशंसक भावुक नजर आए और कमेंट कर अभिनेता से कहा कि वह ऐसी बातें न किया करें। एक यूजर ने लिखा, 'उगता हुआ सूरज आपको दुआ दे, खिलता हुआ फूल आपको खुशबू दे, हम तो देने के काबिल नहीं हैं, देने वाला आपको हजार खुशियां दे। सर, आप जैसा इंसान, आप जैसा एक्टर इस दुनिया में दोबारा नहीं मिलेगा।' दूसरे यूजर ने लिखा कि सर, आप उदास क्यों हैं? तीसरे ने लिखा कि ऐसा मत बोलिए सर जी। एक अन्य यूजर ने धर्मेंद्र को जिंदादिल बताते हुए आगे लिखा कि धरम जी, सपने में भी कभी ऐसा ख्याल न लाइए।



## 20 साल की हुईं राशा, वीर पाहाड़िया बोले- 'जन्मदिन मुबारक हिरोइन नं-1'





**मुंबई,** 16 मार्च (एजेंसियां)। अभिनेत्री रवीना टंडन की लाडली और अभिनेत्री राशा थडानी का आज 20वां जन्मदिन है। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उनके प्रशंसकों के साथ ही अभिनेता वीर पहाड़िया ने भी उन्हें खूबसूरत अंदाज में जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। वीर पहाड़िया ने राशा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन का सहारा लिया। राशा के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए वीर पहाड़िया ने कैप्शन में लिखा कि जन्मदिन की शुभकामनाएं हिरोइन नंबर-1।

बता दें, अभिनेत्री राशा थडानी का जन्म रवीना टंडन और अनिल थडानी के घर 16 मार्च 2005 को मुंबई में हुआ। रवीना को दो बच्चे हैं। बेटी का नाम राशा है, तो वहीं बेटे का नाम उन्होंने रणवीर थडानी रखा है। रवीना ने शादी से पहले ही दो बच्चियों को गोद लिया था जिनका नाम छाया और पूजा है। 90 के दशक की टॉप एक्टर्स में शुमार रवीना तब 21 साल की थीं। वहीं, उनकी बेटी राशा की बात करें तो उन्होंने मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से पढ़ाई की है। राशा की रुचि शुरू से ही डांस और अभिनय में रही है। राशा ने इसी साल जनवरी में 'आजाद' फिल्म के साथ बॉलीवुड डेब्यू किया। फिल्म में उनके साथ अभिनेता अमन देवगन नजर आए थे। अजय देवगन भी कैमियो भूमिका में दिखे थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो पाई। हालांकि, राशा के डांस 'ऊई अम्मा' को लोगों ने खूब पसंद किया। 'आजाद' की कहानी आजादी से पहले की है, जिसमें राशा ने गांव के जमींदार की बेटी का किरदार निभाया है। अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म में राशा थडानी, अमन देवगन के साथ अजय देवगन, डायना पेंटी, मोहित मालिक, नताशा रस्तोगी, पियूष मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं।

**रवीना टंडन ने बेटी राशा को दी जन्मदिन की बधाई**

अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी रविवार को अपने 20वें जन्मदिन का जश्न मना रही हैं। इस मौके पर रवीना ने उन्हें एक खास पोस्ट के साथ शुभकामनाएं दी। रवीना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर राशा की पिछले कुछ सालों में हासिल की गई उपलब्धियों का एक वीडियो मोंटाज शेयर किया।

## पुरुषों में स्तन का आकार बड़ा होने की समस्या बढ़ी

- **एस्ट्रोजन और टेस्टोस्टेरोन में असंतुलन के कारण होती है समस्या**
- **10 से 15 प्रतिशत लोग इस समस्या से पीड़ित**

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। कई बार पुरुषों में ब्रेस्ट का आकार बड़ा होने की समस्या देखने को मिलती है। यह पुरुषों के लिए ऐसी समस्या है जो उनके आत्मविश्वास को भी प्रभावित करती है और वे इसके बारे में अधिक बात नहीं कर पाते हैं। चिकित्सकीय भाषा में इसे 'गाइनेकोमास्टिया' कहते हैं।

पुरुषों में 'गाइनेकोमास्टिया' की समस्या पर हेल्थ केयर प्रोवाइडर प्रिस्टीन केयर के डॉ. प्रतीक ठाकुर ने बताया कि पुरुषों में ब्रेस्ट का आकार बढ़ने से जुड़ी यह समस्या एस्ट्रोजन और टेस्टोस्टेरोन में असंतुलन के कारण पैदा होती है, जिसके कारण ब्रेस्ट ग्लैंड ऊतक में वृद्धि होती है। हार्मोन असंतुलन के कारण टेस्टोस्टेरोन की मात्रा कम हो जाती है।

डॉ. बताते हैं कि अधिक वजन और अत्यधिक चर्बी की वजह से भी ग्लैंड के साइज में वृद्धि होती है। प्यूबर्टी के समय हार्मोन में आए उतार-चढ़ाव की वजह से भी ग्लैंड के साइज में बदलाव देखने को मिल सकता है। इसके साथ ही बढ़ती उम्र के साथ टेस्टोस्टेरोन का लेवल घटता जाता है, जिस वजह से ग्लैंड के साइज में वृद्धि होती है। डॉक्टर प्रतीक ने बताया कि इसके साथ किसी भी गंभीर बीमारी से ग्रसित होने की वजह से, थायराइड, लीवर, किडनी की बीमारी में भी इस तरह की स्थिति पुरुषों में देखने को मिलती है। इसके लक्षण की बात करें, तो इस स्थिति में पुरुषों के स्तन के आकार बढ़ जाते हैं। आमतौर पर पुरुषों में दोनों ही ब्रेस्ट के साइज बढ़ जाते हैं। कई बार बाएं ब्रेस्ट का साइज भी ज्यादा बढ़ सकता है। इसके साथ ही ब्रेस्ट एरिया में दर्द की शिकायत भी हो सकती है। 10 से 15 प्रतिशत लोगों में इसे लेकर दर्द होता है। कई स्थितियों में निपल डिस्चार्ज भी देखने को मिलता है।



इसके उपचार की बात करें, तो डॉक्टर के अनुसार, सबसे पहले इसका एग्जामिनेशन करना चाहिए। अगर यौवन के समय में किसी व्यक्ति में गाइनेकोमास्टिया की समस्या देखने को मिलती है, तो उस स्थिति में ब्लड टेस्ट कराकर हम हार्मोन का लेवल पता कर सकते हैं। कई बार ब्रेस्ट एरिया में दर्द रहता है, जिसे देखते हुए टेस्ट कराए जाते हैं, ताकि यह पता किया जा सके कि कहीं ट्यूमर वगैरह तो नहीं है।

डॉक्टर ने बताया कि ऐसी स्थिति में आपको अपने जीवनशैली का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। अपने खानपान का ध्यान रखना चाहिए। शराब का सेवन करने से बचना चाहिए। अगर समस्या बढ़ रही है, तो इस स्थिति में सर्जरी की जाती है और अतिरिक्त चर्बी को निकाला जाता है।

डॉ. बताते हैं कि गाइनेकोमास्टिया से किसी भी व्यक्ति को मानसिक और सामाजिक परेशानी का भी सामना करना पड़ सकता है। कई बार लोगों में इसे लेकर तनाव भी देखने को मिलता है। इससे आत्मविश्वास कम होता है और कई बार इस वजह से पीड़ित व्यक्ति का उपहास भी उड़ाया जाता है।

रायपुर, सोमवार 17 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## आखिर किसे लात मारेंगे गडकरी ?

केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी अपने काम के साथ अपनी साफगोई के लिये भी मशहूर हैं। माना जाता है कि वे अपने तरीके से काम करते हैं जिसमें किसी का दखल या दबाव नहीं होता। हर तरह की परियोजना पर उनकी अपनी मुहर होती है। सरकारी धन का इस्तेमाल किये बगैर वे किसी भी योजना को साकार करने में सक्षम माने जाते हैं। इसके लिये वे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) का इस्तेमाल करते हैं। सबसे पहले 1995 में महाराष्ट्र की शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी सरकार बनी तब उन्होंने यही पद सम्हाला था। उस दौरान मुम्बई में काफी कम समय में 55 फ्लाईओवर और मुम्बई-पुणे हाईवे बनाने में उन्हें सफलता मिली थी। वरली सी फेस ब्रिज भी उनके प्रयासों से बना था। इन सभी निर्माणों में इसी पद्धति का उन्होंने इस्तेमाल किया था। हालांकि निजी भागीदारों द्वारा भारी-भरकम टोल वसूल करने, अनेक महत्वपूर्ण महामार्गों के धसकने और कई पुलों के ढहने की भी घटनाएं हुईं थीं जिसके कारण पीपीपी पर सवालिया निशान भी लगे।

नागपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एक साधारण कार्यकर्ता से उठकर इस पद तक पहुंचे गडकरी कई कारणों से सुर्खियां बटोरते रहे हैं। वर्ष 2010-13 के दौरान वे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये गये थे लेकिन उनके पूर्ती उद्योग समूह पर 2012 में अनियमितताओं के लगे आरोपों के कारण उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। बाद में वे आरोप गलत साबित हुए थे। उनमें यह अच्छी बात है कि जो काम वे कर नहीं पाते उसे वे किसी भी मंच से स्वीकारने में संकोच नहीं करते। याद हो कि पिछले वर्ष के लोकसभा चुनाव के पहले नागपुर से प्रकाशित होने वाले एक अखबार में छपे साक्षात्कार ने हलचल मचा दी थी जो नाम न छापने की शर्त पर एक कथित केन्द्रीय मंत्री का था, जिसमें उन्हें यह कहकर उद्धृत किया गया था कि 'वे जब चाहें केन्द्र की भाजपा सरकार को पलटा सकते हैं।' उस इंटरव्यू में उन मंत्री का यह उद्धरण भी छपा था कि 'उनके साथ बहुमत है और वे प्रधानमंत्री बन सकते हैं।' भाजपा की मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बेहद करीबी माने जाने वाले गडकरी की ओर सभी का संदेह गया था। माना गया था कि उनके जरिये नरेन्द्र मोदी को खबरदार किया गया है। हालांकि गडकरी ने कभी स्वीकार नहीं किया कि वह साक्षात्कार उनका था। कोई करेगा भी नहीं।

एक विनम्र तथा काम से काम रखने वाले नेता की उनकी छवि है। वे दलगत राजनीति या गुटबाजी में नहीं उलझते, लेकिन कभी-कभार उनकी ओर से आये कुछ बयान इसलिये चर्चा में आ गये कि वे पार्टी लाइन से हटकर रहे हैं। मसलन, पिछले दिनों एक कार्यक्रम में उन्होंने बतलाया कि जिस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से वे निर्वाचित होते हैं उनमें बड़ी तादाद मुस्लिमों की है और उनका उन्हें पूरा समर्थन मिलता है। वे यह बतलाने से भी गुरेज़ नहीं करते कि विभागीय निर्णय लेते वक्त वे यह नहीं देखते कि उन इलाकों में किस समुदाय के लोग रहते हैं। जाहिर है कि एक मंत्री के नाते उन्हें यही कहना होता है। बेशक, उनके लोकसभा क्षेत्र नागपुर में बड़ी तादाद में अल्पसंख्यक रहते हैं; लेकिन सभी को यह भी पता है कि चुनाव केवल विचारधारा के आधार पर नहीं लड़े जाते। उसमें बूथ मैनेजमेंट से लेकर बहुत सारे अन्य तथ्य भी प्रभाव डालते हैं।

बहरहाल, संघ से नज़दीकी बतलाती है कि गडकरी संगठन की विचारधारा से अलग नहीं हो सकते। मोदी और आरआरएस प्रमुख मोहन भागवत तक इस आशय के बयान देते रहे हैं जो एक तरह से भाजपा-संघ का उदार चेहरा बतलाने की कोशिश रहती है। मोदी कहते हैं कि 'वे यदि हिन्दू-मुसलमान करेंगे तो उन्हें सार्वजनिक जीवन में रहने का अधिकार नहीं है।' उधर भागवत को भी गाहे-बगाहे याद आ जाता है कि 'मुस्लिम हमारे भाई ही हैं' अथवा 'हिन्दुओं और मुस्लिमों का डीएनए एक ही है'। पीएम, संघ-प्रमुख या संगठन के नेता कुछ भी कहते रहें लेकिन कार्यकर्ताओं को पता है कि असलियत क्या है। यदि मोदी या भागवत की बातों में उनका सच्चा यकीन होता तो आज देश में साम्प्रदायिक सौहार्द की बयार बह रही होती और जगह-जगह पर देश के इन दो प्रमुख धार्मिक समुदायों के बीच टकराव नहीं हो रहे होते।

खैर, अब गडकरी नयी बात कह रहे हैं जो उनके जैसे संघ, एबीवीपी, भाजपा और मंत्रिमंडल के सदस्य के रूप में कहा जाना न केवल आश्चर्यजनक है बल्कि उनकी विचारधारा के बेहद प्रतिकूल भी। उनके तेवर भी कुछ अधिक आक्रामक हैं। नागपुर के अंजुमन-ए-इस्लाम इंजीनियरिंग संस्थान के दीक्षांत समारोह में भाषण करते हुए उन्होंने कहा कि, 'मैं कभी धर्म व जाति की राजनीति नहीं करता। मैं अपने तरीके से काम करता हूं। मुझे चिंता नहीं कि कौन उन्हें वोट देगा और कौन नहीं।' उन्होंने यह भी बताया कि इस इंजीनियरिंग कॉलेज की अनुमति उन्हें मिली थी लेकिन उन्होंने यह कहकर इस संस्थान को दे दी कि 'मुस्लिमों को इसकी ज़रूरत अधिक है।' कहा जा सकता है कि वे अपनी धर्मनिरपेक्ष नेता की छवि गढ़ रहे हैं, परन्तु अब गडकरी एक कदम आगे बढ़कर कहते हैं कि 'जो जात की बात करेगा उसको वे लात मारेंगे।' जिस तरह संघ की विचारधारा धार्मिक भेदभाव में भरोसा रखती है, उतना ही उसका विश्वास वर्ण व्यवस्था में भी है। संघ स्वयं इससे परिचालित होता है। उसका नेतृत्व सिर्फ एक अपवाद को छोड़कर ब्राह्मणों के ही हाथ में रहा है। ऐसे में गडकरी लात मारने की बात करते हैं, तो समझना होगा कि वे किसकी ओर इशारा कर रहे हैं।

# मुस्लिम के बिना भारत की राजनीति नहीं चल सकती

बीजेपी मुसलमानों को जीने नहीं देगी। और विपक्ष उसे मरने नहीं देगा! कल्पना कीजिए बिना मुसलमान के भारत में राजनीति कैसी होगी?

सारी शामत दलित, पिछड़ा, आदिवासी, महिलाओं की आ जाएगी। मुसलमान इनके और बीजेपी के बीच में एक दीवार है। अगर दीवार हट गई तो मनुवाद के हमले दलित पिछड़ा झेल नहीं पाएगा।

कर्नाटक की केबिनेट ने एससी, एसटी, अन्य पिछड़े, सभी अल्पसंख्यक के लिए एक करोड़ तक की सरकारी खरीद में केवल पांच प्रतिशत के आरक्षण का प्रस्ताव पारित किया है। मगर बीजेपी ने हंगामा मचा दिया। उसे मनचाही मुराद मिल गई।

अभी कहीं लागू नहीं हुआ। लेकिन देश भर के मीडिया में यही खबर चल रही है। केवल पांच प्रतिशत के इस ग्रूप में मुसलमान कितना फायदा उठा लेंगे किसी को नहीं मालूम। मगर बीजेपी इस तरह बोल रही है, मीडिया इस तरह चला रहा है जैसे मुसलमानों को कोई बहुत बड़ा लाभ मिलने जा रहा हो।

कर्नाटक सरकार ने कोई नया काम नहीं किया है। करीब 25 साल पहले मध्य प्रदेश में दलित अजेंडा लेकर आने वाले उस समय के मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने दलितों के लिए सरकारी खरीद में 30 प्रतिशत आरक्षण किया था। उसका इतना विरोध हुआ कि कांग्रेस को सत्ता से बाहर जाना पड़ा।

इससे आप समझ सकते हैं कि दलित, पिछड़ों, आदिवासियों के लिए अगर कुछ वास्तविक काम किया जाता है तो उसका क्या राजनीतिक परिणाम होता है। उस दलित अजेंडे के बाद ही आए 2003 के विधानसभा चुनाव में जो कांग्रेस हारी तो अभी तक मध्यप्रदेश में वापस नहीं आ पाई है। वह 2018 में कुछ समय के लिए आई कमलनाथ सरकार का कोई मायने नहीं है। वह चार दिन की चांदनी वह भी कमलनाथ और उनके कुछ खास लोगों के लिए रही बाकी पूरी मध्यप्रदेश कांग्रेस के लिए अधेंरी रात 2003 से ही जारी है।

मुसलमान बीच में से हट जाए तो दलित पिछड़ों का जीना मुश्किल है! यह कर्नाटक सरकार का फैसला मूलतः अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ों को बड़े ताकतवर समुदायों के ठेकेदारों के मुकाबले थोड़ा सा सशक्त करने के लिए है। लेकिन अन्य पिछड़ों में मुसलमान भी आते हैं इसलिए इसे विवाद का विषय बना दिया गया।

मुस्लिम बीजेपी के लिए एक ऐसी चीज हैं जिसके बिना उसकी राजनीति नहीं हो सकती। एक किस्सा सुनाते हैं आपको। 2004 में जब अटलबिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बन गए और सब बधाइयां वधाइयां हो गईं। केवल अडावानी और वाजपेयी बचे। तो वाजपेयी जी ने कहा कि कहिए आडवानी जी अब मुसलमानों को कहां फेंक आएं अरब सागर में या आपके हिन्दू नाम वाले प्रशांत महासागर में? आडवानी जी घबराए! बोले नहीं नहीं! फिर मेरी राजनीति का क्या होगा?

हालांकि राजनीति फिर भी नहीं चली। प्रधानमंत्री नहीं बन पाए। और बड़े बेआबरू होकर बाकी जिन्दगी बिताना पड़ रही है।



शकील अख्तर

> सारी शामत दलित, पिछड़ा, आदिवासी, महिलाओं की आ जाएगी। मुसलमान इनके और बीजेपी के बीच में एक दीवार है। अगर दीवार हट गई तो मनुवाद के हमले दलित पिछड़ा झेल नहीं पाएगा। कर्नाटक की केबिनेट ने एससी, एसटी, अन्य पिछड़े, सभी अल्पसंख्यक के लिए एक करोड़ तक की सरकारी खरीद में केवल पांच प्रतिशत के आरक्षण का प्रस्ताव पारित किया है। मगर बीजेपी ने हंगामा मचा दिया। उसे मनचाही मुराद मिल गई।

अभी होली के ठीक बाद भाजपा का एक बड़ा अफ्तार प्रोग्राम हुआ। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पहली बार किसी सार्वजनिक प्रोग्राम में दिखीं। कांग्रेस से और दूसरे विपक्षी दलों से तो यह हमेशा कहते रहते हैं कि अफ्तार में जाते हो हिन्दुओं के कार्यक्रमों में नहीं जाते। लेकिन खुद कोई होली मिलन का बड़ा कार्यक्रम करने के बदले रोजा अफ्तार में सारे बड़े नेता भाजपा के, केन्द्रीय मंत्री पहुंचे। कोई बुरी बात नहीं है। खुद वाजपेयी जी रोजा अफ्तार करते थे। सफेद नमाजी टोपी लगाते थे।

लेकिन सोनिया गांधी के करने पर हमेशा सवाल उठाए। अब सोनिया गांधी ने बंद भी कर दिया। हम तो हमेशा से इन राजनीतिक रोजा अफ्तार के विरोध में लिखते रहे। इसका आम मुसलमानों को कोई फायदा नहीं। मगर निशाने पर उन्हीं को लिया जाता है। सवाल उन्हीं से होते हैं। आज जो गोदी मीडिया के बड़े-बड़े धुरंधर हैं उनमें से किसी को अहमद पटेल, गुलामनबी आजाद, सलमान खुर्शीद से यह सवाल पूछते नहीं देखा कि रोजा अफ्तार क्यों? हां, गरीब मुसलमानों की बस्ती में यह सवाल जरूर पूछवाते हैं। अब दिल्ली की भाजपा की मुख्यमंत्री से पूछने की हिम्मत भी किसी ने नहीं दिखाई।

मीडिया का एक और बड़ा रूप है। होली दीवाली पर कभी-किसी गोदी मीडिया के एंकर पत्रकार की हिम्मत नहीं पड़ी कि बिना बुलाए प्रधानमंत्री मोदी के या बीजेपी के किसी बड़े नेता के यहां पहुंच जाएं। मगर कांग्रेस के मुसलमान नेताओं के यहां पहुंच जाते हैं। उनके या उनकी नेता सोनिया के रोजा अफ्तार की आलोचना भी करते हैं और ईद पर तो खिलाना ही पड़ेगा के अधिकार के साथ भी पहुंच जाते हैं।

एक मुस्लिम ग्रंथी जो बीजेपी संघ ने पैदा की। वह भाजपा और संघ के लोगों से ज्यादा मीडिया में है और जितना मुस्लिम विरोध की भावना उनमें है उससे कई गुना ज्यादा दलित पिछड़े, आदिवासी के लिए है। राहुल का यह सवाल सही है जो वे कई बार प्रेस कान्फ्रेंस में भी पूछ चुके हैं कि यहां मौजूद पत्रकारों में दलित पिछड़े कितने हैं? हालांकि वे खुद इस सवाल का जवाब नहीं दे सकते कि उनके अखबारों जिनमें तो सारी भर्ती ही नई की गई है कितने दलित पिछड़े हैं? कांग्रेस के अखबार नेशनल हेराल्ड, नवजीवन, कौमी आवाज पहले भी बंद इसीलिए हुए कि वह पूरे संघियों के हाथों में चले गए थे।

इतनी ओवर भर्तियां हो गईं थी कि तनखा देना मुश्किल हो गया था। कई रिटायर्ड अफसर हैं। आईएएस आईपीएस। पूरे संघी हो गए हैं। कुछ डबल इंजन की सरकारों में मिला भी हुआ है। राहुल का मजाक उड़ाना तो पहला काम है। मगर कभी-कभी यह बताने के लिए हम भी कभी लिखते थे। अपनी पुरानी कटिंग्स सोशल मीडिया पर डालते हैं। मिलने पर दिखाते भी हैं। नेशनल हेराल्ड में छपे लेख। हम कहते हैं आर्गनाइजर (संघ का मुखपत्र) में क्यों नहीं लिखते थे?

कहते हैं वह कोई अख़बार है? फिर आज टेबल पर यह क्यों रखा है? हें.. हें .. हें! नेशनल हेराल्ड क्यों नहीं? वह अब कोई अख़बार बचा है? कांग्रेस के नेता तक नहीं पढ़ते। अभी हमें पिछले हफ्ते के नेशनल हेराल्ड और नवजीवन के पहले पेजों के फोटो किसी ने भेजे थे। बाद में अख़बार भी। पहले पेज पर टाप पर करीब 6 -6 कालमों में मोदी जी के फोटो लगे थे। क्यों इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

नई भर्तियों की बात आई तो याद आया कि पहले लोकसभा चैनल और फिर राज्यसभा चैनल कांग्रेस के राज में ही शुरू हुए। और सब नई भर्तियां ही हुईं। खूब संघ के लोगों ने अपने लोगों को भर्ती कराया। बहुत बड़े पदों पर रहने वाले भी अपनी सफाई में यह लिखते रहते हैं कि हम कांग्रेसी नहीं। कौन पूछ रहा है कि आप क्या हो? मगर कांग्रेस राज में पूरा फायदा उठाने वाले यह जरूर कहते रहते हैं।

दूरदर्शन रेडियो में तो संघी रहे ही। किसी एक संदर्भ में हमने किसी एक के बारे में लिख दिया था तो कांग्रेसी बड़े खुश हुए। कहने लगे अब वह हमें गालियां देता है। हमने कहा कम देता है और ज्यादा देना चाहिए। आपके लोगों ने दस साल उससे काम लिया। वह आप सबकी औकात जानता है।

तो इस समय जब होली, रमजान के एक जुमे के साथ आने पर भाजपा ने और उसकी गोदी में बैठे मीडिया ने खूब अफवाहें फैलाईं। झूठ बोला। गैरकानूनी बात कर रहे एक पुलिस के सामान्य अधिकारी सीओ को हीरो बना दिया। खुद मुख्यमंत्री उसकी बात कि जुमे को निकलोगे तो यह होगा का समर्थन करने लगे। उस समय कर्नाटक की कांग्रेसी सरकार ने यह फैसला लिया है।

जाहिर है कि होली और जुमा दोनों शांतिपूर्ण गुजर जाने से हताश मीडिया को यह एक नया मौका मिल गया। बीजेपी को तो मिला ही है। कांग्रेस को इससे क्या मिला? क्या मिलेगा? यह सवाल ऐसा ही है जिसका कोई जवाब नहीं आएगा। हां, कांग्रेस को होने वाले नुकसान जरूर सामने आएंगे और मुसलमान को क्या? मुसलमान को कुछ नहीं। 11 साल में वह सीख गया है कि शांत रहना है। चुप। वह असली निशाना नहीं है। एक बहाना है। असली निशाना तो दलित पिछड़ा आदिवासी है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# आम लोगों के गिरते जीवन स्तर और बेरोज़गारी पैदा कर रही सामाजिक तनाव

■ कृष्णा झा

भारत में कॉर्पोरेट पूंजीवाद आज संकट की चपेट में है। अर्थव्यवस्था लगातार गिरती जा रही है। 8 जनवरी, 2025 को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अनुमान है कि 2024-25 में यह चार साल के निचले स्तर 6.4 प्रतिशत पर आ जायेगी, जिसका मुख्य कारण विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में खराब प्रदर्शन है। अंबानी और अडानी के नेतृत्व में कुछ ही हाथों में धन और पूंजी का बहुत बड़ा संकेन्द्रण है। छोटे और मध्यम उद्यम जो राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के साथ-साथ रोज़गार सृजन में अधिकतम योगदान देते हैं, वे गहरे संकट में हैं और नष्ट हो रहे हैं।

यह स्थिति इसलिए पैदा हुई है क्योंकि भारत को वित्तीय पूंजी के लिए एक खेल का मैदान बनने दिया गया है, जो बैंकिंग और औद्योगिक पूंजी के विलय के अलावा और कुछ नहीं है। वित्त वर्ष 24 के लिए संस्थान-वार निवेश डेटा के विश्लेषण से पता चलता है कि निजी क्षेत्र का निवेश जीडीपी के 11.2 प्रतिशत के तीन साल के निचले स्तर पर आ गया है, जो वास्तव में वित्त वर्ष 2016 और 2020 के बीच 11.8 प्रतिशत के पूर्व-कोविड औसत से कम है, जो निजी क्षेत्र की कमजोर निवेश भावनाओं को दर्शाता है, जैसा कि इंडिया रेटिंग्स ने 5 मार्च, 2025 को एक नोट में कहा।

> भारत को वित्तीय पूंजी के लिए एक खेल का मैदान बनने दिया गया है, जो बैंकिंग और औद्योगिक पूंजी के विलय के अलावा और कुछ नहीं है। वित्त वर्ष 24 के लिए संस्थान-वार निवेश डेटा के विश्लेषण से पता चलता है कि निजी क्षेत्र का निवेश जीडीपी के 11.2 प्रतिशत के तीन साल के निचले स्तर पर आ गया है।

विभिन्न पीएलआई योजनाओं की अनुमानित सफलता और निजी क्षेत्र द्वारा निवेश के लिए अन्य सरकारी प्रयासों जैसे आवश्यक आकर्षणों के बावजूद, यह वहीं का वहीं बना हुआ है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025 के अनुसार देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए, अर्थव्यवस्था को दो दशकों तक निरंतर 8 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ना चाहिए। इसके लिए कम से कम 35 प्रतिशत की निवेश दर की आवश्यकता होती है, जिसमें निजी क्षेत्र अग्रणी भूमिका निभाता है। लेकिन नए टैरिफ युद्धों से उपजे भू-राजनीतिक जोखिमों को देखते हुए यह चुनौतीपूर्ण लग रहा है, जो निजी खिलाड़ियों के निवेश निर्णयों को सतर्क कर सकता है, साथ ही परिवारों की बचत दर में गिरावट भी हो सकती है।

सकल पूंजी निर्माण और जीडीपी के अनुपात से मापी गयी निवेश दर, वित्त वर्ष 2016-20 के दौरान कई कारणों से 29.9 प्रतिशत पर स्थिर रही थी, जैसे कि परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयां, बैंकों की उच्च गैर-निष्पादित संपत्तियाँ, कमजोर घरेलू/बाहरी मांग आदि। महामारी के कारण यह वित्त वर्ष 2021 में 27.5 प्रतिशत के दो दशक के निचले स्तर पर आ गयी। हालांकि महामारी के बाद वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान निवेश में सुधार हुआ, लेकिन वित्त वर्ष 2024 में यह घटकर 32 प्रतिशत रह गया। क्षेत्रीय संरचना पर एक नज़र डालने से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2024-25 में समग्र निवेश दर में मंदी सेवाओं और औद्योगिक क्षेत्रों के कारण थी। सेवा क्षेत्र में निवेश घटकर 19.3 प्रतिशत रह गया, जबकि औद्योगिक क्षेत्र में यह वित्त वर्ष 2024 में घटकर 10.1 प्रतिशत रह गया। इन क्षेत्रों में निवेश दर वित्त वर्ष 2024में घटकर क्रमशः 3.1 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत रह गयी, जो वित्त वर्ष 2023 में क्रमशः 4.3 प्रतिशत और 6.7 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने परिवारों, सरकार, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र द्वारा सकल पूंजी निर्माण के लिए विस्तृत डेटा प्रदान किया है और वित्त वर्ष 2024 में निवेश में गिरावट निजी और घरेलू क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण हुई। यह ध्यान दिया जा सकता है कि निजी क्षेत्र की निवेश दर में गिरावट के बावजूद, वित्त वर्ष 2024 में परिवारों द्वारा निवेश में 12.8 प्रतिशत की कमी आई।

दूसरी ओर, समग्र बचत दर, आज की कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात के रूप में वित्त वर्ष 2024में 30.7 प्रतिशत पर स्थिर रही। सरकार को छोड़कर, परिवारों, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र ने अपनी बचत दर में कमी देखी। वित्त वर्ष 2021 में 22.7 प्रतिशत के हालिया शिखर पर पहुंचने के बाद परिवारों की बचत दर में गिरावट का रुख रहा है और वित्त वर्ष 2024 में यह सात साल के निचले स्तर 18.1 प्रतिशत पर आ गयी।

घरेलू बचत के लिए एक और नकारात्मक कारक वित्तीय देनदारियों में वृद्धि है, जो वित्त वर्ष 24 में जीडीपी के 6.2 प्रतिशत के साथ 17 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी। अध्ययनों के अनुसार, यह अनुमान लगाया गया है कि यह गिरावट वित्त वर्ष 2025 में भी जारी रहने की संभावना है, जिसमें निजी क्षेत्र का निवेश संभावित रूप से जीडीपी के 11 प्रतिशत से नीचे गिर सकता है। वित्त वर्ष 25 के लिए समग्र निवेश दर भी घटकर 31.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जैसा कि वर्ष के लिए दूसरे अग्रिम अनुमानों से संकेत मिलता है।

वित्त वर्ष 2024 में भारत में निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय में गिरावट इस बात पर प्रकाश डालती है कि निजी क्षेत्र के खिलाड़ियों के बीच कमजोर निवेश भावनाओं ने इस गिरावट में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन क्षेत्रों में सुस्त प्रदर्शन निजी क्षेत्र के निवेश को पुनर्जीवित करने में व्यापक चुनौतियों को दर्शाता है, जो सतत आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। कारकों का संयोजन भारत की दीर्घकालिक आर्थिक महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए सभी क्षेत्रों में निवेश और बचत दरों को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित करता है। यह ध्यान देने योग्य है कि भारत का विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जनवरी में 57.7 से फरवरी 2025 में 56.3 तक गिर गया, जो दिसंबर 2023 के बाद से सबसे धीमा विस्तार है। यह गिरावट उत्पादन और बिक्री में कमजोर वृद्धि के साथ-साथ इनपुट खरीद में 14 महीने के निचले स्तर तक मंदी के कारण हुई।

निवेश में गिरावट पर विचार करने से पहले, यह विचार किया जा सकता है कि वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछली तिमाही की 5.6 प्रतिशत वृद्धि से अधिक है। यह वृद्धि दूसरी तिमाही में सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आने के बाद हुई है, जो अनुमान से काफी कम है। यह वृद्धि मुख्य रूप से सरकार और उपभोक्ता खर्च में वृद्धि, खरीफ फसल उत्पादन में मजबूती और ग्रामीण मांग में सुधार के कारण हुई।

हालांकि तथ्य यह सामने लाते हैं कि भारत में नब्बे प्रतिशत लोगों के पास विवेकाधीन खर्च करने की शक्ति नहीं है। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली वार्षिक रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि भारत की शीर्ष 10 प्रतिशत आबादी उपभोग और आर्थिक विकास का प्राथमिक चालक बनी हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में यह 'उपभोक्ता वर्ग' आकार में विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि और अधिक अमीर बन रहा है, जिसका अर्थ है कि अमीर और अधिक अमीर हो रहे हैं, जबकि कुल मिलाकर अमीर व्यक्तियों की संख्या स्थिर बनी हुई है, जैसा कि रिपोर्ट के बीबीसी विश्लेषण से पता चलता है।



## ललित सुरजन की कलम से

### वैज्ञानिक जिन्हें हम भूल न जाएं

*'पिछले दिनों हमने अपने तीन महान वैज्ञानिकों को खो दिया, लेकिन उनके निधन पर न तो मीडिया में कोई खास चर्चा सुनने मिली और न उन उच्च शिक्षण संस्थानों में उन्हें शायद ही याद किया गया जिनको बनाने संवारने में उन्होंने अपना पूरा जीवन खपा दिया। हमें कभी भारत का अर्थ बताया गया था कि जो भा अर्थात बुद्धि और ज्ञान की साधना में रत हो वह भारत है। आज का दृश्य देखकर लगता है कि यह परिभाषा शायद मनगढ़ंत है। यहां टीवी के छोटे-मोटे कलाकारों को देखने के लिए भीड़ उमड़ती है, नामचीन फिल्मी सितारों के मिनट-दो मिनट के कार्यक्रम के लिए करोड़ों लुटा दिए जाते हैं, लेकिन विश्वगुरु होने का दावा करने वाले इस देश में उन गुरुओं का कोई सम्मान नहीं, उन्हें कोई याद नहीं करता, जिन्होंने सचमुच मां भारती की सेवा की है।'*

*'हमारी शासन व्यवस्था, समाज व्यवस्था और शिक्षा व्यवस्था- सब में ज्ञान, विवेक और तर्कबुद्धि, इन सबका मानो कोई स्थान नहीं रह गया है। अंग्रेजी में जिसे सॉफ्ट पावर कहा जाता है उसे हम लगभग भूलते जा रहे हैं।'*

**(देशबंधु में 10 अगस्त 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/08/blog-post_9.html

## गुरवाणी विचार

### बिलावल महला 3

सतगुरि सेवेहि से वडभागी- हउमें मारि सचि लिव लागी
तेरे रंगि राते सहजि सुभाये- तूं सुख दाता लेहि मिलाये
ऐकस ते दूजा नाही कोय- प्रंदह थिती ते सतबार
माह रूती आवे बारो वार दिनस रंगि तिवै संसार
आवागमन कीआ करतारि निहचल साच रहिआ कल धारि

नानक गुरमुख बूझै को शब्द विचार वाणी की इन पंक्तियों द्वारा तीसरे नानक श्री गुरू अमरदास दास जी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे है वे जीव बहुत ही भाग्यशाली हे जो प्रभु प्रमात्मा की सिमरन बंदगी में रमे रहते हैं क्यों सिमरन करते रहने से उनके अंदर ऐ मै मेरी का चक्कर खत्म हो जाता है।

मेरा मुझ में किद्द नहीं जो कि किद्द है सो तेरा

इस सिंद्धांत पर चलकर अपना जीवन यापन करते हैं यह सारा संसार प्रभु प्रमात्मा की उत्पत्ति है हर एक में प्रभु प्रमात्मा बिराज मान है इसलिये हम सब भाई भाई है।

एक पिता ऐकस के हम बारिक तूं मेरा गुरू हाई।

जिनका ध्यान प्रभु प्रमात्मा में लगा रहता हे जो प्रभु प्यारे में रंग जाते हैं वे ही आत्मिक अडोलता में जीवन यापन करते हैं क्यों कि फिर वे कहीं इधर-उधर पीर फकीरों के मढ़ी मसानों के चक्कर नहीं काटते वे फिर सीधे प्रभु प्रमात्मा से ही जो कुछ मांगना है बिनती करते रहते हैं क्योंकि जिनके मन में प्रभु प्रमात्मा बस गया है उन्हें फिर किसी बात की कमी रहने वाली ही नहीं है।

जाका मीत साजन है समिया तिस जनको कहो का की कमिया

फिर उसे सिवाय प्रभु प्रमात्मा के और कुछ नजर ही नहीं आता हर जगह उसे प्रभु प्रमात्मा ही दिखाई देने लगता है। आगे आप फरमाते हैं कि तस तरह पंद्रह तिथियां है सात वार है बारह महीने है दिन रात है सब प्रभु की आज्ञा में ही चल रही है आपने अपने समय नुसार दिन रात पहर घड़ियां आती है सब प्रभु के हुकमानुसार ही हो रहा है सारी कायनात भी प्रभु हुकम में चल रही है सब चलाये मान है सिवाय प्रभु प्रमात्मा के। प्रभु प्रमात्मा ही स्थ्रि है बाकी हर जीव हर वस्तु चलायमान है। वही सदा अटल रहने वाला है। इस सारी सृष्टि को प्रभु प्रमात्मा ने अपनी सत्ता हुकम में टिका रखा है। हुकमे अंदर सबको बाहर हुकम नहीं कोय जिस जिस ने प्रभु प्रमात्मा को अपने मन में बसा लिया है उन्हें इस बात का ज्ञान हो गया है कि हर चीन प्रभु प्रमात्मा की आज्ञा में ही चल रही है उनकी आज्ञा के बिना एक पत्ता भी हिल नहीं सकता, इस तरह इंसान अज्ञानता वश थितवार माह ऋतु इत्यादि के चक्कर में पड़ा रहा है कि फलाने दिन यह काम नहीं करना है फलाने दिशा में नहीं जाना है वरना इतना नुकसान हो जाएका इत्यादि इत्यादि।) हर वार प्रभु प्रमात्मा ने बनाये हैं अतएव कोई अशुभ नहीं है सारे शुभ ही शुभ है कोई दिशा खराब नहीं है कोई जगह खराब नहीं हैखराब दिन वही है जिस दिन हमारे मन में प्रभु की याद बिसरजाती है और हम सांसारिक मोहमाया में फंस जाते हैं वरना हरदिन अच्छा है हमें चाहिये कि प्रभु प्रमात्मा द्वारा दी गई शंवासों की पूंजी का हम पूर्ण रूपेण लाभ उठाते हुये प्रभु सिमरन बंदगी में रमे रहें तभी हमारा लोक और परलोक सुहेला यापन कर पायेंगे और फिर प्रभु लोक जाकर भी साची दरगाह में स्थान प्राप्त कर पावेंगे जहा फिर सदा हमें आनंद ही आनंद की अनुभूति होती रहेगी।

-इंदर सिंह आहूजा

## आपके पत्र

### खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी

पंजाब में अमृतसर के एक मंदिर में बम फेंकने की घटना चिंतित करने वाली है। यह घटना इसलिए भी ज्यादा चिंताजनक है क्योंकि अब खालिस्तान समर्थक हिंदू मंदिरों पर भी हमला करने में नहीं हिचक रहे हैं। इसके पहले भी कई पुलिस चौकियों पर बम फेंकने की घटनाएं हो चुकी हैं और कई नेताओं की हत्या की जा चुकी है, जिनकी जिम्मेदारी खालिस्तान समर्थकों ने ली है।

इस घटना से हमें भिंडरावाला के आतंक की याद आती है, जिन्होंने स्वणर्द मंदिर को आतंक का अड्डा बना दिया था। इसी तरह, भारत में और विदेशों में रहने वाले खालिस्तान समर्थकों को पाकिस्तान की भरपूर सहायता मिल रही है। पाकिस्तान नशीले ड्रग्स और हथियारों की सप्लाई कर रहा है, जिससे आतंकवाद को बढ़ावा मिल रहा है।

भारत के संविधान के तहत पुलिस एक राज्य का विषय है, केंद्र संस्थान को प्रभावित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जिसके परिणामस्वरूप अक्सर पुलिस का राजनीतिकरण होता है। इस समस्या का समाधान के लिए सरकार को पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर काम करना होगा। इसके लिए जरूरी है कि पुलिस को अधिक शक्तियां दी जाएं और उन्हें आतंकवाद के खिलाफ लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार किया जाए। इसके अलावा, सरकार को खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी और उन्हें आतंकवाद के लिए धन और हथियारों की सप्लाई करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करनी होगी।

**-सुभाष बुडावन वाला, रतलाम, मप्र**

### भारत ने ICC चैंपियंस ट्रॉफी का ख़िताब जीतकर 140 करोड़ भारतीयों का जीता दिल

ICC चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को जीतकर भारतीय क्रिकेट टीम ने एक बार फिर दुनिया में अपना परचम लहराया है। यह सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के सपनों और उम्मीदों की जीत है। यह ऐतिहासिक जीत क्रिकेट प्रेमियों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगी। टीम इंडिया के हर खिलाड़ी ने मैदान पर जोश और जुनून के साथ खेलते हुए हिंदुस्तान का सिर गर्व से ऊंचा किया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है। इस तरह से भारत तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत ने सातवीं बार आईसीसी टूर्नामेंट अपने नाम किया। भारत इस टूर्नामेंट में अजेय रहा है। दरअसल, ICC चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में रविवार (9 मार्च) को भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर यह खिताब जीता। बता दें कि रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने 25 साल बाद न्यूजीलैंड से अपना बदला पूरा कर लिया है। यह बदला ICC चैम्पियंस ट्रॉफी का है। 25 साल पहले यानी 2000 के चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड टीम ने सौरव गांगुली की कप्तानी वाली भारतीय टीम को हराकर खिताब जीता था। वहीं अब भारत ने 9 महीने के अंदर दूसरा ICC टाइटल जीता है। इससे पहले रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम ने जून 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप भी जीता था। वहीं अब भारतीय टीम का अगला लक्ष्य इस साल होने वाले एशिया कप और अगले साल यानी 2026 में आईसीसी T20 वर्ल्ड कप का ख़िताब जीतने का रहेगा।

## ईरानी व डच विदेश मंत्रियों ने क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर की चर्चा

**तेहरान,** 16 मार्च (एजेंसियां)। ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची और उनके डच समकक्ष कैस्पर वेल्डकैंप ने द्विपक्षीय संबंधों और पश्चिम एशिया में विकास पर चर्चा करने के लिए फोन पर बातचीत की। ईरानी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने साझा हितों के अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। बयान में कहा गया कि अराघची ने अन्य देशों के साथ अच्छे राजनयिक संबंधों को आगे बढ़ाने के ईरानी सरकार के दृष्टिकोण को रेखांकित किया और इस बात बल दिया कि ईरान आपसी सम्मान और हितों के आधार पर यूरोपीय देशों के साथ बातचीत और संवाद के लिए तैयार है।

# देश विदेश

# हूती ठिकानों पर अमेरिकी हमलों में 13 लोगों की मौत

**सना,** 16 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी युद्धक विमानों ने यमन की राजधानी सना और उत्तरी प्रांत सादा में कई हूती ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम 13 लोग मारे गए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से कहा कि यह प्रारंभिक संख्या है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। हमले में नौ अन्य भी घायल हुए हैं।

अल-मसीरा टीवी ने शनिवार रात को उत्तरी सना के अल-जर्राफ आवासीय क्षेत्र में चार हवाई हमले और पूर्वी साना के शोआब आवासीय क्षेत्र में कई अन्य हवाई हमलों की सूचना दी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, इससे पहले शाम को नए हमले प्रांत के मुख्य शहर सादा के उत्तरी हिस्से में हुए, जो समूह का मुख्य गढ़ है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, सना में हुए हमलों में हूती-नियंत्रित राज्य टेलीविजन स्टेशन के पास अल-जर्राफ इलाके में गोला-बारूद और रॉकेट डिपो को निशाना बनाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इलाके से सफेद धुएं का गुबार उठता देखा गया था और हवाई हमलों के बाद कई विस्फोट हुए।

हूती अधिकारी ओसामा सारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अल-जर्राफ क्षेत्र में हमलों से



■ अमेरिकी सेना द्वारा हूती ठिकानों के खिलाफ की गई पहली सैन्य कार्रवाई

एयरपोर्ट रोड के पास स्थित विशेष आधुनिक विश्वविद्यालय (स्पेशलाइज्ड मॉडर्न यूनिवर्सिटी) के कुछ हिस्सों को भी नुकसान पहुंचा है।

एक अन्य हूती सूत्र ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया कि हवाई हमलों में प्रमुख हूती नेताओं के दो घरों को भी निशाना बनाया गया।

यह अमेरिकी सेना द्वारा हूती ठिकानों के खिलाफ की गई पहली सैन्य कार्रवाई है, जब से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी में सत्ता संभाली और इस समूह को विदेशी आतंकवादी संगठन के रूप में फिर से नामित किया। ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि आतंकवादियों के ठिकानों, नेताओं और मिसाइल सुरक्षा पर हवाई हमले अमेरिकी शिपिंग, वायु और नौसैनिक संपत्तियों की रक्षा करने और नौवहन स्वतंत्रता को बहाल करने के लिए थे। अमेरिकी हवाई हमलों के बाद, हूतियों ने प्रतिशोधी हमले करने की धमकी दी। हूती के राजनीतिक कार्यालय ने अल-मसीरा टीवी टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में कहा कि इस आक्रमण का जवाब दिया जाएगा।

## कुर्स्क में यूक्रेनी सैनिक दुश्मन का कर रहे सामना : जेलेंस्की



**कीव।** राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शनिवार को दावा किया कि यूक्रेनी सैनिक अभी भी रूस के कुर्स्क क्षेत्र में रूसी और उत्तर कोरियाई सेनाओं का सामना कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि रूस सुमी क्षेत्र पर हमले की योजना बना रहा है। सोशल मीडिया पर दिए गए एक बयान में ज़ेलेंस्की ने कहा कि कीव के सैनिकों को कुर्स्क में घेरा नहीं गया है, लेकिन मॉस्को एक अलग हमले के लिए पास में सेना इक्ट्ठा कर रहा है। उन्होंने कहा कि रूसी सुमी क्षेत्र पर हमला करने की मंशा का है। हमें इसकी जानकारी है और हम इसका मुकाबला करेंगे। पिछले साल अगस्त में हजारों यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र के लगभग 1,300 वर्ग (500 वर्ग मील) किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था। इस बारे में कीव का कहना था यह भविष्य की वार्ताओं में मोलभाव करने और रूस को पूर्वी यूक्रेन से हटने के लिए मजबूर करने का प्रयास था।

## रूस ने यूक्रेन में सैनिक भेजने के यूरोप के बयान को झांसा बताया



**मास्को।** रूस ने ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के देशों के उन दावों को झांसा बताया है जिसमें उन्होंने सैनिकों को यूक्रेन भेजने की दिशा में प्रगति की बात कही थी। ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने एक बयान में यूक्रेन में इच्छुकों के गठबंधन के सैनिकों को भेजने की प्रक्रिया के संचालन चरण की ओर बढ़ने की बात कही थी। रूस ने कहा है कि यह एक झांसा है क्योंकि इसमें अमेरिका द्वारा सुरक्षा गारंटी की शर्त रखी गई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, रूसी सिविक चैंबर के अध्यक्ष व्लादिमीर रोगोव ने कहा कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के मुंह से यूक्रेन जिन क्षेत्रों से हट चुका है, उन पर कब्जा करने वाले सैनिकों को भेजने के परिचालन विवरण के बारे में बयान वास्तव में एक झांसा है क्योंकि उन्होंने तुरंत यह शर्त रखी कि यह केवल अमेरिका के समर्थन से ही संभव है। रोगोव ने कहा कि यूक्रेन में तीसरे देश की टुकड़ियों को भेजना अवैध होगा और सुरक्षा के हितों और दीर्घकालिक शांति की स्थापना के विपरीत होगा। अधिकारी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि ब्रिटिश, जर्मन, फ्रांसीसी और अन्य विदेशी सैनिकों की उपस्थिति उन्हें हमारी सेना के लिए प्राथमिकता वाला लक्ष्य बना देगी क्योंकि उनके पास इस क्षेत्र में काम करने का कोई कानूनी जनादेश नहीं हो सकता है। इस बीच, यूक्रेन के सहयोगियों द्वारा मास्को पर दबाव डालने के लिए सहमत होने के कुछ घंटों बाद, शीर्ष अमेरिकी और रूसी राजनयिकों ने यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए अगले कदमों पर चर्चा की।

## सुडोकू 6854

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | | | | | | 3 | |
| | | 1 | 3 | | 8 | | | |
| | | 8 | | | | 7 | | |
| | 1 | 2 | 6 | | | | 8 | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 3 | 9 | | | | 7 | 2 | 1 | |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| | | | 5 | | 3 | 4 | | |
| | 2 | | | | | | 9 | 3 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 17 मार्च, 2025 चैत्र कृष्ण पक्ष 4

### राशिफल

मेष - आज आपको सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में प्रसिद्धि मिलेगी। परिवार एवं दांपत्यजीवन में सुख- संतोष का अनुभव होगा। रोमांस के चरम पर रहेंगे। मौज-मस्ती और मनोरंजन से भागीदारी में लाभ होगा।

वृषभ - आज आपको वाणी और व्यवहार पर संयम रखने की जरूरत है। किसी की मजाक-मसखरी से परहेज करें। गलतफहमी हो सकती है। मौज-शौक तथा मनोरंजन के पीछे खर्च होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुर्घटना से बचें।

मिथुन - आज आपको संतान और जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद या चर्चा में न पड़ें। मित्रों के कारण खर्च हो सकता है। नुकसान की भी आशंका बनी रहेगी। आपकी प्रतिष्ठा को कलंक लग सकता है।

कर्क - आज कोई अनजाना भय आपको लगा रहेगा। छाती में पीड़ा या तकलीफ हो सकती है। परिवार में लोगों के बीच अशांति और मतभेद हो सकता है। समाज में आपके आत्म सम्मान को चोट पहुंच सकती है। इससे आप दु

सिंह - आज तन-मन से स्वस्थ और खुश रहेंगे। पड़ोसी और भाई-बंधुओं के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। निर्धारित काम समय पर पूरे होंगे। छोटी यात्रा होगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

कन्या - किसी बात को लेकर मन उलझन में रहेगा। नकारात्मक विचारों से मानसिक अस्वस्थता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा। अनावश्यक खर्च होगा। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन नहीं लगेगा।

तुला - अभी आप आर्थिक आयोजन बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगे। आज आपकी कलात्मक और सृजनात्मक शक्ति श्रेष्ठ रहेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। दृढ़ विचार और आत्मविश्वास से काम पूरे कर सकेंगे।

वृश्चिक - आज आमोद-प्रमोद तथा मनोरंजन के पीछे पैसे खर्च होंगे। मानसिक चिंता और शारीरिक तकलीफ से परेशानी होगी। असंयमित वाणी या व्यवहार झगड़े का कारण बन सकता है। परिजनों और स्नेहियों के साथ अनबन रहेगी।

धनु - प्रेम का सुखद अनुभव प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आर्थिक, सामाजिक और कुटुंबजनों के साथ बातचीत के लिए आज का दिन लाभदायी है। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मित्रों, विशेष रूप से स्त्री मित्रों से लाभ होगा।

मकर - व्यवसाय के क्षेत्र में धन, मान एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में भी आपका परिश्रम रंग लाएगा। घर, परिवार और संतान के मामले में आनंद और संतोष की भावना का अनुभव होगा। व्यावसायिक कार्य के संबंध में दौड़धूप बढ़ेगी।

कुंभ - आज आप अपने आपको अस्वस्थ महसूस करेंगे, परंतु मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। काम करने में उत्साह का अभाव रहेगा। ऑफिस में उच्च अधिकारियों से बचकर रहें। विरोधियों के साथ दलीलों में उतरना उचित नहीं है।

मीन - आज का दिन ईश्वरभक्ति और आध्यात्मिकता में गुजरेगा। आज के दिन आपको थोड़ी बहुत प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थ्य के विषय में विशेष ध्यान रखना पडेगा। बीमारी के कारण अधिक खर्च होने की भी संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## स्वास्थ्य देखभाल इकाइयों के निजीकरण के खिलाफ पाकिस्तान के पंजाब में प्रदर्शन



■ विरोध प्रदर्शन में डॉक्टर, पैरामेडिक्स, नर्स व लिपिक कर्मचारी शामिल

**पंजाब,** 16 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने प्रांतीय सरकार के उस फैसले के खिलाफ रैलियां निकालीं, जिसमें बुनियादी स्वास्थ्य इकाइयों (बीएचयू) और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों (आरएचसी) को आउटसोर्स करने का प्रस्ताव किया गया है। इन स्वास्थ्य कर्मचारियों में डॉक्टर, पैरामेडिक्स, नर्स और लिपिक कर्मचारी शामिल हैं।

स्थानीय मीडिया के मुताबिक, रविवार को ओकारा में सिटी हॉस्पिटल से प्रेस क्लब तक एक विरोध रैली निकाली गई। इसमें शामिल लोग बैनर लेकर आए थे और निजीकरण नीति के खिलाफ नारे लगा रहे थे। उन्होंने इसे कम दर्जे के स्वास्थ्य कर्मचारियों का आर्थिक शोषण बताया।

यंग डॉक्टर्स एसोसिएशन (वाईडीए) और पंजाब ग्रामीण स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के सदस्यों समेत प्रदर्शनकारियों ने कहा कि साहीवाल में पहले ही सात बीएचयू को आउटसोर्स किया जा चुका है और 12 और को निजीकरण करने की योजना है।

ग्रैंड हेल्थ अलायंस (जीएचए) द्वारा आयोजित यह विरोध प्रदर्शन 40 जिलों में फैलने वाले प्रांतव्यापी आंदोलन का हिस्सा था। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र डॉन के अनुसार, ओकारा में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने डीएचक्यू सिटी हॉस्पिटल, डीएचक्यू साउथ सिटी, टीएचक्यू रेनाला और बामा बाला तथा धार धुलियाना के आरएचसी में बाहरी मरीज विभाग (ओपीडी) और इनडोर वार्ड का बहिष्कार किया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चकवाल और तालागांग शहरों में भी पंजाब सरकार की निजीकरण नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है।

## उत्तरी मैसेडोनिया के नाइटक्लब में भीषण आग, 50 लोगों की मौत



**स्कोप्जे,** 16 मार्च (एजेंसियां)। उत्तरी मैसेडोनिया के कोकानी में एक नाइटक्लब में भीषण आग लग गई। आग में कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। देश के प्रधानमंत्री ने इस दुखद घटना पर अफसोस जताते हुए लोगों से इस दुख की घड़ी में एक-दूसरे के साथ खड़े रहने की अपील की है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि नाइटक्लब में एक कॉन्सर्ट के दौरान लगभग 1,500 लोग मौजूद थे, जब अचानक आग लग गई। आग तेजी से छत और बिल्डिंग के अन्य हिस्सों में फैल गई, जिससे पूरा नाइटक्लब जलकर राख हो गया। आग लगते ही वहां अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ के कारण भी कई लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मृतकों और घायलों की संख्या का अभी भी आकलन किया जा रहा है। बचाव दल घटनास्थल पर मौजूद है और राहत कार्य जारी है। इस घटना पर उत्तरी मैसेडोनिया के प्रधानमंत्री ह्रिस्टिजन मिकोस्की ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि गहरे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि मुझे कोकानी में हुई भयानक त्रासदी की खबर मिली। मैसेडोनिया के लिए यह एक कठिन और बहुत दुखद दिन है! इतने सारे युवा जीवन की अपूरणीय हानि है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**पाकिस्तानी सेना के...**

मांग चल रही है। यह प्रांत प्राकृतिक और खनिज संसाधनों से लैस है। बलूचिस्तान के लोगों का आरोप है कि पाकिस्तान और चीन प्रांत की प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं।

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री ने हमले की निंदा की

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुग्ती ने इस हमले की निंदा की है और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, बलूचिस्तान की शांति के साथ खेलने वालों का अंजाम अच्छा नहीं होगा। इन कायराना हमलों से हमारा मनोबल नहीं टूटेगा। बलूचिस्तान में आतंक के लिए कोई जगह नहीं है।

**मुख्यमंत्री साय ने जशपुर में ...**

और चौड़ाई 25 मीटर है। यहां सिंगल इंजन ट्विन-सीटर वायरस एसडब्ल्यू-80 विमान से कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो 20,000 फीट की अधिकतम ऊंचाई तक उड़ सकता है। हालांकि, फिलहाल प्रशिक्षण के लिए 1,000 फीट की ऊंचाई तक ही उड़ान संचालित की जा रही है। कमांडिंग ऑफिसर ने बताया कि एनसीसी एयर विंग के सी सर्टिफिकेट में उच्च ग्रेडिंग प्राप्त करने वाले कैडेट्स सीधे एयरफोर्स इंटरव्यू के लिए पात्र माने जाते हैं, जिससे यह प्रशिक्षण उनके सुनहरे भविष्य की नींव रखता है।

कैडेट्स का उत्साह - एयरफोर्स पायलट बनने का सपना साकार होगा

प्रशिक्षु नितेश प्रजापति ने बताया कि जशपुर का स्वच्छ और खूबसूरत वातावरण उड़ान प्रशिक्षण के लिए बहुत उपयुक्त है। उन्होंने कहा, मेरा सपना एयरफोर्स पायलट बनने का है, और यह प्रशिक्षण मुझे उस दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगा। इसी तरह प्रांशु चौहान ने बताया कि जशपुर में एयर ट्रैफिक साफ-सुथरा रहता है, जिससे उड़ान में कोई बाधा नहीं आती। रनवे भी पूरी तरह से क्लियर रहता है, जिससे प्रशिक्षण बिना किसी रुकावट के संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा, प्राकृतिक सुंदरता के बीच प्रशिक्षण लेना हमारे लिए हमेशा यादगार रहेगा। इस अवसर पर सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, सरगुजा कमिश्नर नरेंद्र कुमार दुग्गा, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास, एसएसपी शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

**स्पेस स्टेशन में सुनीता से मिले...**

की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिन्हें लोग खूब पसंद कर रहे हैं। स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन आज अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर सफलतापूर्वक पहुंचा। इसी ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से नासा के दो अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मर की वापसी की उम्मीद जग गई है, जो पिछले कई महीने से अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। इस अंतरिक्ष यान में चार अंतरिक्ष यात्री सवार थे, जिनमें नासा से ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जेएक्सए से ताकुया ओनिशी और रूस के रोस्कोस्मोस से किरिल पेस्कोव शामिल हैं। वे अगले कुछ दिन नासा के अंतरिक्ष यात्रियों विलियम्स और विल्मर के साथ आईएसएस के बारे में जानकारी लेंगे।

**तेज रफ्तार बाइक...**

तीनों युवक ग्राम मनकी के रहने वाले थे। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आज मृतकों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। मृतकों में अनिल कुमार साहू (18 वर्ष), पीयूष साहू (17 वर्ष), विकास ठाकुर (22 वर्ष)

## वर्ग पहेली 6854



**बायें से दायें:-**

१. हिमाकत, हानिकर या अनुचित, साहस,धृष्टता
३. कानूनी,विधिसम्मत
५. अवहेलना, अवसान
६. खुशामद बसंद (उर्दू)
७. देखना
९. एक तीक्ष्ण गंध वाला खनिज जिससे बारूद आदि बनाया जाता है
१०. वह यज्ञ जिसमें मनुष्यों की बलि दी जाती है
१२. बढ़िया,श्रेष्ठ
१३. वगैरह
१४. फैलाना
१६. पर्यन्त
१८. वरयात्रा
२०. निषेध
२१. रुचि के अनुकूल
२३. श्रीकृष्ण, शिव

**ऊपर से नीचे:-**

१. अपशब्द, गाली
२. आक्रमणकारी
३. विज्ञान संबंधी, विज्ञान का ज्ञाता
४. झरना
५. एक पौधा, जिसकी जड़ दवा के काम आती है
८. नाना का पिता
१०. पुत्री का पुत्र
११. भेड़ या बकरी का बच्चा
१२. ऊगा हुआ
१३. ठेका, पट्टा, एकाधिकार
१४. मशविरा
१५. जिसमें खून न हो
१७. दाग, धब्बा
१८. एक प्रकार का खाद्यान्न
१९. वृक्ष, पेड़
२२. ध्वनि, शब्द

### वर्ग पहेली-6853



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

763- अब्बासी खलीफा हारून-अल-रशीद का जन्म।
1406- अरब इतिहासकार, समाजशास्त्री इब्ने खल्दून का जन्म
1861- इटली का एकीकरण।
1866- आगरा उच्च न्यायालय की स्थापना, इसे 1869 मे इलाहाबाद स्थानांतरित किया गया।
1845- ब्रिटेन के आविष्कारक स्टीफन पैरी को रबर बैंड का पेटेंट मिला।
1920- बंगलादेश के पहले राष्ट्रपति शेख मुजीब-उर-रहमान का जन्म।
1957- फिलीपीन के राष्ट्रपति रैमन मैग्सायसाय का हवाई दुर्घटना में निधन।
1961- भारतीय महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का जन्म।
1969- गोल्डा मेयर इजरायल की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनीं।
1987- क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया।
1989- उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहे हेमवती नंदन बहुगुणा का निधन।
1990- भारतीय महिला बैंडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल का जन्म।
1994- रूस द्वारा नाटो की शान्ति सहयोग योजना में शामिल होने का निर्णय।
1996- क्रिकेट विश्वकप के फाइनल में श्रीलंका ने आस्ट्रेलिया को हराकर खिताब जीता।
2004- नासा का मैसेंजर बुध ग्रह की कक्षा में प्रवेश करने वाला पहला अंतरिक्ष यान बना।
2011- संयुक्त राष्ट्र ने लीबिया में नो फ्लाई जोन बनाने हेतु प्रस्ताव को मंजूरी दी।
2013- इराक के बसरा में आत्मघाती कार हमले में दस लोगों की मौत।
2016- मशहूर जादूगर पॉलडेनियल का निधन।
2019- कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद 63 साल की उम्र में देश के पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर का निधन।
2020- कोविड-19 के कारण देश में तीसरी मौत, संक्रमितों की संख्या बढ़कर 126 पर पहुंची।

**मामला** *प्रवासी विरोधी भावना बढ़ने से पुलिस कर रही लोगों को गिरफ्तार*

# पाकिस्तान व ईरान से जबरन डिपोर्ट किए जा रहे अफगान शरणार्थी

**काबुल, 16 मार्च (एजेंसियां)। अफगान शरणार्थियों को जबरन निकाले जाने और अवैध तरीके से हिरासत में रखने की खबरों के बीच नया डेटा सामने आया है। आंकड़ों के मुताबिक, ईरान और पाकिस्तान ने 8 मार्च से 14 मार्च के बीच 674 अफगान प्रवासी परिवारों को अपने देश से निकाल दिया है। अफगान के अमू टीवी ने शनिवार को तालिबान के बयानों से संकलित डेटा का हवाला देते हुए बताया कि ईरान ने विभिन्न सीमा क्रॉसिंग के माध्यम से 564 परिवारों को निष्कासित किया, जबकि पाकिस्तान ने 110 परिवारों को जबरन निर्वासित किया है।**

डेटा से पता चलता है कि 110 परिवारों ने स्पिन बोल्डक क्रॉसिंग के माध्यम से प्रवेश किया है, जबकि 150 परिवारों ने पुल-ए-अबरीशम के माध्यम से निमरोज में और 414 परिवारों ने इस्लाम कला के माध्यम से अफगानिस्तान में प्रवेश किया है।

ईरान के आंतरिक मंत्रालय में विदेशी नागरिकों और अप्रवासी मामलों के ब्यूरो के महानिदेशक नादेर यारहमादी ने इस सप्ताह की शुरुआत में घोषणा की कि 21 मार्च, 2025 से ईरान में अवैध अफगान प्रवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और अन्य सेवाओं से वंचित कर दिया जाएगा।

टोलो न्यूज ने ईरान में एक अफगान प्रवासी मारोफेह एशाकी के हवाले से बताया कि ईरान में प्रवासियों की स्थिति बहुत खराब है। प्रवासी विरोधी भावना बढ़ गई



**21 मार्च से ईरान में अवैध अफगान प्रवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा व अन्य सेवाओं से वंचित कर दिया जाएगा : नादेर यारहमादी**

है और पुलिस अधिकारी विभिन्न बहाने बनाकर लोगों को गिरफ्तार करते हैं। यहां तक कि वैध वीजा और वैध दस्तावेजों वाले लोगों को भी डिपोर्ट कर देते हैं।

पाकिस्तान में अफगान प्रवासियों की स्थिति भी उतनी ही चुनौतीपूर्ण है। टोलो न्यूज ने बताया है कि पाकिस्तानी पुलिस द्वारा हाल ही में भयंकर छापेमारी की गई, यहां तक कि रात के बीच में भी घरों पर छापा मारकर अफगान शरणार्थियों को गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तान में अफगान प्रवासियों पर दबाव बढ़ रहा है। अधिकारियों ने अफगान नागरिकों पर दबाव डाला है कि वे देश छोड़ दें। पाकिस्तान अफगान प्रवासियों को निर्वासित करने के प्रयास तेज कर रहा है, जिसके कारण कई लोग अपने घरेलू सामान को बहुत कम कीमतों पर नीलाम करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। अफगान प्रवासी शुजाउद्दीन ने कहा कि मैंने एक साल पहले लगभग 1.8 मिलियन पाकिस्तानी रुपए में दुकान किराए पर ली थी और इसमें निवेश किया था, लेकिन अब सरकार के फैसले के कारण मुझे दूसरे शहर में जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## दुनिया को जानें

## श्रीहरिकोटा से एलवीएम3 के लिए क्रायो अपर स्टेज को किया रवाना

**चेन्नई,** 16 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी उपग्रह ब्लू बर्ड-2 के आगामी प्रक्षेपण के लिए शनिवार को इसरो के एलवीएम3 प्रक्षेपण यान के क्रायोजेनिक अपर स्टेज इंजन को श्रीहरिकोटा के शार रेंज के लिए रवाना किया गया। यह उपग्रह अंतरिक्ष से स्मार्टफोन का उपयोग करके कॉल करने में सक्षम बनाएगा। रविवार को एक अपडेट में, इसरो ने कहा कि अध्यक्ष डॉ वी नारायणन ने शनिवार को इसरो के एलवीएम3 प्रक्षेपण यान के क्रायोजेनिक अपर स्टेज (सी 25) को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि के इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) से श्रीहरिकोटा के प्रक्षेपण परिसर के लिए रवाना किया।

इसरो प्रणोदन परिसर, द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) और सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी शार) के निदेशकों ने भी इस समारोह में हिस्सा लिया। इस चरण को आईपीआरसी में एकीकृत किया गया है और इसे एनएसआईएल और एएसटी तथा साइंस एलएलसी के बीच एक वाणिज्यिक समझौते के अंतर्गत एलवीएम3 (एलवीएम3-एम5) के पांचवें परिचालन मिशन के लिए चिह्नित किया गया है, जिसका उद्देश्य उनके ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह को प्रक्षेपित करना है।

# खेल जगत

## अगर भारत में ओलंपिक होते हैं तो यह देश के लिए गर्व की बात होगी : योगेश्वर

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त ने कहा है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2036 ओलंपिक के लिए प्रयास कर रहे हैं और भगवान की कृपा से अगर ओलंपिक भारत में आयोजित होते हैं तो यह देश के लिए बहुत गर्व की बात होगी। योगेश्वर ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि यह देखकर अच्छा लगता है कि हमारे पहलवान लगातार अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारे पास कुश्ती में ओलंपिक में कांस्य और रजत पदक भी है। हमारा प्रयास रहेगा कि हम 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में गोल्ड जीतें। उन्होंने कहा कि हमने ओलंपिक में जो हासिल किया है, हम चाहेंगे कि मौजूदा पहलवान भविष्य में हमसे अच्छा प्रदर्शन करें।



# ट्रॉफी जिताने में हरमनप्रीत की अहम भूमिका: शार्लेट

■ हरमनप्रीत ने 44 गेंदों की अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए



**मुंबई,** 16 मार्च (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस (एमआई) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का दूसरा खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को आठ रनों से हराया। इस जीत के बाद एमआई की मुख्य कोच शार्लेट एडवर्ड्स ने कप्तान हरमनप्रीत कौर की 66 रनों की शानदार पारी को मैच का टर्निंग पॉइंट बताया। ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में हरमनप्रीत ने घुटने की परेशानी के बावजूद बेहतरीन शॉट खेले और शानदार 66 रन बनाए। उन्होंने 44 गेंदों की अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए। हालांकि एमआई की शुरुआत धीमी रही और पहले छह ओवर में सिर्फ 20 रन बने, लेकिन इसके बाद टीम ने संभलकर 149/7 का स्कोर खड़ा किया। एमआई के गेंदबाजों ने इस लक्ष्य को बचाने में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें नैट साइवर ब्रंट ने तीन विकेट चटकाए और डीसी को 141/9 तक सीमित कर दिया। शार्लेट एडवर्ड्स ने मैच के बाद कहा कि हम जानते थे कि इस मैदान पर पहले छह ओवरों में बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा, लेकिन बाद में हम वापसी कर सकते हैं। उन्होंने हरमनप्रीत की पारी की तारीफ करते हुए कहा कि जब वह अपनी बेहतरीन लय में होती हैं, तो वह दुनिया की सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बन जाती हैं। निश्चित तौर पर वह दूसरा खिताब जीतना चाहती थीं और उसके लिए उन्होंने अपने पारी में वह सब कुछ किया। इस मैदान पर पहले छह ओवर मुश्किल होते हैं, तो मुझे लगता है हरमनप्रीत ने हालातों को बहुत अच्छे से समझा। वह जानती थीं किस गेंदबाज के खिलाफ आक्रामक होना है और यह एक निर्णायक पारी थी जिसने हमें गेम में आगे कर दिया। डीसी के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने भी हरमनप्रीत की इस पारी को सराहा और कहा कि उन्होंने एमआई को ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि हमने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन हरमनप्रीत ने जोखिम उठाए और उन्हें अपने खेल पर पूरा भरोसा था, इसलिए वह सफल रहीं। यह मैच एमआई के लिए इस हफ्ते का चौथा मुकाबला था, लेकिन टीम ने लगातार बेहतरीन खेल दिखाया और खिताब अपने नाम किया। शार्लेट ने अपनी टीम की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने छह दिनों में चार मैच खेले, जो आसान नहीं था। लेकिन उन्होंने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और इस जीत के लिए पूरी ताकत लगा दी।

## मुझे नहीं लगता कि दिल्ली की टीम पर कोई मानसिक दबाव है : डीसी कोच बैटी

**मुंबई।** ब्रेबोर्न स्टेडियम में 2025 के फाइनल में मुंबई इंडियंस से आठ रन से हारने के बाद लगातार तीसरी बार दिल्ली कैपिटल्स महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में उपविजेता रही। लीग चरण में तालिका में शीर्ष पर रहने के बावजूद खिताबी मुकाबले में एक और दिल टूटने के बाद मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने अपनी टीम का बचाव करते हुए मेग लैनिंग की अगुआई वाली टीम में मानसिक दबाव की बातों को खारिज कर दिया। बैटी ने कहा कि लड़कियां वास्तव में सकारात्मक रही हैं, मैं उन्हें दोष नहीं दे सकता। कोई भी नकारात्मक बात नहीं हुई जैसे कि हमने पिछले दो फाइनल में गड़बड़ कर दी है, हम इस बार भी यही बोझ उठाने जा रहे हैं, ऐसा कुछ भी नहीं। मुझे लगा कि वे वास्तव में सकारात्मक थीं, वास्तव में आत्मविश्वास से भरी हुई थीं। लड़कियां शानदार रही हैं, उन्होंने शानदार प्रशिक्षण लिया है। मुझे नहीं लगता कि यह बिल्कुल भी मानसिक दबाव है। आप देखें कि हमने पहले हाफ में गेंद और फील्डिंग के साथ कैसा प्रदर्शन किया और उन्हें उस विकेट पर 149 रन पर रोक दिया। आप देखें कि पूरे सप्ताह में क्या हुआ, एलिमिनेटर और यहां के अन्य मैचों में, हम उम्मीद कर रहे थे कि शायद 180 के बराबर स्कोर होगा, इसलिए हम इससे वास्तव में प्रसन्न थे।



## डब्ल्यूपीएल 2025 में अमेलिया केर की फिरकी में उलझीं बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले गए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के रोमांचक फाइनल में मुंबई इंडियंस वूमेन टीम ने दिल्ली कैपिटल्स वूमेन टीम को 8 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 149 रन बनाए, जिसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 20 ओवर में 9 विकेट पर 141 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस ने एक बार फिर अपनी बादशाहत साबित की। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 44 गेंदों पर 66 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उनकी 150 की स्ट्राइक रेट वाली पारी ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी मिला। दूसरी ओर, नेट स्किवर-ब्रंट ने 28 गेंदों में 30 रन बनाकर टीम को स्थिरता प्रदान की। अंत में अमनजोत कौर (14*) और संस्कृति गुप्ता (8*) ने नाबाद रहकर स्कोर को 149 तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही।



### स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स

# भारत ने 33 पदकों के साथ अभियान का अंत किया



हमारे एथलीटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि समर्पण और दृढ़ता के साथ, वे जो हासिल कर सकते हैं उसकी कोई सीमा नहीं है : डॉ. मल्लिका नड्डा

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 के अंतिम दिन, भारत ने भारतीय एथलीटों के कौशल और दृढ़ संकल्प का असाधारण प्रदर्शन देखा, जिन्होंने चार स्पर्धाओं में 12 पदक जीते, जिससे उसके कुल पदकों की संख्या 33 हो गई। स्नोशूइंग में, भारत ने पहले जीते गए छह पदकों में चार और पदक जोड़े। वासु तिवारी, शालिनी चौहान और तान्या ने 25 मीटर स्नोशूइंग स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि जहांगीर ने इसी श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर पदकों की संख्या में इजाफा किया। अल्पाइन स्कीइंग सेगमेंट में भी भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया। राधा देवी और निर्मला देवी ने इंटरमीडिएट स्लैलम (क्रमशः एफ01 और एफ 04 श्रेणियों) में रजत पदक जीते, जबकि अभिषेक कुमार ने नोविस स्लैलम (एम02 श्रेणी) में एक और रजत पदक जीता, जिससे टूर्नामेंट में भारत की सफलता मजबूत हुई।इस उपलब्धि के अलावा, आकृति ने क्रॉस कंट्री स्कीइंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर क्लासिकल टेक्नीक ( एफ 02 श्रेणी) में कांस्य पदक हासिल किया। फ्लोरबॉल स्पर्धा में, भारत की महिला पारंपरिक टीम ने अपनी टीमवर्क और कौशल का प्रदर्शन किया, कांस्य पदक जीतकर स्पेशल ओलंपिक में एक अविश्वसनीय यात्रा का समापन किया। स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने एथलीटों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे एथलीटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि समर्पण और दृढ़ता के साथ, वे जो हासिल कर सकते हैं उसकी कोई सीमा नहीं है। जीता गया प्रत्येक पदक उनकी कड़ी मेहनत और कोचों, परिवारों और पूरे स्पेशल ओलंपिक भारत परिवार के अटूट समर्थन का प्रमाण है। हमें उनकी उपलब्धियों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है और हम उनकी यात्रा को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने में उनका समर्थन करना जारी रखेंगे। स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 का समापन भारतीय दल द्वारा 8 स्वर्ण, 18 रजत और 7 कांस्य पदक सहित कुल 33 पदक जीतने के साथ हुआ। भारत ने स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग में 10-10 पदक जीते, जबकि स्नोबोर्डिंग में 6 पदक आए।

# युवराज की धमाकेदार पारी से इंडिया मास्टर्स आईएमएल के फाइनल में



**रायपुर,** 16 मार्च (एजेंसियां)। युवराज सिंह की 30 गेंदों पर खेली गई 59 रनों की तूफानी पारी की बदौलत इंडिया मास्टर्स ने ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स को 94 रनों से हराकर पहली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। इस शानदार जीत ने न केवल इंडिया मास्टर्स के दबदबे को मजबूत किया है, बल्कि रविवार को शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज मास्टर्स के खिलाफ होने वाले रोमांचक फाइनल मुकाबले के लिए भी मंच तैयार कर दिया है। बल्लेबाजी में सचिन तेंदुलकर (156) और युवराज सिंह (166) ने इंडिया मास्टर्स के अभियान में अहम भूमिका निभाई है, जबकि गेंदबाजी में पवन नेगी (8 विकेट), इरफान पठान (6 विकेट) और स्टुअर्ट बिन्नी (6 विकेट) ने शानदार प्रदर्शन किया है। सेमीफ़ाइनल में उप-कप्तान युवराज सिंह ने अपनी अर्धशतकीय पारी में सात छक्के लगाये जबकि कप्तान सचिन तेंदुलकर ने 30 गेंदों पर 42 रन बनाकर पारी को संभाला। यूसुफ़ पठान और स्टुअर्ट बिन्नी की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने सात विकेट पर 220 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। गेंदबाज़ी के मोर्चे पर, शाहबाज़ नदीम के सनसनीखेज 4/15 ने ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप को हिलाकर रख दिया।

# न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका को सात विकेट से हराया

**क्राइस्टचर्च,** 16 मार्च (एजेंसियां)। गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद कप्तान सूजी बेट्स (47) और ब्रुक हैलीडे (नाबाद 46) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को नौ गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं।

114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में उसने जॉर्जिया प्लिमर (चार) का विकेट गवां दिया। इसके बाद एम्मा मैकलियोड (11)रन बनाकर पवेलियन लौट गई। ब्रुक हैलीडे ने कप्तान सूजी बेट्स के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। 15वें ओवर में इनोशी प्रियदर्शनी फर्नांडो ने सूजी बेट्स (46) रन बनाकर आउट कर श्रीलंका को तीसरी सफलता दिलाई। हालांकि तक तक न्यूजीलैंड जीत के द्वार तक पहुंच चुकी थी। न्यूजीलैंड ने 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। ब्रुक हैलीडे (46) और इजी शार्प (आठ)रन बनाकर नाबाद रही। श्रीलंका की ओर से इनोशी प्रियदर्शनी फर्नांडो, सुगंधिका कुमारी और अचिनी कुलसुरिया ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही है और उसने पहले ही ओवर में विशमी गुणरत्ने (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद इसके बाद श्रीलंका अंतराल पर अपने तीन और विकेट जल्द ही गवां दिये। हर्षिता समरविक्रमा (11), चामरी अट्टपटू (23) और कविशा दिलहारी (12) रन बनाकर आउट हुई। एक समय श्रीलंका ने 53 स्कोर पर अपने चार विकेट गवां कर संकट में थी। ऐसे समय में मनुडी नानायक्कारा और नीलक्षिका सिल्वा ने पारी को संभालने का प्रयास किया।



■ न्यूजीलैंड ने 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया

## सार संक्षेप

### बाला देवी की हैट्रिक से श्रीभूमि एफसी ने सेतु एफसी को हराया

**बैरकपुर।** भारत की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नगांगोम बाला देवी की हैट्रिक की बदौलत मेजबान श्रीभूमि एफसी ने रविवार को बिभूति भूषण स्टेडियम में इंडियन विमेंस लीग 2024-25 में सेतु एफसी को 3-2 से हराकर पूरे अंक हासिल किए। बाला देवी की क्लास और अनुभव का पूरा प्रदर्शन देखने को मिला, क्योंकि इस तेजतर्रार स्ट्राइकर ने 39वें, 49वें (पेनल्टी) और 65वें मिनट में विजेता टीम के लिए गोल किये, जबकि सेतु ने 37वें मिनट में हदीजा नंदगो के जरिए गोल करके टीम को बढ़त दिलाई। लिशाम बबीना देवी ने 88वें मिनट में मेहमान टीम के लिए एक गोल किया, लेकिन यह मैच का रुख बदलने के लिए काफी नहीं था। इस जीत से श्रीभूमि एफसी के आठ मैचों में 12 अंक हो गए हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि सेतु के आठ मैचों में 10 अंक हैं। पहले 30 मिनट पूरी तरह से घरेलू टीम के नाम रहे। श्रीभूमि ने इस तरह से आक्रामक खेल दिखाया कि सेथु वास्तव में भाग्यशाली रहे कि वे मुकाबले की शुरुआत में कुछ गोल से पीछे नहीं रहे।

### ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे यूछी

**बीजिंग।** चीन के पुरुष एकल के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी श्यी यूछी ने 15 मार्च को अपने साथी ली शिफेंग को तीन सेटों में हराया और चौथी बार ऑल इंग्लैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे। वह 2023 में ऑल इंग्लैंड फ़ाइनल और एशियन गेम्स फ़ाइनल में ली शिफेंग से हार गए थे, लेकिन उसके बाद 29 वर्षीय श्यी यूछी अपने से चार साल छोटे हमवतन के खिलाफ तीन बार कोर्ट में उतरे हैं और जीत हासिल की है। मैच के बाद श्यी यूछी ने कहा कि उस दिन के खेल के आखिरी दो गेम बहुत तीव्र थे। अत्यधिक शारीरिक थकावट के कारण अंत में दोनों ने अधिक गलतियां कीं। महिला एकल का फाइनल दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त एन से-यंग और चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग जयी के बीच होगा।

### 34वीं राष्ट्रीय सबजूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप 27 मार्च से गया में

**पटना।** एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में बिहार राज्य कबड्डी संघ और गया जिला कबड्डी संघ की मेजबानी में 27 से 30 मार्च तक गया के जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल परिसर में 34वीं राष्ट्रीय सबजूनियर (बालक एवं बालिका) कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया जायेगा।

## चीनी फुटबॉल टीम ने एक वॉर्मअप मैच में कुवैत की टीम को 3-1 से हराया



■ चीन, सउदी अरब, बहरीन और इंडोनेशिया के पास छह-छह अंक हैं

**बीजिंग,** 16 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई में वर्ष 2026 विश्व कप के एशियाई क्षेत्र की क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के टॉप-18 के दौर की तैयारी कर रही चीनी पुरुष फुटबॉल टीम ने 15 मार्च को एक वॉर्मअप मैच में कुवैत की टीम को 3-1 से हरा दिया। चीनी टीम 20 मार्च को टॉप-18 प्रतियोगिता के सी ग्रुप के सातवें दौर में विदेशी मैदान के मैच में सउदी अरब के साथ मुकाबला करेगी। सी ग्रुप में अब जापान 16 अंकों के साथ पहले और ऑस्ट्रेलिया सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। चीन, सउदी अरब, बहरीन और इंडोनेशिया के पास छह-छह अंक हैं। कुवैत बी ग्रुप में अस्थाई तौर पर पांचवें स्थान पर है।

इस टीम की शैली सउदी अरब से मिलती-जुलती है। वॉर्मअप मैच के पहले हाफ में चीनी टीम ने आसानी से 3-0 की बढ़त बनाई। दूसरे हाफ में कुवैत की टीम ने एक गोल कर अंतर कम किया। चीनी टीम 17 मार्च को दुबई से रियाद रवाना होगी और अंतिम दौर की तैयारी करेगी।

# इंग्लैंड के जोशुआ बेरी ने प्लेऑफ में जीता कोलकाता चैलेंज

**कोलकाता,** 16 मार्च (एजेंसियां)। उन्नीस वर्षीय अंग्रेज जोशुआ बेरी ने प्रतिष्ठित रॉयल कलकत्ता गोल्फ क्लब (आरसीजीसी) में खेले गए होटलप्लानर टूर और पीजीटीआई संयुक्त स्वीकृत इवेंट, 300,000 डॉलर के कोलकाता चैलेंज 2025 में खिताब के साथ शानदार सप्ताह का समापन किया। जोशुआ बेरी (72-62-70-73), जिन्होंने पहले राउंड दो में 10-अंडर 62 का कोर्स रिकॉर्ड बनाया था, ने आखिरी दिन रेगुलेशन प्ले में एक ओवर 73 का साधारण स्कोर बनाया और तीन अन्य खिलाड़ियों, नॉर्वे के एंड्रियास हल्वोर्सन (69-66-71-71), ऑस्ट्रिया के लुकास नेमेज (67-70-68-72) और भारत के ओम प्रकाश चौहान (66-68-73-70) के साथ कुल 11-अंडर 277 का स्कोर बनाया। चारों खिलाड़ी प्लेऑफ में पहुंचे, जहां जोशुआ ने दूसरे अतिरिक्त होल पर नाटकीय 19-फीट बर्डी रूपांतरण के साथ जीत हासिल की। इस प्रकार हल्वोर्सन, नेमेज और चौहान की तिकड़ी संयुक्त उपविजेता रही। चौहान, जो पूरे दिन अपने शॉर्ट पट से जूझते रहे, पहले प्लेऑफ होल पर तीन-फुटर से बराबरी करने से चूक गए, जबकि हल्वोर्सन और नेमेज दूसरे प्लेऑफ होल पर बेरी से हार गए। ओम प्रकाश चौहान के दूसरे स्थान पर रहने से उन्हें 20,64,000 रुपये का चेक मिला, जिससे वे पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट 2025 में 41 पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। एक शॉट से ओवरनाइट लीडर रहे किशोर जोशुआ बेरी ने दिन की धीमी शुरुआत की, क्योंकि उन्होंने फ्रंट-नाइन पर दो बोगी मारी। इसके बाद जोशुआ ने 15वें होल पर एक महत्वपूर्ण टैप-इन बर्डी बनाकर प्रतिस्पर्धा में प्रवेश किया।




■ चारों खिलाड़ी प्लेऑफ में पहुंचे, जहां जोशुआ ने दूसरे अतिरिक्त होल पर नाटकीय 19-फीट बर्डी रूपांतरण के साथ जीत हासिल की

## अवनी 65 का कार्ड खेलकर ऑस्ट्रेलिया में संयुक्त 13वें स्थान पर रहीं

**काफ्स हार्बर (ऑस्ट्रेलिया),** 16 मार्च (एजेंसियां) अवनी प्रशांत ने ऑस्ट्रेलियाई महिला क्लासिक के अंतिम दौर में शानदार 5-अंडर 65 का स्कोर बनाया और लेडीज यूरोपीय टूर पर अपने पहले सीजन में शीर्ष 15 में जगह बनाई। पहले 72-70 के स्कोर के साथ उनका कुल स्कोर 3-अंडर 207 रहा और वे विजेता मैनन डी रोए से छह शॉट पीछे रहीं, जिन्होंने अंतिम होल में बर्डी करके कारा गेनर को पछाड़कर खिताब अपने नाम किया। कट में जगह बनाने वाली दूसरी भारतीय प्रणवी उर्स ने 72 का स्कोर बनाया और संयुक्त 65वें स्थान पर रहीं। दीक्षा डागर कट से चूक गईं। अवनी ने दसवें होल से शुरुआत की और 10वें, 12वें, 14वें, 17वें और 18वें होल में बर्डी की। उसने दूसरे दिन छठा शॉट लगाया और 6-अंडर पर थी तथा शीर्ष-10 में पहुंचने की ओर अग्रसर थी। तभी उसने तीसरे और पांचवें शॉट पर शॉट छोड़े लेकिन सातवें पर अंतिम शॉट लिया।

■ अवनी ने दसवें होल से शुरुआत की और 10वें, 12वें, 14वें, 17वें और 18वें होल में बर्डी की।

# मांडविया ने अहमदाबाद में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' की अगुवाई की



■ चीन और अमेरिका के बाद भारत में मोटापे के मामले दुनिया में तीसरे सबसे ज्यादा हैं :डॉ. मनसुख मांडविया

■ हमारे देश के विकास के लिए फिट रहना बहुत जरूरी है

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। केन्द्र सरकार की फिटनेस को लेकर चलाई जा रही मुहिम के तहत रविवार को देश भर में 25 जगहों पर आयोजित 'फिट इंडिया संडे ऑफ साइकिल' कार्यक्रम में लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भी अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट पर कार्यक्रम की अगुवाई की।

भारतीय खेल विकास प्राधिकरण (साई) के गांधीनगर केन्द्र द्वारा आज आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 650 साइकिल चालकों ने भागीदारी की। इनमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) गुजरात, अहमदाबाद मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य और सांसद हसमुखभाई पटेल और दिनेशभाई मकवाना शामिल थे। पैरालंपियन एथलीट भावना चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक रोहताश चौधरी ने इस कार्यक्रम में भाग ले रहे प्रतिभागियों को प्रेरित किया। रोहताश चौधरी को पुश-अप मैन ऑफ इंडिया के नाम से भी जाना जाता है। इस साइकिलिंग कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के चिकित्सकों, स्कूल और कॉलेज के छात्रों, योगासन भारत के सदस्यों और कॉर्पोरेट पेशेवरों सहित 500 साइकिल चालक शामिल हुए। इस अवसर पर रोहताश ने कहा कि संडे ऑन साइकिल फिट इंडिया द्वारा एक बेहतरीन पहल है। इसको लेकर प्रतिभागियों में उत्साह है मैं सभी से, विशेषकर युवाओं से, सिर्फ रविवार को ही नहीं बल्कि प्रतिदिन साइकिल चलाने का आग्रह करता हूं। उन्होंने फिटनेस की जरूरत पर बल देते हुए कहा चीन और अमेरिका के बाद भारत में मोटापे के मामले दुनिया में तीसरे सबसे ज्यादा हैं।

## रूण ने मेदवेदेव को हराकर चौथी बार एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में प्रवेश किया

**इंडियन वेल्स,** 16 मार्च (एजेंसियां)। होल्गर रूण ने इंडियन वेल्स ओपन में दो बार के उपविजेता दानिल मेदवेदेव को हराकर सेमीफाइनल में अपनी सात मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया और चौथी बार एटीपी मास्टर्स 1000 के फाइनल में पहुंच गए। 21 वर्षीय डेन ने मेदवेदेव को 7-5, 6-4 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया और पिछले साल जनवरी में ब्रिसबेन के बाद से अपने पहले टूर-लेवल फाइनल में पहुंचे। रूण ने कहा कि काम अभी खत्म नहीं हुआ है, लेकिन यह अद्‌भुत लगता है। टूर पर दानिल के साथ खेलना मेरे लिए सबसे कठिन चुनौतियों में से एक है। मैं पहली बार उसे हराने में कामयाब रहा, लेकिन हम एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। जाहिर है कि मेरे पास सही रणनीति थी, लेकिन यह अभी भी बहुत मुश्किल था क्योंकि वह बहुत प्रयास करता है और बहुत मजबूत है। इसलिए, मुझे खुद पर बहुत गर्व है। उन्होंने कहा कि यह सही गति खोजने के बारे में है, और सौभाग्य से मेरे पास अच्छा लेग वर्क है, इसलिए मैं कई गेंदों तक पहुंच सकता हूं। यह एक बहुत ही विशिष्ट सामरिक योजना है जिसे मैंने कल शाम और आज सुबह अपने कोच के साथ बनाया है। यह सही गति खोजने और कौन से शॉट मारने हैं, इसके बारे में है, क्योंकि बहुत से खिलाड़ी दानिल के खिलाफ बहुत सारे शॉट चूक जाते हैं। वह आपको और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है, इसलिए मुझे बहुत गर्व है कि मैं सही लय पाने में कामयाब रहा।

जाहिर है कि मेरे पास सही रणनीति थी, लेकिन यह अभी भी बहुत मुश्किल था : होल्गर



### सुडोकू 6854 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 |
| 2 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 |

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| एसबीआई | 0.67 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.62 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.48 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.45 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 0.37 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| जोमैटो | 1.97 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.95 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.84 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.98 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.94 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 88,003 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,02,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 87. 33 | 87.40 |
| पौड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9250-9350 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# तेजी से बढ़ रहा भारत का डिफेंस सेक्टर, बनेगा ग्लोबल पावरहाउस : नुवामा

- पिछले एक दशक में 31 गुना बढ़ा भारत का डिफेंस सेक्टर
- सरकार ने वर्ष 29 के लिए 50 हजार करोड़ रुपए के निर्यात का रखा लक्ष्य



सरकार ने वित्त वर्ष 29 के लिए 50 हजार करोड़ रुपए के निर्यात का लक्ष्य

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। भारत की डिफेंस इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है और देश आने वाले समय में इस सेक्टर में ग्लोबल पावरहाउस के रूप में उभरेगा। वित्त वर्ष 24 में देश का डिफेंस एक्सपोर्ट 21,083 करोड़ रुपए रहा, जो कि इससे पिछले वित्त वर्ष में 15,920 करोड़ रुपए था। इसमें सालाना आधार पर 32.5 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

नुवामा रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में भारत का डिफेंस सेक्टर 31 गुना बढ़ गया है, जिससे वैश्विक बाजार में इसकी स्थिति मजबूत हुई है और अंतरराष्ट्रीय मांग में वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि भारत

> वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही में यूरोपीय डिफेंस ऑर्डर की पहली लहर भारत में देखने को मिलेगी : नुवामा

रखा है, जो कि दर्शाता है कि आने वाले समय में सेक्टर मजबूत रहेगा। अकेले वित्त वर्ष 2025 में निर्यात 20,300 करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे अंतरराष्ट्रीय डिफेंस सप्लाई चेन में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होगी। इस वृद्धि के लिए सबसे बड़ा कारण यूरोप से बढ़ती मांग है। यूरोपीय देशों में विनिर्माण बाधाओं और कार्यबल की कमी के कारण भारत डिफेंस उपकरणों के एक भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता के रूप में उभर रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही में यूरोपीय डिफेंस ऑर्डर की पहली लहर भारत में देखने को मिलेगी।

## भारत 2028 तक बनेगा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : मॉर्गन

**नई दिल्ली।** भारत 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, जो जर्मनी को पीछे छोड़ देगा। यह दावा वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2026 तक 4.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। 2028 तक यह 5.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा, जिससे भारत जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह असाधारण वृद्धि संयोग नहीं, बल्कि वर्षों की दूरदृष्टि और साहसिक आर्थिक सुधारों का परिणाम है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली, तब उन्होंने देश के कायाकल्प के लिए एक मजबूत दिशा तय की थी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों ने औद्योगिक नवाचार की एक लहर को जन्म दिया, जिसने गांवों को विनिर्माण केंद्र और शहरों को समृद्ध आर्थिक केंद्रों में बदल दिया। इन पहलों से न केवल उद्योगों में वृद्धि हुई, बल्कि भारत को एक डिजिटल महाशक्ति बनने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया।

# डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक लाने की तैयारी में सरकार : हर्ष मल्होत्रा

- छोटे व्यापारियों को मिलेंगे समान अवसर



**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय कारपोरेट कार्य मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने रविवार को कहा कि सरकार छोटे व्यापारियों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक का ड्राफ्ट भी तैयार हो चुका है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के कारोबार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) सेक्टर का बहुत बड़ा योगदान है और देश के ट्रेड और मैन्युफैक्चरिंग में एमएसएमई की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत, निर्यात में 45 प्रतिशत और जीडीपी में 30 प्रतिशत है। इस वजह से सरकार का फोकस एमएसएमई सेक्टर पर बना हुआ है।

नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि आज का समय काफी बदल गया है। प्रतिस्पर्द्धा केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं रह गया है, बल्कि वैश्विक स्तर पर पहुंच गया है। इस वजह से प्रतिस्पर्द्धा कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) की भूमिका काफी अहम हो गई है और हमारी जिम्मेदारी है कि अपने कानूनों को फेयर प्रैक्टिस के मुताबिक ही बनाए और लागू करें।

उन्होंने आगे कहा कि सीसीआई की जिम्मेदारी बाजार में गैर-प्रतिस्पर्धी प्रथाओं को रोकने के साथ छोटे और नए उद्योगों के लिए ऐसा माहौल तैयार करना है, जिससे सभी को समान अवसर मिले। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे रेगुलेशन पहले के मुकाबले काफी प्रभावी हुए हैं और बाजार में किसी एक कंपनी के प्रभाव को रोकते हैं। मल्होत्रा ने कहा कि 2023 में सरकार ने प्रतिस्पर्द्धा एक्ट में बदलाव किए हैं, जो कि पूरी तरह से किसी एक कंपनी के बाजार पर प्रभाव को रोकने में सक्षम हैं, लेकिन डिजिटल कंपटीशन बिल समय की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि डिजिटल प्रतिस्पर्द्धा बिल का ड्राफ्ट मंत्रालय की वेबसाइट पर है। इस पर 100 से ज्यादा सुझाव आ चुके हैं।

# 2025 में जारी रहेगी सोने के दाम में तेजी : रिपोर्ट



**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय बैंकों और गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) की खरीद के कारण 2025 में सोने की कीमतों में तेजी जारी रहेगी। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ रिपोर्ट में बताया गया कि भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण सोने की कीमतों में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। वहीं, केंद्रीय बैंकों की खरीद सोने के मार्केट को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

रिपोर्ट में कहा गया कि 2024 में सोना भारत में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला एसेट क्लास था। इसने सालाना आधार पर 21 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। भारतीय बाजारों में सोने में मजबूत निवेश देखने को मिला है। 2024 में देश में गोल्ड ईटीएफ में 112 अरब रुपए का निवेश हुआ और गोल्ड होल्डिंग में 15 टन का इजाफा हुआ, जिसके कारण वर्ष के अंत में कुल गोल्ड होल्डिंग बढ़कर 57.8 टन हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि रिटेल और संस्थागत निवेशकों दोनों से मजबूत मांग देखने को मिल रही है। आरबीआई ने 2024 में भी सोने की खरीद को जारी रखा।

# एफआईआई की बिकवाली में आई कमी

- अगली तिमाही से सुधार होने की उम्मीद



**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। एफआईआई की बिकवाली मार्च की शुरुआत से जारी है, लेकिन इसमें धीमापन आया है। इसकी वजह शेयर बाजार में वैल्यूएशन का तर्कसंगत होना है। यह जानकारी एक्सपर्ट्स की ओर से दी गई। इस महीने (14 मार्च) तक एफआईआई द्वारा 30,015 करोड़ रुपए की इक्विटी की बिकवाली की गई है।

विदेशी निवेशकों द्वारा कैलेंडर वर्ष 2025 अब तक कुल 1,42,616 करोड़ रुपये की इक्विटी की बिक्री की गई है।

बाजार के जानकारों ने कहा कि डेट कैटेगरी में एफआईआई मार्च में अब तक शुद्ध खरीदार रहे हैं। इस महीने अब तक डेट में विदेशी निवेशकों द्वारा 7,029 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। डेट में निवेश बढ़ने की वजह अमेरिका और अन्य देशों के बीच ट्रेड वार का शुरू होना है, जिससे वैश्विक अस्थिरता बढ़ गई है। इस कारण लोग अधिक पैसा सुरक्षित संपत्तियों जैसे गोल्ड और डॉलर में निवेश कर रहे हैं।

केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड के इक्विटी प्रमुख श्रीदत्त भंडवालदार के अनुसार, पिछले तीन महीनों में एफआईआई भारतीय इक्विटी बाजार में विक्रेता रहे हैं, और उन्होंने 15-20 अरब डॉलर की निकासी की है। उन्होंने कहा कि अगली तिमाही में एफआईआई इफ्लो स्थिर होने की संभावना है और समय के साथ ये सकारात्मक हो जाएंगे।

भंडवालदार ने आगे कहा कि हालांकि ऐसा होने के लिए हमारी आय को मौजूदा स्तरों से पर्याप्त सुधार दिखाने की आवश्यकता होगी।

निफ्टी सूचकांक का मूल्यांकन पहले से ही एक वर्ष की अग्रिम आय के लिए 10 वर्ष के औसत से नीचे है।

बीते हफ्ते भारतीय शेयर बाजार सीमित दायरे में रहा और हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसकी वजह वैश्विक स्तर पर मिले-जुले संकेत होना था।

रेलिगेयर में रिसर्च के एसवीपी, अजित मिश्रा ने कहा कि साप्ताहिक आधार पर बाजार एक सीमित रेंज में रहा और हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। बड़े शेयरों में बिकवाली के कारण निफ्टी 22,397.20 पर बंद हुआ। बीते हफ्ते बैंकिंग को छोड़कर बाकी सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 653.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी बढ़ोतरी होने से 07 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सप्ताह की गिरावट से उबरा और 15.3 अरब डॉलर के रिकॉर्ड इजाफे के साथ 653.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.8 अरब डॉलर घटकर 638.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 7 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 13.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 557.3 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.1 अरब डॉलर उछलकर 74.33 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 21.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.2 अरब डॉलर हो गया।

### नवी मुंबई एयरपोर्ट का जून में होगा उद्घाटन

**मुंबई।** अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने रविवार को कहा कि नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन जून में किया जाएगा और यह कनेक्टिविटी और ग्रोथ को फिर से परिभाषित करेगा। अरबपति उद्योगपति ने नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनएमआईएएल) साइट का दौरा किया और इसके साथ प्रोजेक्ट से जुड़ी टीमों से मुलाकात की। साथ ही अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर एक शॉर्ट वीडियो फिल्म साझा करते हुए कहा कि आगामी एयरपोर्ट भारत के लिए एक सच्चा तोहफा है। गौतम अडानी ने पोस्ट में लिखा कि आज नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की साइट का दौरा किया और यहां एक नया वर्ल्ड क्लास एयरपोर्ट आकार ले रहा है। अडानी ग्रुप के चेयरपर्सन ने कहा नया एयरपोर्ट जून में उद्घाटन के लिए तैयार है और कनेक्टिविटी और ग्रोथ को फिर से परिभाषित करेगा।

### अडानी ग्रीन एनर्जी नेट वाटर पॉजिटिव बनने के लिए प्रतिबद्ध

**अहमदाबाद।** देश की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी ने रविवार को कहा कि वह वित्त वर्ष 2025-26 में नेट वाटर पॉजिटिव होने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए कंपनी साफ पानी की अपनी खपत को घटाएगी और पानी के पुनर्चक्रण पर जोर देगी। कंपनी वित्त वर्ष 2022-23 में ही 200 मेगावाट से अधिक क्षमता वाले परिचालन स्थानों पर पहले ही नेट वाटर पॉजिटिव बन चुकी है और उसका लक्ष्य सभी आगामी प्रोजेक्ट्स पर सौर मॉड्यूल की सफाई के लिए मीठे पानी का उपयोग बंद करने के लिए रोबोटिक सफाई को लागू करना है। नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर में सौर पैनल रखरखाव जैसे कार्यों के लिए पानी की काफी आवश्यकता होती है। 12.5 गीगावाट से अधिक परिचालन परिसंपत्तियों वाली देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी जल प्रबंधन में अग्रणी है।

# फेड रिजर्व के निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

-साप्ताहिक समीक्षा-



- सेंसेक्स 0.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 73828.91 अंक पर
- निफ्टी 155.3 अंक यानी 0.7 प्रतिशत उतरकर 22397.20 पर रहा

**मुंबई,** 16 मार्च (एजेंसियां)। देश में इस वर्ष फरवरी में खुदरा महंगाई में नरमी आने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने से व्यापार युद्ध छिड़ने की चिंता में हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह 0.7 फीसदी तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय के साथ ही चीन के आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 503.67 अंक अर्थात 0.7 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 73828.91 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 155.3 अंक यानी 0.7 प्रतिशत उतरकर 22397.20 अंक रह गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 825.47 अंक अर्थात 2.07 प्रतिशत कमजोर रहकर सप्ताहांत पर 39062.82 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप 1761.88 अंक यानी 3.9 प्रतिशत का गोता लगाकर 43844.98 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक व्यापार युद्ध के बढ़ते प्रभाव ने बाजार की धारणा पर गहरा असर डाला है, जिससे अनिश्चितता बढ़ी है और सूचकांक सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव कर रहे हैं।

हालांकि, घरेलू कारकों ने कुछ राहत प्रदान की है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने मुद्रास्फीति में नरमी और मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे के चलते सुधार के सकारात्मक संकेत दिखाए हैं। इस वर्ष फरवरी में खुदरा महंगाई अपेक्षा से अधिक घटी है, जिससे ब्याज दरों में कटौती की संभावनाएं बढ़ गई हैं। इसके अलावा जनवरी में औद्योगिक उत्पादन अनुमान से बेहतर रहा, जिससे बाजार की धारणा को बल मिला और गिरावट पर अंकुश लगा। वित्त वर्ष 2026 में बढ़ा हुआ सरकारी खर्च और उपभोक्ता आय में वृद्धि इस सुधार को समर्थन प्रदान कर सकते हैं। हालांकि, वैश्विक व्यापार की अनिश्चितताएं और अमेरिकी मंदी की आशंका घरेलू बाजार की गति को प्रभावित कर सकती हैं।

इसके बावजूद हाल के सुधारों के कारण मूल्यांकन में आई नरमी, कच्चे तेल की गिरती कीमतें, डॉलर इंडेक्स में नरमी और आगामी तिमाहियों में घरेलू आय में संभावित वृद्धि जैसे कारक अस्थिरता को सीमित कर सकते हैं और बाजार में स्थिरता लाने में सहायक हो सकते हैं।

अगले सप्ताह 18 और 19 मार्च को अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओपेन मार्केट कमेटी की द्विमासिक मौद्रित नीति समीक्षा बैठक होने वाली है। बैठक में ब्याज दरों को स्थिर रखने की व्यापक संभावना है। फेड अधिकारी किसी भी मौद्रिक नीति संबंधी कदम उठाने से पहले प्रतीक्षा कर रहे हैं ताकि यह स्पष्ट हो सके कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आर्थिक नीतियां कैसे लागू होंगी और उनका अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

यदि श्री ट्रंप के टैरिफ के कारण आर्थिक मंदी आती है तो फेड को संभावित रूप से रोजगार बाजार को समर्थन देने के लिए ब्याज दरों में कटौती करनी पड़ सकती है। वहीं, अगले सप्ताह चीन की खुदरा बिक्री और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होंगे, जो उसकी आर्थिक वृद्धि को लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण देंगे। साथ ही निवेशक अमेरिकी खुदरा बिक्री और उत्पादन आंकड़ों पर भी कड़ी नजर बनाए रखेंगे। बीते सप्ताह शुक्रवार को होली पर अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ, जिनमें से तीन दिन गिरावट और एक दिन घटबढ़ रहा।

# साउथ कोरिया ने विदेशी मुद्रा भंडार में बिटकॉइन को शामिल करने से किया इनकार



**सियोल,** 16 मार्च (एजेंसियां) ।साउथ कोरियाई केंद्रीय बैंक ने बिटकॉइन की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण, इसे विदेशी मुद्रा भंडार में शामिल करने से इनकार कर दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस महीने की शुरुआत में रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व और डिजिटल एसेट भंडार की स्थापना करने की घोषणा के बाद, साउथ कोरिया के रणनीतिक भंडार में क्रिप्टोकरेंसी को शामिल करने की संभावना के बारे में सांसदों के बीच चर्चा हुई है। माइनर रीबिल्डिंग कोरिया पार्टी के प्रतिनिधि चा ग्यू-ग्यून के एक प्रश्न के जवाब में बैंक ऑफ कोरिया (बीओके) ने कहा कि उसने विदेशी मुद्रा भंडार में बिटकॉइन को शामिल करने की संभावना पर न तो चर्चा की है और न ही इसकी समीक्षा की है और साथ ही कहा कि इस मामले में सतर्क दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, बीओके ने बिटकॉइन की कीमतों में अधिक उतार-चढ़ाव के कारण इसे विदेशी मुद्रा भंडार में शामिल नहीं किया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी में अस्थिरता के कारण इसको भुनाने के लिए लेनदेन की लागत में भारी वृद्धि हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि क्रिप्टोकरेंसी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा निर्धारित विदेशी मुद्रा भंडार के मानदंडों को भी पूरा नहीं करती हैं, जिसमें तरलता,बाजार मूल्य और क्रेडिट रेटिंग शामिल है। इस महीने की शुरुआत में बीओके ने प्रमुख ने कहा कि विभिन्न देशों के बीच चल रहे भू-राजनीतिक तनावों और व्यापार संघर्षों का असर महंगाई पर देखने को मिल सकता है।

बीओके के डिप्टी गवर्नर किम वूंग ने देश के मूल्य रुझानों का आकलन करने के लिए एक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख उड़द दाल सस्ती व चीनी महंगी



**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि उड़द दाल सस्ती वहीं चीनी महंगी हो गई। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 91 रिंगिट लुढ़ककर 4730 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.45 सेंट की गिरावट लेकर 41.56 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान खाद्य तेलों में मिश्रित रुझान रहा। सूरजमुखी तेल 146 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि सोया रिफाइंड 220 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18168 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15531 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13553 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में उड़द दाल में 200 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर चना 5700-5800, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

# महिलाओं की नियुक्ति बढ़ाने में प्रतिभा की सीमित उपलब्धता बड़ी चुनौती



- भारत में ब्लू-कॉलर कार्यबल की हर 5 नौकरियों में से महिलाओं के पास केवल एक नौकरी
- वेतन में असमानता व स्वच्छता की खराब स्थिति के कारण पीछे रह जा रही महिलाएं

**नई दिल्ली,** 16 मार्च (एजेंसियां)। ब्लू कॉलर नौकरियां प्रदान करने वाली देश की अधिकांश कंपनियां चालू वर्ष में महिलाओं की नियुक्तयां बढ़ाने की योजना बना रही है लेकिन उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रतिभा पूल की उपलब्धता बन रही है।

ग्लोबल जॉब मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म, इनडीड के नए सर्वे के मुताबिक, भारत में ब्लू-कॉलर कार्यबल की हर 5 नौकरियों में से महिलाओं के पास केवल एक नौकरी है। नियुक्ति की बढ़ती इच्छा के बाद भी वेतन में असमानता और स्वच्छता की खराब स्थिति जैसी अनेक चुनौतियों के कारण महिलाएं पीछे रह जा रही हैं। इसमें टियर 1 और टियर 2 शहरों में 14 उद्योगों, जैसे ऑटोमोबाइल, बीएफएसआई, ई-कॉमर्स, ट्रैवल एवं हॉस्पिटैलिटी, एफएमसीजी और मैनुफैक्चरिंग क्षेत्र का अध्ययन किया गया, जिसमें यह वास्तविकता सामने आई। सर्वे में शामिल 73प्रतिशत नियोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने 2024 में ब्लू-कॉलर पदों पर महिलाओं की नियुक्ति की थी, लेकिन फिर भी देश में महिलाओं की भागीदारी अभी भी सिर्फ 20 प्रतिशत पर स्थिर है। कुछ उद्योगों का प्रदर्शन बेहतर है। जहां रिटेल (32प्रतिशत), हेल्थकेयर और फार्मास्यूटिकल्स (32प्रतिशत), कंस्ट्रक्शन और रियल एस्टेट (30प्रतिशत), और ट्रैवल एवं हॉस्पिटैलिटी (28प्रतिशत) में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सबसे ज़्यादा है, वहीं दूरसंचार, बीएफएसआई और आईटी/आईटीईएस में महिलाओं की संख्या 10 प्रतिशत से भी कम है। सर्वे के अनुसार, 78 प्रतिशत नियोक्ता 2025 में ब्लू-कॉलर पदों पर महिलाओं की नियुक्त बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। महिलाओं की भर्ती के इरादे में 2024 में 73 प्रतिशत के मुकाबले 5प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है। रिटेल (94प्रतिशत), हेल्थकेयर और फार्मा (93प्रतिशत), और ई-कॉमर्स (93प्रतिशत) जैसे उद्योगों में महिलाओं की मांग सबसे मजबूत है।

सर्वे के मुताबिक ज़्यादातर महिलाएं मुख्यत: वित्तीय आत्मनिर्भरता (70प्रतिशत) पाने के लिए ब्लू-कॉलर नौकरियां तलाशती हैं, लेकिन कार्यस्थल पर उन्हें कड़वी वास्तविकता का सामना करना पड़ता है।

# आपसी विवाद में मारपीट, बदला लेने युवक की कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**नवापारा राजिम,** 16 मार्च (देशबन्धु)। एक युवक की हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है रंजिश के चलते आरोपी ओमप्रकाश ने लोचननिषाद पर चाकू से वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना मगरलोड थाना क्षेत्र के करेली बड़ी चौकी का है।

मिली जानकारी के अनुसार नवापारा के वार्ड 19 का रहने वाला लोचन निषाद (18 वर्ष) अपने दोस्तों के साथ शुक्रवार को होली खेलने के बाद पिकनिक मनाने नवागांव नर्सरी की तरफ गया था। तभी वहां वार्ड 19 का ही रहने वाला ओमप्रकाश उर्फ फारम ध्रुव भी पहुंचा और आरोपी ने लोचन के सीने के नीचे चाकू से वार कर दिया। खून से लथपथ लोचन को नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



बताया जा रहा है कि घटना के एक दिन पहले होलिका दहन की रात आरोपी ओमप्रकाश किसी बात को लेकर मृतक लोचन निषाद के साथ मारपीट कर रहा था। उसे छुड़ाने लोचन के कुछ दोस्तों की ओमप्रकाश के साथ हाथापाई हो गई। यह बात आरोपी ओमप्रकाश को नागवार गुजरी और उसने लोचन को मारने की मन में ठान ली। सुबह से ही वह लोचन को मारने के फिराक में चाकू लेकर घूम रहा था लेकिन होली के दिन दोस्तों के साथ रहने के कारण उसे मौका नहीं मिल रहा था। जैसे ही उसे पता चला कि वह पिकनिक मनाने पहुंचा है तो वह वहाँ भी पहुंचे गया। उसने वहाँ खाना भी खाया। सभी लोग अपने काम में व्यस्त हो गए और लोचन एक जगह अकेले में जाकर बैठ गया। उसी वक्त आरोपी को मौका मिल गया और वह लोचन के पास पहुंच कर उसके सीने के नीचे चाकू से वार कर दिया। जिसके बाद वह वहीं पास के गड्ढे में जाकर छुप गया।

**फॉरेंसिक की टीम पहुंची घटना स्थल, जुटाए साक्ष्य**

जिसे रायपुर और धमतरी जिले के पुलिस की टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को रात में ही गिरफ्तार कर लिया। वहीं शनिवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

करेली चौकी प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि घटना के एक दिन पहले आरोपी और मृतक लोचन निषाद के अन्य दोस्तों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात से गुस्साए आरोपी ने लोचन की हत्या कर दी। आरोपी को करेली चौकी प्रभारी अजय सिंह, धमतरी जिले के फॉरेंसिक प्रभारी अमित पटेल टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर साक्ष्य इकट्ठा किए है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# कलेक्टर एवं एसएसपी ने मीडिया एवं पुलिसकर्मियों संग खेली होली



**बेमेतरा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले में शांतिपूर्ण होली का त्यौहार पूरा होने और अपनी जिम्मेदारी निभाने के बाद आज 15 मार्च 2025 को रक्षित केन्द्र बेमेतरा (पुलिस लाईन बेमेतरा) में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने मीडिया एवं पुलिसकर्मियों संग होली खेली। 14 मार्च 2025 को होली पर्व पर पुलिस अधिकारी/कर्मचारी शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाये रखने चप्पे-चप्पे पर तैनात थे अधिकारी भी जवानों के साथ लगातार पेट्रोलिंग कर रहे थे। बेमेतरा जिले में बेमेतरा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मेहनत एवं लगन से डियुटी कर आमजनों के लिए रंगों के पर्व होली का त्यौहार बडे उत्साह, खुशी और शांति से मनाया गया। आज 15 मार्च 2025 को होली के दुसरे दिन शनिवार को बेमेतरा पुलिस परिवार के द्वारा रक्षित केन्द्र बेमेतरा (पुलिस लाईन बेमेतरा) में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) व एसएसपी बेमेतरा के साथ ही उनके पुत्र देव साहू एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर, बेमेतरा एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला

- रक्षित केन्द्र बेमेतरा में होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन
- जिले के कलेक्टर एवं एसएसपी सहित आला अधिकारी कर्मचारी हुए शामिल

विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा सहित मीडिया के बंधुगण व आला अधिकारी एवं कर्मचारीगण हुये शामिल।

इस दौरान कलेक्टर एवं एसएसपी ने उपस्थित सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के बंधुगण व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक दुसरे को रंग गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर, गले मिलकर बडे उत्साह, खुशी से खुशनुमा माहौल में होली मनाया गया तथा उपस्थित सभी मीडिया के बंधुओं व अधिकारी एवं कर्मचारियों को रंगों के पर्व होली की बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही कलेक्टर एवं एसएसपी ने सभी पुलिस कर्मचारियों व मीडिया के बंधुगण के साथ नगाड़ा बजाया और रंगों में सराबोर होकर होली का आनंद लिया। सभी लोग एक-दुसरे के उपर रंग,गुलाल डालकर ढोल नगाडों एवं साउंड सिस्टम की धुन पर थिरकते नजर आए। और एक दुसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के ईई श्री निर्मल सिंह ठाकुर, एसडीओ राकेश शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल सिंह ठाकुर निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, डी.एल. सोना, राजकुमार साहू, बल्लुराम सोरी, एवं अन्य थाना/चौकी प्रभारी सहित पुलिस विभाग के आला अधिकारी एवं कर्मचारीगण व मीडिया के बंधुगण शामिल हुए।

# एएसपी की स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, चालक की मौत



**नवापारा राजिम,** 16 मार्च (देशबन्धु)। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में स्कार्पियो चालक की मौत हो गई है। मृतक राजिम क्षेत्र का रहने वाला था। बताया जा रहा है टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। स्कार्पियो वाहन के परखच्चे उड़ गए। घटना धमतरी जिले के नगरी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार एएसपी शैलेंद्र पांडे की स्कार्पियो गाड़ी पेड़ से टकरा गई। बताया गया कि एएसपी का चालक बलराम ठाकुर स्कार्पिया वाहन लेकर नगरी से सांकरा की ओर जा रहा था। नगरी-सांकरा रोड पर सूअर फार्म हाउस के पास तेज रफ्तार स्कार्पिया अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और पलटकर खेत में जा गिरी। टक्कर से स्कार्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ड्राइवर अंदर ही फंसा रहा। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोगों की घटना की सूचना पुलिस को दी।

**गाड़ी के उड़े परखच्चे ड्राइवर राजिम निवासी**

मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद चालक को वाहन से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार मृतक बलराम ठाकुर, जो मूल रूप से राजिम जिला गरियाबंद का रहने वाला था। पिछले दो महीनों से नगरी में एएसपी के वाहन चालक के रूप में कार्यरत था। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# उल्लासपूर्ण वातावरण में होली की रही धूम

**बेमेतरा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। पुलिस महकमे की मुस्तैदी से शुक्रवार को होली का त्यौहार उल्लास और प्रेम भाव के साथ मनाया गया। लोगों ने अपने दोस्तों, परिवार और पड़ोसियों के साथ जमकर रंग-गुलाल खेला और एक दूसरे को रंगोत्सव की बधाई दी। बेमेतरा में हर्ष उल्लास के साथ होली त्यौहार मनाने में तथा हुड़दंग को रोकने में मददगार लोगों को शुभकामनाएं देते हुए पार्षद नीतू कोठारी ने कहा कि क्षेत्र का पुलिस महकमा भी इसके लिए बधाई का पात्र है। बेमेतरा पुलिस के अधिकारी गुरूवार और शुक्रवार को लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। पुलिस बल, पेट्रोलिंग टीम अपने अपने थाना क्षेत्र में सजगता से गश्त पर रही नतीजतन बड़ी अपराधिक और होली हुड़दंग की आड़ में मर्डर, मारपीट जैसे संगीन घटनाओं से हमारा क्षेत्र बचा रहा और लोग उल्लासपूर्ण ढंग से होली खेल सके। कोठारी ने शांतिपूर्ण ढंग से रंग उत्सव मनाने में सहयोगी बने पुलिस महकमा को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, एएसपी, सीएसपी, थाना प्रभारी और स्टाफ को साधुवाद है जिन्होंने त्यौहार पर अपने घर परिवार से दूर रहते हुए कर्तव्य निष्ठा के साथ ड्यूटी की जिसकी वजह से हम सभी उल्लास से रंग उत्सव मना सके। सभी ने एक-दूसरे के साथ प्यार और सम्मान का व्यवहार किया। लोगों ने अपने मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ नगर के गली-मोहल्लों में गश्त करते रहे। त्यौहार के बाद लोगों ने अपने घरों की साफ-सफाई की और एक साथ भोजन का आनंद लिया। बेमेतरा में होली ने एक बार फिर साबित किया कि यह त्यौहार समाज में एकता और भाईचारा बढ़ाने का माध्यम है।



- शांति और कानून व्यवस्था में मुस्तैद रहा पुलिस महकमा
- पार्षद नीतू कोठारी ने दी बधाई

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार , समोदा**

**ईश्तहार**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ: जिला रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं.-00001 लांजा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-आरडी202425440210400001**

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00001 के अंतर्गत ग्राम लांजा के वर्तमान भूमिस्वामी पीलाबाई पिता/पति-रामू पता-निवासी ग्राम लांजा थाना खरोरा तह. आरंग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 792 (0.4100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रता राजकुमार माखीजा पिता/पति-नारायण दास माखीजा पता के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/03/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/02/2025 को जारी किया जाता है।

सील

GAJANAND SIDAR
नायब तहसीलदार
आरंग

---

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क. ...... अ/06 वर्ष 2024-25**
**आरंग, दिनांक 10.03.2025**
**ग्राम अकोलीकला प.ह.नं. 23**

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनुराम साहू पिता जीवराखन साहू निवासी ग्राम अकोलीकला, तहसील आरंग, जिला रायपुर द्वारा ग्राम अकोलीकला प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. आरंग स्थित भूमि खसरा नं. 742 का भाग, 714/1 का भाग, 642 का भाग, 494/4 का भाग रकबा 0.7400, 0.3200, 0.0300, 0.2900है. भूमि कुल खसरा 04 कुल रकबा 1.3800हे. भूमि खातेदार (दानदाता) जीवराखन साहू पिता लतेल साहू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार (दानदाता) जीवराखन साहू पिता लतेल साहू के द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 05/03/2025 Book No-1 Volume No. 4564 Pages 276 To 292 With Document No. CG-2024-25-104-1-3845 को आवेदक दानग्रहिता के नाम पर पारिवारिक व्यवस्था के तहत निष्पादित किया गया है। दानपत्र के आधार पर आवेदक द्वारा उक्त आवेदित भूमि पर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रकरण भूईया से दर्ज होकर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 01.04.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
आरंग

---

**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र.........ब/121**
**ग्राम गुखेरा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदका दुलेश्वर प्रसाद पिता श्री भगत राम ग्राम गुखेरा तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र ओमेश के जन्म दिनांक 31.12.2009 है, का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सकें।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा / आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 17.03.25 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
आरंग

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KHUMESH KUMAR S/O PURANIK RAM resident of H.NO-248, VILL- CHHATA PO-DEVADA DIST-DURG (C.G) 491111 have changed my old name KHUMESH KUMAR S/O PURANIK RAM so in future I should be recognized by my new name that is KHUMESH SAHU S/O PURANIK RAM in all Government and other documents.

**KHUMESH SAHU**
H.NO-248, VILL- CHHATA
PO- DEVADA DIST-DURG
(C.G) 491111

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BAJRANG JAIN S/O RAMNIVAS JAIN resident of H NO 189 B SAMTA COLONY MAIN ROAD NEAR AXIS BANK RAIPUR (C.G.) 492009 have changed my old name BAJRANG JAIN S/O RAMNIVAS JAIN so in future I should be recognized by my new name that is BAJRANG LAL JAIN S/O RAMNIVAS JAIN in all Government and other documents.

**BAJRANG LAL JAIN**
H NO 189 B SAMTA COLONY
MAIN ROAD NEAR AXIS BANK
RAIPUR (C.G.) 492009

---

**फार्म "अ"**
**राजस्व आदेश पत्र ( रेवेन्यू आर्डर शीट )**
**न्यायालय तहसीलदार, बिलाईगढ़**

रा.प्र. क्र.-202502321300002 सन-2024-25
विषय- भूमि बिक्री मंजूरी बाबतं।

प्रकार- मूल मामला
मामले की श्रेणी-अ-21 (4)
ग्राम परसाडीह,
ईश्वर प्रसाद टण्डन पिता बेलिहार टण्डन साकिन ग्राम-परसाडीह, पोस्ट परसाडीह तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़ (छ.ग.) ..... आवेदक

विरुद्ध

1. छत्तीसगढ़ शासन 2. सचिदानंद टण्डन पिता गोपाल प्रसाद टण्डन साकिन ग्राम परसाडीह, तहसील बिलाईगढ़ जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) ..... अनावेदकगण

**// ईश्तहार //**

आवेदक ईश्वर प्रसाद टण्डन पिता बेलिहार, साकिन परसाडीह द्वारा ग्राम परसाडीह प.ह.नं. 02 में आबंटन से प्राप्त स्थित भूमि ख. नं. 90/8 रकबा 0.5060 हे. के टुकड़ा रकबा लगभग 50 डिसमिल भूमि को अनावेदक क्रेता-सचिदानंद टण्डन पिता गोपाल प्रसाद टण्डन, साकिन परसाडीह से विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज कलेक्टर महोदय, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ के समक्ष किये जाने पर नियमानुसार जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने उचित माध्यम से प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी हित्तबद्ध पक्षकार अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति पेश करना हो तो, प्रकरण में नियत दिनांक 27/03/2025 तक स्वयं या अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से दस्तावेज के उपस्थित होकर, दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक बाद प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/03/2025 को न्यायालय पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बिलाईगढ़

---

**न्यायालय तहसीलदार महासमुन्द जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.मा.क्र. 20250312600001**
**अ/06 वर्ष 2024-25**
**ग्राम अमावश प.ह.न. 54**
**तहसील व जिला-महासमुन्द**

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/केता बुधेलाल जेन्ड्रे पिता धनाराम जेन्ड्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम अमावश तहसील व जिला महासमुंद के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम अमावश प.ह.नं. 54 रा.नि.म. तुमगांव तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि खसरा नंबर 349 रकबा 0.090 हे. भूमि को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से दिनांक 29.12.2006 को अनावेदक/विक्रेता कार्तिकराम जेन्ड्रे पिता घनाराम जेन्ड्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम अमावश तहसील व जिला महासमुंद से क्रय किया है। जो उप पंजीयक कार्यालय महासमुंद के ग्रंथ क्रमांक 3733 पेज नंबर 90 से 99 सरल क्रमांक 324 में दर्ज है। आवेदक के द्वारा उक्त भूमि से अनावेदक/विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदक/क्रेता अपने नाम पर प्रमाणीकरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त फर्द सूची के संबंध में जिस किसी को कोई उजर दावा, आपत्ति हो तो वह दिनांक 24/03/2025 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से माध्यम से प्रस्तुत कर है उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
महासमुन्द

---

**आम सूचना**

मैं शंभूनाथ सेन पिता कृष्णा सेन आयु 70 वर्ष निवासी 26/134 थामसगली मिसन विद्यालय के पास मदर टेरेसा वार्ड क्रं. 26 जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. आम जनता को सूचित करता हूं कि मेरा नगर जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के शीट नं. 82, 83, 86, 87 प्लाट नं. 255 क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट का स्वामी हूं मेरा नाम नजूल अभिलेख में दर्ज है। इस तरह एक प्लाट वर्गफुट स्थान औद्योगिक क्षेत्र गीदम रोड जगदलपुर में भी है। मेरा एक पुत्र कुमार सौरभ सेन आयु 34 वर्ष है, जो कि नशा करने का आदी है। मेरा कहना नहीं मानता है। मैं उपरोक्त संपत्ति से मेरे पुत्र कुमार सौरभ सेन को सभी उत्तराधिकार से बेदखल करता हूं मेरी संपत्ति चल अचल संपत्ति पर मेरे पुत्र का भविष्य में कोई अधिकार नहीं होगा। आम जनता को सूचित हो, भविष्य में अपनी संपत्ति का वसीयत जो मैं करूंगा वही मान्य होगा।

दिनांक:

शंभूनाथ सेन

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अभनपुर, उप तहसील खोरपा**

**ईश्तहार**

**मामले की श्रेणी राजस्व**

**संदर्भ: जिला रायपुर तहसील अभनपुर प.ह.नं. 00010 कोलर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी202425441628600023**

तहसील अभनपुर के प.ह.नं. 00010 के अंतर्गत ग्राम कोलर के वर्तमान भूमिस्वामी नरेश चंद्र सिंह पिता/पति-गोवर्धन सिंह पता हाउस नं. 108/1 महामाया मंदिर के पास मधुबन पारा रायगढ़ के द्वारा धारित भूमि बसरा क्रमांक 7/14 (0.0394) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती मिनी शर्मा पिता/पति-गौरव भार्गव पता-विला नं. 19 सालासर ग्रीन सरोना टाटीबंध रायपुर, गौरव भार्गव पिता/पति-सुभाषचन्द्र भार्गव पता-विला नं. 19 सालासर ग्रील सरोना टाटीबंध रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/03/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अभनपुर उप तहसील खोरपा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पढमुद्रा से आज दिनांक 13/03/2025 को जारी किया जाता है।

सील

RAMMOORTHY DIWAN
अतिरिक्त तहसीलदार
उप तहसील खोरपा

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अभनपुर, उप तहसील खोरपा**

**ईश्तहार**

**मामले की श्रेणी राजस्व**

**संदर्भ: जिला रायपुर तहसील अभनपुर प.ह.नं. 00011 छछानपैरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-आरडी202425441627600013**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00011 के अंतर्गत ग्राम छछानपैरी के वर्तमान भूमिस्वामी क्राउन विला एंड डेवलपर्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर नितिन अग्रवाल पिता/पति-गौरी शंकर अग्रवाल पता-शैलेन्द्र नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15000/1(0.0167) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती रत्नाकाला बोहरे पिता/पति-आशीष कुमार बोहरे पता-अमलीडीह रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28/03/2025 की समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अभनपुर उप तहसील खोरपा पर की जायेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/03/2025 को जारी किया जाता है।

सील

RAMMOORTHY DIWAN
अतिरिक्त तहसीलदार
उप तहसील खोरपा

---

**कार्यालय रा.नि.मं.- सेरीखेड़ी तहसील व जिला- रायपुर**

**आम सूचना**

**दिनांक 10.03.2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पूनम आनंद अग्रवाल पति दीपेश कुमार अग्रवाल निवासी ग्राम व पोस्ट सक्ती जिला- जांजगीर-चांपा द्वारा आवेदित ग्राम नकटी प.ह.नं. 77 राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 525/6, 526/2 रकबा 0.2370, 0.0420 कुल रकबा 0.2790 हेक्टर भूमि का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार/तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 12.02.2025 के परिपालन में दिनांक 18.03.25 को समय अपरान्ह 12.00 बजे पश्चात किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत दिनांक/समय में हल्का पटवारी हल्का नंबर 77 के सेरीखेड़ी स्थित कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसमें उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

सील

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. सेरीखेड़ी

---

**कार्यालय रा.नि.मं.- सेरीखेड़ी तहसील व जिला- रायपुर**

**आम सूचना**

**दिनांक 10.03.2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपेश कुमार अग्रवाल पिता श्री गोपाल चन्द्र अग्रवाल निवासी मोवा रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम नकटी प.ह.नं. 77 राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 525/7, 526/3 रकबा 0.1310, 0.1500 कुल रकबा 0.2810 हेक्टर भूमि का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार/तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 13.02.2025 के परिपालन में दिनांक 18.03.25 को समय अपरान्ह 12.00 बजे पश्चात किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत दिनांक/समय में हल्का पटवारी हल्का नंबर 77 के सेरीखेड़ी स्थित कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसमें उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

सील

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. सेरीखेड़ी

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, HIMANI SANCHETI D/O PARAS SANCHETI resident of HIG 22 MARUTI ENCLAVE RAIPUR 492099 (C.G.) have changed my old name HIMANI SANCHETI D/O PARAS SANCHETI so in future I should be recognized by my new name that is HIMANI RITESH DOSHI W/O RITESH REVCHAND DOSHI in all Government and other documents.

**HIMANI RITESH DOSHI**
HIG 22 MARUTI ENCLAVE
RAIPUR 492099 (C.G.)

---

**कार्यालय नगर पंचायत चारामा, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**
**Mail ID cmocharama@gmail.com**

क्रमांक/740/स्था./न.पं./2024-25 चारामा, दिनांक 13/03/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत चारामा क्षेत्रांतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/एजेंसी/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु मैनुअल पद्धति निविदा पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट से त्री लिफाफा पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:

1 निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि : 24.03.2025, समय शाम 5.00 बजे तक
2 निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि : 27.03.2025, समय शाम 5.00 बजे तक
3 निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि : 02.04.2025, रामय शाम 3.00 बजे तक
4 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि : 02.04.2025, समय शाम 4.00 बजे तक

| Sr. | Name of Work | Amount of the Estimate (in Lacs) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Eligible class of contractor/ firm /SHG | Time allowed for Completion | Tender Form Fee |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Outsourcing of Nos 36 Skilled/ Unskilled/Semi-skilled Workers at Nagar Panchayat Charama (कलेक्टर के प्रभावशील दर पर) | 49.90 Lacs | 37,425.00 | श्रम आयुक्त कार्यालय, ई.पी. एफ. कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत | 10 Month | 1500.00 |

उक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तों, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in देखा जा सकता है। शासकीय अवकाश होने पर दूसरे दिन कार्य की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चारामा
जिला-उ.ब. कांकेर ( छ.ग. )

---

**ICICI Bank**

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

**[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]**
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है। सर्वसाधारण तथा विशेषकर कर्जदार(रों) एवं जमानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक / अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं यह दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों)/ जमानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमती बतुल आरिफ भारमल (कर्ज़दार), हुसैन ताहेर (सह-कर्ज़दार), LBRPR00004748922 | प्लॉट नं. 82, ब्लॉक जी, मौजा-छछनपैरी, आस्क सिटी, लेआउट नं. 1393, पी.एच. क्रमांक 3, खसरा क्रमांक 1/1, 1/2, 1/5, 1/7, 2/2, 2/4, 2/9, 3/1, 3/2, 4/2, 5/1, 2, 4, 5, 6/2, 6/5, 29, 3121, 31/2, 32/1, 32/3, 32/5, 32/6, 32/7, 32/8, 32/9, 33/1, 33/2, 33/4, 34/1, 34/2, 35/2, 44, 45/1, 45/2, 712/1, 712/2, 714/1, 1/2 का भाग, आर.एन.एम और तहसील-अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)/ क्षेत्रफल- 1250 वर्ग फीट यानी 116.17 वर्ग मीटर | रु. 8,22, 366/- (मार्च 07, 2025 तक) | रु. 7,50, 000/- / रु. 75, 000/- | अप्रैल 07, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | अप्रैल 24, 2025 को सु. 10:30 बजे से |
| 2. | श्री धर्मेंद्रनाथ तिवारी/ (कर्ज़दार), उमा तिवारी (सह-कर्ज़दार), LBDRG00004720090 | ब्लॉक नंबर 266, प्लॉट नंबर 53/8, ख. नंबर 803/8, पी एच नंबर 04, मौजा-ग्राम परसदा, आरएनएम दुर्ग, भिलाई- 3, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़/ क्षेत्रफल- 1056 वर्ग फीट | रु. 7,75, 750/- (मार्च 10, 2025 तक) | रु. 7,60, 000/- / रु. 76, 000/- | अप्रैल 08, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | अप्रैल 24, 2025 को सु. 11:00 बजे से |
| 3. | श्रीमती स्मृति देवांगन/ (कर्ज़दार), राज कुमार देवांगन (सह-कर्ज़दार), LBRPR00002900089, LBRPR00005034180, LBRPR00002900082 | फ्लैट क्रमांक 504, 5वीं मंजिल, आवासीय भवन नाम ऋषभ रीजेंसी, वार्ड क्रमांक 46, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड, नगर निगम रायपुर, छ.ग./ क्षेत्रफल- फ्लैट संख्या 504 का सुपर बिल्ट अप एरिया 1528 वर्ग फीट है, जिसमें भूमि पर 3.55% का आनुपातिक अविभाजित हिस्सा शामिल है। | रु. 79,90, 667/- (मार्च 10, 2025 तक) | रु. 40,00, 000/- / रु. 4,00, 000/- | अप्रैल 09, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | अप्रैल 24, 2025 को सु. 11:30 बजे से |
| | | फ्लैट क्रमांक 505, पाँचवाँ तल, आवासीय भवन नाम ऋषभ रीजेंसी, वार्ड क्रमांक 46, डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड, नगर निगम रायपुर, छ.ग./ क्षेत्रफल- फ्लैट संख्या 505 का सुपर बिल्ट अप एरिया 1465 वर्ग फीट है, जिसमें भूमि पर 3.40% का आनुपातिक अविभाजित हिस्सा शामिल है। | | रु. 38,30, 000/- / रु. 3,83, 000/- | अप्रैल 09, 2025 को दो. 01:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | अप्रैल 24, 2025 को दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अप्रैल 23, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम **ई** देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **अप्रैल 23, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **अप्रैल 23, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अप्रैल 23, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **"रायपुर"** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक** कर्मचारी के फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : मार्च 17, 2025**
**स्थान : रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

# प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना से बिजली बिल हुआ शून्य

- सौर ऊर्जा से हो रही बचत
- 78 हजार की सरकारी सब्सिडी से सौर ऊर्जा का सपना हुआ साकार



**रायपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी ऊर्जा नीति के तहत प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना देशभर में लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। इस योजना का लाभ लेकर राजनांदगांव के अनुपम नगर निवासी रमेश एम. चावडा ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि 1.90 लाख रुपए की लागत वाले इस प्लांट के लिए केंद्र सरकार से 78 हजार रुपए की सब्सिडी मिली, जिससे उनके लिए यह प्लांट लगाना आसान हो गया।

चावडा बताते हैं कि रूफटॉप सोलर प्लांट के चलते उनके बिजली बिल में भारी कमी आई है। इतना ही नहीं, नेट मीटरिंग प्रणाली के तहत अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर आय अर्जित करने का अवसर भी मिला। यानी, जितनी बिजली उनके घर में खपत होती है, उससे अधिक बिजली उत्पादन होने पर वह अतिरिक्त बिजली सरकार को बेच सकते हैं, जिससे न केवल उनका बिजली बिल शून्य हो गया बल्कि कुछ अतिरिक्त आय भी हो रही है।

चावडा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना न केवल बिजली बिल बचाने में मददगार है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे रही है। इससे कोयला और पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता कम हो रही है, और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा मिल रहा है।

इस योजना के तहत सरकार 30 हजार से 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी प्रदान कर रही है। 3 किलोवाट से अधिक क्षमता वाले प्लांट पर अधिकतम 78 हजार रुपए तक का अनुदान मिलता है। इसके अलावा, यदि उपभोक्ता को बाकी राशि के लिए आर्थिक सहायता की जरूरत हो, तो सरकार 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण की सुविधा भी प्रदान कर रही है।

योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को वेबसाइट या PMSuryaGhar मोबाइल ऐप पर पंजीकरण करना होगा। इसके बाद, वेब पोर्टल पर सूचीबद्ध अधिकृत वेंडर का चुनाव कर, बिजली विभाग के सहयोग से आवेदन पूरा किया जाता है। वेंडर द्वारा प्लांट लगाने और डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर स्थापित करने के बाद, सरकार की ओर से सब्सिडी सीधे उपभोक्ता के खाते में जमा कर दी जाती है।

प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना के तहत छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में लाखों परिवारों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। यह योजना न केवल घर-घर मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त कर रही है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी साकार कर रही है।

चावडा का कहना है कि सभी नागरिकों को इस योजना का लाभ उठाकर अपने घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाना चाहिए। इससे बिजली पर खर्च कम होगा, पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

# कोमाखान के नायकराम जापान में प्रस्तुति पुरस्कार से हुए सम्मानित

**बागबाहरा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। विकासखंड के ग्राम पंचायत घोयनाबाहरा कोमाखान निवासी भारतीय शोध विद्यार्थी नायकराम साहू को जापान के योकोहामा में आयोजित होप मीटिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें नोबेल पुरस्कार विजेताओं के द्वारा प्रदान किया गया। भारतीय युवा वैज्ञानिक नायकराम ने अपने शोध कार्य के लिए यह पुरस्कार प्राप्त किया है। जो कि बेतार विद्युत स्थानांतरण पर आधारित है। उन्हें इस कार्य के लिए भारत के विज्ञान और प्रोद्योगिकी मंत्रालय परिषद से अनुदान प्राप्त है।



उनकी इस उपलब्धि पर कोमाखान अंचल सहित पूरा महासमुंद जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

इस अवसर पर नायकराम ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार मेरे लिए एक बड़े सम्मान की बात है। और मै इसके लिए अपने पर्यवेक्षक डॉ अन्नपु रेड्डी वेंकटेशवरल को उनके अमूल्य मार्गदर्शन के लिए और भारत के विज्ञान और प्रोद्योगिकी मंत्रालय परिषद को इस अविश्वसनीय अवसर के लिए हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही उन्होंने अपने भौतिक विज्ञान के शिक्षकों प्रो मनीराम धीवर सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र शासकीय पीजी कॉलेज महासमुंद, डॉ गोवर्धन यदु, हिरवानी सर सहित अन्य शिक्षकों को भी धन्यवाद देते हुए उनके प्रति विशेष आभार जताया है।

भारतीय युवा वैज्ञानिक व शोध विद्यार्थी नायकराम साहू की प्राथमिक शिक्षा शासकीय स्कूल घोयनाबाहरा, माध्यमिक शिक्षा शासकीय उच्चतर विद्यालय कोमाखान, बीएससी गणित शासकीय पीजी कॉलेज महासमुंद, एमएससी भौतिक विज्ञान शासकीय राजीव लोचन कॉलेज राजिम में हुई। वे अभी वर्तमान में तमिलनाडु के तिरुचिरोपल्ली में स्थित एनआईटी से भौतिक विज्ञान विषय पर पीएचडी एवं शोध कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अब तक रिसर्च शोध कार्य के रूप में कुल 14 रिसर्च पब्लिकेशन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित कर चुके हैं।

नायकराम की इस उपलब्धि पर उनके समस्त शिक्षकों ने हर्ष एवं खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# रायगढ़ को विकास की राह पर आगे ले जाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे: ओपी चौधरी

- रायगढ़ जिला पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन समारोह



**रायपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। रायगढ़ जिला पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह नगर निगम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

वित्त मंत्री चौधरी ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने जो भरोसा आप पर जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए एक टीम के रूप में कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ जिले में विकास को गति देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मंत्री चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बीते सवा साल में किसानों को 1 लाख करोड़ रुपये की राशि विभिन्न योजनाओं के तहत अंतरित की गई है। हाल ही में धान खरीदी के अंतर की राशि के रूप में 12 हजार करोड़ रुपये किसानों को दिए गए, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी आई है। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख माताओं और बहनों को प्रतिमाह 1,000 रुपये की सहायता दी जा रही है। सरकार ने आवास निर्माण को प्राथमिकता देते हुए 18 लाख नए आवासों की मंजूरी दी है, जिनका निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है।

मंत्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने रामलला दर्शन योजना के माध्यम से अयोध्या और बनारस के दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई है। हाल ही में प्रयागराज कुंभ में छत्तीसगढ़ पवेलियन की स्थापना कर राज्य के श्रद्धालुओं को लाभ पहुंचाया गया।

### रायगढ़ में विकास की नई इबारत

वित्त मंत्री चौधरी ने रायगढ़ के विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले में 35 करोड़ रुपये की लागत से नालंदा परिसर का निर्माण प्रारंभ हो चुका है। इतवारी बाजार के सौंदर्यीकरण, ऑक्सीजोन और आदर्श मंडी का कार्य प्रगति पर है। शहर की सड़कों को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। केलो परियोजना की नहरों के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है, साथ ही 291 करोड़ रुपये की अतिरिक्त प्रशासनिक स्वीकृति भी प्रदान की गई है। अन्य विकास कार्यों में सपनई डैम का विस्तार, घरघोड़ा-रायगढ़ और कसडोल-रायगढ़ सड़क निर्माण, रायगढ़ में फिजियोथेरेपी कॉलेज, पुसौर में नर्सिंग कॉलेज, कला एवं संगीत महाविद्यालय, हार्टिकल्चर कॉलेज की स्थापना शामिल हैं।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल, उपाध्यक्ष दीपक सिदार एवं सभी नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों ने पंचायती राज अधिनियमों के तहत अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ ली।

इस महत्वपूर्ण समारोह में रायगढ़ के लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सारंगढ़ अजय नायक, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, अपर कलेक्टर रवि राही सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जेब से पैसा निकालने की बात पर युवक की पीट पीटकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली,** 16 मार्च (देशबन्धु)। चिल्फी थाना गुड़ फैक्ट्री में मजदुरों द्वारा आपस में पेन्ट के जेब से पैसा निकालने की बात पर युवक की हत्या कर उत्तरप्रदेश भाग रहे आरोपियो को मुंगेली पुलिस ने 24 घण्टो के अंदर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया

बता दें होली त्यौहार होने से गुड़ फैक्ट्री में काम करने वाले स्थानीय सभी मजदुर अपने-अपने गांव चले गये थे, 13 मार्च को चिंटू कश्यप, सोनू उर्फ जावेद, रविंन्दर कश्यप, दीपक कश्यप, सचिन कुमार कश्यप, धर्मेंदर कश्यप सभी एक ही गांव ग्राम सुरूरपुर जिला बागपात (उ0प्र0) के है जो वर्तमान मे गुड़ फैक्ट्री ग्राम कान्हरपुर चौक के पास थाना चिल्फी में रहकर मजदुरी का काम करते थे, 13 मार्च के रात्रि करीब 09-10 बजे सभी मिलकर गुड़ फैक्ट्री के तखत में बैठ कर शराब पी।

NECC

| 17.03.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 425 | 68 | 175 |
| चिल्हर | 6 | 90 | 200 |

डिलीवरी 444 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### निर्दोष नागरिकों की पिटाई गैरकानूनी

राजधानी रायपुर में एक युवक की पुलिस द्वारा पिटाई का वीडियो पूरे देश में वायरल हो रहा है जिसने प्रदेश को एक बार फिर से शर्मसार कर दिया है। देश के अनेक राज्यों में पुलिस का बेहद अमानवीय चेहरा इन दिनों सामने आ रहा है। विभिन्न अवसरों पर देखा जाता है कि वहां पुलिसकर्मी लोगों की अंधाधुंध पिटाई करती है या उनके घरों से घसीटकर या अपमानित कर निकालती है। एक-एक कर या समूह में लोगों की होती पिटाई दिल को दहला देने वाली होती है परन्तु यह दुर्भाग्यजनक है कि विभिन्न कारणों से बहुत से लोग नागरिकों की पिटाई से खुश होते हैं। इसके पीछे वर्तमान सियासत और धार्मिक-साम्प्रदायिक भावनाएं तो हैं ही, समाज एक तरह से क्रूर होता जा रहा है। नागरिकों को इस तरह पुलिस वालों के कृत्यों को स्वीकार नहीं करना चाहिये क्योंकि इसकी चपेट में कोई भी कभी भी आ सकता है।

यह खतरनाक प्रवृत्ति छत्तीसगढ़ में भी देखने को मिल रही है। बुधवार की रात सड्डू के सेक्टर 8 में रहने वाला एक युवक गोपाल दास डहरिया विज्ञान केन्द्र के पास अपने भाई की चाय की दूकान पर खड़ा था। तभी मोवा थाने के कुछ पुलिस वाले वहां पहुंचे। उनकी गोपाल दास से कुछ कहा-सुनी हो गयी। तभी मनीष साहू नामक कांस्टेबल ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। जब इसका कारण पूछा गया तो पुलिस वालों ने उसे थाने चलने को कहा। मना करने पर डंडे से पिटाई करने लगे। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। सम्भव है कि होली के अवसर पर असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के चक्कर में पुलिसकर्मी उससे पूछताछ कर रहे हैं परन्तु उन्हें देखना चाहिये कि वे जिसे थाने ले जाना चाहते हैं उसकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि है या उसने कोई अपराध किया है क्या। वैसे इस प्रकार मार-पीट करने का अधिकार पुलिस वालों को नहीं मिला है। उन्हें जो भी करना हो वह कानून के दायरे में रहकर ही करना होता है।

याद हो कि कोरोना काल में रायपुर के एक बाहरी इलाके में अपनी मां के साथ आ रहे एक युवक की स्थानीय थाने के पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा बेरहमी से पिटाई किये जाने पर तत्कालीन सरकार ने उक्त पुलिस अधिकारी के खिलाफ न केवल कार्रवाई की थी वरन यह आदेश भी जारी किया था कि ऐसे पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ मार-पीट का अपराध दर्ज होगा। यह देखा जाना चाहिये कि वह आदेश अभी भी अस्तित्व में है या नहीं। वैसे वह न हो तो भी प्रशासन को चाहिये कि इस मामले की कड़ाई से जांच करे। पुलिस द्वारा किसी स्थान पर खड़े निर्दोष नागरिक की पिटाई उसके संवैधानिक अधिकारों और निजी स्वतंत्रता पर हमला है। साथ ही, पुलिस को हिदायत मिलनी चाहिये कि वह नागरिकों को बिलकुल प्रताड़ित न करे।

**उल्टा पुल्टा**

टीचर- लड़कियां अगर पराया धन होती है तो लड़के क्या होते है??
गप्पू- सर चोर होते है!
टीचर- वो कैसे??
गप्पू- क्योकि चोरों की नजर हमेशा पराये धन पर होती है।

# टेकलगुडेम में सुरक्षा बलों के प्रयास से मोबाइल टॉवर की सुविधा हुई प्रारंभ




**सुकमा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। गुरुवार को जिले के अतिसंवेदनशील क्षेत्र टेकलगुडेम में सुरक्षा जवानों के प्रयासों से मोबाइल टावर लगाकर 4-जी नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध कराई गई जिससे आसपास के ग्रामीण काजी खुश नजर आए। सुकमा पुलिस ने बताया कि जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन संचालित नियद नेल्ला नार योजना के तहत बेहतर मोबाईल नेटवर्क एवं इंटरनेट सुविधा प्रदान करने हेतु सुरक्षा कैम्पों के आस-पास ग्रामों में नवीन मोबाईल टॉवर स्थापित किये जा रहे है। इसी तारतम्य में जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र टेकलगुडेम में सुरक्षा बलों के अथक प्रयास से गुरुवार को नवीन स्थापित मोबाईल टॉवर से बीएसएनएल 4-जी मोबाईल नेटवर्क का सुविधा प्रारम्भ किया गया। मोबाईल कनेक्टीविटी शुरू होने से टेकलगुड़ेम, तिम्मापुरम, फुलसमपारा, जोनागुड़ा अलीगुड़ा, बोरनगुड़ा व आस-पास क्षेत्रों सहित आसपास के कई गांव लाभांवित होंगे, जिससे ग्रामीणों में हर्ष का माहौल बना हुआ है। क्षेत्रों में मोबाईल टॉवर लगने से स्कूली छात्रों को ऑनलाईन पढ़ाई करने में भी मदद मिलेगी साथ ही इंटरनेट के माध्यम से ग्रामवासी देश-विदेश की जानकारी से अवगत होते रहेंगे। सुरक्षाबलों के प्रयास से अब-तक विगत 01 वर्ष में अंदरूनी क्षेत्रों में कुल 30 लोकेशनों में मोबाईल टॉवर स्थापित कर 4-जी नेटवर्क की सुविधा का लाभ क्षेत्र के ग्रामीणजन एवं सुरक्षा बलों के जवान द्वारा लिया जा रहा है। मोबाईल टॉवर लगने पर अंदरूनी क्षेत्रों के स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त किया गया। जिले के शेष अंदरूनी क्षेत्रों में जियो के नवीन मोबाईल टॉवरों की स्थापना का कार्य सुकमा पुलिस के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से तीव्र गति से प्रगतिरत् है।

# किरण देव के कार्यालय में होली मिलन, जमकर उड़े रंग गुलाल



**जगदलपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर एवं बस्तर जिले के भाजपाई होली के रंग में डूब गए, जमकर रंग गुलाल उड़े और मिठाइयों का रस हर गले को तर कर गया। क्षेत्रीय विधायक किरण सिंहदेव के नयापारा स्थित कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने विधायक के साथ जमकर होली मनाई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कार्यालय में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों के साथ जमकर होली खेली। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ होली के गीत संगीत के बीच जमकर डांस किया। किरण सिंह देव ने सभी बस्तर वासियों एवं प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने सुबह से विधायक कार्यालय पहुंचकर अपने विधायक को रंग लगाकर बधाई दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने सभी को रंग लगाकर व मुंह मीठा कराकर बधाई दी।

# देवांगन समाज ने किया महापौर और सभापति का सम्मान



**जगदलपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। बस्तर जिला देवांगन समाज द्वारा रविवार को महापौर संजय पाण्डे व अन्य जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। स्वागत गीत के माध्यम से समाज की महिलाओं ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद गणेश वंदना में समाज की एक बालिका ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नगर निगम के स्पीकर खेमसिंह देवांगन, पार्षद लक्षण झा, प्रदीप देवांगन, हरीश चंद्र देवांगन, राजेंद्र देवांगन, धर्मेंद्र देवांगन, जितेंद्र देवांगन, राम देवांगन, कुबेर देवांगन, दयावती देवांगन, मनोज ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# पेयजल की समस्या को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे मेड़वाही के ग्रामीण, जिपं सीईओ को बताई अपनी समस्या



**सुकमा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। गुरुवार को जिले को कोन्टा ब्लॉक के मेड़वाही ग्राम पंचायत के तकरीबन एक दर्जन से अधिक ग्रामीण पेयजल की समस्या को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने कलेक्टर के मौजूद नही रहने की वजह से जिला पंचायत सीईओ से की मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया। वहीं जिला पंचायत सीईओ ने जल्द समस्या का निवारण के आश्वासन दिया। मेड़वाही के ग्रामीणों ने बताया कि परपीनपारा में बोरिंग होने के बावजूद पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित नही हो पा रही। वहीं पीएचई विभाग के जिम्मेदारों ने आज तक समस्य का समाधान नही किया है जिसके कारण मामले से अवगत कराने को जिला मुख्यालय आए और अपनी बात जिला सीईओ के समक्ष रखी। ग्रामीण सोढ़ी सोमा ने बताया कि परपीनपारा में तकरीबन 10 बोरिंग और एक सोलर पेयजल की व्यवस्था है परंतु किसी से भी पर्याप्त पानी नही आ रहा है। गर्मियां में हालात और खराब हो जाता है जिसके >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# होली पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन



**कवि सम्मेलन में शामिल हुए महापौर संजय और सभापति खेमसिंह**

**जगदलपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। होली के अवसर पर शहर के लोगों को हंसाने और गुदगुदाने के लिए साहित्य एवं कला समाज जगदलपुर द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। टाउन क्लब मैदान दंतेश्वरी मंदिर के सामने जगदलपुर में संपन्न इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे थे। अतिथि नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, पूर्व पार्षद दीप्ति, पार्षद निर्मल पाणिग्रही व पार्षद लक्ष्मण झा ने सैकड़ों श्रोताओं के साथ देर रात तक कविताओं का रसपान किया। हास्य कवियों की फौज में मप्र के छपारा के मुकेश मनमौजी, वारासिवनी के अंतू झकास, गीदम छग के विशाल आवारा, जगदलपुर से लोक कवि रंगमंच कलाकार नरेंद्र पाढ़ी, डालेश्वरी पांडे, स्मृति मिश्रा, ममता मधु ने काव्य पाठ किया। सनत सागर ने मंच संचालन करते हुए श्रोताओं को बांधे रखा। उन्होंने हंसी ठिठोली करते हुये कहा कि पार्षद यदि अपनी प्रेमिका से प्रेम का इजहार करेंगे तो ये पंक्तियां होंगी- दलपत सागर में उगी जलकुंभियों की तरह तेरे घने बाल हैं, उखड़ी गड्ढे वाली सड़कों में तकधिन तकधिन करती तेरी चाल है, शहर के मच्छरों की गुनगुनाहट की तरह तरह तेरे होंठों की सुरताल है, कब तू सज संवर कर बन ठनकर आएगी ? यही होंठों पर सवाल है। मुकेश मनमौजी जी ने कहा- हमारी कविताओं में सरस्वती का वास होता है जो ताली बजाते हैं वो पार्षद होते हैं वे महापौर बन जाते हैं और जो महापौर होते हैं वे विधायक बन जाते हैं। टीवी सीरियल वाह वाह क्या बात के कवि अंतू झकास ने अपनी अदाओं से खूब हंसाया। ममता मधु ने अपनी चिंगारी कविता से महिलाओं का पक्ष रखा और श्रृंगार की कविताएं पढ़ीं। प्रथम बार मंच साझा करने वाली डालेश्वरी पाण्डे ने अपनी आवाज और रचनाओं से समा बांध दिया।वहीं स्मृति मिश्रा ने अपनी गजल और मुक्तकों से खूब तालियां बटोरी। नरेंद्र पाढ़ी ने अपनी हल्बी रचनाओं से श्रोताओं को हंसने पर मजबूर कर दिया। कुंभ में प्रसिद्ध हुई मोनालिसा और नवजवानों के लेकर कविता पढ़ी। विशाल आवारा ने अपनी गंभीर आवाज में गजल पढ़ी।

अपने उद्बोधन में महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में जुड़ाव बढ़ता है और साहित्य के माध्यम से सामाजिक जागरूकता आती है। हमारे शहर में ऐसी प्रतिभाओं को मंच देने का वे पुरजोर प्रयास करेंगे। भविष्य में कवि सम्मेलन करवाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। देर रात तक चले कवि सम्मेलन को शहर के गणमान्य और प्रतिष्ठित जनों की उपस्थिति ने यादगार बना दिया।

# सुकमा नपा में भुवनेश्वरी यादव तो दोरनापाल नपं में मोनू भदौरिया बने उपाध्यक्ष



**सुकमा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। गुरुवार को जिले के सुकमा नगर पालिका और दोरनापाल नगर पंचायत में उपाध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। जहां दोनो ही जगहों पर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीत हासिल किया। सुकमा नगर पालिका में भुवनेश्वरी यादव तो दोरनापाल नगर पंचायत में मोनू भदौरिया निर्विरोध उपाध्यक्ष बने। वहीं उपाध्यक्ष घोषित होने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष हूँगाराम मरकाम व पार्षदों समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष को बधाई दिया। नव निर्वाचित नगर पालिका उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी यादव ने संघ-संगठन का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनता ने कांग्रेस को सबक सिखाया है, यह जीत जनता की जीत है। उन्होंने नगर के रुके हुए कार्यों को पूरा करने का वादा किया। साथ ही नगर के विकास को पहली प्राथमिकता बताया। इसके साथ ही बता दें कि पार्षद पद हेतु यह उनकी दूसरी जीत है और इस बार उन्हें उपाध्यक्ष बनने का अवसर मिला। नवनिर्वाचित दोरनापाल नगर पंचायत उपाध्यक्ष धर्मेंद्र मोनू भदौरिया ने प्रदेश संगठन व जिला संगठन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जनता ने कांग्रेस की नीतियों को नकारा है। विष्णु देव साय की सरकार पर जनता ने भरोसा जताया है जिस पर हम खरे उतरेंगे। हमारी प्राथमिकता होगी कि नगर में मूलभूत सुविधाओं की कमी न रहे और नगर का चहुमुखी विकास हो।

# प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की उपस्थिति में बस्तर सांसद कश्यप ने युवाओं को गमछा पहनाकर कराया भाजपा प्रवेश



**जगदलपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर आज 50 से भी अधिक लोगों ने बस्तर सांसद महेश कश्यप के निवास में पहुंच कर उनके समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। ये सभी युवा ग्राम बोरपदर के निवासी हैं। बोरपदर के सरपंच रामसिंह कश्यप के नेतृत्व में सांसद निवास पहुंचे युवाओं को गमछा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बस्तर सांसद ने भाजपा प्रवेश कराया। इस दौरान बस्तर सांसद श्री कश्यप ने कहा कि मै सभी साथियों का भाजपा में स्वागत करता हूं। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, भाजपा में लोकतंत्र है। यहां कार्यकर्ता अपनी योग्यता के अनुसार बड़े-बड़े पदों पर जाते हैं। भाजपा में एक छोटे कार्यकर्ता आज प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक के पद पर है, तो यह इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। सांसद ने कहा कि नरेंद्र मोदी विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय एवं सबसे बड़े नेता हैं, वे जन जन के बीच सबसे अधिक लोकप्रिय हैं। मोदी जी के कारण भारत पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है।मोदी जी ने नेतृत्व में देश में सबका विकास हो रहा है हर तरफ खुशहाली है। पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस के भ्रष्टाचार से बहुत दुखी रही। जनता ने प्रचंड मतों से भाजपा को सेवा का अवसर दिया है और आते ही भाजपा सरकार ने 2 महीने के अंदर ही मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का काम शुरू कर दिया है। पहली कैबिनेट में 18 लाख आवास, 2 साल का बकाया बोनस, महतारी वंदन योजना, रामलला दर्शन की योजना, पीएससी घोटाले कि सीबीआई जांच, 3100 रु 21 चिंटल की दर से धान खरीदी ये सभी निर्णय केवल 2 महीने में ले लिए गए। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि भाजपा की नीति राष्ट्र सर्वोपरि की नीति है। हमारे प्रधानमंत्री 24 घंटे में 20 घंटे कार्य कर देश को विकसित बनाने के मिशन के लगे हुए हैं। पिछले 10 वर्षों में मोदी जी के प्रयासों से यह लगता है भारत फिर से विश्व गुरु जरूर बनेगा। सांसद ने ग्रामीणों को होली की शुभकामनाएं देते हुए भाजपा प्रवेश हेतु उन सभी को धन्यवाद ज्ञापित भी किया। इस दौरान चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, सरगीपाल भाजपा मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम जोशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा सदस्य व कार्यकर्ता मौजूद थे।

**किरण देव ने किया स्वागत:** ग्राम बोरपदर के सरपंच के नेतृत्व में 50 से अधिक लोगों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के समक्ष भाजपा कार्यालय >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# 20 साल से सक्रिय रहे नक्सली दिनेश मोड़ियम ने खोली बाहरी बड़े नक्सली लीडर्स की पोल

## स्वार्थ के लिए बस्तर के आदिवासियों का उपयोग कर रहे हैं बड़े लीडर



**जगदलपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। बस्तर संभाग में पहली बार एक मोस्ट वांटेड पुराने नक्सली ने पुलिस और मीडिया कर्मियों के सामने बड़े एवं बाहरी नक्सली लीडर्स की पोल खोल कर रख दी। दिनेश पोड़ियम नामक इस नक्सली ने खुलकर कहा कि बाहरी एवं बड़े नक्सली लीडर बस्तर से धन लूटकर अपने घर भर रहे हैं, स्थानीय आदिवासियों का उपयोग अपने स्वार्थ के लिए कर रहे हैं। विदित हो कि बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में गंगालूर एरिया कमेटी के सक्रिय 17 नक्सलियों ने नक्सल विचारधारा से तौबा करते हुए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें 20 साल से सक्रिय ईनामी नक्सली दिनेश मोड़ियम और उसकी पत्नी भी शामिल हैं। इन आत्मसमर्पण करने वालों में 24 लाख रूपये के ईनामी 9 नक्सली सहित कुल 17 नक्सली शामिल हैं। समर्पण करने वाले नक्सलियों में डीवीसीएम -1, एसीएम-2, मिलिशिया प्लाटून कमांडर-2, जनताना सरकार अध्यक्ष-1, डीएकेएमएस अध्यक्ष-1, पार्टी सदस्य-1, केएएमएस अध्यक्ष-1, जनताना सरकार उपाध्यक्ष-2 प्लाटून डिप्टी कमांडर-1, जनताना सरकार सदस्य-4, जीपीसी सदस्य-1 शामिल हैं। गंगालूर एरिया कमेटी डीव्हीसीएम दिनेश मोड़ियम ने एसीएम पत्नी के साथ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। बीजापुर जिले में अब तक 65 नक्सली आत्मसमर्पण, कर चुके हैं। 137 नक्सली गिरफ्तार किए गए हैं और 6 नक्सली मुठभेड़ों में मारे गए हैं। पुलिस और सुरक्षा बलों के संयुक्त प्रयासों से तथा छग शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति और नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर गंगालूर एरिया कमेटी 17 नक्सलियों ने 13 मार्च को उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, सीआरपीएफ के डीआईजी बीजापुर देवेंद्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेंद्र कुमार यादव, कमांडेंट वीरेंद्र सिंह, सुनील कुमार राही, कुमार मनीष, आनंद कुमार, अमित कुमार, अशोक कुमार, संतोष कुमार मल्ल, नरेश पवार, पुष्पेंद्र कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल अभियान मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गर्वना, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल सुदीप सरकार, शरद कुमार जायसवाल के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

**■ दिनेश ने सराहा सरकार की आत्मसमर्पण नीति को, कहा- आज मुझे नया जीवन दे दिया सरकार ने**
**■ बस्तर के भटके युवाओं से लौट आने की अपील भी**

आत्मसमर्पित माओवादियों में दिनेश मोड़ियम ऊर्फ बदरू मोड़ियम डीव्हीसीएम, ईनाम 8 लाख, ज्योति ताती ऊर्फ कला मोड़ियम एसीएम ईनाम 5 लाख, दुला कारम एसीएम, गगांलूर एलओएस कमांडर, ईनाम 5 लाख, भीमा कारम आरपीसी मिलिशिया प्लाटून ए सेक्शन कमांडर ईनाम 1 लाख, शंकर लेकाम आरपीसी अध्यक्ष ईनाम 1 लाख, सोमा कारम आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष ईनाम 1 लाख, मंगू कड़ती आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमांडर, ईनाम 1 लाख, मोती कारम आरपीसी केएएमएस अध्यक्ष ईनाम 1 लाख, अरविंद हेमला ऊर्फ आयतू हेमला दक्षिण सब जोनल ब्यूरो, पार्टी सदस्य ईनाम 1 लाख रूपये, आयतू कारम ऊर्फ ताकिड़ आरपीसी सदस्य, सुक्कू पूनेम आरपीसी सदस्य, हिड़मा सोढ़ी आरपीसी सदस्य, सोमा कारम ऊर्फ लिंगा आरपीसी सदस्य, अर्जुन मड़कम आरपीसी जीपीसी सदस्य, सोमारू ताती आरपीसी उपाध्यक्ष, हुंगा कारम ऊर्फ लच्छू कारम आरपीसी उपाध्यक्ष, सन्नू कारम ऊर्फ कांति कारम एड़समेटा आरपीसी शामिल हैं। दिनेश मोड़ियम के खिलाफ बीजापुर जिले के अलग-अलग थानों में 26 अपराध दर्ज हैं एवं 82 स्थाई वारंट लंबित हैं। ज्योति ताती ऊर्फ कला मोड़ियम पर बीजापुर के अलग- अलग थानों में 7 अपराध एवं 11 स्थाई वारंट लंबित हैं। दुला कारम के खिलाफ 10 स्थाई वारंट, हुंगा कारम के खिलाफ 3 स्थाई वारंट और आयतु कारम के खिलाफ एक स्थाई वारंट लंबित हैं।

**आदिवासियों के दुश्मन हैं नक्सली:** इस दौरान दिनेश मोड़ियम ने कहा कि बाहर से आए बड़े नक्सलीलीडर बस्तर के आदिवासियों के सबसे बड़े दुश्मन हैं। वे जल, जंगल, जमीन पर अधिकार का भ्रम फैलाकर बस्तर के आदिवासियों का सहारा लेते हैं और ठेकेदारों से उगाही कर अपने घर भर रहे हैं। वे बस्तर के आदिवासियों को सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाओं के लाभ से अलग रख अपना स्वार्थ पूरा कर रहे हैं। उनकी मर्जी के मुताबिक न चलने पर नक्सल संगठन में शामिल स्थानीय युवाओं को प्रताड़ित किया जाता है। वे खुद ऐश करते हैं और यहां के लोगों को भूखा रखा जाता है। दिनेश ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन नीति और नियद नेल्लानार योजना हमारे हित में हैं। जिले में हो रहे विकास कार्य, तेजी से बनती सड़कें, गांवों तक पहुंच रही विभिन्न सुविधाओं ने हम लोगों में विश्वास जगाया है। दिनेश मोड़ियम ने कहा कि मैंने अपने जीवन के 20 साल नक्सल संगठन में काम करते हुए गुजारे हैं। आत्मसर्पण करने के बाद आज मुझे लग रहा है कि मैं अंधेरे से निकल कर उजाले >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# स्वावलंबन के सारथी– हुनरमंद युवतियां बना रहीं अपनी पहचान



**सुकमा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। सुकमा जिले की युवतियां अपने आत्मनिर्भरता के सपने को साकार कर रही हैं। कठिन संघर्ष और चुनौतियों के बावजूद, उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर सफलता की नई इबारत लिखी है। जिले की 24 वर्षीय शबाना बेगम ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से न केवल खुद को स्वावलंबी बनाया, बल्कि अन्य युवतियों को भी हुनरमंद बना रही हैं।

**स्वावलंबन की मिसाल बनीं शबाना बेगम**

शबाना बेगम ने ग्रेजुवेशन समाप्त होने के बाद उसने काम करने का फैसला लिया और अपनी दो सिलाई मशीनों के साथ 'शबाना बुटीक सिलाई शॉप' की नींव रखी। आज यह बुटीक 07 मशीनों और 5 स्टाफ के साथ जिले की प्रतिष्ठित ड्रेस डिजाइनिंग शॉप बन चुका है। उनकी मेहनत और लगन का ही नतीजा है कि वे हर महीने 20 हजार रुपये से अधिक की कमाई कर रही हैं। शबाना न केवल खुद का व्यवसाय चला रही हैं, बल्कि अन्य युवतियों को भी निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनने का अवसर दे रही हैं। उनके पिता मोहम्मद अय्यूब अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करते हैं और कहते हैं, शबाना ने खुद के पैरों पर खड़े होकर यह साबित कर दिया कि अगर मेहनत और लगन हो, तो किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।

**युवाओं को भी मिल रहा रोजगार**

शबाना के प्रशिक्षण से लाभान्वित होकर कई युवक-युवतियां आत्मनिर्भर बन रहे हैं। तालनार गांव के राजू पोडियामी ने बताया कि उनके गांव में पहले कोई सिलाई की दुकान नहीं थी, लेकिन शबाना बुटीक से प्रशिक्षण लेकर उन्होंने खुद की दुकान शुरू कर दी है। इसी तरह, 5 अन्य युवतियों ने भी सिलाई का प्रशिक्षण लेकर अपने घर पर ही काम शुरू कर दिया है।

**शासन-प्रशासन से मिली सराहना**

शासन-प्रशासन भी शबाना बेगम के इस प्रयास की सराहना कर रहा है। जिला प्रशासन का कहना है कि ऐसे स्वरोजगार से जुड़े युवा सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर आगे बढ़ सकते हैं। प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे शबाना जैसी प्रेरणादायक शख्सियतों से सीख लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# मिठाई दुकानों के नमूने जांच के लिए भेजे गए रायपुर स्थित प्रयोगशाला

**त्यौहारों में गुणवत्तायुक्त मिठाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, लगातार कार्रवाई**



**कोण्डागांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। त्यौहारों के दौरान ग्राहकों को गुणवत्तायुक्त मिठाइयां मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार मिठाई दुकानों की निगरानी की जा रही है। आमतौर पर त्यौहारों के नजदीक आते ही मिठाई विक्रेताओं द्वारा अधिक से अधिक मिठाई बनाने व विक्रय करने के चक्कर में गुणवत्ताहीन मिठाई का निर्माण किया जाता है। मिठाई की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिले के मिठाई दुकानों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है और नमूना लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा जा रहा है। ज्ञात हो कि कोण्डागांव के लाला होटल से खोवे की बनी हुई मिठाई ग्रीन बर्फी और पेडा, फरसगांव के अन्ना नमकीन से बालूशाही और बेसन तथा केशकाल के मां भगवती बीकानेर स्वीट्स एण्ड नमकीन से खोवा और अंजीर कलाकंद का नमूना लिया गया है। नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। जांच में अमानक पाये जाने पर खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदन 10 अप्रैल तक

**कोण्डागांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने के इच्छुक पुरुष उम्मीदवार 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते है। जिला रोजगार अधिकारी पवन कुमार नेताम ने बताया कि अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क या स्टोर कीपर, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडमेन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अग्निवीर सामान्य ड्यूटी हेतु शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10 वीं में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है एवं प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है, अग्निवीर क्लर्क या स्टोर कीपर तकनीकी हेतु शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय में कक्षा 12 वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशित अंक एवं प्रत्येक विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है, अग्निवीर तकनीकी हेत शैक्षणिक योग्यता कक्षा 12 वीं विज्ञान, गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक एवं प्रत्येक विषय में 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है एवं अग्निवीर ट्रेडमेन हेतु शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है एवं प्रत्येक विषय में 33 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। सभी पदों हेतु निर्धारित आयु 17 वर्ष से 21 वर्ष है, आवेदक का जन्मतिथि 01 अक्टूबर 2004 से 01 अप्रैल 2008 के मध्य होना चाहिए। इस भर्ती के नियम एवं अर्हताएं भारतीय थल सेना द्वारा निर्धारित हैं। इस रैली में सम्मिलित होने के लिये भारतीय थल सेना के वेब साईट पर 10 अप्रैल 2025 तक ऑनलाईन पंजीयन करवाना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालयीन समय में सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212 या 0771-2965214 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## समाज के लोगों ने लिया स्वच्छता रखने का संकल्प



**जगदलपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। बस्तर जिला यादव समाज द्वारा रविवार को स्थानीय कृष्ण मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में महापौर संजय पाण्डे शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्प अर्पित कर किया गया। समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस दौरान नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, शशिनाथ पाठक, मनोज ठाकुर, सूरज श्रीवास्तव, अभिलाष यादव सहित कार्यकर्ता व यादव समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि प्रेम, स्नेह का त्यौहार है होली। भगवान श्री कृष्ण ने धर्म व सदभाव का संदेश दिया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जब कभी समाज को उनकी जरूरत होगी वे हमेशा साथ रहेंगे। स्वच्छता के क्षेत्र में जगदलपुर को प्रथम स्थान दिलाने का संकल्प भी कार्यक्रम के माध्यम से लिया गया। उन्होंने अपील की कि सभी इस पुनीत कार्य में सहयोग करें। संजय पाण्डे ने बताया जल्द ही स्वच्छता को लेकर सभी समाजों की बैठक होगी। सभापति खेमसिंह देवांगन ने कहा कि होली का त्यौहार स्नेह व सौहार्द का संदेश देता है। समाज के अध्यक्ष बलराम यादव, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सरिता यादव सहित समाज के अन्य लोगों ने भी इस अवसर पर अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम में धीरेंद्र यादव, बिहारी लाल, खेमशंकर, गजेंद्र यादव, संतोष यादव, गजानंद यादव, विक्की यादव, शिवशंकर यादव, शांति यादव, ऊषा यादव, शैलेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## नपं प्रांगण नगरी में होली मनाई गई

**नगरी,** 16 मार्च (देशबन्धु)। नगर पंचायत नगरी के प्रांगण में नगाड़ों के थाप और रंग गुलाल के बीच होली मनाई गई। पारंपरिक रूप से नाचते गाते रंगारंग होली में नगरवासी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा सहित प्रतिष्ठित नागरिक युवाओं की टोली बड़ी संख्या में उपस्थित हो एक दूसरे पर गुलाल लगाकर बड़े ही उमंग और उत्साह से होली का पर्व मनाया गया। नगरी नगर की बरसों पुरानी परंपरा को बनाए रखने आपसी प्रेम और भाईचारे के प्रतिक होली के शुभ अवसर पर नगर पंचायत के प्रांगण में प्रति वर्ष होली कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जहां पर नागरिक नगाड़ों के थाप में नाच गाकर रंगों की बरसात के साथ नगरवासी एक साथ मिलकर उत्साहपूर्वक होली मनाते हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने नगर वासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



## निधन

### बाबूलाल धूमकेतु

**जी जामगांव** 16 मार्च। ग्राम जी जामगांव निवासी बाबूलाल धूमकेतु सेवानिवृत शिक्षक का आकस्मिक निधन 13 मार्च को हो गया।



जिसका अंतिम संस्कार 15 मार्च को उनके गृह ग्राम जी जामगांव में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में सामाजिक बंधु, ग्राम के गणमान्य नागरिक, ग्राम वासी शामिल थे। वे हृदय भूषण कहार (व्याख्याता) आशुतोष कहार (शिक्षक) एवं अम्बरीश कहार के पिता थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।

### मदनलाल बाफना

**बालोद,** 16 मार्च। जैन श्री संघ बालोद के एवं प्रतिष्ठित बाफना परिवार के मदनलाल बाफना का 72 वर्ष की आयु में आज निधन हो गया।



वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। बालोद मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बालोद के गणेश प्रसादम के संचालक मूलचंद, गौतम, प्रकाश बाफना के भाई व अरुण बाफना के पिता थे।

### बुधराम साहू

**महासमुंद,** 16 मार्च (देशबन्धु)। स्थानीय शंकर नगर वार्ड नं. 1 भाठापारा खरोरा निवासी बुधराम साहू 80 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया।



वे सब्जी व्यवसायी पोखन साहू, कमल साहू के पिता थे। उनकी अंत्येष्टि ग्राम खरोरा स्थित मुक्ति धाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य जन शामिल हुए।



**जगदलपुर।** होलिका दहन के अवसर पर स्थानीय और राजमहल दंतेश्वरी मदिर के समक्ष होलिका दहन में शहर के युवा एवं किशोर काफी संख्या में उपस्थित हुए। रात्रि लगभग 11ः45 पर पूरे विधि विधान के सथ पूजा अनुष्ठानक के बाद होलिका दहन किया गया। काफी संख्या मे उपस्थित जन समूह राधा कृष्ण और देवी मां की भजनों पर पूरे उत्साह के साथ झूमते नाचते नजर आए। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## कक्षा 5वीं व 8वीं की वार्षिक परीक्षा के लिए गोपनीय सामग्री वितरित



**जगदलपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार और जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के मार्गदर्शन में जिले के अंतर्गत कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा वर्ष 2025 की गोपनीय सामग्रियों का वितरण शनिवार को स्ट्रांग रूम जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर से किया गया। डीईओ श्री बघेल ने इस बारे में बताया कि उक्त दोनों परीक्षाओं की गोपनीय सामग्रिया संकुल प्राचायों के माध्यम से जिले के संबंधित थाना और चौकियों में विशेष वाहन के द्वारा सकुशल जमा करने की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। जिले में 17 मार्च से 5 वीं तथा 18 मार्च से 8 वीं की केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षाएं शुरू होगी। इन दोनों परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस दिशा में केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति सहित दो जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल तथा सात ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ता दल नियुक्त किए गए हैं।

**17 व 18 मार्च से होंगी परीक्षाएं**

## प्रादेशिकी का शेष...

### पेयजल की समस्या को लेकर ...

कारण आज हमने अपनी बात प्रशासन के समक्ष रखा है।

**जल्द करेंगे निवारण : जिपं सीईओ**

नम्रता जैन सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि मेड़वाही के ग्रामीण पेयजल की समस्या को लेकर पहुंचे थे। जल्द ही पीएचई की टीम को भेजकर सर्वे कराकर समस्या का निवारण किया जाएगा।

### प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की उपस्थिति ...

जगदलपुर में भाजपा प्रवेश किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने सभी को गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडेय, जगदलपुर नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, सरगीपाल मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जोशी, पूर्व मंडल जगदलपुर अध्यक्ष राजेंद्र बाजपेयी, आर्येंद्र आर्य सहित वरिष्ठ भाजपाई उपस्थित रहे।

### 20 साल से सक्रिय रहे नक्सली ...

में आ गया हूं। दिनेश ने नक्सली भाई बहनों से अपील की है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़ कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें। अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन समाज के साथ मिलकर करें और शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग दें।

**भटके युवाओं से एसपी की अपील**

एसपी बीजापुर डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि सरकार की पुनर्वास नीति के फायदे, भूमि, घर, नौकरी ने इन्हें आकर्षित किया है। कम्युनिटी पुलिसिंग के दौरान आत्मसमर्पण की अपील कर नक्सल विचारधारा में भटके नक्सलियों को उनके घर वाले भी वापस लाना चाहते हैं। हम सभी नक्सली भाई- बहनों से अपील करते हैं कि उनका बाहरी लोगों की भ्रामक बातों और विचारधारा से बाहर निकलने का समय आ गया है। समाज की मुख्यधारा से जुड़ें और निर्भीक रूप से सामान्य जीवन व्यतीत करें। डॉ. यादव ने बताया कि आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों को 25-25 हजार रूपए की नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

## पतंजलि ने होलिकाउत्सव, वासंती नवसस्येष्टी श्रीयज्ञ कर वैदिक स्वरूप में नृत्य संगीत के साथ मनाया



**जगदलपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। पतंजलि योग परिवार द्वारा होली का पावन पर्व वैदिक नियमानुसार वासंती नवसस्येष्टी श्रीयज्ञ कर होलिकोत्सव शहनाई गार्डन में वैदिक स्वरूप में मनाया, जिसमे नये अनाजों और औषधीय समिधा होलीकाउत्सव की विशेष वैदिक मंत्रों की आहुति दी गई।फिर सबने एक दूसरे को हर्बल गुलाल लगाकर वैदिक अभिवादन कर नित्य संगीत के साथ जमकर होली खेली। पतंजलि होलिकाउत्सव शहनाई गार्डन में आयोजित की । बहनों ने स्वादिष्ट नास्ता और स्वादिष्ट पूरी चावल दाल सभी सलाद, चटनी, भजिया, पापड़ बनाया, बहन मान , बहन कुसुम, बहन चंद्रा,सुनील सरकार,आसमान, ने मिल कर भोजन बनाया । वहीं विवेक ,मनोज शुक्ला,रवींद्र, गजेंद्र, गणेश वैभव भाई आदि ने मिल कर पूरी वयवस्था अति सुंदर रूप में बनाया और भाई विवेक जैन और बाबू ने शॉवर से लेकर सारी व्यवस्था दी अपना स्थान दिया, हम सभी पतंजलि परिवार के सदस्यों ने हवन सहित आनंद उठाया। इस वैदिक होलिकाउत्सव में विशेष रूप से प्रेमांश ने वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ कराया। वहीं डॉक्टर मनोज पाणिग्राही, ॠषि पाणिग्रही, रविंद्र हेम नानी मनोज शुक्ला, मनोज चंद्रा, मान कोराम, प्रीति पाणिग्रही,कुसुम पांडे, सरोज चंद्र,ममता राव,कल्पना बरकस, जितेन्द्र मिश्रा, नीरज चौहान,दीपक वासवानी, किशोर वासवानी,ॠषि यादव, रवि कोटवानी, अक्षय करन,वैभव यादव फूल सिंह साहू, जय गोपाल सरकार, गायत्री बढ़कस,,बबिता पाण्डेय, मुन्नी सिंह, हेमा शर्मा, अंजली मिश्रा, शेफाली सरकार, सुनील सरकार,अरुण त्रिपाठी,गजेंद्र देवांगन गुड्डु पानीग्राही उपस्थित रहे।

## भखारा अंचल में शांतिपूर्ण मना होली पर्व



**भखारा,** 16 मार्च। भखारा सहित अंचल की ग्राम अंवरी, भैंसबोड़, कुम्हारी, पुरेना, जोरातराई, कोलियारी, भखारा-भठेली, सिंगदेही, भेण्डसर, सिर्वे, सेमरा, सिलतरा, सुपेला, नवगांव, थुहा, बगौद, बंगोली, बंजारी, खपरी, कुर्रा सहित आसपास के गांवों में रंगों का महापर्व होली पूरी सादगी के साथ मनाया गया। प्रेम,भाईचारे और सबको एक सूत्र में जोड़ने वाले इस त्योहार का उत्साह हर वर्ग में देखते ही बन रहा था। इस बार लोगों ने पूरे उत्साह व उमंग के साथ इस पर्व की खुशियां बांटी। लोगों ने अपने निवास व चौक-चौराहों में आपस में मुलाकात कर रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशी में रौनकता का रंग भरा तो वहीं कुछ लोग अपने मित्रों,रिश्तेदारों से मेल-मुलाकात कर रंगों के इस महोत्सव में डूबते नजर आए। सुपेला के ग्रामीण भास्कर साहू,समीर साहू ने बताया कि होली पर्व के कुछ दिन पूर्व से ही भखारा सहित अंचल में नगाड़ों की थाप पर फाग गीत गाते हुए लोग पर्व की उमंग में जुटे हुए थे। होली की पूर्व संध्या पर विभिन्न स्थानों पर विधिवत रूप से होलिका दहन होते ही होली पर्व के उत्साह में लोग मगन होने लगे। गांव के विभिन्न चौक-चौराहों में लोग नगाड़े की थाप पर फाग गीत गाते हुए पर्व की मस्ती में डूबे रहे। इसी तरह महिलाओं ने भी पारंपरिक रूप से अपने घरों व आस-पड़ोस में रंग-गुलाल लगाकर सभी को त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में भी प्रेम व्यहार के रंग को बरकरार रखने की बात कही।

# बस्तर पंडूम में दंतेवाड़ा आएंगे गृहमंत्री अमित शाह

**दंतेवाड़ा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। बस्तर की संस्कृति, कला और धरोहर को सहेजने राज्य शासन की ओर से बस्तर पंडूम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत संभागीय स्तरीय आयोजन दंतेवाड़ा में 1, 2 व 3 अप्रैल को होगा। इस मौके पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विशेष रूप से दंतेवाड़ा पहुंच रहे हैं। इसकी तैयारी में प्रशासन जुटा हुआ है।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह आयोजन के उद्घाटन में पहुंचेंगे या समापन में यह अभी तय नहीं हुआ है, फिर भी प्रवास को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। 2023 में भी परिवर्तन यात्रा की शुरूआत करने श्री शाह दंतेवाड़ा आने वाले थे, लेकिन ऐन वक्त पर उनका प्रवास निरस्त हो गया था। उम्मीद की जा रही है कि इस बार श्री शाह दंतेवाड़ा जरूर आयेंगे। मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त बस्तर की परिकल्पना साकार करने की तैयारी हो रही है। बस्तर पंडूम के जरिये यह भी संकल्प जताया जा रहा है कि आतंक और दहशत को छोड़कर बस्तर अपनी पुरानी सांस्कृतिक संदर्भ को फिर से जी रहा है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्णयानुसार जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग की स्थानीय कला एवं संस्कृति, परम्परा को बढ़ावा देने त्रिस्तरीय बस्तर पंडूम 2025 का आयोजन दंतेवाड़ा में होगा। बस्तर की लोककला, शिल्प, तीज-त्यौहार, खानपान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य, व्यंजन पेय पदार्थों के मूल स्वरूप के संरक्षण, संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारी को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से यह आयोजन जनपद, जिला, संभाग स्तर पर किया जाएगा। इस संबंध में बस्तर पंडुम 2025 के अंतर्गत प्रतियोगिता के लिए बस्तर संभाग के सभी 32 जनपद मुख्यालय में 7 विधाओं पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। ग्राम पंचायत स्तर से 7 विधाओं से संबंधित सभी कलाकारों को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु निःशुल्क प्रवेश होगा। आयोजन का स्तर तीन चरण जनपद, जिला एवं संभाग स्तर में विभाजित होगा। इसके अन्तर्गत प्रथम चरण जनपद स्तर प्रतियोगिता



- संभागीय आयोजन दंतेवाड़ा में, सीएम भी आएंगे
- 1 से 3 अप्रैल तक बस्तरिया संस्कृति का बड़ा आयोजन
- जनपद, जिला और संभाग स्तरीय आयोजन में जुटा प्रशासन

12 से 20 मार्च के अंतर्गत आयोजित कराये जाएगें। 7 विधाओं से एक-एक दल, समूह प्रतिभागी का चयन कर प्रत्येक विधाओं के विजेता दल को प्रोत्साहन राशि 10 हजार रूपये दिए जायेगें। इसी प्रकार द्वितीय चरण जिला स्तरीय प्रतियोगिता 21 से 23 मार्च के अंतर्गत आयोजित होंगे, और प्रत्येक विधाओं के विजेता दल को प्रोत्साहन राशि 20 हजार दिए जाएगें। तृतीय चरण संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दंतेवाड़ा में होगा। संभाग स्तरीय आयोजन 1, 2 एवं 3 अप्रैल तक होगा। इस संभाग स्तरीय आयोजन के 49 प्रतिभागी जिला स्तरीय विजेता दलों को राशि रु. 10,000 यात्रा व्यय एवं 7 विधाओं के विजेता 7 दलों को प्रथम पुरस्कार राशि रू 50 हजार, द्वितीय पुरस्कार राशि रू 30 हजार, तृतीय पुरस्कार राशि रू. 20 हजार तथा शेष प्रतिभागी 28 दलों को रू. 10 हजार प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

बस्तर पंडुम 2025 के अन्तर्गत प्रतियोगिताओं की जो विधाएं शामिल की गई हैं, उनमें जनजातीय नृत्यों के तहत गेड़ी, गौर-माड़िया, ककसार, मांदरी, दण्डामी, एबालतोर, दोरला, पेंडुल, हुलकीपाटा, परब, घोटुलपाटा, कोलांगपाटा, डंडारी, देवकोलाग, पूसकोलांग, कोकरेंग लोक गीत श्रृंखला के तहत त्र जनजातीय गीत-घोटुल पाटा, लिंगोपेन, चैतपरब, रिलो, लेजा, कोटनी, गोपल्ला, जगारगीत, धनकुल, मरमपाटा, हुलकीपाटा (रीति रिवाज, तीज त्यौहार, विवाह पद्धति एवं नामकरण संस्कार आदि) जनजातीय नाट्य श्रेणी में माओपाटा, भतरा नाट्य जिन्हें लय एवं ताल, संगीत कला, वाद्य यंत्र, वेषभूषा, मौलिकता, लोकधुन, वाद्ययंत्र, पारंपरिकता, अभिनय, विषयवस्तु, पटकथा, संवाद, कथानक के मानकों के आधार पर मूल्याकंन किया जाएगा। इसके अलावा जनजातीय वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन के तहत धनकुल, ढोल, चिटकुल, तोडी, अकुम, बावासी, तिरडुड्डी, झाब, मांदर, मृदंग, बिरिया ढोल, सारंगी, गुदुम, मोहरी, सुलुङ मुडाबाजा, चिकारा शामिल रहेगें, जिन्हें संयोजन, पारंगता, प्रकार, प्राचीनता के आधार पर अंक दिए जाएगें।

# देवी-देवताओं की विदाई में पहुंचे विधायक चैतराम



**दंतेवाड़ा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। फागुन मंडई में आमंत्रित देवी-देवताओं की सम्मान पूर्वक विदाई हुई। इस बार आन्ध्रप्रदेश, उड़ीसा, बस्तर और दंतेवाड़ा जिले से लगभग 991 देवी-देवताओं के विग्रह फागुन मंडई में शामिल होने पहुंचे थे। मंडई की अंतिम रस्म रंग भंग व पादुका पूजन के बाद शनिवार को इन देवी-देवताओं की विदाई हुई। दंतेश्वरी मंदिर परिसर में विधायक चैतराम अटामी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य तुलिका कर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, सदस्य कमला नाग, जनपद सदस्य रामू नेताम, भाजपा महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह व अन्य लोगों ने देवी-देवताओं के विग्रह के साथ पहुंचे पुजारियों को भेंट देकर विदा किया। इस दौरान मंदिर के प्रधान पुजारी हरेन्द्र नाथ जिया विशेष रूप से मौजूद थे। देवी-देवताओं की विदाई के साथ ही फागुन मंडई का समापन हो गया।

**फागुन मंडई में शामिल हुए थे 991 देवी-देवताओं के विग्रह**

## देवी-देवताओं के साथ नगर परिक्रमा

**बस्तर राजा कमलचंद व विधायक चैतराम भी शामिल**



**दंतेवाड़ा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। विधायक चैतराम अटामी प्रसिद्ध फागुन मंडई (मेला) में शामिल हुए। विभिन्न क्षेत्र से आमंत्रित देवी देवताओं का दर्शन कर क्षेत्र की सुख एवं समृद्धि की कामना करते हुए नगर परिक्रमा में शामिल हुए। इस फागुन मंडई में बस्तर महाराजा कमलचन्द्र भंजदेव सहित समस्त पुजारी, बारह लँकवार, माँझी, चालकी, पटेल, पडियार, तुड़पा, राऊत, भण्डारी, फुलवारी, सेवादार, टेम्पल समिति के सदस्य, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे। विधायक चैतराम अटामी ने क्षेत्र की जनता को फागुन मंडई वर्ष 2025, पारंपरिक मेला व रंगो के पर्व होली की शुभकामनाएं एवं बधाई भी दी।

## कलेक्टर मयंक के प्रयास ने क्षीर सागर में फूंकी जान

**दंतेवाड़ा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण श्वेत क्रांति योजना के तहत क्षीर सागर दुग्ध सहकारी समिति दंतेवाड़ा की स्थापना की गई थी, जो अपने प्रारंभिक 8 वर्षों तक अपने नेक नियत के चलते सुर्खियों में थी।

मगर इस संस्था को पशु विभाग के भ्रष्ट डीडी के चलते जब ग्रहण लगा जब उसने अपने स्वार्थ के चलते योग्य संचालक के हाथो से क्षीर सागर को छीन कर अपने चहते को संचालन सोपा। हालत ऐसी निर्मित हुई कि 3 वर्षों में ही संस्था ने किसानों के लगभग 35 लाख के दूध का भुगतान नहीं दिया, साथ ही संस्था के बिजली बिल का लगभग 8 लाख का भुगतान भी नहीं किया। संस्थान में स्थापित करोड़ो की मशीने 3 साल में कबाड़ में तब्दील हो गई। जिले के गौपालक किसानों के लाखों के भुगतान को लेकर जिला प्रशासन के सामने विरोध के तीखे स्वर उठने लगे। लाखो के भुगतान न होने के चलते गौ पालक किसानों के सामने अपने पशुओं के भरण पोषण की समस्या खड़ी हो गई थी। ऐसी गंभीर परिस्थितियों से किसानों ने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को अवगत कराया। कलेक्टर ने किसानों की समस्या की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन संचालक को हटाते हुए नई समिति का चयन कराते हुवे पुनः क्षीर सागर को मजबूती प्रदान करने हेतु सभी प्रयास किया।



**देश का पहला केन्द्र जो 55 रुपए में किसानों से खरीद रहा दुध**

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी के सार्थक प्रयास के चलते ही आज संचालक मंडल किसानों को देश के अन्य सहकारी केंद्रों की अपेक्षा दूध का सर्वाधिक दाम पर दूध क्रय करते हुए एक विश्वास पैदा किया, जिसके चलते गौ पालन के क्षैत्र मे किसानों की रुचि में इजाफा होता आज दिख रहा है। साथ ही दंतेवाड़ा जिले के गौ पालक किसानों के आर्थिक मजबूती को बल मिल रहा है। समिति के द्वारा नये दर से दूध के किये जा रहे भुगतान से किसानों के चेहरे पर खुशी देख रही है।

## दंतेश्वरी मंदिर में विशेष रंग से होली

**भक्तों ने मांई जी की पूजा-अर्चना कर मनाया रंगोत्सव**



**दंतेवाड़ा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। रंगों का पर्व होली दंतेवाड़ा में भी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान दंतेश्वरी मंदिर में पलाश के फूल और टेसु से बने विशेष रंग से होली खेली गई। माई दंतेश्वरी को पहला होली का टीका लगा फिर सबने एक-दूसरे को रंग लगाया। यहां होली माई दंतेश्वरी की विशेष आराधना से जुड़ा हुआ है। फागुन मंडई की रस्म में देवी-देवताओं के विग्रह शामिल हुए। हर दिन दंतेश्वरी मंदिर से लेकर नारायण मंदिर तक पालकी भी निकाली गई। इसके अलावा शहर में भी होली धूमधाम से मनायी गई। खासकर सुरभि कालोनी में कालोनी वासियों ने धूमधाम से यह पर्व मनाया।

### सार-संक्षेप

#### मर्दापाल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बनेंगे सर्जन डॉ. राज बघेल

**कोण्डागांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्दापाल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज बघेल ने नीट पीजी की परीक्षा में सफलता अर्जित कर एमएस जनरल सर्जरी का सीट



पंडित जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रायपुर से प्राप्त किया। यह सफलता कोंडागांव जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्दापाल में मरीजों की निरन्तर सेवा देते हुए प्राप्त किया। साथ ही प्रभारी के रूप में मर्दापाल क्षेत्र के स्वास्थय विभाग को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपनी सफलता का श्रेय पिता ईमल सिंह बघेल, माता काशन्तीन बघेल, परिवार, अध्यापकों मित्रों एवं मर्दापाल क्षेत्र के समस्त स्टॉफ को देना चाहते हैं।

#### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन 31 तक

**कोण्डागांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार भारत सरकार प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना 2025 युवा उम्मीदवारों के लिए बहुमूल्य कार्य अनुभव प्राप्त करने का एक अवसर है, जिसके के तहत् भारत सरकार के कार्पोरेट कार्य मंत्रालय की वेबसाईट पर 31 मार्च 2025 तक आवेदन किया जा सकता है। आवेदक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 24 वर्ष निर्धारित है, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा या स्नातक है। उम्मीदवार किसी भी पूर्णकालिक रोजगार या शैक्षिक कार्यक्रम में शामिल नहीं होना चाहिए एवं उसके पारिवारिक की आय वित्तीय वर्ष 2024-25 में 8 लाख से कम होनी चाहिए और उसके परिवार का कोई भी सदस्य स्थायी सरकारी पद पर नहीं होना चाहिए। पशिक्षु अवधि 12 माह एवं स्टाइपेंड 5 हजार रुपए प्रति माह देय होगा। आवेदक अपना पंजीयन इंटरनेट के माध्यम से स्वंय कर सकते है या किसी इंटरनेट कैफे, सी.एस.सी., इंस्टीट्यूट के माध्यम से करवा सकते है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालयीन समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र एवं मॉडल करियर सेण्टर कोण्डागांव से सम्पर्क कर सकते है।

## कैलाशनगर में धूमधाम के साथ होलिका दहन

**दंतेवाड़ा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। बुराई पर अच्छाई की जीत एवं अनेकता में एकता को दर्शाता प्रेम, सदभाव एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक का पर्व होलिका दहन कैलाश नगर में धुमधाम के साथ मनाया गया। पर्व के खास मौके पर नगर के वार्ड नंबर 15 में पहली बार होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसे लेकर वार्डवासियों में खासा उसाह देखा गया।



होलिका दहन पर्व के मद्देनजर कैलाशनगर के रहवासियों ने उक्त स्थल की साफ सफाई पूर्व में ही करवा लिया था। होलिका दहन कार्यक्रम में शामिल होने एवं कार्यक्रम को देखने बड़ी संख्या में केवल कैलाशनगर वार्ड के रहवासी ही नहीं बल्कि अन्य वार्डों के लोग भी पहली बार आयोजित हो रहे होलिका दहन के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। रात्रि 11.30 बजे शुभ मुहूर्त के शुरू होते ही पंडित विजय पाणीग्राही ने मन्त्रोचार आरंभ किया जिसके बाद महिलाओं ने एवं अन्य भक्तगणो ने धूप, दीप, नैवेद्य जलाकर होलिका की पूजा की और जैसे ही होलिका जली उसके चारों ओर परिक्रमा कर लोगों ने अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना करते धुमधाम के साथ होलिका दहन पूजन किया। होलिका दहन पूजन उपरांत सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद सभी लोगों ने एक दूसरे पर सूखा रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

- बड़ी संख्या में शमिल हुए वार्डवासी
- पार्षद राजा शर्मा ने वार्डवासियों को दी शुभकामनाएं

कार्यक्रम में शामिल होने नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद पंकज राजा शर्मा भी उपस्थित हुए थे। श्री शर्मा ने भी इस अवसर पर सभी वार्डवासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनांए दी। होलिका दहन पश्चात देर रात तक युवा होली रिमिक्स गाने पर नाचते थिरकते होली की मस्ती में सराबोर होते रहे। कार्यक्रम की तैयारी में सबसे ज्यादा मेहनत वार्ड के युवा गुड्डा नाग ने की उनके अथक प्रयास एवं मेहनत के चलते ही कैलाशनगर में पहली बार इतने भव्य होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन संभव हो पाया। इसके लिए सभी वार्डवासियों ने गुडडा नाग की भूरि-भूरि प्रशंसा भी की।

## पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक

**ससम्मान वितरित किया गया, मोमेंटो, पीला गमछा व प्रशस्ति पत्र**

**कोण्डागांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। 11 मार्च 2025 को छग पेंशनधारी कल्याण संघ 1881 जिला शाखा कोंडागांव पेंशनर भवन में बैठक आयोजित हुई बैठक में पेंशनरों की लंबित 3 प्रतिषत डीआरए तथा पेंशनरों के हित में बाधित धारा 49/6 के साथ ही साथ अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई तथा बीजापुर में आयोजित 17 दिसंबर 2024 को पेंशनर डे में छत्तीसगढ़ के संपूर्ण जिलों से भाग लेने आए पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा छग पेंशनधारी कल्याण संघ 1881 के प्रांताध्यक्ष डॉ.डी.पी.मनहर तथा प्रांतीय महामंत्री रतनलाल केवर्थ्य एवं अन्य सभी प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में पेंशनर डे सम्मान समारोह के आयोजक जिला शाखा बीजापुर पेंशनरों के हितैषी कर्मठ, सदैव ही पेंशनरों के हित में काम करने वाले अध्यक्ष तथा प्रांतीय उपाध्यक्ष डी.एस.राम के द्वारा मोमेंटो, पीला गमछा तथा प्रशस्ति पत्र संबंधित उपस्थितों को सम्मानपूर्वक प्रदाय किया गया।



उपरोक्त समारोह में सम्मानपूर्वक प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर सभी ने उन्हें तथा बीजापुर के समस्त पेंशनरों को तहेदिल से धन्यवाद ज्ञापित किया।

छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोंडागांव के अध्यक्ष प्रज्ञा पुत्र वैद्य कवि ईंजी. एस.पी.विश्वकर्मा सृजेता ने बैठक के अंत में सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त करने के साथ छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिंदाबाद जिंदाबाद, पेंशनर्स चट्टानी एकता जिंदाबाद जिंदाबाद, हम सब एक हैं'' के जय घोष के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की।

## प्रा. शा. जोन्दरपदर में हर्बल रंग गुलाल से आयोजित किया रंगोत्सव

**जल संरक्षण का संदेश दिया**



**कोण्डागांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। प्राथमिक शाला जोन्दरपदर में आयोजित रंगोत्सव के दौरान बच्चों ने हर्बल रंग गुलाल से होली खेलकर जल संरक्षण का संदेश दिया वहीं बच्चों ने जल संरक्षण के महत्व के बारे में भी जाना। कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में होली पर्व के पावन अवसर पर शनिवार बैग लेस डे को रंग उत्सव का आयोजन किया। जहाँ बच्चों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर इस त्यौहार का आनंद लिया। बच्चों ने होली से सम्बंधित गीत, नृत्य व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने होली के पौराणिक महत्व, इतिहास व बुराई पर अच्छाई की जीत की कहानी के बारे में बताया। साथ ही बच्चों ग्रीष्म ऋृतु में बढ़ रहे जल संकट से बचने प्राकृतिक जल स्त्रोतों, तालाब, नदियों आदि के संरक्षण के महत्व के बारे में भी समझाया गया। बच्चों को आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु शुभकामनाएं भी दी।

## बस्तर पंडुम का विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता आज से

**कोण्डागांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार द्वारा बस्तर की विशिष्ट जनजातीय कला एवं संस्कृति को पुनर्जीवित करने तथा समुचित सम्मान दिलाने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिले में ''बस्तर पण्डुम'' का शुभारंभ 17 मार्च से विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम के साथ हो रहा है। जनपद पंचायत कोंडागांव में विकास खंड स्तरीय कार्यक्रम 17 मार्च से स्थानीय आडिटोरियम में सुबह 10.30 शुरू होगा, जिसमें जनजातीय नृत्य, जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषण का प्रदर्शन किया जाएगा। इसी प्रकार 18 मार्च 2025 को जनजातीय गीत, जनजातीय वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन और 19 मार्च को जनजातीय नाट्य, जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला का प्रदर्शन, जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का प्रदर्शन होगा। जनपद पंचायत माकड़ी में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 17 मार्च से मंडी प्रांगण में होगा।




उल्लेखनीय है कि मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर संभाग की समृद्ध लोककला, रीति-रिवाज, पारंपरिक जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत को संजोने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यह महोत्सव न केवल बस्तर के प्रतिभाशाली कलाकारों को एक मंच प्रदाय करेगा, बल्कि उनकी कला को नई पहचान भी मिलेगी। बस्तर पंडुम का आयोजन ब्लॉक, जिला और संभाग स्तर पर किया जाएगा जिसमें जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य सहित जनजातीय वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन, जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषण का प्रदर्शन, जनजातीय कला एवं गोदना का प्रदर्शन तथा जनजातीय व्यंजन एवं पेय पदार्थों का प्रदर्शन विधाओं को शामिल किया गया है।

## हरवेल का पारंपरिक वार्षिक मेला 22 को

**कोण्डागांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के विकास खंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल में 12 मार्च बुधवार को मेला परिसर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया और सर्व सम्मति से इस वर्ष 22 मार्च को पारम्परिक वार्षिक मेला के आयोजन करने का निर्णय लिया गया। सर्व सम्मति से मेले में 10 गांवों के देवी-देवताओं को आमंत्रित किया जाएगा। इस बार मार्च के अंतिम में होने वाले हरवेल मेले में भारी भीड़ इकट्ठा होने की उम्मीद जताई जा रहे ही। इस मौके पर मेला आयोजन समिति हेतु पदाधिकारियों का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष पनकुराम मरकाम, उपाध्यक्ष केशव मंडावी, सचिव मानसाय मंडावी, सह सचिव सहादेव नेताम, कोषाध्यक्ष बिरेंद्र मंडावी, सह कोषाध्यक्ष धनसाय मंडावी, सरपंच महेश नेताम, उप सरपंच ललिता घड़वा मंडावी, बलराम मंडावी, माता पुजारी रामलाल मंडावी, गायता मंगतर मंडावी, पटेल लच्छिमनाथ मंडावी, हेमलाल मंडावी, हीरामन नेताम, समरत मरकाम, को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित




**चारामा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान सामूदाय आधारित संवहनिय कृषि सखी का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण जनपद पंचायत चारामा के मुख्य कार्य पालन अधिकारी जी ,एस, कंवर के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें कल्पना महिला क्लस्टर संगठन आंवरी, संगम महिला क्लस्टर संगठन हल्बा , पहचान महिला क्लस्टर संगठन ग्राम पुरी, सागर महिला क्लस्टर संगठन लखनपुरी, से कुल 95 कृषि मित्र का दो बेंचों में प्रशिक्षण दिया गया जिसका सेन्टर जीआरसी चारामा में एवं क्लस्टर मुख्यालय झिपाटोला में किया गया। पूरे प्रशिक्षण अवधी मे बीपीएम संबंधित क्षेत्रीय संवयक एवं पी आर पी उपस्थित रहे।

कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

पप्पू- क्या तुमको पता है कि मंदिर में पुरुष ही पुजारी क्यों होते है।
चप्पू- नहीं यार तुम ही बता दो।
गप्पू- मुझे पता है मैं बताता हूं।
गप्पू- ताकि, लोग सिर्फ भगवान पर ध्यान दे सकें।

संपादकीय

## निर्दोष नागरिकों की पिटाई गैरकानूनी

*राजधानी रायपुर में एक युवक की पुलिस द्वारा पिटाई का वीडियो पूरे देश में वायरल हो रहा है जिसने प्रदेश को एक बार फिर से शर्मसार कर दिया है। देश के अनेक राज्यों में पुलिस का बेहद अमानवीय चेहरा इन दिनों सामने आ रहा है। विभिन्न अवसरों पर देखा जाता है कि वहां पुलिसकर्मी लोगों की अंधाधुंध पिटाई करती है या उनके घरों से घसीटकर या अपमानित कर निकालती है। एक-एक कर या समूह में लोगों की होती पिटाई दिल को दहला देने वाली होती है परन्तु यह दुर्भाग्यजनक है कि विभिन्न कारणों से बहुत से लोग नागरिकों की पिटाई से खुश होते हैं। इसके पीछे वर्तमान सियासत और धार्मिक-साम्प्रदायिक भावनाएं तो हैं ही, समाज एक तरह से क्रूर होता जा रहा है। नागरिकों को इस तरह पुलिस वालों के कृत्यों को स्वीकार नहीं करना चाहिये क्योंकि इसकी चपेट में कोई भी कभी भी आ सकता है।*

*यह खतरनाक प्रवृत्ति छत्तीसगढ़ में भी देखने को मिल रही है। बुधवार की रात सड्डू के सेक्टर 8 में रहने वाला एक युवक गोपाल दास डहरिया विज्ञान केन्द्र के पास अपने भाई की चाय की दूकान पर खड़ा था। तभी मोवा थाने के कुछ पुलिस वाले वहां पहुंचे। उनकी गोपाल दास से कुछ कहा-सुनी हो गयी। तभी मनीष साहू नामक कांस्टेबल ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। जब इसका कारण पूछा गया तो पुलिस वालों ने उसे थाने चलने को कहा। मना करने पर डंडे से पिटाई करने लगे। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। सम्भव है कि होली के अवसर पर असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के चक्कर में पुलिसकर्मी उससे पूछताछ कर रहे हैं परन्तु उन्हें देखना चाहिये कि वे जिसे थाने ले जाना चाहते हैं उसकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि है या उसने कोई अपराध किया है क्या। वैसे इस प्रकार मार-पीट करने का अधिकार पुलिस वालों को नहीं मिला है। उन्हें जो भी करना हो वह कानून के दायरे में रहकर ही करना होता है।*

*याद हो कि कोरोना काल में रायपुर के एक बाहरी इलाके में अपनी मां के साथ आ रहे एक युवक की स्थानीय थाने के पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा बेरहमी से पिटाई किये जाने पर तत्कालीन सरकार ने उक्त पुलिस अधिकारी के खिलाफ न केवल कार्रवाई की थी वरन यह आदेश भी जारी किया था कि ऐसे पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ मार-पीट का अपराध दर्ज होगा। यह देखा जाना चाहिये कि वह आदेश अभी भी अस्तित्व में है या नहीं। वैसे वह न हो तो भी प्रशासन को चाहिये कि इस मामले की कड़ाई से जांच करे। पुलिस द्वारा किसी स्थान पर खड़े निर्दोष नागरिक की पिटाई उसके संवैधानिक अधिकारों और निजी स्वतंत्रता पर हमला है। साथ ही, पुलिस को हिदायत मिलनी चाहिये कि वह नागरिकों को बिलकुल प्रताड़ित न करे।*

# नहीं उतरी होली की खुमारी बाजार सूने, घरो में दुबके रहे लोग

## शांतिपूर्वक मनाया गया होली-रमजान का पर्व





**रायपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। होलिका दहन 13 मार्च गुरुवार को होने के कारण 12 मार्च तक बाजारों में रौनक रही। लोग घरेलू सामानों के साथ पर्व के लिए आवश्यक पूजन सामग्रियों के साथ ही रंग-गुलाल, मिष्ठान आदि खरीदते नजर आए। वहीं आगामी 14 मार्च को रंगोत्सव के कारण जहां बाजार वीरान रहे वहीं 15 एवं 16 मार्च को भी बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। लोगों ने इस बीच जमकर रंग पर्व का लुफ्तउठाया और एक-दूसरे को बधाईयां देते हुए उत्साहपूर्वक रंग पर्व मनाया। रंग पर्व के उत्साह के बाद से बाजारों में वीरानी छाई हुई है। लोग घरों में रहकर ही पर्व का आनंद परिवार संग मना रहे है। आगामी 2-3 दिनों बाद ही बाजार के साथ दफ्तरों में रौनक लौटने की संभावना है।

सप्ताह के मध्य में और माह के दूसरे सप्ताह में होली पड़ने से इस वर्ष लोगों ने जमकर होली का आनंद उठाया। श्रमिक वर्ग से लेकर मध्यम वर्ग के लोगों के लिए यह समय उचित रहा। लोगों को जहां वेतन मिला वहीं महतारी वंदन की राशि और त्यहारी उपहार मिलने से इसका मजा दुगुना हो गया। और लोगों ने जमकर खरीददारी कर पर्व का आनंद उठाया बेहतर पुलिसिंग के कारण इस बार कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ के साथ रायपुर में भी शांतिपूर्ण ढंग से होली का पर्व मनाया गया।



रमजान और होलिका दहन के साथ रंग पर्व एक ही दिन पड़ने के बाद भी इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। हिन्दू और मुस्लिम भाईयों ने आपसी भाईचारे ओर सामंजस्य के साथ अपनी अपनी परंपरा निभाई। वहीं पुलिस की इस दौरान मुस्तैद रही। साथ ही गाड़ी के काफिलों के साथ फ्लैग मार्च निकाल कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं संवेदनशील स्थानो पर गश्त के साथ पुलिस बल की मुस्तैदी से तैनाती ने पर्व को शांतिपूर्वक निपटाने में अहम भूमिका निभाई।

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग

# टीम इंडिया बनी चैम्पियन

## फाइनल मुकाबले में वेस्ट इंडिज को 6 विकेट से रौंदा, रायुडु ने खेली 74 रनों की तूफानी पारी

**रायपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। सचिन तेंदुलकर की कप्तानी में इंडिया मास्टर्स ने इतिहास रच दिया। इंडिया मास्टर्स ने फाइनल में वेस्टइंडीज को हराकर इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 का खिताब जीत लिया।

इंडिया मास्टर्स ने रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में ब्रायन लारा की टीम वेस्टइंडीज मास्टर्स को 6 विकेट से रौंदा। इंडिया मास्टर्स की इस जीत में सलामी बल्लेबाज अंबाति रायडू का अहम योगदान रहा, जिन्होंने शानदार अर्धशतक जड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज मास्टर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 148 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज के लिए लेंडल सिमंस ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। वहीं, ड्वेन स्मिथ ने 45 रनों की पारी खेली। भारत की ओर से गेंदबाजी में विनय कुमार ने कमाल किया। उन्होंने 3 विकेट अपने नाम किए। वहीं, अंबाति रायडू ने 50 गेंदों पर 74 रनों की पारी खेली।





वेस्टइंडीज के 148 रनों का पीछा करने उतरी इंडिया मास्टर्स की सलामी जोड़ी ने धमाकेदार अंदाज में आगाज किया। सचिन तेंदुलकर और अंबाति रायडू की सलामी जोड़ी ने मिलकर पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़े। सचिन 25 रन बनाकर 8वें ओवर में आउट हुए। इस दौरान अंबाति रायडू एक छोर पर डटे रहे और अर्धशतक पूरा करने में कामयाब रहे। इसके कुछ देर बाद गुरकीरत सिंह मान भी 14 रन बनाकर चलते बने। गुरकीरत के आउट होने के बाद युवराज सिंह की मैदान पर एंट्री हुई। रायडू और युवराज टीम का स्कोर 14 ओवर में 124 रन तक ले गए, लेकिन अगले ही ओवर में रायडू बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में कैच दे बैठे। इसके तुरंत बाद ही युसूफ पठान 3 गेंद खेलकर डक पर पवेलियन लौट गए। यहां से मैच थोड़ा रोमांचक हो गया लेकिन युवराज ने एक छोर संभाले रखा और स्टुअर्ट बिन्नी के साथ मिलकर 18वें ओवर में टीम को जीत दिला दी।

गौरतलब है कि इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का आयोजन पहली बार हुआ था, जिसमें इंडिया मास्टर्स, इंग्लैंड मास्टर्स, ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स, साउथ अफ्रीका मास्टर्स, श्रीलंका मास्टर्स और वेस्टइंडीज मास्टर्स ने हिस्सा लिया था। इंडिया मास्टर्स की कमान सचिन तेंदुलकर के हाथों में थी। सचिन की कप्तानी में इंडिया मास्टर्स ने पहले ही सीजन खिताब जीतकर इतिहास रच दिया।

इंडिया मास्टर्स ने इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 की प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर फिनिश किया था। सचिन की टीम ने कुल 5 मुकाबले खेले थे, जिसमें से चार में जीत हासिल की थी और सिर्फ एक मैच में हार मिली थी। इसके बाद सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स को हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया। खिताबी मुकाबले में इंडिया मास्टर्स ने वेस्टइंडीज को धूल चटाते हुए ह्लस्र्के पहले संस्करण का खिताब अपने नाम कर लिया।

## कर्नाटक में सरकारी ठेकों में धर्म आधारित आरक्षण पर साय ने जताई कड़ी आपत्ति

### सीएम ने तुष्टिकरण की पराकाष्ठा करार दिया



**रायपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने शासकीय ठेकों में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का फैसला लिया है, जिसकी कड़ी आलोचना करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे भारतीय संविधान की मूल भावना के विरुद्ध और तुष्टीकरण की पराकाष्ठा करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां भी सत्ता में आती है, संविधान की मूल आत्मा का गला घोंटने का प्रयास करती है।

मुख्यमंत्री साय ने इस फैसले को समाज में वैमनस्य फैलाने वाला कांग्रेस का सोचा-समझा षड्यंत्र बताया। उन्होंने कहा कि अदालतें पहले भी धर्म आधारित आरक्षण को असंवैधानिक करार दे चुकी है इसलिए यह फैसला भी न्यायिक समीक्षा में नहीं टिक पाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस यह जानते हुए भी सिर्फ वोटबैंक की राजनीति के लिए वंचित वर्गों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ कर रही है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से कहा है कि वे इस असंवैधानिक फैसले को तुरंत वापस लेने के लिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को निर्देश दें। उन्होंने कहा कि यह आदिवासियों, दलितों और वंचित समाज के साथ अन्याय है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे पर निशाना साधते हुए कहा कि खरगे जी खुद वंचित समाज से आते हैं, फिर भी सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बहकावे में आकर अपने ही समाज के खिलाफ साजिश का हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, च्चेत जाइए खरगे जी, इतिहास आपको माफ नहीं करेगा।

# प्रदेश में गर्मी का प्रकोप, अभी से लू जैसे हालात, पारा 40 डिग्री के पार

- राजधानी रायपुर में आज भी 40 डिग्री रहेगा पारा, सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा





रायपुर, 16 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में मार्च महीने में ही लू जैसे हालात बनने लगे हैं। राजधानी रायपुर का तापमान शुक्रवार को 40 डिग्री के करीब पहुंच गया। वहीं, प्रदेश की संस्कारधानी के रूप में जाने जाना वाला शहर राजनांदगांव सबसे गर्म रहा है। राजनांदगांव का तापमान 40 ।5 डिग्री दर्ज किया गया। इसके साथ ही न्यायधानी बिलासपुर और राजधानी रायपुर में भी लू जैसे हालात हैं।

छत्तीसगढ़ में सामान्यता अप्रैल महीने में 40 डिग्री टेम्परेचर पहुंचता है, लेकिन इस साल अभी मार्च आधा ही गुजरा है, लेकिन तापमान 40 डिग्री को पार कर चुका है। बिलासपुर और रायपुर में भी शुक्रवार को लू जैसे हालात रहे। यहां भी तापमान 40 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 दिनों में दिन के तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है। प्रदेश में तापमान बढ़ने की वजह खुला आसमान बताया जा रहा है। इसकी वजह से सूरज की किरणें सीधे धरती पर पड़ रही हैं, इसलिय टेम्परेचर बढ़ा है।

**राजधानी रायपुर में आज भी 40 डिग्री रहेगा पारा**

रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा और बस्तर संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा पहुंच गया है। राजधानी रायपुर में शनिवार को भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आस-पास रहने की संभावना है। इससे पहले रायपुर में शुक्रवार को पारा 40 डिग्री के करीब यानी 39.8 डिग्री पहुंच गया था, जोकि नॉर्मल तापमान से 5.1 डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान भी यहां 24.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो औसत से 3.7 डिग्री ज्यादा था।

**सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा**

वहीं, न्यायधानी बिलासपुर भी काफी गर्म रहा। यहां शुक्रवार को पारा 40.1 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा है। वहीं, शहर में न्यूनतम तापमान 20.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.6 डिग्री ज्यादा रहा। गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही में दिन का पारा 38.3 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, रात का तापमान 19.2 डिग्री रहा। वहीं, बस्तर का तापमान 38 डिग्री दर्ज किया गया।

**तापमान पर एक नजर में**

| शहर | तापमान |
|---|---|
| रायपुर | 39.8 डिग्री |
| राजनांदगांव | 40.5 डिग्री |
| बिलासपुर | 40.1 डिग्री |
| गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 38.3 डिग्री |
| बस्तर | 38 डिग्री |

# मुख्यमंत्री साय कन्नौजिया सोनार महापरिवार के प्रतिभा सम्मान समारोह में हुए शामिल



**रायपुर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर विकासखंड के श्याम पैलेस में आयोजित राष्ट्रीय कन्नौजिया सोनार महापरिवार जशपुर मंडल के प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने समाज को सामाजिक भवन के निर्माण के लिए 25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले, आईआईटी और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सफलता पाने वाले होनहार छात्रों को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**सोनार समाज के सामाजिक कार्यों की सराहना**

मुख्यमंत्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि सोनार समाज सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर, निर्धन बेटियों के विवाह, रक्तदान शिविर और वृक्षारोपण जैसे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के ये प्रयास दूसरों के लिए भी प्रेरणादायक हैं और इससे पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

**शिक्षा को बताया सबसे बड़ा हथियार कमजोर परिवारों की मदद का आह्वान**

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन को नई दिशा देती है और उसके रहन-सहन को संवारती है। उन्होंने सोनार समाज से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाएं और कमजोर परिवारों के बच्चों को भी पढ़ाई में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है, जिससे न केवल व्यक्ति का भविष्य उज्ज्वल होता है, बल्कि पूरे समाज की प्रगति सुनिश्चित होती है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि उनकी सरकार को बने 15 महीने हो चुके हैं, और इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, कृष्णा राय, डॉ. राम प्रताप सिंह, विजय आदित्य सिंह जूदेव, सोनार समाज के जिला अध्यक्ष विकास सोनी सहित बड़ी संख्या में सोनार समाज के लोग उपस्थित थे।

# रविवि कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में होली मिलन समारोह

**रायपुर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डा दिलीप धृतलहरे और सचिव संदीप खर्गवंशी ने बताया कि होली की पूर्व संध्या पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यालय के सामने विवेकानंद गार्डन में वि वि परिवार के समस्त सम्माननीय शिक्षकगण, कर्मचारी गण अधिकारी गण,सेवानिवृत्त कर्मचारीगण दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी गण, संविदा कर्मचारीगण एवं सुरक्षा और सफाई कर्मचारीयों के साथ होली मिलन के इस सौहाद्र पूर्ण वातावरण में पूरे विश्वविद्यालय परिवार के साथ आज दिनांक 13-3-2025 को विवेकानंद गार्डन में होली मिलन कार्यक्रम में डा शैलेंद्र पटेल कुलसचिव , वित्त नियंत्रक अखिलेश्वर तँवर जी उप कुलसचिवगण में अनिमेश देवांगन, सनत कुमार वर्मा, नरेंद्र वर्मा और सहायक कुलसचिव खेमन सिंह कश्यप जी के साथ साथ छतीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र और सचिव तीर्थ राम यादव जी के साथ साथ वि वि के समस्त सम्माननीय कर्मचारी संघ के समस्त पदाधिकारीगण और अपने पूरे साथियों की उपस्थिति में चार चाँद लगने से होली का यह रंग दुगुना समरसता लिए सौहाद्र पूर्ण वातावरण में मनाया गया महिला और पुरुष दोनों के लिए अलग अलग पंडाल लगाए गए जिस से सभी कर्मचारी गण होली मिलन का यह पर्व भाई चारा और आपसी प्रेम भाव से युक्त होकर बिना मन मुटाव के और बिना किसी के भेद ×भाव के साथ मनाया गया।

उक्त होली मिलन कार्यक्रम में ओजस्वनि सोनवानी, प्रविना यादव, अनिता अनंत, नूतन साहू, प्रियंका ध्रुव कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव प्रदीप कुमार मिश्र और सेवानिवृत कर्मचारीयों में गोरा चंद बघेल , प्रकाश ठाकुर, सुरेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

### किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत का नागरिक अभिनन्दन कल बेलटुकरी में

**राजिम**, 16 मार्च। राकेश टिकैत चार दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे इस दौरान गरियाबंद जिला के ग्राम बेलटुकरी (राजिम) के ग्रामीणों द्वारा राकेश टिकैत का नागरिक अभिनन्दन किया जायेगा।

## निधन

### बाबूलाल धूमकेतु

**जी जामगांव** 16 मार्च। ग्राम जी जामगांव निवासी बाबूलाल धूमकेतु सेवानिवृत शिक्षक का आकस्मिक निधन 13 मार्च को हो गया।



जिसका अंतिम संस्कार 15 मार्च को उनके गृह ग्राम जी जामगांव में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में सामाजिक बंधु, ग्राम के गणमान्य नागरिक, ग्राम वासी शामिल थे। वे हृदय भूषण कहार (व्याख्याता) आशुतोष कहार (शिक्षक) एवं अम्बरीश कहार के पिता थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।

### मदनलाल बाफना

**बालोद**, 16 मार्च। जैन श्री संघ बालोद के एवं प्रतिष्ठित बाफना परिवार के मदनलाल बाफना का 72 वर्ष की आयु में आज निधन हो गया।



वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। बालोद मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बालोद के गणेश प्रसादम के संचालक मूलचंद, गौतम, प्रकाश बाफना के भाई व अरुण बाफना के पिता थे।

### बुधराम साहू

**महासमुंद**, 16 मार्च (देशबन्धु)। स्थानीय शंकर नगर वार्ड नं. 1 भाठापारा खरोरा निवासी बुधराम साहू 80 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया।



वे सब्जी व्यवसायी पोखन साहू, कमल साहू के पिता थे। उनकी अंत्येष्टि ग्राम खरोरा स्थित मुक्ति धाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य जन शामिल हुए।

### श्रीमती सरला बाजपेयी

**भिलाईनगर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच दुर्ग भिलाई के प्रमुख संरक्षक और भिलाई



इस्पात संयंत्र के पूर्व कार्यपालक निदेशक वर्क्स बीएम के बाजपेयी की धर्मपत्नी श्रीमती सरला बाजपेयी 80 वर्षीय का आज 16 मार्च रविवार को सुबह 9 बजे निधन हो गया है। उनकी अंत्येष्टि 17 मार्च को रिसाली, भिलाई के मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा 17 मार्च सोमवार को प्रात: 11 बजे उनके दामाद मुख्य महाप्रबंधक एस आर यू विशाल शुक्ला के निवास-5 बी, सड़क-18, सेक्टर 10 रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। भिलाई महिला समाज की पूर्व उपाध्यक्ष, समाज में सक्रिय समाजसेवी और कर्मठ श्रीमती सरला बाजपेयी के परिवार में पति बी एम के बाजपेयी, बेटी श्रीमती वर्तिका शुक्ला बाजपेयी (रीनू). दामाद विशाल शुक्ला और नाति विनायक शुक्ला थे।

### राहूल थिटे

**दुर्ग**, 16 मार्च। साकेत कॉलोनी निवासी वरिष्ठ पत्रकार राहुल थिटे (65 वर्ष) का शनिवार की मध्य रात्रि नागपुर (महाराष्ट्र) में हृदयघात से



निधन हो गया। अंतिम संस्कार रविवार को नागपुर के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सेवानिवृत पुलिस अफ्सर स्व. एमएस थिटे के पुत्र और ममता थिटे के पति व ऋचा थिटे के पिताजी थे। दुर्ग प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष राहुल थिटे के निधन से प्रेस जगत में शोक की लहर है। उनके निधन पर दुर्ग, भिलाई प्रेस क्लब के पदाधिकारियो व सदस्यों के अलावा जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों सहित उनसे जुड़े लोगों ने दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

# चुनाव में हार के बाद बौखलाहट

## जीते प्रत्याशी के पोस्टर को फाड़ा, जान से मारने की दी धमकी



**रायपुर**, 16 मार्च। अमलेश्वर नगर पालिका में चुनाव में हारे पार्षद प्रत्याशी की बौखलाहट देखने को मिली है. वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद प्रत्याशी खूबी सोनकर ने चुनाव में जीत हासिल की. जनता का आभार व्यक्त करने खूबी सोनकर ने पोस्टर लगवाए. राजेंद्र पाठक के समर्थकों ने बीती रात धन्यवाद पोस्टर को फाड़कर खूबी सोनकर और उनके कार्यकर्ताओं को जान से मारने की धमकी दी. जब राजेंद्र पाठक के समर्थकों को रोका गया तो उन्होंने खूबी सोनकर और उसके समर्थकों के साथ धक्का-मुक्की करते हुए गाली-गलौच की. पार्षद खूबीराज सोनकर ने अमलेश्वर थाने में इसकी शिकायत की है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# मंत्री टंकराम की मौजूदगी में जनपद सदस्यों ने पद और गोपनीयता की ली शपथ

**रायपुर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। बलौदाबाजार में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संपन्न होने के बाद रविवार को जनपद पंचायत का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा और 25 जनपद सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इनमें 15 महिला और 10 पुरुष सदस्य शामिल थे।



शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ पूर्व विधायक गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक शिवरतन शर्मा, प्रमोद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित कई गणमान्य व्यक्ति और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। समारोह में भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

शपथ ग्रहण समारोह में जनपद पंचायत के सीईओ एफ.सी. पटेल ने सभी निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद अध्यक्ष सुलोचना यादव ने अपने कार्यालय में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर पदभार ग्रहण किया।

नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा, च्क्षेत्र की जनता ने दूसरी बार मुझ पर और भाजपा पर विश्वास जताया है। मैं पूरे जनपद क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित हूं। शासन की प्रत्येक योजना को नागरिकों तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी, ताकि हर व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल सके।

**अध्यक्ष सुलोचना यादव ने भगवान कृष्ण की पूजा कर संभाला पदभार**

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने इस मौके पर भाजपा सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, च्भाजपा सरकार के बीते एक साल के कार्यकाल में जनता ने विकास कार्यों को करीब से देखा है। यही कारण है कि नगरपालिका, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों को भारी जीत मिली है। हम जनता के विश्वास को बनाए रखेंगे और विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देंगे।

मंत्री टंकराम वर्मा ने आगे कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों की जीत यह दर्शाती है कि जनता सरकार के विकास कार्यों से संतुष्ट है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में भी केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं को तेजी से लागू किया जाएगा, ताकि हर गांव और हर शहर में विकास की नई कहानी लिखी जा सके।

शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में नागरिक, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं और विकास की उम्मीद जताई। समारोह के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवगठित नेतृत्व का फूल-मालाओं से स्वागत किया और पूरे आयोजन के दौरान उत्सव जैसा माहौल बना रहा।ज्ज

# जंगल को आग न लगाएं : वन विभाग

**बिलाईगढ़** 16 मार्च(देशबन्धु)। होली पर्व पर कुछ लोगों के द्वारा और मौसम में परिवर्तन पर जंगल में आग लगने की घटनाएं घटित होती हैं जिसको लेकर वन विभाग और वन अधिकारी गंभीर है। दावानल और वनोपज संग्रहण के लिए लगाये जाने वाले आग की सूचना देने टोल फ्री 18002337000 नंबर जारी किया है, ताकि फायर वाचर्स और वन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंच आग पर काबू पा सके। वन विभाग की ओर से गांवों में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से लोगों को आग की लपट से होने वाली नुकसान की जानकारी दी जा रही है। जिले का गोमर्डा अभ्यारण्य घने जंगल से घिरा हुआ है। वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के लिए वनोपज संग्रहण जीविकोपार्जन का प्रमुख साधन है। ग्रामीण महुआ, चार, तेंदू का संग्रहण कर न सिर्फ जीविकापार्जन करते है, बल्कि वनोपज से होने वाले आमदनी का उपभोग शादी विवाह सहित घरेलू उपयोग के लिए सामान की खरीददारी भी करते है। मौसम ने अब करवट बदलना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में वनोपज संग्रहण की तैयारी भी शुरू हो गई है। ग्रामीण सुबह होते ही जंगल जाकर पूरे दिन महुआ, चार व तेंदू सहित अन्य वनोपज का संग्रहण करते हैं। ग्रामीण वनोपज संग्रहण के लिए पेड़ों के नीचे आग लगा देते है। यह आग देखते ही देखते पूरे जंगल को चपेट में ले लेता है। इसी तरह दावानल के कारण जंगल के भीतर आग लगने की घटनाएं होती है। जंगल के भीतर आग लगने से न सिर्फ औषधीय, ईमारती पेड़ पौधे जलकर खाक हो जाते है। वन्यप्राणियों की जीवन सांसत में पड़ जाता है। ऐसी घटनाओं को सारंगढ़ बिलाईगढ़ वनमण्डलाधिकारी पुष्पलता टंडन ने गंभीरता से लिया है। उन्होने जंगल में लगने वाली आग और दावानल की रोकथाम के लिए टोल फ्री 18002337000 नंबर जारी किया है। टोल फ्री के जरिए वन अफसर के अलावा संबंधित रेंज, सर्किल और बीट के अधिकारियों, कर्मचारियों को आग के संबंध में सूचना दी जा सकती है। सूचना मिलते ही वनकर्मी फायर वाचरों के साथ मौके पर पहुंचेगें। उनके द्वारा धधकती आग को रोकने का प्रयास किया जायेगा ताकि जंगल को नुकसान से बचाया जा सके। वनमन्डलाधिकारी के निर्देश पर वनकर्मी गांवों में जनजागरूकता अभियान चला रहे है ताकि लोगों को जंगल में लगने वाली आग और दावानल के कारण होने वाले नुकसान से अवगत कराया जा सके।

**जंगल में आग को रोकने टोल फ्री 18002337000 नंबर जारी**

**आग लगाने वाले पर होगी कार्रवाई**

जंगल में आग लगने से पेड़-पौधे जलकर खाक हो जाते है। वन्यजीवों का जीवन सांसत में पड़ जाता है। लिहाजा आग लगने के मामले को भारतीय वन अधिनियम 1927 व वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत् अपराध की श्रेणी में रखा गया है। वन विभाग के कर्मचारी एवं फायर वॉचर्स जंगल की निगरानी कर रहे हैं। इसके अलावा आधुनिक उपकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। आग लगाने वाले पर वन अधिनियम के तहत् कार्यवाही की जाएगी।

## नगर में शिक्षा का अलख जगाते युवा




**कुरूद**, 16 मार्च (देशबंधु)। कुरुद नगर से तीन युवा जो शासकीय कार्य में सेवा देने के साथ साथ नगर के युवाओं को सरकार के सिपहसालार बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सिविल सर्विसेज, व्यापम, एस आई भर्ती और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में दिनांक 17 मार्च से प्रारंभ कर रहे है । जिसमें युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में नि:शुल्क क्लास में उपस्थित होकर बड़े शहरों में मोटी रकम खर्च करने से बचकर अपने घर पर रहकर पढ़ाई करने का अच्छा अवसर मिल रहा है जिसका लाभ उठायें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाये। नगर के लिये यह गौरव की बात है कि युवाओं ने कुरुद के बेटे बेटियों के भविष्य को सहेजने का बीड़ा उठाया है साथ ही अपने जैसे योग्य बनाने के उद्देश्य को लेकर आज कुरुद नगर में शिक्षा का अलख जग रहे है । इन युवाओं के सरहानीय कार्य के लिये नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर समाजसेवी भानू चंद्राकर एवं नगर के नागरिकगण पढ़ने वाले युवा छात्र छात्राओं ने नये बैच प्रारंभ होने की शुभकामनाएं दी ।

## मंदरौद में खुला नया राशन दुकान

**कुरूद**, 16 मार्च (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत मंदरौद में नया राशन दुकान का शुभारंभ भाजपा मण्डल अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू के करकमलों से हुआ । अपने उद्बोधन में कृष्णकांत साहू ने कहा कि जब से सायं जी की सरकार बनी है तब से जन सुविधा के कार्यो में तेजी आई है उसी का परिणाम है कि आज क्षेत्रिय विधायक अजय चंद्राकर जी के प्रयास से पूरे क्षेत्र में सभी गांव राशन दुकान खुल रहा है।आज कुरूद विधानसभा हर क्षेत में विकास के आयाम गढ़ रहा है जैसे एल एल बी ,बीएड, लवलीहुड कॉलेज, पालीटेक्निक कॉलेज ये सभी हमारे विधानसभा कुरूद में है लगभग सभी विषयों में उच्चशिक्षा की पढ़ाई है इसके लिए आप लोग की धन्यवाद के पात्र है जिन्होंने कुरूद की बागडोर एक सशक्त हाथों में दिया जिसका नाम अजय चंद्राकर है। हमारा कुरूद और प्रगति उन्नति करे हमारा गांव सर्व सुविधायुक्त बने यही मंगलकामना के साथ अपने विचार रखे कार्यक्रम में प्रेमचंद साहू,भीखम लहरें सरपंच,कंचन नारद साहू,मौजी राम गुरुजी,अशोक साहू,राजू कोसरिया,रमेश निषाद,हीरामन साहू,रामचरण साहू,रामकृष्ण टंडन,गजेंद्र साहू,पोखन सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहा।



# पिपरिया में होली मिलन व काव्य पाठ का आयोजन



**कवर्धा**, 16 मार्च (देशबन्धु)। होली के अवसर पर पिपरिया में वरिष्ठ साहित्यकार समय लाल विवेक के निवास-रूपक निकेतन में होली मिलन एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाठक मंच कवर्धा से जुड़े रचनाकार एवं कबीरा खड़ा बाजार प्रगतिशील वैचारिक मंच पिपरिया के साथी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी रचनाकारों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पहले चरण में साहित्यिक चर्चा हुई जिसमें इस बात पर बल दिया गया कि रचनाकारों को अपनी रचनाएं पाठक तक पहुँचाने की कोशिश करनी चाहिए। लिखी हुई रचनाओं का समयानुकूल प्रकाशन किया जाना चाहिए। चर्चा के दौरान साहित्यकारों ने वर्तमान धार्मिक राजनीतिक परिस्थितियों से उपजी विसंगतियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। दूसरे चरण में काव्य पाठ का आयोजन किया गया जिसमें सुखदेव सिंह अहिलेश्वर ने होली पर छत्तीसगढ़ी में खूबसूरत गीत प्रस्तुत किया। सात्विक श्रीवास्तव ने मुक्त छंद में होली पर कविता प्रस्तुत किया। महेश आमदे ने बासंती रंग पिरोते हुए श्रृंगार के दोहे सुनाए।संतराम थवाइत ने त कइसे बनही भाई छत्तीसगढ़ी मुक्तक के माध्यम से व्यवस्था पर तीखा व्यंग्य किया। नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने बेशर्मी कविता के माध्यम से समाज में व्याप्त विरोधाभास को प्रस्तुत किया। भागवत साहू ने सामाजिक सामयिक यथार्थ को अपनी मुक्तक कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। समय लाल विवेक ने अपनी कविता में प्रभु वर्ग की निष्ठुरता को मार्मिकता के साथ व्यक्त किया।

# लो-वोल्टेज व बिजली कटौती ने ले ली किसान की जान : विधायक यादव

**बागबाहरा**, 16 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा सरकार की लापरवाह नीतियों और विद्युत विभाग की अयोग्यता के कारण प्रदेश में किसानों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। कृषि कार्य के लिए दी जाने वाली बिजली की लो वोल्टेज और लगातार कटौती के चलते झलप क्षेत्र के सिंघनपुर निवासी किसान पूरन निषाद ने अपनी पूरी तरह बर्बाद हो चुकी फसल को देखकर पेड़ में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूरन निषाद को उम्मीद थी कि वह मेहनत से अपनी फसल तैयार करेंगे। और कर्ज चुका पाएंगे। लेकिन बिजली संकट ने उनके सारे सपनों को चकनाचूर कर दिया। खेतों में लगी फसल लो वोल्टेज और विद्युतकटौती के कारण सूखने लगी। लेकिन सरकार और विद्युत विभाग उनकी परेशानी से बेखबर बने रहे। जब उन्होंने संबंधित विभागों से मदद मांगी, तो उन्हें सिर्फ झूठे आश्वासन मिले। आखिरकार, फसल के सूखने और कर्ज के बोझ से टूटे किसान को आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में जांच समिति मृतक कृषक के परिजनों से मिलने उनके घर पहुँची। जहां उन्होंने मृतक कृषक पूरन निषाद के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को ढाढस बंधाया।

वहीं परिजनों चर्चा के दौरान मृतक पूरन निषाद के परिजनों ने विधायक श्री यादव एवं कमेटी के सदस्यों को बताया कि ङ्क मृतक ने अपनी फसल को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया । उन्होंने खेतों की सिंचाई के चलते बार-बार बिजली ऑफिस के चक्कर लगाए। लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। दिन में 20 बार से अधिक लाइन बंद हो रहा था। साथ ही जब लाइट रहती थी तो लो वोल्टेज के कारण मोटर चालू नहीं हो रहा था।



- बिजली संकट और किसानों के आत्महत्याओं के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार
- फसल बर्बादी से हताश होकर किसान ने की आत्महत्या

मृतक कृषक पूरन निषाद ने दूसरे साथी कृषक जिसका बाजू में खेत और बोर है, उसे भी कुछ राशि देकर खेत की सिंचाई के लिए निवेदन किया। तो उसने भी प्रयास किया। लेकिन फिर भी उसे सफलता नहीं मिली। और इस बीच उनकी फसल सूखकर बर्बाद होने लगी। एक तरफ कर्ज का दबाव, दूसरी ओर खेतों में खड़ी सूखती फसल, और सरकार की बेरुखी ने उन्हें आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाने पर मजबूर कर दिया।

परिजनों से चर्चा के पश्चात पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि यह सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। जब किसानों को पानी और बिजली की जरूरत होती है। तब सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग जाती है। पूरन निषाद की आत्महत्या भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों का सीधा परिणाम है। अगर बिजली की आपूर्ति सुचारू होती, तो आज यह दुखद घटना नहीं होती।

विधायक श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा किसानों के हितैषी होने का दिखावा करती है। लेकिन हकीकत यह है कि राज्यभर में लो वोल्टेज और बिजली कटौती ने किसानों की कमर तोड़ दी है।

जब उद्योगों को चौबीसों घंटे बिजली दी जा सकती है, तो किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली क्यों नहीं मिलती? बिजली पर तो सभी का हक है। और खासकर के छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों का तो उस पर विशेष हक है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ वादे करती है। लेकिन जब किसानों को मदद की जरूरत होती है। तब वह अपना पल्ला झाड़ लेती है। यह सरकार किसान विरोधी है।

# होली में ड्रिंक एंड ड्राइव पर ट्रैफिक पुलिस का एक्शन

## 50 चौक-चौराहे पर चेकिंग के दौरान 78 लोगों पर एक्शन, 329 वाहन जब्त

**रायपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। ट्रैफिक पुलिस ने शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। रायपुर में 50 चौक-चौराहों पर करीब 78 लोगों पर ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले में एक्शन हुआ है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक होली के दौरान अलग-अलग मामले में 329 वाहनों को जब्त भी किया गया है ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि नशे की हालत में गाड़ी चलाकर कुछ लोग खुद की जान से साथ-साथ दूसरों की जान भी जोखिम में डालने का काम करते हैं। ये लोग शहर के सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करते हैं।



**नशे में ड्राइविंग बनी सड़क हादसों की बड़ी वजह–** सड़क हादसों के प्रकरणों का विश्लेषण करने पर ये सामने आया है कि अधिकांश दुर्घटना वाहन चालक के नशे की हालत में होने से हुआ है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात को सुरक्षित बनाने के लिए रायपुर ट्रैफिक पुलिस ने विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत, शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों, चौक-चौराहों पर नशे में वाहन ने विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत, शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों, चौक-चौराहों पर नशे में वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान ब्रेथ एनालाइजर मशीन की मदद से नशे में वाहन चलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें कोर्ट भेजा जा रहा है।

**ट्रैफिक पुलिस ने की अपील–** रायपुर ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें और किसी भी हाल में नशे में गाड़ी न चलाएं। नशे में गाड़ी चलाना न केवल खुद के लिए, बल्कि दूसरों की जान के लिए भी खतरा बन सकता है। ट्रैफिक पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति नशे की हालत में वाहन चलाते पाया जाता है, तो उसे जुर्माने और कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# 200 रुपए के लिए भिड़े महिला कारोबारी और दुकानदार

**रायपुर में दुकानदार पर चाकू से हमला करने का आरोप, तो बहनों पर पत्थरबाजी का केस दर्ज**

**रायपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। रायपुर में 200 रुपए के लिए रियल एस्टेट कारोबारी परिवार और दुकानदार के बीच जमकर मारपीट हुई है। कारोबारी महिला के भाई पर आरोप है कि उसने सामान लेने के बाद पैसे नहीं दिए, जिस पर दुकानदार ने उससे बहस की और फिर मारपीट कर उसकी गाड़ी की चाबी छीन ली। जब उसकी बहनें गाड़ी लेने पहुंचीं, तो उनके साथ भी बदसलूकी और मारपीट की गई। दूसरी ओर, दुकानदार का आरोप है कि महिलाओं ने विवाद शुरू किया और पत्थर से सिर पर हमला किया। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से स्नङ्कक्रदर्ज कर लिया है।

यह पूरा मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। चंचल शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह अमलीडीह में रहती है और रियल स्टेट का काम करती हैं। 15 मार्च की शाम 6 बजे के करीब मेरे भाई प्रद्युमन शर्मा ने फोन पर बताया कि मोहल्ले के किराना दुकान वाले ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की है। विवाद सामान के 200 रुपए को लेकर शुरू हुआ था। इसके बाद दुकानदार ओमप्रकाश साहू और कमलेश साहू ने उसकी गाड़ी की चाबी भी छीन ली है। इसके बाद चंचल अपनी बहन के साथ कार से घटनास्थल पर बाइक की चाबी लेने के लिए पहुंची। चंचल का आरोप है कि दुकानदार ने उस पर चाकू से हमला किया और कार में भी जमकर तोड़फोड़ की। इस दौरान दोनों बहनों को चोटें आई।

इस मामले में दूसरी स्नङ्कक्रकमलेश साहू ने दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि मेरा छोटा भाई ओमप्रकाश किराना का दुकान चलाता है। पड़ोसी प्रद्युमन शर्मा दुकान में सामान लेने आया। फिर उसने सामान लेने के बाद पैसे दे दिया हूं, बोलकर विवाद शुरू किया। विवाद बढ़ने पर उसने अपनी बहनों को भी बुला लिया। फिर उन्होंने पत्थर से सिर पर हमला कर दिया। फिलहाल, पुलिस दोनों पक्षों के बयान लेकर मामले की जांच कर रही है।

# महापौर मीनल चौबे ने होली पश्चात मौदहापारा, एमजी रोड, जयस्तम्भ चौक शारदा चौक का पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का लिया जायजा



**व्यवस्था सुधारने दिए निर्देश**

**रायपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने राजधानी शहर रायपुर के विभिन्न मुख्य मार्गो और बाजारों मौदहापारा, एम. जी. रोड, शारदा चौक, जयस्तम्भ चौक आदि में रंगों के पर्व होली पश्चात सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के डोंगरे सहित जोन स्वास्थ्य अधिकारियों और स्वच्छता निरीक्षकों की उपस्थिति में लिया और विभिन्न मुख्य मार्गो और बाजारों की होली पश्चात सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करते हुए रायपुर की सफाई व्यवस्था में राजधानी शहर के अनुरूप सुधार लाने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने मौदहापारा मुख्य मार्ग, जयस्तम्भ चौक, शारदा चौक, एम. जी. रोड की होली पश्चात मार्गो और नालियों की सफाई व्यवस्था का पैदल भ्रमण कर प्रत्यक्ष अवलोकन अधिकारियों सहित किया. महापौर ने मौदहापारा में मारुति सेल्स शो रूम के सामने नाली पर कब्जा कर बनाये गए लम्बे और बड़े पाटे सहित के. के. रोड में नालियों पर कब्जा जमाकर बनाये गए सभी पाटों को लेकर सम्बंधित सभी व्यापारियों को स्वत: पाटे हटा लेने की कड़ी हिदायत देने, अन्यथा की स्थिति में नालियों को कब्जामुक्त करवाने सभी पाटों को अभियान चलाकर थ्रीडी मशीन लगाकर एक सिरे से दूसरे सिरे तक तोड़कर नालियों की तले तक सफाई करवाने के निर्देश निगम स्वास्थ्य अधिकारी और जोन 2 जोन कमिश्नर को दिए हैँ. महापौर ने मौदहापारा मुख्य मार्ग में लगने वाले सन्डे बाजार का अवलोकन किया और सम्बंधित दुकानदारों को सड़क के किनारे बैठकर व्यवसाय करने की हिदायत दी, ताकि सड़क पर यातायात संडे मार्केट के दौरान कदापि बाधित ना होने पाए, अन्यथा की स्थिति में अभियान चलाकर सड़क को कब्जामुक्त करवाया जायेगा. महापौर ने एम. जी. रोड में होटल मंजू ममता के संचालक को सड़क को घेरकर व्यवसाय ना करने की कड़ी हिदायत दी है, अन्यथा की स्थिति में सड़क को कब्जामुक्त करवाने कार्यवाही के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए हैँ. महापौर ने एमजी रोड में संध्या को लगने वाली चौपाटी के सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों में प्लास्टिक डिस्पोजल प्लेट, गिलास आदि का उपयोग पूरी तरह से बन्द करने और विकल्प के रूप में कांच के बर्तनों को उपयोग में लाने की हिदायत दी है. अधिकतर चौपाटी के दुकानदारों द्वारा उपयोग में लायी गयी प्लास्टिक डिस्पोजल प्लेट, गिलास को नाली अथवा इधर – उधर फेंक दिया जाता है, जिससे नाली में कचरा जाम हो जाता है और मच्छरों के अत्यधिक पनपने की सम्भावना सदैव बनी रहती है. महापौर ने डिस्पोजल प्लेट, गिलास को नाली, इधर- उधर फेंकने और गन्दगी फैलाने वाले सम्बंधित चौपाटी दुकानदारों पर पहले कड़ी हिदायत देने, फिर ना मानने पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए हैँ.

# 365 दिन बाद भी रायपुर में लाखों की डकैती का मामला अनसुलझा

**रायपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। 15 मार्च 2024 रात की करीब 3 बजे थे। अंधेरे में बुजुर्ग महिला को सामने कोई खड़ा दिखा। महिला ने कहा- बेटा अपनी दवाई खा ले.. तुझको पैरों के दर्द से आराम मिलेगा...। सामने से बेटे का कोई जवाब नहीं आया। मां को अजीब लगा तो उसने मलते हुए अपनी आंखें खोली। वहां 3 लोग खड़े हुए थे। इस दौरान एक ने नकाब डाला हुआ था। महिला ने पूछा-कौन हो तुम लोग...! तभी एक शख्स ने महिला पर रॉड से हमला कर दिया, फिर वे उनका मुंह तकिए से दबाने लगे। जैसे-तैसे महिला ने ये कहकर अपनी जान बचाई कि तुमको जो लेकर जाना है ले जाओ... बस हमें जिंदा छोड़ दो। ये आपबीती पीड़िता उमा बाई की हैएक साल पहले माना बस्ती इलाके में चोरी की वारदात

आज से ठीक 1 साल पहले तड़के 4 बजे के आसपास माना पुलिस और 112 को सूचना मिली कि माना बस्ती इलाके के एक घर पर चोरी की वारदात हो गई है। पुलिस बस्ती के आखिरी छोर में रहने वाले उमा बाई चंद्राकर और प्रख्यात चंद्राकर के घर पहुंची। वे बहुत घबराए हुए थे। महिला के हाथों पर चोट थी।

उन्होंने हड़बड़ाते हुए पुलिस को बताया कि उसके घर में तीन चोर घुसे हुए थे। उन्होंने मारपीट की, फिर घर से कैश और लाखों रुपए के गहने लूट कर फरार हो गए। इसके बाद पुलिस अफसरों को सूचना दी गई।

एंटी क्राइम यूनिट और स्नस्रुकी टीम को भी मौके में भेजा गया। पुलिस को कई सबूत मिले, लेकिन इस मामले में अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस साल भर बीतने के बाद भी इन डकैतों तक नहीं पहुंच पाई ।मां की चीखने की आवाज से खुली बेटे की नींद पीड़ित उमा बाई और उनके बेटे प्रख्यात ने बताया कि वे लोग रोज की तरह रात लगभग 10 बजे डिनर के बाद कमरे में सोने चले गए।

प्रख्यात शादीशुदा है और कृषि विभाग में पोस्टेड है। वह घटना के वक्त पत्नी और 2 बच्चों के साथ अपने कमरे में सो रहा था। बगल के कमरे में उ प्रख्यात ने अपने कमरे का दरवाजा खोलने की कोशिश की लेकिन वो बाहर से बंद था। हालांकि उसके कमरे में बाहर तरफ कुंडी भी नहीं है। डकैतो ने बांस और चुन्नी के सहारे कमरे का दरवाजा बाहर से बांध दिया। हालांकि ताकत लगाने पर बांस टूट गया और कमरे का दरवाजा खुला।

**बुजुर्ग महिला बोली थी– मुझे जिंदा छोड़ दो**

मां उमा बाई भी अपने कमरे से निकलकर आंगन में आ चुकी थीं। वह भी बाहर की तरफ आया, उसने कोई चोर घुसा है समझकर एक आरोपी का कुछ दूर तक पीछा किया, लेकिन वो खेत से होते हुए काफी दूर जा चुका था ।आसपास तीन लोग घर के आंगन में दीवार फांदकर कूदे थे। मेन गेट में एक जाली वाला और दूसरा लकड़ी का दरवाजा है। डकैतों ने बड़ी चालाकी से कुंडी के पास पेंचकस से छेद किया। फिर तार के सहारे कुंडी खोल ली ।इस दौरान करीब 15 लाख के गहने और 40 हजार रुपए कैश लूट लिए। इस दौरान उनके ऊपर हमला भी किया। उमा बाई ने कहा कि डकैतों के हाथों में बेटे के कमरे में टंगी हुई जींस दिखी। जिसे उसने शाम को पहना था। वे उसमे पैसे खोज रहे थे। इस बात से ये भी साफ हो गया कि डकैत, बेटे-बहू के कमरे में भी घुसे थे ।तीन लोग घर में घुसे, बाकी लोग बाहर खड़े थे

पूरी वारदात में 5 से ज्यादा लोगों के होने की संभावना थी। इसी वजह से इसे डकैती कहा जा रहा है। पीड़ितों के बयान के मुताबिक, 3 लोग उनके घर में घुसे थे, लेकिन कुछ और भी लोग बाहर खड़े हुए थे, जो निगरानी का काम कर रहे होंगे। बाहर कुछ जगह डंडे भी मिले हैं।

### मध्यप्रदेश का पत्थर गैंग इसी पैटर्न पर करता है वारदात

इस डकैती में इस्तेमाल किया गया तरीका मध्य प्रदेश के धार जिले के पत्थर गैंग से मिलता-जुलता है। इस गैंग के सदस्य बहुत खतरनाक हैं। ये बाहरी इलाकों में स्थित घरों को निशाना बनाते हैं, जिसके आसपास खेत होते हैं, ताकि वारदात को अंजाम देकर आसानी से भाग सकें।

ये डकैत इतने खतरनाक हैं कि शाम को टारगेट के आसपास के खेतों में ही सो जाते हैं और फिर रात में वारदात को अंजाम देते हैं। ये शातिर डकैत अपने साथ कोई बड़ा हथियार नहीं रखते हैं ।पुलिस चेकिंग में हथियार के पकड़े जाने का डर होता है।

गैंग के मेंबर वारदात वाली जगह के आसपास ही पत्थरों का ढेर जमा कर लेते हैं। ताकि किसी के विरोध करने पर उसे आसानी से मार सकें। माना केस में भी घर के चारों तरफ पत्थरों के ढेर मिले हैं।

इसके अलावा आरोपियों ने स्ट्रीट लाइटें भी तोड़ दी थी। आसपास के घरों में बाहर से कुंडी भी लगा दी। जिससे भागने के समय आसानी से कोई पकड़ न पाए ।ये डकैत रेकी के बाद पूरी प्लानिंग के साथ माना इलाके में आए थे। वे रात 1 बजे के करीब प्रख्यात चंद्राकर के घर के पीछे तरफ से 200 मीटर दूर पूनम साहू के घर में घुसे थे। इस दौरान उन्होंने लाइट भी बंद कर दी थी।

उन्होंने वहां भी घर के एंट्री गेट में पेंचकस के सहारे छेद करना शुरू किया, लेकिन इस बीच घर वालों की नींद खुल गई। उन्होंने अंदर से ही शोर मचाया तो डकैत भाग निकले।

### पुलिस को फोन नहीं करना बड़ी गलती

डकैतों ने पहले जिस घर में वारदात की कोशिश की उसका मालिक पूनम साहू क्क।क्त में ड्राइवर है। जब उसके घर पर वारदात की कोशिश हुई तो पत्नी और बच्चे डर गए। जिस वजह से घर का कोई भी मेंबर बाहर ही नहीं निकला। उन्होंने पुलिस या पड़ोसियों को भी इसकी सूचना नहीं दी। इसके बाद डकैतों ने दूसरे घर में वारदात को अंजाम दिया ।मामले में रायपुर की एंटी क्राइम यूनिट और माना थाने की पुलिस जांच में जुटी थी। पुलिस की कई टीमों को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और दूसरे राज्यों में रवाना भी किया गया। इस वारदात के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कई रणनीतियां बनाई। सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, लेकिन आरोपियों ने कोई भी इलेक्ट्रॉनिक सामान का इस्तेमाल नहीं किया था, न ही भागने के रास्ते एक्सपोज हुए। जिससे लम्बे जांच पड़ताल के बाद भी पुलिस को सफलता नहीं मिली। इसके अलावा जांच के दौरान पुलिस को ढ्ढक्रमैचों पर अंतरराष्ट्रीय सट्टा लगाने और हत्या से जुड़े अन्य मामले भी पता चले, जिसके बाद पुलिस अधिकारी और टीम उन मामलों में उलझ गई। इस घटना की जांच ठंडे बस्ते में डाल दी गई।

### क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है

माना थाना प्रभारी भावेश गौतम ने बताया कि आरोपियों के भागने के रास्ते को ट्रेस कर पुलिस ने गिरोह से जुड़े कुछ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है, लेकिन वे इस अपराध में शामिल नहीं थे। उनके खिलाफ अन्य आरोप थे। फिलहाल क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है।

# विवेकानंद आश्रम मेडिकल हॉल को अच्छा प्रतिसाद

**रायपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के विवेकानंद आश्रम जीई रोड स्थित लक्ष्मी मेडिकल हॉल की शाखा इन दिनों सफलता की सीढ़ियां इन दिनों बड़ी तेजी

- **संचालकों की मेहनत से लक्ष्मी मेडिकल हॉल प्रदेश भर में अव्वल स्थान**
- **ग्राहकों के अभूतपूर्व विश्वास से अच्छा प्रतिसाद**




से चढ़ रही है। संचालक की मेहनत और ग्राहकों के अभूतपूर्व विश्वाष ने विवेकानंद आश्रम के पास स्थित इस शाखा ने क्षेत्र में एक अच्छा मुकाम हासिल किया है। जादवानी परिवार के करीबी माने जाने वाले हरेन्द्र कश्यप और ओम रोहरा के द्वारा संचालित किया जा रहा उसके अलावा इस शाखा में काम करने वाले कर्मचारियों की मेहनत, ईमानदारी, व्यवहार कुशलता, कार्यकुशलता, विनम्र व्यवहार और ग्राहकों को सेवा देने की ललक ने लक्ष्मी मेडिकल हॉल को एक विशेष मुकाम में पहुंचाया है। इस मेडिकल हॉल में जेनरिक दवाइयों के साथ-साथ कैंसर किडनी हृदय लीवर सहित अन्य बड़ी बीमारियों एवं अन्य छोटी बीमारियों की दवाइयां व मेडिकल उपकरण उपलब्ध हैं। ग्राहकों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जो लोग मेडिकल हॉल नही पहुंच पाते उन्हे घर पहुंच सेवा प्रदान की जाती है। एक छत में सारी सुविधाएं साथ ही उचित मूल्य में दवाइयां एवं मेडिकल उपकरण उपलब्ध होने की वजह से लोगों का रूझान बढ़ा है। लोग इस मेडिकल हॉल द्वारा उपलब्ध कराई गई दवाओं पर आंख मूंदकर विश्वास करते हैं। आज लक्ष्मी मेडिकल एक शाखा नही बल्कि एक ब्राण्ड बन गया है। यही वजह है कि यह प्रदेशभर में सबसे बड़ी मेडिकल चेन है।

# होली पर्व पर भोजनालय, रेस्टोरेंट, ढाबा-होटलें बंद होने पर अवाम ए हिन्द ने निर्धन असहाय जरूरतमंदों एवं मरीजों के परिजनों को भोजन और मौसमी फल मुहैया कराया

**रायपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। होली पर्व के अवसर पर राजधानी के सभी भोजनालय रेस्टोरेंट ढाबा होटलें बंद होने पर शहर की पंजीकृत सर्वधर्म, जनहित एवं सामाजिक संस्था अवाम ए हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी द्वारा विभिन्न जगहों में दीन-दुखियों बेबस लाचरो, निराश्रितों निर्धन परिवारों एवं अस्पतालों में दूरदराजो से इलाज कराने आने वाले सैकड़ों गरीब महिलाओं एवं पुरुषों बच्चों को सुपोषण अभियान – नि:शुल्क भोजन वितरण कार्य के 1813वां दिन निशुल्क भोजन और फल वितरण कर अपने दायित्वों का निर्वहन किया गया।



संस्थापक मो. सज्जाद खान ने बताया कि, होली पर्व के अवसर पर जब शहर की अधिकतम दुकानें, होटलें दो तीन दिन बंद रहती है और भोजन पानी मिल पाना कठिन होता है, ऐसी स्थिति में भी कोई भूखा न रहे और न भूखा सोए के उद्देश्य से संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों, रेलवे परिसर, चौक चैराहों तथा अस्पतालों में मरीजों के परिजनों, जरूरतमंदों, वृद्ध एवं मासूम बच्चों को सेवाएं जारी रखते हुए उन्हें भोजन, पानी, दूध इत्यादि आवश्यक वस्तुएं मुहैय्या कराया गया। संस्थापक, मो. सज्जाद खान के साथ राजेन्द्र शर्मा, अनिल शुक्ल, महावीर जैन, जुबैर खान, वसीम अकरम, फराज खान, मंजू, कुलविन्दर सिंह, राजकुमार साहू एवं अन्य ने इस सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया।

# जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड ने मनाई होली

**रायपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड द्वारा होली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस आयोजन में कॉलेज के स्टाफ, शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर रंगों और उत्साह के साथ भाग लिया।



कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पीपीपी जेएफआर राजेश अग्रवाल के स्वागत से हुई, जहां उन्हें सम्मान स्वरूप बताशे की माला पहनाई गई। इसके बाद जेसी रौनक बेंगानी ने संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने स्टाफ सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कॉलेज के स्टाफ सदस्य संस्थान की रीढ़ हैं, और यह उत्सव उनके समर्पण और मेहनत को सम्मान देने का एक अनूठा प्रयास था। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत और नृत्य से हुआ, जिसके बाद होली के रंगों और मजेदार खेलों ने माहौल को और जीवंत बना दिया। संगीत और नृत्य के साथ उत्सव का आनंद कई गुना बढ़ गया। स्टाफ सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करने के लिए ड्ढष्टद्ब ऋद्धक्कस्ब्रष्ट ह्द्धञ्ज-श्वष्ठ के छात्रों ने सभी कर्मचारियों को विशेष होली गिफ्ट हैम्पर्स भेंट किए।

**चितवन वृद्धाश्रम में फूलों की होली का आयोजन:** शाम के समय, छात्रों ने चितवन वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ एक विशेष फूलों की होली मनाई। पारंपरिक रंगों के बजाय, फूलों की पंखुड़ियों से होली खेली गई, जो प्रेम और सकारात्मकता का प्रतीक है। संगीत, नृत्य और खेलों से भरे इस आयोजन ने बुजुर्गों और छात्रों के बीच एक गहरा भावनात्मक संबंध स्थापित किया। फूलों की होली आनंद और एकता का उत्सव है। इस आयोजन के माध्यम से, हमने बुजुर्गों को सम्मान और प्रेम देने का प्रयास किया ताकि वे खुद को विशेष और प्रिय महसूस कर सकें। जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड की इस पहल ने न केवल कॉलेज परिसर में बल्कि समाज में भी स्नेह, समर्पण और सामूहिकता का संदेश फैलाया। इस उत्सव ने यह साबित किया कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम और कृतज्ञता का भी पर्व है ।महाविद्यालय के चेयरमैन पीपीपी जेएफआर राजेश अग्रवाल जी, प्राचार्य डॉ. एम.एस. मिश्रा, चैप्टर प्रभारी जे.सी डॉ ऋषि पांडे, आईपीपी जेसी अभिजीत अग्रवाल, अध्यक्ष जेसी रौनक बेंगानी और सचिव जेसी खुशी कुम्भारे के मार्गदर्शन में यह उत्सव संपन्न हुआ।

# विकास उपाध्याय ने जनता के साथ मनाया होली पर्व

**रायपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। सुबह सर्वप्रथम हटकेश्वर महादेव मंदिर रायपुरा में पूजा अर्चना कर होली की शुरुआत की गई उसके पश्चात डगनिया बाजार चौक, कोटा परशुराम चौक, चौबे कॉलोनी, महोबा बाजार, रामनगर, गुढियारी, टाटीबंध, अशोक नगर, शुक्रवारी बाजार, सरोना, हीरापुर, लाखे नगर, सदर बाजार, रामसागर पारा, तात्यापारा, देवेंद्र नगर, कोतवाली सहित रामकुंड में होली खेल जनता से आशीर्वाद लिए । आज रंगों के पावन पर्व होली के शुभ अवसर पर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने रायपुर के चारो विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में जनता एवं कांग्रेस के साथियों के साथ घूमकर आम जन मानस के बीच पहुंचकर लोगों से मिल होली मनाई और सभी ने आपस मे एक दुसरे को रंग गुलाल लगाते हुये होली की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान विकास उपाध्याय ने लोगो से होली का पर्व प्रेम एवं उल्लास, आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण रूप से मनाने का आग्रह किया साथ ही उन्होंने कहा कि होली हिन्दू नव वर्ष का अंतिम त्यौहार भी होता है। रंगों का उत्सव होली एक सांस्कृतिक और पारंपरिक त्योहार है। समाज से जोड़ने के लिए होली जैसे पर्व महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।



विकास उपाध्याय ने कहा कि रायपुर के चारो विधानसभा सभाओ में लोगो को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। विकास उपाध्याय ने बताया होली पर्व खुशियों का आपसी भाइचारे का त्योहार है तो इस अवसर में आम जनता के साथ इस पर्व को मनाने में अलग ही आंनद आता है साथ विकास उपाध्याय ने कहा कि जिस रायपुर शहर ने उनको इतना प्यार-स्नेह, कृति प्रदान किया एक जननेता नेता के रूप में स्थापित किया परिवार के सदस्य के जैसे समझा आज जब उनके बीच त्योहार में जाने का अवसर मिलता है तो मैं उस अवसर को नही छोड़ता इसलिए मैं लगातार हर हिन्दू त्यौहारों को अपने शहर की जनता के साथ मिल जुल कर मनाना चाहता हु ।

# छसपा कार्यालय में होली मिलन मनाया गया

**रायपुर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। हांडीपारा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी के प्रदेश कार्यालय में संध्या 7 बजे पार्टी के प्रदेश संगठन सचिव श्री जागेश्वर प्रसाद के अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं के बीच होली मिलन का कार्यक्रम रंग गुलाल एवं मिठाई वितरण के साथ मनाया गया बुराई पर अच्छाई की जीत भाईचारा सद्भावना के प्रतीक होली तिहार मनाया गया इस होली मिलन में छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी के प्रदेश नेता श्री अनिल दुबे, जागेश्वर प्रसाद, राजेश बिसेन, श्यामू राम सेन, सलमान खान रोहित साहू, संतोष श्रीवास सादिक भाई महिला कार्यकर्ताओं में भी छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी के महानगर पालिका रायपुर के अध्यक्ष श्रीमती हेमा फणींद्र भूषण महमल्ला, रोहिणी ध्रुव संगीता श्रीवास, ज्योति टांडी, लता कनौजिया शाहिद भारी संख्या में महिलाओं एवं पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए।



उल्टा पुल्टा

पप्पू- क्या तुमको पता है कि मंदिर में पुरुष ही पुजारी क्यों होते है।
चप्पू- नहीं यार तुम ही बता दो।
गप्पू- मुझे पता है मैं बताता हूं।
गप्पू- ताकि, लोग सिर्फ भगवान पर ध्यान दे सकें।

# नवरात्रि के बाद शहर में चलाया जायेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

## अतिक्रमण हटाने को मतलब रोजगार छिनना नहीं, लोगों को नये नये अवसर देना : महापौर

**दुर्ग,** 16 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम परिसर में स्थित मोतीलाल सभागार में नगर निगम का वर्ष 25-26 का वार्षिक बजट बनाने से पूर्व शहर के विभिन्न वर्गो के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर महापौर अलका बाघमार ने बजट में शामिल करने योग्य सभी उपस्थित लोगों से सुझाव लिये। महापौर ने बैठक की शुरूआत में ही स्पष्ट कर दिया कि निगम का उद्देश्य लोगों को रोजगार के अवसर देना है उन्हें उजाड़ना नहीं है।

सुझावों में लोगों ने इंदिरा मार्केट व्यवस्थिकरण यहां पर अस्तव्यस्त हो चुके अतिक्रमण को हटाने, बाजार की अनिवार्य जरूरतों को पूरा करने, जर्जर हो चुकी दूकानों एवं भवनों का जीर्णोद्धार के सुझाव दिये। महापौर श्रीमती बाघमार ने बैठक में शहर में जहां तहां लगाये जाने वाले मटन मुर्गा मछली व चिकन तथा अन्य मांसाहारी सामग्रियों के लिये पृथक बाजार निर्माण को लेकर भी सुझाव आमंत्रित किये। सभी पक्षों को सुनने के बाद उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि नवरात्रि के बाद शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जायेगा। बैठक में बस स्टैंड के नवीनीकरण, ट्रेड सेंटर की शहर में पृथक से स्थापना पार्कों के नवीनीकरण एवं पुराने पार्कों के रखरखाव पर भी जोर दिया गया।



■ आने वाले बजट को लेकर मेयर ने लिये जनता के सुझाव

सभी लोगों के सुझाव सुनने के बाद महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शहर सुंदर सुव्यवस्थित एवं लोगों को लाभ एवं सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से ही व्वस्थित किया जाना है। बजट में इन सभी बातों की झलक दिखाई देगीं। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्रों से अवैध अतिक्रमण हटाने के सुझाल के पीछे शहर को व्यवस्थित कर सभी को रोजगार के अवसर देना है। उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे लोग आवश्यक लाईसेंस लेकर ही व्यवसाय करेगें। बैठक में नगर निगम के विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक भवनों के रख रखाव पर भी जोर दिया गया। बाजार क्षेत्रों में शौचालय मूत्रालय की पर्याप्त सर्वसुविधायुक्त व्यवस्था करने के भी सुझाव दिये गये। बैठक में सभापति श्याम शर्मा, देवनारायम चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, नरेन्द्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, खालिक रिजवी, गुलशन साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय बघेल, जितेन्द्र ताम्रकार, उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, अरविंदर खुराना, राहुल ताम्रकार, अशोक राठी, पवन बड़जात्या, जयंत ताम्रकार, हर्ष अग्रवाल, नितेश पटेल, बहादुर अली थारानी, सहित अनेक पत्रकार उपस्थित थे।

# विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने किया स्वागत, होली की दी बधाई

**बेमेतरा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने पैतृक ग्राम ठाठापुर लालपुर से रायपुर लौटते समय बेमेतरा सर्किट हाउस में रुके, जहाँ बेमेतरा विधायक दीपेश साहू सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने डॉ. रमन सिंह को होली पर्व की बधाई शुभकामनाएँ दीं और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डॉ. रमन सिंह ने इस आत्मीय स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बेमेतरा की जनता और कार्यकर्ताओं का



जोश और समर्पण पार्टी को हमेशा नई ऊर्जा देता है। इस दौरान क्षेत्र के विकास और संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया की होली के मौके पर हर साल कवर्धा जाता हु वहां रामपुर गांव है जहां मंदिर मे पूजा अर्चना कर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से बातचीत करके खम्हरिया होते हुए बेमेतरा आया हु द्य यहां सब कार्यकर्ताओ से मिलने का अवसर मिलता है यहां पुरे जिले की टीम विधायक जी नगर पालिका अध्यक्ष जनपद जिला पंचायत पार्षद सभी से भेंट मुलाक़ात हुई है वही उन्होंने कहा की इस बार बेमेतरा जिले ने एक नए कीर्तिमान स्थापित किया है चुनाव मे शानदार बढ़त मिला है बेमेतरा को मैं कह सकता हूं की इस बार हैट्रिक हुआ है 2023 में विधानसभा 2024 में लोकसभा और 2025 में पंचायत और नगरी पंचायत ये तीनों चुनाव को जीतकर बेमेतरा ने इतिहास दर्ज किया है तो आज यही बात हुई थी कि कार्यकर्ताओं की सक्रियता से और लगातार संगठन मे बेहतर काम काम ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# हटरी बाजार में आग से 5 दूकानें राख, लाखों का नुकसान

**दुर्ग,** 16 मार्च (देशबन्धु)। गत रात्रि हटरी बाजार में 5 दूकानों में हुई आगजनी की घटना से पूरा शहर दहल गया। जिन दूकानों में आग लगी वे् जूता चप्पल, इलेक्ट्रिक आयटम के सुधारक व अन्य सामानों की दूकानें है। आग इतनी तेजी से फैली की लोग एकदम भयभीत हो गये। एक सघन आबादी वाले में क्षेत्र में इस तरह की आगजनी की घटना से आसपास के लोगों ने हड़बड़ाकर स्वयं ही आग पर काबू पाने की कोशिश की। सूचना पाकर फायर बिग्रेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। 5 फाटर ब्रिगेड टीम ने ने सुबह साढ़े 4 से 5 बजे तक आग पर काबू पा लिया। आगजनी में हुई क्षति का अभी तक सही सही अनुमान लगा पाना कठिन है। आज सुबह से ही घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लगी रही। पुलिस भी उनकी इस बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दे पा रही है। पुलिस के अनुसार अभी मामला दर्ज कर क्षति का सही सही आंकलन किया जा रहा है। अनुमानित तौर पर एक एक व्यापारी का 10 से 15 लाख के सामानों के नुकसान की बात कहीं जा रही है।

वार्ड पार्षद जितेन्द्र महोबिया एवं अन्य सूत्रों के अनुसार गत रात्रि जब सारा शहर होली खेलकर सो रहे थे तभी अचानक बाजार क्षेत्र में सो रहे लोगों में किसी ने हटरी बाजार में मनमोहन मिष्ठान भंडार के सामने की दूकान से धुआं उठते देखा और लोगों को आवाज दी। मुख्य व्यापारिक केन्द्र के सघन इलाके में इस तरह एकाएक लगी आग से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों व पुलिस की सूचना पर भिलाई इस्पात से फायर बिग्रेड की अलग 5 टीम पहुंच गई। लगभग 3 घंटे की ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# होली पर भक्तिरंग से सरोबार रहा नगर निगम परिसर





**दुर्ग,** 16 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम में गत दिवस होलिका दहन और फूलों की होली कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित जन प्रतिनिधि निगम के अधिकारीध्कर्मचारी एक साथ दिखे। इस मौके पर महापौर, सभापति, आयुक्त व अन्य सदस्यों ने एक दूसरे को फूल बरसाकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी। महापौर ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि आज सभी वार्ड पार्षद एक साथ खुशी का त्योहार मना रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान जमकर फूलों की होली खेली गई। महापौर, सभापति, आयुक्त सहित जनप्रतिनिधियों के अलावा सभी निगम के कर्मचारी अधिकारी फूलों के रंग से सराबोर दिखे। भजनों में सभी ने जमकर नाचे। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी और पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की।

महापौर ने कहा रंग सद्भाव और स्नेह का संदेश देता है।उन्होंने शहर वासियों को होली की शुभकामनाएं दी।सभापति श्याम शर्मा ने शहर वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए पर्व को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि होली के रंगों ने नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों में एक ऐसी उमंग और उत्साह का संचार किया है। कार्यक्रम के दौरान होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेलें रघुवीरा जैसे गीतों पर वह जमकर झूमते दिखे। सभी के उत्साह को देखकर निगम के अधिकारी.कर्मचारी और पदाधिकारी भी जमकर नाचे। कार्यक्रम के दौरान वार्डो के पार्षदो के अलावा अधिकारी कर्मचारी सहित अन्य उपस्थित थे।

**प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी केलाबाड़ी** : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के केलाबाड़ी स्थित राजऋषि भवन दुर्ग में होली का पावन पर्व अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर निराकार परमपिता परमात्मा शिव् के महावाक्य के द्वारा होली के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए वरिष्ठ राजयोगी शिक्षिका बी.के.रूपाली बहन ने बताया निराकार परमात्मा ने हम सभी को बताया है कि होली में सबसे पहले होलिका दहन करते हैं अर्थात् जलाया जाता है दूसरे दिन रंगपंचमी होता है जिसमें एक दूसरे को रंग लगाते हैं इसका आध्यात्मिक रहस्य है कि परमात्मा शिव जो की सर्व मनुष्य आत्माओं के परमपिता है वह नई सतयुगी सृष्टि के स्थापना का कार्य कर रहे हैं। हमारी मूल वृत्ति पवित्रता, सुख.शांति, आनंद, प्रेम की है उसे धारण करना है साथ ही हर संकल्प व कर्म में परमात्मा के संग में रह परमात्मा के गुणों का रंग स्वयं भी लगाये व औरों को भी यह रंग लगाए जिससे यह सृष्टि सुख.शांति मय हो जाएगी। परमात्मा ने हमें बताया है कि यह सृष्टि कर्म क्षेत्र है जो करेगा सो पाएगा इसलिए यदि हम स्वयं को परिवर्तन करते हैं तो परमात्मा कहते हैं कि आपको 21 जन्म तक संपूर्ण सुख शांति का स्वराज्य मिलेगा।

इस कार्यक्रम में सभी आये हुए लोगों को बहनों ने परमात्मा स्मृति का तिलक लगाया और मुख मीठा कराया। इस अवसर पर होली के सुमधुर गीतों में कुमारी चंद्राणी युक्ति और जागृति ने अपनी मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विवि में मनाई गई अलौकिक होली

**बालोद,** 16 मार्च (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पांडेपारा बालोद में होली के अवसर पर स्थानीय सेवाकेंद्र के भाई बहनों द्वारा अलौकिक होली व स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पांडेपारा बालोद की संचालिका बी के सरस्वती जी ने होली के अध्यात्मिक रहस्य को बताने के साथ हुई। दीदी जी ने कहा कि हमे हमेशा यही ध्यान रखना है कि हम किसी के लिए भी अपने मन में नकारात्मक संकल्प ना करें क्योंकि इससे हम सभी आत्माओं की शक्ति कम होने लगती है। होली अर्थात बीती सो बीती मतलब जो बीत गया उसको भूल जाएंगे। होली अर्थात मैं आत्मा परमात्मा पिता की हो ली। मतलब परमात्मा की बन गई। होली अर्थात पावन बनना। मतलब मैं आत्मा परमात्म संग के रंग में रंग कर होली बन जाऊँगी। इन्हीं सुन्दर संकल्पों के साथ हम सभी को आपस में स्नेह पूर्वक होली मनाना चाहिए। कार्यक्रम में सभी भाई बहनों को आत्मिक तिलक लगाकर भोग का वितरण करने के पश्चात प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका व स्थानीय सेवाकेंद्र के लगभग 200 भाई बहन उपस्थित थे।



## सड़क दुर्घटना में मौत

**भिलाईनगर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। भिलाई में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। दुर्घटना के बाद जामुल पुलिस ने शव को पीएम के लिए सुपेला शासकीय अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि झारखंड के विधायक के दामाद धर्मेंद्र सिंह की है। किन्तु इसकी पुष्टि नही हो सकी है। जहां पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में देर रात शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक धर्मेंद्र सिंह बिहार के औरंगाबाद जिले के चटेवा का रहने वाला था। वह भिलाई में एक फैक्ट्री में काम करता था। बताया जा रहा है, कि पोस्टमॉर्टम रातों रात प्रोटोकॉल के बीच हुआ है। एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर और सीएसपी और जामुल थाना प्रभारी रात 10 बजे सुपेला अस्पताल पहुंचे, सीएमएचओ डॉ.मनोज दानी भी वहां मौजूद थे। इसके बाद प्रोटोकॉल के बीच रात में शव का पीएम हुआ, और शव को पत्नी और बच्चों के साथ रातों रात एक एंबुलेंस में बिहार भेजा गया।

# महिला दल ने मुग्दा टॉप ट्रैकिंग की पूर्ण



**भिलाई**, 16 मार्च। टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन ;टीएसएएफद्ध द्वारा आयोजित उत्तरकाशी के मुग्दा टॉप की 11ए000 फीट ऊंची चोटी को फतह करने के अभियान में टाटा स्टील की 6 महिलाओं के समूह के साथ सेल के विभिन्न संयंत्रों की 16 महिला कर्मचारियों के दल ने भाग लिया। इन महिला कर्मचारियों के दल ने बर्फीले पहाड़ों और पैरों को जमा देने वाले तापमान के बीच दृढ़ संकल्पित होकर शिखर तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की। ष्मुग्दा टॉपष् उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में गढ़वाल हिमालय में स्थित एक ट्रैकिंग गंतव्य है। यह यात्रियों को आसपास की हिमालयी चोटियों के मनोरम दृश्य प्रदान करता है। मुक्ता टॉप मुख्य रूप से एक ऑफबीटए लेकिन सुलभए ट्रैकिंग मार्ग के रूप में जाना जाता है। 4 मार्च से 10 मार्चए 2025 तक चलने वाले इस ट्रैकिंग अभियान में सुरक्षाए पर्यावरण संरक्षण और नेतृत्व विकास पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया। अभियान की शुरूआत काफ्लोन बेस कैंप से हुईए प्रतिभागियों को लघु हिमालय से होते हुए माउंट एवरेस्ट की आधी ऊँचाई के बराबर औसत ऊँचाई पर ट्रेकिंग करनी पड़ी। न्यूनतम संसाधनों के साथए इस कठिन टैक्र को तय करने के लिए न केवल साहस और धैर्य बल्कि शारीरिक और मानसिक फिटनेस की भी आवश्यकता थी। महिलाओं के ट्रैकिंग दल का मार्गदर्शन पर्वतारोही सुश्री अस्मिता दोरजी ने किया। टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के तहत आयोजित इस ट्रैक इवेंट में सेल ने अपने आउटबाउंड लीडरशिप प्रशिक्षण के हिस्से के तहत भिलाई इस्पात संयंत्रए बोकारोए राउरकेलाए दुर्गापुर और बर्नपुर स्टील प्लांट से महिलाओं को भेजा था। इस अभियान में भिलाई इस्पात संयंत्र की तीन महिलाएं डॉ माला चौधरी ;चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएंद्धए सुश्री फिलोमिना एक्का ;रिफ्रैक्ट्री इंजीनियरिंग विभागद्ध और सुश्री श्वेतांगिनी पंडा ;दल्ली माइंसद्ध शामिल थीं। मुग्दा टॉप ट्रैकिंग सफलतापूर्वक पूर्ण करने के साथ ही महिला दल को माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला सुश्री बछेंद्री पाल के साथ बातचीत करने का अवसर प्राप्त हुआ। महिलाओं के ट्रैकिंग दल ने अदम्य साहसए दृढ़ संकल्प और विपरीत परिस्थितियों में भी सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखकर कभी हार न मानने की संकल्पशक्ति का परिचय दिया हैए जो लैंगिक रूढ़ियों को तोड़करए महिलाओं की असीम क्षमताओं को उजागर करता है। भिलाई इस्पात संयंत्रए अपने 2025 के विजन के अनुरूपए इथिकल स्टील उत्पादन में सफलता के लिए चार स्तंभों सुरक्षाए हाउसकीपिंगए तकनीकी अनुशासन और खुशी पर ध्यान केंद्रित कर कार्य कर रहा है। इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य महिला कर्मचारियों में नेतृत्व के गुणों को विकसित करना और उनकी विभिन्न कर्तव्यों से बंधी जिंदगी में एक ब्रेक लाना है।

## विधायक की पहल पर 25 करोड़ से बनेगी सड़क



**भिलाईनगर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रयास से नगर पालिक निगम भिलाई के जुनवानी से भिलाई तक 3 किलोमीटर तक सड़क निर्माण कर इस मार्ग के सौंदर्यीकरण के लिए 25 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरोत्थान योजना में प्रस्तावित इस कार्य के लिए निगम भिलाई आयुक्त से डीपीआर प्रस्तुत करने कहा है। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि राज्य शासन के बजट वर्ष 2025-26 में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग हेतु नवीन परियोजना अंतर्गत नगरोत्थान योजना में वैशाली नगर विधानसभा में इस कार्य के लिए 25 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया है। इस राशि से नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत जुनवानी पेट्रोल पंप से भिलाई पहुंच मार्ग तक नहर में ह्यूम पाईप डालकर 3 किलोमीटर तक सड़क निर्माण होगा और सड़क के दोनों ओर सौंदर्यीकरण भी किया जाना है। तीन किलोमीटर तक इस सड़क के निर्माण से जुनवानी से भिलाई तक व्यवस्थित पहुंच मार्ग होने से लोगों को सुविधा होगी तथा उन्हें अन्य मार्ग से होकर घूमते हुए अतिरिक्त दूरी अब नहीं तय करनी पड़ेगी। सड़क निर्माण के साथ ही नहर में ह्यूम पाईप डाल कर उसे भी व्यवस्थित किया जाएगा। निर्माण कार्य का विस्तृत प्रोजेक्ट तैयार कर भिलाई निगम जल्द डीपीआर प्रस्तुत करेगा ताकि निर्माण कार्य प्रारंभ हो सके।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का प्रशिक्षण कार्यक्रम




**भिलाईनगर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम व देखभाल अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने बताया कि मनोरोग की पहचान ओर उपचार एक बड़ी चुनौती है। हम समुदाय स्तर पर शासकीय अमलें को प्रारंभिक लक्षणों से प्रशिक्षण देकर मनोरोगीयो के उपचार कार्यक्रम में बडा क़दम उठा कर रोकथाम में अग्रणी भूमिका निभाने जा रहे है। नीलम राय चौधरी ने कहा इस प्रकार का प्रशिक्षण मैदानी अमले को होने से समुदाय में रोग के प्रसारण को कम करने में बड़ी भूमिका होगी। प्र बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मानसिक स्वास्थ्य के संबंध मनोरोग के लक्षण, विकार ओर पहचान बताई गई। जैसे मनोरोगी समुदाय स्तर पर किन किन लक्षणों ओर विकार के मिल सकते हैं सैय्यद असलम ने बताया कि अनिद्रा, हताश, निराश, बैचैनी, डिप्रेशन अवसाद ओर तनाव कारकों को विस्तार से समझाया गया ताकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने परिक्षेत्र में इन लक्षणों के रोगियों की सूची बनाकर हेल्थ एंड वेलेंस सेंटर को रिफरल हेतु सौंपेगी समय-समय उन मरीजों का स्क्रीनिंग करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच कराएंगे। वास्तविक रूप रोग का चिन्हांकन होगा तो समुचित इलाज उपलब्ध कराया जाएगा जिससे समाज में मनोरोग की रोकथाम व बचाव हो सके। कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के बी ई ईटीओ सैय्यद असलम में स्टाफ नर्स गुलशन खलखो, सीनियर कंसल्टेंट श्रीमती आर विश्वास महिला बाल विकास विभाग की पयेवक्षक आभा साहू ओर श्रीमती उषा मिश्रा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक ही जमीन को कई बार बेचने के मामले का खुलासा

**भिलाईनगर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। एक ही जमीन को कूटरचित दस्तावेज से अलग.अलग लोगों को रजिस्ट्री किए जाने के बड़े मामले का खुलासा न्यायालय में होने के बाद सुपेला पुलिस को तत्काल एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। शिकायतकर्ता सर्वेश्वर दयाल मिश्रा की रपट पर पुलिस ने कुंजलाल, हफीजजुल्ला, राजू खान, राजेश तथा खेमराज के खिलाफआईपीसी की धारा 120, 34, 420, 467 और 468 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। आपको बता दें कि सर्वेश्वर दयाल मिश्रा 65 वर्ष निवासी कोहका पुरानी बस्ती वार्ड.13 भिलाई की शिकायत पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दुर्ग आदेश ने जमीन की धोखाधड़ी कर मोटी रकम वसूलने वाले जमीन दलाल कुंजलाल, हफीजजुल्ला खान, राजू खान, राजेश और खेमराज के खिलाफमामला पंजीबद्ध किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी कुंजलाल की 2 एकड 20 डिस्मील की भूमि थी। उसके द्वारा विभिन्न टुकड़ों में भूमि का विक्रय 18 जुलाई 1978 में किया गया। व्रिकयशुदा भूमि को आरोपीगणों के द्वारा दस्तावेजों में कुटरचना करते हुये पूर्व पंजीकृत एवं व्रिकय कि जा चुकी उसी भूमि का विक्रय आरोपीगणों के द्वारा षड़यत्र करते हुये धोखा देने के आशय से कुटरचित दस्तावेज निर्मित कर कुंजलाल के माध्यम् से संयुक्त रूप से हफीजुल्ला और राजू खान के द्वारा में 14 अगस्त 2007 को पुन: विक्रय का पंजीयन कार्यालय दुर्ग में 2.20 एकड़ भूमि को करा लिया। पंजीयन के दौरान आरोपी राजेश एव खेमराज द्वारा उपरोक्त पंजीकृत दस्तावेज में बतौर गवाह हस्ताक्षर किया गया। पंजीयन का दस्तावेज का निष्पादन भी कुटरचित तरीके से दस्तावेज लेख के माध्यम् से कराया गया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत तीन घायल



**भिलाईनगर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। 14 मार्च दोपहर 3 बजे के बाईपास रोड पर सड़क दुर्धटना में एक युवती की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया। घायलों का ईलाज एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ढाबा से खाना खाकर लौट रही स्कोडा कार दुर्घटनाग्रस्त होने से कार में सवार 22 साल की युवती की इलाज के दौरान श्री रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में देर रात्रि लगभग 2 बजे मौत हो गई वही कार में सवार तीन युवक घायल हो गए जिनका इलाज बायपास टोल के समीप आरोग्यं अस्पताल में इस समय जारी है, तीनों आईसीयू में भर्ती हैं चिकित्सकों ने उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है तीनों के सिर में हाथ में पैर में और पसली में गंभीर चोटें आई है ।

जानकारी के अनुसार आज दोपहर 3 बजे के करीब दुर्ग बायपास रोड पर अर्जुन ढाबा के समीप सड़क एक्सीडेंट में हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र निवासी भिलाई जिला भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक की पुत्री रिचा कौशिक 22 साल की इलाज के दौरान राजधानी रायपुर के अस्पताल में मौत हो गइ। इस दुर्घटना में घायल तीन अन्य लोगों को दुर्ग के आरोग्यम अस्पताल में उपचारार्थ भर्ती किया गया है। गंभीर रूप से घायल जिलाध्यक्ष की पुत्री को रायपुर ले जाया गया जहां सिर में गंभीर चोट की वजह से नहीं बचाया जा सका है। मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर जिलाध्यक्ष की पुत्री रिचा कौशिक 22 वर्ष राजनांदगांव बायपास रोड पर अर्जुन ढाबा भोजन करने जा रही थी तभी दुर्ग बायपास रोड पर उनकी लाल रंग की स्कोडा कार दुर्घटनाग्रस्त हुई। निधन की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। हाऊसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र स्वीटी कौशिक के निवास पर खबर मिलते ही लोग पहुंचने लगे हैं। जिलाध्यक्ष स्वीटी कौशिक के एक पुत्र और पुत्री थी। अचानक हुए इस हादसे से परिवार स्तब्ध है। इस दुर्घटना में घायल मयंक यादव 25 साल निवासी कोहका, आयुष यादव 25 साल निवासी औद्योगिक क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड एवं हर्ष यादव 24 साल निवासी कोहका भिलाई भी घायल हो गए जिनका इलाज आरोग्यं अस्पताल में जारी है मयंक और आयुष चचेरे भाई हैं पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है

## राज्य मंत्री ने एसआरटीएमआई वेब पोर्टल का किया शुभारंभ



**भिलाईनगर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। इस्पात एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने भारतीय इस्पात क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एसआरटीएमआई की अनुसंधान एवं विकास योजनाओं और एसआरटीएमआई वेब पोर्टल का शुभारंभ किया भारतीय इस्पात अनुसंधान प्रौद्योगिकी मिशन जो इस्पात मंत्रालय द्वारा समर्थित भारतीय इस्पात उद्योग और शिक्षा जगत की एक संयुक्त पहल है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारतीय इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास का उत्प्रेरण कार्यक्रम के दौरान तीन नई अनुसंधान एवं विकास योजनाएं और एक वेब पोर्टल लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख इस्पात कंपनियों, जेएसडब्ल्यू, जेएसपीएल, टाटा स्टील, एनएमडीसी, जेएसएल, आरआईएनएल, मेकॉन आदि प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों आईआईटी कानपुर, आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी रुड़की, आईआईटी बीएचयू, एनआईटी त्रिची, आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी मद्रास, आईएसएम धनबाद आदि अनुसंधान संगठनों सीएसआईआर, आईएमएमटी, स्टार्ट अप्स और स्वीडिश ऊर्जा एजेंसी और एशियाई विकास बैंक जैसी अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने भाग लिया। उद्योग राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने अनुसंधान एवं विकास योजनाओं तथा एसआरटीएमआई वेब पोर्टल का शुभारंभ किया तथा इस्पात क्षेत्र में नवाचार एवं स्थिरता को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका पर जोर दिया। भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि नई आरएंडडी पहल और स्टीलकोलैब भारत के 2030 तक 300 मीट्रिक टन स्टील उत्पादन क्षमता की ओर बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण में तेजी लाने और पूंजीगत वस्तुओं के विनिर्माण को स्वदेशी बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि एसआरटीएमआई वेब पोर्टल जुड़ाव, विचारों के आदान प्रदान और उद्योग व्यापी सहयोग को बढ़ावा देगा। इस्पात मंत्रालय के सचिव श्री संदीप पौंड्रिक ने वैश्विक इस्पात मांग केंद्र के रूप में भारत के उभरने पर प्रकाश डाला और अनुमान लगाया कि 2030 से पहले प्रति व्यक्ति खपत 100 किलोग्राम से बढ़कर 158 किलोग्राम हो जाएगी। उन्होंने संयंत्र दक्षता, एआई, एमएल अपनाने, डिजिटलीकरण और डीकार्बोनाइजेशन सहित प्रमुख चुनौतियों को भी रेखांकित किया, और भारत की अनूठी उद्योग संरचना के अनुरूप अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया, जहां 45 प्रतिशत क्षमता द्वितीयक इस्पात क्षेत्र में निहित है। सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश ने भारत की वैश्विक इस्पात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए उद्योग अकादमिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने भारत की इस्पात मांग में 11 प्रतिशत की वृद्धि का उल्लेख किया। जो वैश्विक औसत 0.5 प्रतिशत से काफी अधिक है। संयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देने में अनुसंधान एवं विकास योजनाओं के महत्व को रेखांकित किया। इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव अभिजीत नरेन्द्र ने उद्घाटन भाषण दिया। जिसमें उन्होंने अनुसंधान एवं विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा नई योजनाओं और वेब पोर्टल का अवलोकन प्रस्तुत किया। इस्पात मंत्रालय और एसआरटीएमआई की निदेशक सुश्री नेहा वर्मा ने अनुसंधान एवं विकास योजनाओं, उनकी कार्यान्वयन रणनीतियों को प्रस्तुत किया और स्टीलकोलैब का परिचय दिया। जो उद्योगए शिक्षा, अनुसंधान संस्थानों और स्टार्टअप के लिए नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक सहयोगी मंच है। राष्ट्रीय हित की महत्वपूर्ण उद्योग.व्यापी चुनौतियों की पहचान करना और उनका समाधान करना।

## भिलाई के पत्रकार अपनी कलम की धार दिखाते रहते है : सांसद



**भिलाईनगर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर का होली मिलन समारोह आकाशगंगा सुपेला गार्डन में आयोजित किया गया। भिलाई की पत्रकार बिरादरी के साथ जिले के सांसद विजय बघेल व विधायक रिकेश सेन, चिकित्सा क डॉ सुधीर गांगेय, भिलाई एंन्सीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दास गुप्ता की खास मौजूदगी में हास परिहास के बीच रंग गुलाल व फूल की पंखुडियों के साथ होली खेली गई। अथितियों के स्वागत न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर के पदाधिकारियो ने किया। न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर का होली मिलन समारोह में विशेष रूप से दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, डॉ सुधीर गांगेय, डॉ एस के शर्मा, डॉ व नवीन दारुका, बीएसपी एंसीलरी के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता, एएसपी शहर सुखनंदन राठौर, सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रेस क्लब के अध्यक्ष टी सूर्याराव‌ए महासचिव खिलावन सिंह चौहान सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने अतिथियों का ढोल बाजे के साथ अभिनंदन किया। होली मिलन समारोह कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेएम तांडी ने किया। कार्यक्रम के सफलतम आयोजन में उपाध्यक्ष कोमल धनेसर व के मोहन राव, सचिव रत्नाकर अल्वा व डीके साहू, कार्यालय सचिव रमेश भगत, सहसचिव सचिव संतोष मलिक, कार्यकारिणी सदस्य रमजान, सुनील चौहान, गौकरण निषाद, जयप्रकाश आर्य, अजित सिंह भाटिया व अनिल पंडा, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद सिंह, योगेश गुप्ता, बीडी निजामी, सुधीर सिंह, उमेश निवल, रमेश गुप्ता, कमल शर्मा, राजेन्द्र गोस्वामी, अशोक पंडा, निर्मल साहू, सर्वेश सिंह, हरप्रीत भाटिया, रवि दहाट, प्रवीराज श्रीवास्तव, चंद्रकांत श्रीवास्तव, योगेश वर्मा सहित सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान सांसद विजय बघेल ने सबसे पहले होली पर्व की सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भिलाई की पत्रकार बिरादरी हमेशा अपनी कलम की धार दिखाती आई है। कार्यक्रम में मौजूद रहे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने पूरी टीम को इस आयोजन के लिए बधाई दी। होली मिलन समारोह को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिलाई .दुर्ग शहर सुखनंदन राठौर ने भी संबोधित करते हुए बधाई दी।होली मिलन समारोह शांतिपूर्वक संपन्न होने पर क्लब के अध्यक्ष टी सूर्या राव एवं महासचिव खिलावन सिंह चौहान न आभार जताया।

## राधे कृष्ण संग मनाई खुशियों के रंगों की होली



**भिलाईनगर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में खुशियों और रंगों के महापर्व होली को राधे कृष्ण संग खेलकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चंदन की शीतलता से आत्मिक तिलक लगाकर की गई। फूलों और गुलाब जल की पिचकारियों से सभी ब्रह्मा वत्सो को होली पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। प्रात: राजयोग सत्र के पश्चात परमात्मा को विशेष भोग अर्पण कर भिलाई सेवा केंद्रो की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि बीती बातों विकारों और स्वयं की कमी कमजोरी, बुराइयों को जलाकर, परमात्मा के अविनाशी रंगों सहयोग, सफलता, शक्ति, गुण, प्रेम, मधुरता, शांति, आनंद, शीतलता, खुशी, उमंग उत्साह के अविनाशी रंगों से स्वयं और दूसरों के संग मनाए होली। राधे कृष्ण और डिवाइन ग्रुप बच्चों के संग सभा में उपस्थित ब्रह्मा वत्सो ने बृज की होली खेलकर माहौल को प्रेम, शांति और सौहार्द से भर दिया। सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम के प्रांगण में एक हाथ में पिचकारी और एक हाथ में मुरली धारण किए मोर मुकुट धारी कान्हा की विशाल रंगोली सभी के आकर्षण का केंद्र रही।

## लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन का आयोजन

**भिलाईनगर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में संयंत्र के पंजीकृत ठेकेदारों हेतु कांट्रेक्टर सेफ्टी मैनेजमेंट के कार्यान्वयन पर एक लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन का आयोजन किया गया। इस इंटरेक्शन सत्र में 70 ठेकेदारों और उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सत्र की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक पी वी वी एस मूर्ति ने की। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा और अग्निशमन सेवाएं देबदत्त सत्पथी, महाप्रबंधक प्रभारी, एस के अग्रवाल, महाप्रबंधक अभियांत्रिकी विभाग जे तुलसीदासन उपस्थित थे। कार्यक्रम में सुरक्षा के संबंध में ठेकेदारों के मानकों में सुधार के लिए तथा संयंत्र के भीतर श्रमिकों हेतु सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए कांट्रैक्टर सेफ्टी मैनेजमेंट के कार्यान्वयन पर चर्चा की गई।

## सीटू नेता महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**भिलाईनगर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। बीएसपी के कोक ओवन के आस-पास अत्यधिक धूल की समस्याको लेकर सीटू नेता एसपी डे प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्य महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौपा। सीटू नेता एस पी डे ने मुख्य महाप्रबंधक से बकेट चार्जिंग कार ऑपरेटरों के खूले केबिन में डस्ट से बचाव के लिए उपाय करने हेतु यूनियन की ओर से जो सुझाव दिए गए थे। संबंधित अधिकारी ने इसमें आश्वासन दिया। सीटू नेताओं ने कहा कि कर्मी जोखिम भरे माहोल में काम करने को बाध्य है कर्मी कोक ओवन बैटरी 11, सी एस पी 4, सीएचएम-4, सीआरएम के कर्मी, सीसीडी-3 स टी एण्ड डी रॉ मटेरियल स्टेशनस ब्लास्ट फर्नेस 8 दृ स्टॉक हाउस के कर्मी, सभी इस धूल भरे क्षेत्र में काम करने के लिए बाध्य हैं, वही बकट कार ऑपरेटरों की स्थिति दयनीय है। सीटू नेताओ ने कहा कि कई कर्मचारियों को व्यवसायिक स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना चहिए। सीटू नेता का कहना है कि हर स्तर पर कर्मियों द्वारा धूल का मुद्दा उठाया जा रहा है। पिछले 24 फरवरी को लार्ज ग्रुप इंटरैक्शन बैठक में भी यह मुद्दा उठा था। 5 मार्च को भी को कोक ओवन के मुख्य महाप्रबंधक को लिखित में धूल से बचाव के लिए कुछ उपाय सुझाए गए थे। किन्तु आज तक इसमें सुधार नही हो पाया है। जिससे वहां काम करने वालों के स्वास्थ्य पर विपरित आसर पड़ रहा है। सीटू नेताओं ने कहा कि लगता है, कि कोक ओवन प्रबंधन का रूख पूरी तरह उदासीन है।

## एस.एससी एसो. ने जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन



**भिलाईनगर**, 16 मार्च (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र एससी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन ने कलेक्टर दुर्ग को सोपा ज्ञापन। एसोसिएशन ने दुर्ग जिला में नव पदस्थ जिलाधीश अभिजीत सिंह को कोमल प्रसाद अध्यक्ष भिलाई इस्पात संयंत्र एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दुर्ग जिला में पदस्थ होने पर पुष्प गुच्छ भेंट कर हार्दिक अभिनंदन किया एवं ज्ञापन सौंपा। कोमल प्रसाद ने कलेक्टर को ज्ञापन में बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन को प्रबंधन द्वारा सेक्टर-6, भिलाई में दिया गया। डॉक्टर अंबेडकर भवन को कब्जा कर लिया गया है, जिसके कारण हम अपना कार्यक्रम वहां से संचालित नहीं कर पा रहे हैं। हमें अन्यत्र किराए से या किसी संस्था से जगह मांग कर कार्यक्रम करना पड़ रहा है। जिससे हमें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । पिछले कई महीनो से अवैध कब्जे का केस पेंडिंग है। इस पर तत्काल निर्णय की आवश्यकता है। जिससे हम अपना सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक कल्याणकारी कार्यक्रमों को सुगमता से संचालित कर सके। महासचिव विजय कुमार रात्रे ने बताया कि एसोसिएशन अपने अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याणार्थ कार्य कर रहा है। शासन के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को भी हम विचार संगोष्ठी के माध्यम से लोगों के बीच पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। हम एसोसिएशन के माध्यम से भिलाई दुर्ग के विद्यार्थियों में यातायात नियमों की जानकारी एवं उनका पालन करने के लिए प्रेरित करने का कार्यक्रम, विद्यार्थियों में ज्ञान विज्ञान के प्रति जागरूकता एवं रूचि बढ़ाने हेतु कार्यक्रम, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कार्यक्रम, महिलाओं को सशक्त बनाने एवं अंधविश्वास के प्रति जागरूकता लाने जैसे अनेक कार्यक्रम का आयोजन प्रति माह किया जा रहा है। कलेक्टर ने एसोसिएशन के उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया ।

**किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत का नागरिक अभिनन्दन कल**

**राजिम,** 16 मार्च। राकेश टिकैत चार दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे इस दौरान गरियाबंद जिला के ग्राम बेलटुकरी (राजिम) के ग्रामीणों द्वारा राकेश टिकैत का नागरिक अभिनन्दन किया जायेगा।



# नपाध्यक्ष चंद्रवंशी ने कहा–गुणवत्ता के साथ समय में पूर्ण करें सभी निर्माणाधीन कार्य

**कवर्धा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सख्त रवैया अपनाया है। उन्होनें ठेकेदारों से कहा कि सभी निर्माण कार्यो को पूर्ण करने की तारीख तय करें। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर समझौता नही होगा, इसका भी पूर्ण ध्यान रखे। उन्होनें उपस्थित कार्यपालन अभियंता को कहा जो इंजीनियर काम नही कर रहे, उनका वेतन आहरण पर रोक लगावें। लेकिन निर्माण कार्य में कोताही व लेटलतीफी बिल्कुल ना करें। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा की तथा ठेकेदारों की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिये। उन्होनें सभी प्रमुख विकास कार्यो का लोकार्पण तय सीमा में कराया जा सके जिसका लाभ कवर्धा वासियो को जल्द मिले इसके लिए नगर पालिका से अनुबंधित ठेकेदारों से सभी कार्यों के पूर्णता के लिए तय अंतिम तारीख़ से पहले कार्य पूर्ण करने निर्देश दिया है।



### ठेकेदारों के साथ हुई बैठक, निर्माण अवधि की समय-सीमा तय

**विकास कार्यो पर ना हो रूकावट, इसका ध्यान रखे**

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नगर पालिका परिषद कवर्धा के ठेकेदारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें उन्होंने निर्माण कार्यों और अन्य कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। इस बैठक में ठेकेदारों को उनके कार्यों की गति को तेज करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। नपा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि समय पर काम पूरा होना और गुणवत्ता बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कार्यपालन अभियंता एम.एल.कुर्रे को निर्देशित करते हुए कहा कि ठेकेदारों को उनके कार्यों के अनुसार समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ठेकेदारों को उनकी मेहनत का सही समय पर भुगतान मिलना चाहिए ताकि कार्यों में किसी प्रकार की रुकावट न आए। और तय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कराना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर भी पालिका कार्यवाही करने में पीछे नहीं रहेगी।

**विकास कार्यो के लोकार्पण का समय पहले से तय कर समय सीमा करें कार्य पूर्ण**

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सभी चल रहे निर्माण कार्यों का लोकार्पण आगामी तय तिथि को किए जाने की बात भी कही। इससे यह स्पष्ट हुआ कि आगामी लोकार्पण कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं, ताकि शहरवासियों को नए निर्माण कार्यों का लाभ मिल सके। वन विभाग के सामने चौपाटी निर्माण, नपा कार्यालय के सामने चौपाटी निर्माण, गुरूनानक चौक, शिवाजी चौक, करपात्री स्कूल के सामने सौंदर्यीकरण कार्य, अटल जी की प्रतिमा स्थापना कार्य व अन्य सभी प्रमुख कार्यो का लोकार्पण आगामी मई माह में होना तय हुआ है।

**निर्माण कार्यों के गुणवत्ता में नहीं होगा समझौता**

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार से समझौता नहीं होगा यह बात संबंधित ठेकेदार एव कर्मचारी गण ध्यान में रखें। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि सभी निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता बनाए रखी जानी चाहिए, ताकि शहरवासियों को सुरक्षित और बेहतर संसाधन मिल सके। इसके अलावा, उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन सब इंजीनियरों ने अपने कार्य में लापरवाही बरती और निर्धारित मानकों के अनुसार काम नहीं किया, उनके वेतन को रोकने पर विचार किया जाए। उन्होनें कहा कि चौपाटी के सामने अवैध कब्जों को तत्काल हटायें ताकि निर्माण कार्यों में बाधा उत्पन्न ना हो।

# नवनिर्वाचित सरपंच ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मनाई होली



**डोंगरगढ़,** 16 मार्च। विकासखंड के ग्राम पंचायत अछोली में 15 मार्च को नवनिर्वाचित सरपंच नंदकुमार साहूए ने पूर्व सरपंच श्रीमती मनीषा नेताम से पंचायत की सभी प्रकार की देनदारीए लेनदारी के साथ गांव के सभी सार्वजनिक संपत्ति का प्रभार सूची सचिव राजू वर्माए पूर्णिमा मांडवीए उप पुखराज साहूए पंच पंच मूलचंद साहूए खेमचंद सहारेए सुप्रिया रानी जितेंद्र गुप्ताए खिलेश्वरी साहूएमुन्ना यादव एज्योति नेताम एपारख साहूए सुनीता साहू एपूर्णिमा साहू एभंवर सिंग एसूर्या मानिकपुरीए भागचंद वर्माए खुशबु साहूए ईश्वरी साहूए मोहनीश साहूए वंदना यूईके एजीना सड़ेकरए उपकार दास साहू रेखराज वर्माए चुम्मन दास साहू की कुछ तो उपस्थिति में प्रभार दिया गया है वहीं प्रहार देने के पश्चात निर्वाचित सरपंच उपसरपंच एवं पांच प्रतिनिधियों के बीच होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया जिस पर पंचायत प्रतिनिधियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी और पंचायत के कार्य को निष्ठा पूर्वक करने की बात कही है।

# पिपरिया में होली मिलन व काव्य पाठ का आयोजन



**कवर्धा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। होली के अवसर पर पिपरिया में वरिष्ठ साहित्यकार समय लाल विवेक के निवास-रूपक निकेतन में होली मिलन एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाठक मंच कवर्धा से जुड़े रचनाकार एवं कबीरा खड़ा बाजार प्रगतिशील वैचारिक मंच पिपरिया के साथी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी रचनाकारों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पहले चरण में साहित्यिक चर्चा हुई जिसमें इस बात पर बल दिया गया कि रचनाकारों को अपनी रचनाएं पाठक तक पहुँचाने की कोशिश करनी चाहिए। लिखी हुई रचनाओं का समयानुकूल प्रकाशन किया जाना चाहिए। चर्चा के दौरान साहित्यकारों ने वर्तमान धार्मिक राजनीतिक परिस्थितियों से उपजी विसंगतियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। दूसरे चरण में काव्य पाठ का आयोजन किया गया जिसमें सुखदेव सिंह अहिलेश्वर ने होली पर छत्तीसगढ़ी में खूबसूरत गीत प्रस्तुत किया। सात्विक श्रीवास्तव ने मुक्त छंद में होली पर कविता प्रस्तुत किया। महेश आमदे ने बासंती रंग पिरोते हुए श्रृंगार के दोहे सुनाए।संतराम थवाइत ने त कइसे बनही भाई छत्तीसगढ़ी मुक्तक के माध्यम से व्यवस्था पर तीखा व्यंग्य किया। नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने बेशर्मी कविता के माध्यम से समाज में व्याप्त विरोधाभास को प्रस्तुत किया। भागवत साहू ने सामाजिक सामयिक यथार्थ को अपनी मुक्तक कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। समय लाल विवेक ने अपनी कविता में प्रभु वर्ग की निष्ठुरता को मार्मिकता के साथ व्यक्त किया। कार्यक्रम में जितेंद्र साहू दीपक विक्रम डाकेश्वर सुधी पाठक के रूप में उपस्थित रहे।

# 21 को आयुक्त आदिवासी विकास विभाग का घेराव

**डोंगरगढ़,** 16 मार्च। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक 9 मार्च को कलेक्ट्रेट के सामने ओवर ब्रिज के नीचे सम्पन्न हुई जिसमें पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रांतीय निकाय के आव्हान पर आयुक्त कार्यालय आदिवासी विकास विभाग इंद्रावती भवन नया रायपुर का घेराव किया जाएगा। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को एक माह का अल्टीमेटम देते हुए 16 बिंदुओं पर निराकरण करने का ज्ञापन दिया था एक माह से अधिक समय व्यतीत हो चुका है किन्तु अभी तक आयुक्त द्वारा कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है घेराव का मुख्य बिंदु यह है कि संघ के द्वारा लंबे समय से आदिवासी विकास विभाग में कार्यरत कलेक्टर दर मजदूरी दर पर कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण किया जाए जिसके लिए संघ के द्वारा विभिन्न जिलों में घेराव कर नियमितीकरण हेतु छानबीन समिति गठित करवा लिया गया है किन्तु लंबे समय से कमेटी की न ही बैठक बुलाई गई है और ना ही नियमितीकरण युक्तियुक्त करण किया गया है विभिन्न जिलों के सहायक आयुक्त से चर्चा करने पर प्रकरण पर जानबूझ कर देरी किया जा रहा है इसी के चलते संघ ने आयुक्त से आग्रह किया था कि सभी जिलों के सहायक आयुक्त के साथ संघ प्रतिनिधिमंडल के बीच परामर्श बैठक करवाकर नियमितीकरण के प्रकरण पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए किंतु एक माह का समय व्यतीत हो जाने के पश्चात भी आयुक्त द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने से कर्मचारी नाराज हैं और 21 मार्च को आयुक्त का घेराव करने बाध्य हैं।



# कुओं की साफ-सफाई की गई



**पलारी** 16 मार्च (देशबन्धु) विकास खण्ड के ग्राम पंचायत बिनौरी के वार्ड क्रमांक 11 के कुओं की साफ सफ़ाई कर उसके बाद पानी टैंकर से कुओं में पानी डाले जाएंगे सभी वार्ड के पंचों से कहा गया है कि अपने सार्वजनिक कुओं की साफ सफ़ाई जल्द से जल्द करावे, ताकि पानी की किल्लत से आम जन को सुविधा मिल सके। उक्त जानकारी सरपंच ग्राम पंचायत बिनौरी ने दी।

# हर्षोल्लास पूर्वक होली मनाई गई

**पलारी,** 16 मार्च (देशबन्धु) नगर सहित पूरे विकास खंड पलारी में होली का पर्व हर्षोल्लास से मनाई गई। विकास खण्ड के ग्राम देवसुंदरा में रंगोत्सव पर्व के तीन दिन पहले बाजे गाजे के साथ घुम घुमकर ग्राम के कलाकारों द्वारा डंडा नृत्य गीत के साथ प्रस्तुत किया।जगह जगह नगाड़े की थाप पर युवा थिरकते रहे रात्रि में शांति पूर्वक होलिका दहन संपन्न हुआ दूसरे दिन रंगोत्सव का पर्व रिकार्डिंग डांस के साथ लोगों ने झुम झुमकर नाचे इस बार बच्चे अति उत्साह में एक दूसरे के कपड़े फाड़े और ऐसे ही खुले बदन घुमते दिखे अंततः रंग गुलाल में सराबोर होते होते शाम ढल गया और शांति पूर्वक सौहार्दपूर्ण साल का अंतिम धार्मिक त्यौहार होली संपन्न हुआ।

# होली के दिन हुई जमकर मारपीट आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर

**कुम्हारी,** 16 मार्च (देशबन्धु)। होली के दिन शुक्रवार को दोपहर क़रीब 3:00 बजे दो पक्षो के बीच जमकर मारपीट हुई। घायलों का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है वहीं आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आजाद चौक वार्ड 2 में दुष्यंत सोनकर (24 वर्ष) और मोहल्ले के लोग बाक्स लगाकर नाच गा रहे थे, उसी समय सतनामी पारा कुम्हारी के अक्षय, विजय, लक्की नेताम और उसके साथी मोहल्ला में आकर जबरन नाच गाना करने लगे तब दुष्यंत सोनकर और मोहल्ले के लोगों ने इसके लिए उन्हें मना किया तो वे सभी गाली गलौज करने लगे, जिसे मना करने पर अक्षय, विजय, लक्की और उसके साथियों ने दुष्यंत सोनकर और लोगों को गंदी गंदी गालिया देते हुए तुम कौन हो मना करने वाले कहकर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे चाकू जैसी चीज लाठी और राड से मारपीट करने लगे जिससे दुष्यंत सोनकर (24 वर्ष) के सिर, हाथ, पैर और पीठ, में चोट आई और खून निकलने लगा। इसी बीच दुष्यंत सोनकर की माँ एवं राकेश यादव तथा मोहल्ले के लोग छुडाने लगे उसी बात पर अजय यादव, राहुल यादव, कामदेव यादव, ताराचंद पटेल उर्फ तामडू तथा मोहल्ला के लोगो को भी उन्होंने गंदी गंदी गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की और चोट पहुचाया। इस मारपीट से दुष्यंत सोनकर और उसकी मां सहित राकेश यादव(27 वर्ष), अजय यादव(26 वर्ष), राहुल यादव(25 वर्ष), ताराचंद पटेल 26 वर्ष), और कामदेव यादव (26 वर्ष) को सीना और कमर मे चोट आई है जिनका उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी दुष्यंत सोनकर की माँ विशाखा सोनकर की रिपोर्ट पर स्थानीय पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5), 118(1) बी एन एस के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं।

# तिल्दा में नपा अध्यक्ष ने किया जिम का उद्घाटन

**कोहका नेवरा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। स्थानीय कुर्मी बोर्डिंग नेवरा में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला वर्मा ने जिम के उद्घाटन अवसर पर कहा कि युवाओं को प्रोत्साहित करते रहना चाहिए जिससे उनका उत्साह बढ़ा रहता है। व्यवसाय के साथ-साथ समाज को भी साथ लेकर चलने वाले का हमें भी साथ देना चाहिए जिससे युवाओं का उत्साह बना रहे और वह व्यवसाय हो अथवा स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभदायक है। हमारे शरीर के लिए भोजन आवश्यक है इस तरह स्वस्थ शरीर के लिए योग अथवा जिम आवश्यक है। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिलदा राज के संरक्षक महेश नायक ने कहा कि पहले के लोग खेती बाड़ी अथवा साइकलिंग ज्यादा किया करते थे अर्थात् मेहनत का कार्य ज्यादा करते थे जिसके कारण वह स्वस्थ रहते थे परंतु आजकल मेहनत का कार्य कम होने से शरीर स्वस्थ नहीं रह पाता जिसके कारण शहरों में जिम ही एकमात्र सहारा है जो शरीर को स्वस्थ बनाएं रखता है। इसलिए वर्तमान समय में स्वस्थ शरीर के लिए जिम आवश्यक हो गया है। इस अवसर पर कुर्मी समाज के उपराज्य प्रधान डॉक्टर कृष्ण कुमार वर्मा छात्रावास संरक्षक हेमचंद वर्मा तिल्दा नगर संरक्षक जैनेंद्र बघेल, तिल्दा बस्ती प्रमुख शिव वर्मा, ऋषि कुमार वर्मा विश्वनाथ वर्मा अनिल वर्मा दीपक वर्मा प्रवीण कुमार नायक, श्रीमती कौशल वर्मा, श्रीमती नंदनी खिचड़िया, श्रीमती मैना वर्मा आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन जीवा फिटनेस जिम के संचालक प्रदीप वर्मा ग्राम रजिया के द्वारा किया गया।





**डोंगरगढ़।** होली पर्व के अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती एनगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे एउपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा एशहर भाजपा अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोआना, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र भाई पटेल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, राजनारायण चंदेल, दीपक ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी ।

## प्रादेशिकी का शेष...

### विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का...

करके ये रिजल्ट लाया है। इस दौरान पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, भाजपा जिलाध्यक्ष, अजय साहू,नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर वर्मा ,शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू वरिष्ठ भाजपा नेता प्रहलाद रजक,राजू देवांगन, पार्षद गण विकास तम्बोली गौरव साहू, आकिब मलकानी,रवि मुलवानी लक्की साहू,पंचू साहू,नीतू कोठारी, निखिल साहू ,राजकुमार खांडे, नगर पंचायत नवागढ़ उपाध्यक्ष सोम ठाकुर होरी लाल सिन्हा, महेश साहू, हर्षवर्धन तिवारी,राजेश दीवान,सुरेश पटेल,केशव साहू,राकेश मोहन शर्मा भानु राम साहू ,सोसायटी अध्यक्ष दोहाई लाल वर्मा, नारद यादव, सुरीत साहू दीना नाथ साहू, राजीव तंबोली सहित भाजपा पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्त्ता साथी मौजूद रहे।

### हटरी बाजार में आग...

लगातार मशक्कत के बद इस आग पर काबू पाया जा सका। आज सुबह से ही मौके पर देखने वालों की भीड़ लगी रही। विधायक गजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अरूण वोरा, वार्ड पार्षद जितेन्द्र महोबिया, नगर निगम के अधिकारी आसपास के व्यापारीगण चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारीगण वरिष्ठ भाजपा नेता चैनसुख भट्टड़, मनमोहन शर्मा, सहित अनेक लोग मौके पर पहुंचे।

इधर जिन व्यापारियों का नुकसान हुआ है उनमें अजीम भाई की जूते चप्पल की दूकानें, नानेश भाई, भगवान दास तथा अन्य लोगों की दूकानें शामिल है। कुछ नक्सली देखे जाने की खबर है। पुलिस को आशंका है कि नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया है।

# लो-वोल्टेज व बिजली कटौती ने ले ली किसान की जान : विधायक यादव

**बागबाहरा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा सरकार की लापरवाह नीतियों और विद्युत विभाग की अयोग्यता के कारण प्रदेश में किसानों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। कृषि कार्य के लिए दी जाने वाली बिजली की लो वोल्टेज और लगातार कटौती के चलते झलप क्षेत्र के सिंघनपुर निवासी किसान पूरन निषाद ने अपनी पूरी तरह बर्बाद हो चुकी फसल को देखकर पेड़ में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूरन निषाद को उम्मीद थी कि वह मेहनत से अपनी फसल तैयार करेंगे। और कर्ज चुका पाएंगे। लेकिन बिजली संकट ने उनके सारे सपनों को चकनाचूर कर दिया। खेतों में लगी फसल लो वोल्टेज और विद्युतकटौती के कारण सूखने लगी। लेकिन सरकार और विद्युत विभाग उनकी परेशानी से बेखबर बने रहे। जब उन्होंने संबंधित विभागों से मदद मांगी, तो उन्हें सिर्फ झूठे आश्वासन मिले। आखिरकार, फसल के सूखने और कर्ज के बोझ से टूटे किसान को आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा।

**कांग्रेस की जांच समिति ने की मृतक के परिजनों से मुलाकात**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में जांच समिति मृतक कृषक के परिजनों से मिलने उनके घर पहुँची। जहां उन्होंने मृतक कृषक पूरन निषाद के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को ढाढस बंधाया।

वहीं परिजनों चर्चा के दौरान मृतक पूरन निषाद के परिजनों ने विधायक श्री यादव एवं कमेटी के सदस्यों को बताया कि ङ्क मृतक ने अपनी फसल को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया। उन्होंने खेतों की सिंचाई के चलते बार-बार बिजली ऑफिस के चक्कर लगाए। लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। दिन में 20 बार से अधिक लाइन बंद हो रहा था। साथ ही जब लाइट रहती थी तो लो वोल्टेज के कारण मोटर चालू नहीं हो रहा था।



- बिजली संकट और किसानों के आत्महत्याओं के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार
- फसल बर्बादी से हताश होकर किसान ने की आत्महत्या

**पड़ोसी किसान से भी मांगी थी मदद**

मृतक कृषक पूरन निषाद ने दूसरे साथी कृषक जिसका बाजू में खेत और बोर है, उसे भी कुछ राशि देकर खेत की सिंचाई के लिए निवेदन किया। तो उसने भी प्रयास किया। लेकिन फिर भी उसे सफलता नहीं मिली। और इस बीच उनकी फसल सूखकर बर्बाद होने लगी। एक तरफ कर्ज का दबाव, दूसरी ओर खेतों में खड़ी सूखती फसल, और सरकार की बेरुखी ने उन्हें आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाने पर मजबूर कर दिया।

परिजनों से चर्चा के पश्चात पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि यह सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। जब किसानों को पानी और बिजली की जरूरत होती है। तब सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग जाती है। पूरन निषाद की आत्महत्या भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों का सीधा परिणाम है। अगर बिजली की आपूर्ति सुचारू होती, तो आज यह दुखद घटना नहीं होती।

विधायक श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा किसानों के हितैषी होने का दिखावा करती है। लेकिन हकीकत यह है कि राज्यभर में लो वोल्टेज और बिजली कटौती ने किसानों की कमर तोड़ दी है।

जब उद्योगों को चौबीसों घंटे बिजली दी जा सकती है, तो किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली क्यों नहीं मिलती? बिजली पर तो सभी का हक है। और खासकर के छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों का तो उस पर विशेष हक है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ वादे करती है। लेकिन जब किसानों को मदद की जरूरत होती है। तब वह अपना पल्ला झाड़ लेती है। यह सरकार किसान विरोधी है। और इसे सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं

**बिजली विभाग के लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई हो**

परिजनों से चर्चा करने के पश्चात विधायक द्वारिकाधीश यादव ने सरकार के समक्ष परिजनों के लिए मांग रखते हुए कहा कि मृतक किसान के परिवार को कम से कम ?10 लाख का मुआवजा मिले। विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।।किसानों को पर्याप्त बिजली देने के लिए सरकार ठोस नीति बनाए।

### अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदन 10 अप्रैल तक

**कोण्डागांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल होने के इच्छुक पुरुष उम्मीदवार 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते है।अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क या स्टोर कीपर, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समेन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## निधन

### बाबूलाल धूमकेतु

**जी जामगांव** 16 मार्च। ग्राम जी जामगांव निवासी बाबूलाल धूमकेतु सेवानिवृत शिक्षक का आकस्मिक निधन 13 मार्च को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार 15 मार्च को उनके गृह ग्राम जी जामगांव में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में सामाजिक बंधु, ग्राम के गणमान्य नागरिक, ग्राम वासी शामिल थे। वे हृदय भूषण कहार (व्याख्याता) आशुतोष कहार (शिक्षक) एवं अम्बरीश कहार के पिता थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।



### मदनलाल बाफना

**बालोद,** 16 मार्च। जैन श्री संघ बालोद के एवं प्रतिष्ठित बाफना परिवार के मदनलाल बाफना का 72 वर्ष की आयु में आज निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। बालोद मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बालोद के गणेश प्रसादम के संचालक मूलचंद, गौतम, प्रकाश बाफना के भाई व अरुण बाफना के पिता थे।



### बुधराम साहू

**महासमुंद,** 16 मार्च (देशबन्धु)। स्थानीय शंकर नगर वार्ड नं. 1 भाठापारा खरोरा निवासी बुधराम साहू 80 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। वे सब्जी व्यवसायी पोखन साहू, कमल साहू के पिता थे। उनकी अंत्येष्टि ग्राम खरोरा स्थित मुक्ति धाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य जन शामिल हुए।



### श्रीमती सरला बाजपेयी

**भिलाईनगर,** 16 मार्च (देशबन्धु)। कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच दुर्ग भिलाई के प्रमुख संरक्षक और भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व कार्यपालक निदेशक वर्क्स बीएम के बाजपेयी की धर्मपत्नी श्रीमती सरला बाजपेयी 80 वर्षीय का आज 16 मार्च रविवार को सुबह 9 बजे निधन हो गया है। उनकी अंत्येष्टि 17 मार्च को रिसाली, भिलाई के मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा 17 मार्च सोमवार को प्रात: 11 बजे उनके दामाद मुख्य महाप्रबंधक एस आर यू विशाल शुक्ला के निवास-5 बी, सड़क-18, सेक्टर 10 रिसाली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। भिलाई महिला समाज की पूर्व उपाध्यक्ष, समाज में सक्रिय समाजसेवी और कर्मठ श्रीमती सरला बाजपेयी के परिवार में पति बी एम के बाजपेयी, बेटी श्रीमती वर्तिका शुक्ला बाजपेयी (रीनू). दामाद विशाल शुक्ला और नाति विनायक शुक्ला थे।



### राहूल थिटे

**दुर्ग,** 16 मार्च। साकेत कॉलोनी निवासी वरिष्ठ पत्रकार राहुल थिटे (65 वर्ष) का शनिवार की मध्य रात्रि नागपुर (महाराष्ट्र) में हृदयघात से निधन हो गया। अंतिम संस्कार रविवार को नागपुर के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सेवानिवृत्त पुलिस अफ्सर स्व. एमएस थिटे के पुत्र और ममता थिटे के पति व ऋचा थिटे के पिताजी थे। दुर्ग प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष राहुल थिटे के निधन से प्रेस जगत में शोक की लहर है। उनके निधन पर दुर्ग, भिलाई प्रेस क्लब के पदाधिकारियो व सदस्यों के अलावा जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों सहित उनसे जुड़े लोगों ने दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।



# सांसद विजय बघेल के जन्मदिन पर भाजपा किसान नेता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने दी बधाई





सांसद श्री विजय बघेल जी को जन्मदिन के अवसर पर उनके निज निवास भिलाई पहुंच कर पार्षद नीतू कोठारी ने सुरेश पटेल , राजेश दीवान के साथ बधाई दी।

**बेमेतरा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी एवं जिला पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी के नेतृत्व में कई नेता एवं कार्यकर्ता भिलाई स्थित सांसद निवास पहुंचे सांसद विजय बघेल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। साथ ही उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की भी कामना की।

इस कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के प्रमुख भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस दौरान योगेश तिवारी ने कहा, च्सांसद विजय बघेल जी दुर्ग जिले के सर्वमान्य नेता हैं, जो दूसरी बार सांसद बने हैं। उनके नेतृत्व में लगातार बेमेतरा जिले का विकास हो रहा है। उनका कुशल नेतृत्व क्षेत्र की जनता के लिए एक प्रेरणा है।ज्ज उन्होंने आगे कहा कि सांसद बघेल के मार्गदर्शन में जिले में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं।

अपने संबोधन में उन्होंने विशेष रूप से किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर जोर दिया और कहा कि भाजपा सरकार किसानों की भलाई के लिए कई योजनाएँ चला रही है, जिससे किसानों और आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है।

इस शुभ अवसर पर बेमेतरा जिले के कई प्रमुख पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व पार्षद महेश साहू, देवराज साहू, शेखर वर्मा, पीयूष शर्मा, मनोज पटेल, नीलकंठ पटेल, मनोज सिन्हा, यशवंत टंडन, सुनील पटेल, संजय मांडले, शिवम दीवान, मासूम पांडे, भुवनेश्वर बघेल सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल थे। सभी ने सांसद विजय बघेल को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर सफलता की कामना की।

इस कार्यक्रम में मौजूद सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मिलकर केक काटा और सांसद विजय बघेल के साथ हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया।

# नाबालिग के अपहरण और शारीरिक शोषण का आरोपी पुणे से गिरफ्तार



**कवर्धा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नाबालिग बालिका के अपहरण एवं शोषण के आरोपी को पुणे, महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नाबालिग को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और जबरन शारीरिक शोषण कर रहा था।

मामला थाना कुकदुर के अपराध क्रमांक 160/24, धारा 137(2) भा.न्या.सं. से संबंधित है। प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री 24-25.11.2025 की दरमियानी रात बिना बताए घर से लापता हो गई।

पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी एवं अपहृता की खोजबीन शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद यह जानकारी प्राप्त हुई कि नाबालिग को आरोपी अजय कुमार पिता शिवनाथ बघेल (उम्र 24 वर्ष), निवासी ग्राम कुकदुर, ने पुणे, महाराष्ट्र में छिपाकर रखा है। टीम ने तत्परता दिखाते हुए 11 मार्च 2025 को पुणे के मूर्ति पार्क, वहिल नगर, डुडुलगांव, थाना दिघी, जिला पिंपरी चिंचवड़, महाराष्ट्र में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा नाबालिग को सुरक्षित बरामद किया।

पूछताछ के दौरान पीड़िता ने बताया कि आरोपी अजय कुमार बघेल ने उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ भगाया और पुणे ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। मामले में पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित किए जाने के पश्चात आरोपी के विरुद्ध धारा 137(2), 64(2)(एम), 64(2)(आई) भा.न्या.सं. एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जे.एल. शांडिल्य, प्रधान आरक्षक मनोज तिवारी, अजय जायसवाल, आरक्षक कृष्ण कुमार ध्रुवे एवं महिला आरक्षक बिमला ध्रुवे की विशेष भूमिका रही।



**बेमेतरा,** 16 मार्च (देशबन्धु)।ऑल इंडिया लीनेस क्लब बेमेतरा प्रेरणा के द्वारा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ होली खेली गई तथा उनके साथ वार्तालाप कर उनकी परेशानी जानी क्लब के द्वारा कहा गया कि अगर आप लोगों को किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो वह क्लब से कह सकते हैं उनकी आवश्यकता अनुसार जरूरत की चीज क्लब के द्वारा दिया जाएगा वृद्ध जनों ने कहा कि वह सिर्फ हमें समय दे दे जिससे हमारा भी मन लगा रहे हमसे मिलने आए और तीज त्योहार पर हमारा हाल-चाल पूछ ले बस हमें और कुछ नहीं चाहिए उनकी यह बातें सुन सभी की आंखें नम हो गई तथा क्लब के द्वारा विश्वास दिलाया गया कि वह जब भी उनको बुलाएंगे वह जरूर आएंगे । पश्चात सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाई और एक दूसरे का मुंह मीठा किया बुजुर्गों के द्वारा आशीर्वाद दिया गया उक्त कार्यक्रम में क्लब की चार्टर अध्यक्ष विनोद राघव अध्यक्ष रामेश्वरी साहू उपाध्यक्ष शारदा तिवारी सचिव निधि बनाफर आरुणिका बेबी साहू सदस्य गण उपस्थित रहे।

# प्रवास के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह नगर में रुके

**थान खम्हरिया,** 16 मार्च (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन डॉ रमन सिंह गृह ग्राम ठाठापुर पहुंचे। वह पहुंच कर अपने कुल देवी देवता की पूजा अर्चना की, साथ में श्रीमती बीणा सिंह धर्मपत्नी, पुत्र पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पंडरिया विधानसभा क्षेत्र विधायिका श्री मति भावना बोहरा उपस्थित थी। पश्चात जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। अपने गांव का हाल-चाल जाना। वही रायपुर प्रवास के दौरान थान खमरिया भारत माता चौक, में कार्यकर्ताओं के आग्रह पर रुके। कार्यकर्ताओं ने फूल , माला , दुपट्टा से स्वागत किया। पुनः आग्रह करने पर भारत माता मंच पर पहुंचे। नगर पंचायत अध्यक्ष कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई दी। आगे आपने कहा नगर पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत समर्थन और विश्वास के लिए देतुल्य जनता, वरिष्ठ नेतागण एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। यह जीत आप सभी के विश्वास हमारे कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और पार्टी की नीतियों की सफलता का परिणाम है। आगे आपने कहा भाजपा पर जो विश्वास किया है। वह हमें आगे बढ़ाने की शक्ति और दिशा देता है। हम राज्य और नगरों के विकास में नए आयाम स्थापित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी आप सभी की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। खमरिया नगर पंचायत में ऐतिहासिक जीत के साथ हम और भी मजबूती से आपके साथ खड़े रहेंगे। आगे आपने कहा नगर पंचायत अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं की जीत की बधाई देते हुए कहा। कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के नेतृत्व वाली सरकारों में जनता जनार्दन के आगाद विश्वास का प्रतीक है। अंतिम में पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह द्वारा कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा नरवा, घूरुवा, बाड़ी , ना नरवा बना ना घुरवा बना और नहीं गरवा का पता खाली भ्रष्टाचार किया गया हजारों करोड़ का घोटाला किया गया भ्रष्टाचार के कारण कई नेता जेल में है और कई जाने वाले हैं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सभी विजयी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, राजेश सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, घनश्याम सिंह राजपूत, चेतन सिन्हा, आशीष बंसल, दीपक बंसल, ईश्वर अग्रवाल, रमेश जैन, चंद्र प्रताप सिंह बैंस, चंद्रशेखर राजपूत, अतुल सिंघानिया, आदर्श जोशी, शिव केडिया, पवन अग्रवाल, प्रमोद सिंघानिया, बलदाऊ सोनी, कमल किशोर शर्मा, पवन मुरारका, रौनक मुरारका, हर्ष जोशी, लोकनाथ पटेल, गिरीश शर्मा, मनीष रात्रे पार्षद, विजय यादव पार्षद, विजय शर्मा, मनीष सेन, रूद्रेश अग्रवाल, लाला अग्रवाल, रामस्नेही नामदेव, लोकनाथ पटेल, विनीत शर्मा, धनराज सोनी, राजू पारख , घसिया निषाद, संतोष देवांगन सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**खैरागढ़,** 16 मार्च (देशबन्धु)। ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम खजरी में 31 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। विवाहिता का नाम सुरेखा पति परसोत्तम यादव बताया जा रहा है जो अपने ही घर में लगे पंखे में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह दर्दनाक घटना 14 मार्च होली के दिन दोपहर लगभग 1 बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया चिकित्सकों ने शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया फिलहाल पुलिस की प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ जारी है। ताकि यह पता लगाया जा सके कि सुरेखा यादव ने यह कदम क्यों उठाया। मृतिका अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी सहित भरापूरा परिवार छोड़कर चल बसी

# होली के दिन युवक ने नशे के हालत में चूहा मारने की दवाई का किया सेवन




**खैरागढ़,** 16 मार्च (देशबन्धु)। छुईखदान ब्लॉक के ग्राम पाटा में 14 मार्च होली के दिन युवक नशे के हालत में चूहा मारने की दवाई का सेवन कर लिया सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार चेतन वर्मा उम्र 18 वर्ष निवासी पाटा ने 14 मार्च की शाम 5 बजे आवेश में आकर चूहा मारने की दवाई का सेवन कर लिया बताया जा रहा है कि उसने पहले शराब का सेवन किया और घर वालों से पैसे की मांग करने लगा लेकिन परिजनों से पैसे ना मिलने पर गुस्से में आकर युवक ने आत्मघाती कदम उठा लिया। रात्रि में तकरीबन 2 बजे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद परिजनों उसे तत्काल प्राथमिक उपचार कराया युवक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। नशे और गुस्से में लिया गया फैसला कभी-कभी जीवन को खतरे में डाल सकता है।

# नगर में धूमधाम से मनाई गई होली जमकर उड़े गुलाल



**थान खम्हरिया,** 16 मार्च (देशबन्धु)। रंग गुलाल से एक दूसरे को सरोबार करने की होड़ और होली के गीतों को मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली पूरे नगर वह आसपास ग्रामीण अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या छोटा, क्या बड़ा, एक रंग में नजर आ रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, वृद्ध, जवान सभी होली की मस्ती में थे। नगर में आसपास ग्रामीण अंचल में एक्सीडेंट, दुर्घटना की खबर को छोड़ होली शांतिपूर्ण रही। होलिका दहन के बाद से ही बच्चे होली के रंग में रंगने लग गए थे। सुबह होते ही ट्रैक्टर की ट्राली में तिरपाल लगाकर पानी रंग भरकर मस्ती डुबकी लगाकर आनंद ले रहे थे। डीजे की धुन में होली आई रे कन्हाई , रंग बरसे की धुन पर थिरकते रहे, जो दोपहर तक जारी रहा। गांव हो या शहर हर जगह होली की उमंग और उत्साह एक समान था। बच्चे सुबह से ही रंग, पिचकारी लेकर घर से निकल गए। और अपने हम उम्र साथियों के साथ होली के आनंद में मशगूल हो गए। युवाओं की भी अपनी अलग महफिल जमी हुई थी। पोहा, भजिया, भांग का आनंद ले रहे थे। महिलाएं की भी टोली किसी से कम नहीं थी। घर की छत वह गार्डन पर महिलाओं की महफिल जमी थी। पुरुषों की तरह महिलाओं ने भी होली का आनंद उठाया। होली की बधाई देने वालों की भी कमी नहीं थी। समूह में बट कर लोग एक दूसरे के घर पहुंचने और गुलाल लगाकर एक दूसरे की होली की बधाई दी जा रही थी। होली को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। एसपी रामकृष्ण साहू के निर्देशानुसार थाना प्रभारी राजकुमार साहू ने सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल को तैनात किया गया था।

# झरिया गडरिया समाज का वार्षिक सम्मेलन संपन्न, विधायक निधि से भवन के लिए 20 लाख की घोषणा



**थान खम्हरिया,** 16 मार्च (देशबन्धु)। समीप ग्राम गुवारा में झरिया, गडरिया समाज क्षेत्रीय खमरिया वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन, पूजा, अर्चना, कर कलश यात्रा के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू, अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, विशेष अतिथि सरपंच प्रतिनिधि पुन्नी तोरण यादव, कन्हैया पाल अध्यक्ष, बल्लू पाल, लोकनाथ पटेल, अनिल सिंघानिया के सानिध्य में किया गया।

सर्वप्रथम होलकर अहिल्याबाई के तेल क्षेत्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। गडरिया(पाल) समाज की तरफ से विधायक ईश्वर साहू का शाल, श्रीफल, माला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। ग्राम वासियों द्वारा अतिथियों का पुष्प, हार व बैच लगा कर स्वागत किया गया। विधायक की अगवानी ढोल, नगाड़े के साथ की गई। सभा को चंदन अग्रवाल, पुन्नी तोरण यादव ने संबोधित किया। सरपंच प्रतिनिधि पुन्नी तोरण यादव ने अपने संबोधन में कहा, समाज को संगठित रहने की बात की लंबे समय से बरगद के पेड़ के नीचे गडरिया समाज के द्वारा सामाजिक कार्यक्रम किया जाता था। आगे आपने कहा, यह समाज हमेशा से ग्राम में रचनात्मक कार्य करते आ रहा है। वह सामाजिक कार्यक्रम करते आ रहे हैं। आपके द्वारा गडरिया समाज के भवन के लिए विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया गया। मंची कार्यक्रम में आप ने कहा, चुनाव के पहले ही इस स्थान को देख लिया गया था। समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा की थी। और इस स्थान को गडरिया समाज के लिए सुरक्षित कर दिया गया। पश्चात विधायक ईश्वर साहू जयकारे के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। आपने कहा गडरिया समाज में लोग सीधे सरल भोले, भाले होते हैं। हमें एकता सद्भावना बनाकर रहना चाहिए। हमें समाज को जोड़ने संगठित करने का काम करना है। हमारे गरीब जनता के लिए शासन की बहुत सारी योजना है। जिसका हमें लाभ लेना है। आगे आपने कहा, मैं आप जैसे गरीब का मैं बेटा हूं। अपना गांव बीरनपुर को छोड़कर साजा में निवास करता हूं। कि आप लोगों को आने , जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।यदि किसी भी को कोई तकलीफ परेशानी हो तो, आधी रात को मेरा दरवाजा खुला है। गडरिया समाज कई वर्षों पुरानी मांग थी। जिसे किसी भी सरकार ने पूरा नहीं किया था। भाजपा सरकार ने गडरिया समाज की सुध ली, विधायक निधि से पाल समाज के लिए 20 लाख विधायक ने भवन के लिए घोषणा की। और समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा देकर सम्मान किया। विधायक ने कहा भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विश्वास पर विश्वास करती है। उन्होंने कहा इतिहास में अहिल्याबाई होल्कर का नाम सच्ची शिव भक्त थी। कुशल शासक के रूप में दर्ज है। अपने शासनकाल में उन्होंने अनेक मंदिरों, धर्मशालाओं और प्याऊ घर का निर्माण करवा कर जनहित का काम किया।समाज को उन पर गर्व होना चाहिए। इस मौके पर होरीलाल पाल, श्रीमती अश्वनी पाल, सरोज पाल, नर्मदा पाल, पूर्णिमा पाल, दुलारी देवी, जनपद सदस्य अखिलेश्वरी निषाद, दशरथ पाल, लोकनाथ पटेल, रीवा रामपाल, चेतन सिन्हा , तोशुराम वर्मा रेवाराम पाल ने आभार व्यक्त किया। और कार्यक्रम का सफल संचालन लोकेश अग्रवाल ने किया।



# हरिओम नगर में शिक्षिका के घर चोरी

- सूना मकान देखकर चोरों ने मारी सेंध
- पुलिस को अब तक कोई भी सुराग नहीं मिला
- अब तक 30 से अधिक चोरी हो चुकी इस मोहल्ले में
- नगर में लंबे समय से सीसी टीवी कैमरा बंद पड़ा



**डोंगरगांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। नगर के हरिओम नगर गली नं. 2 में एक सप्ताह पहले हुई चोरी की वारदात में अब तक स्थानीय पुलिस को अज्ञात चोरों का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है नगर के हरिओम नगर में चोरों ने सूना देखकर मकान में सेंधमारी की है जिनकी सूचना पुलिस थाना में दर्ज की गई है सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में लगी हुई है इसके लिए आसपास के सीसीटीवी आदि को खंगाला जा रहा है चोरों ने घर के सामान को बिखराते हुए 40 हजार नगदी सहित 38 हजार रू. के जेवर आदि पर हाथ साफ कर दिया।

हरिओम नगर के गली नं. 2 निवासी मनीष जैन व प्रमिला जैन बच्चों की पढ़ाई की दृष्टि से वृंदावन कॉलोनी राजनांदगांव में रहते हैं। प्रमिला जैन कन्या माध्यमिक शाला डोंगरगांव में शिक्षिका हैं। वे राजनादगांव से रोज आना जाना करती हैं और स्कूल की छुट्टी होने के बाद हरिओम कॉलोनी स्थित निवास भी जाती हैं। शिक्षिका ने बताया कि वे परिवार सहित 7-से 9 मार्च की रात को राजनांदगांव में थे। उसी रात को अज्ञात व्यक्ति उनके घर का दीवार फांदकर घर में घुसे और मेन गेट का ताला और बेडरूम का ताला तोडक़र सामानों को अस्त व्यस्त करते हुए चोरी की है। दूसरे दिन यहां आये तब उन्हें घर में हुई चोरी का पता चला और उन्होनें पुलिस को सूचना दी।

उनके अनुसार घर में रखे नगदी 40 हजार रू. के अलावा एक जोड़ी पायल 28.20 ग्राम कीमत 2100 रू., चांदी का ब्रेसलेट 1 नग , 27 ग्राम कीमती 2600 रू., चांदी का पायल एवं सिक्का 28.500 ग्राम, कीमत 4 हजार रू., चांदी का पायल एक जोड़ी 43 ग्राम, कीमत 960 रू., ए चांदी का पायल 1 जोड़ी 54.500 ग्राम, कीमत 2990 रू., चांदी का पायल 1 जोड़ी 65.580 ग्राम , कीमत 3590 रू., सोने का टॉप्स 1 जोड़ी 2.400 ग्राम, कीमत 13 हजार 4 सौ रू., सोने का टॉप्स् 2.730 ग्राम कीमत 8 हजार 4 सौ रू., कुल 38 हजार रू. के जेवर की चोरी की गई है।

व्यस्त और हमेशा आवागमन वाले हरिओम नगर में हुई चोरी से आसपास के रहवासी भी भौंचक हैं। चोरों ने मात्र एक घर को ही निशाना बनाया। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 305 (ए) तथा 331 (4) के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर गहन छानबीन में लगी हुई है। बता दे कि इस हरिओम नगर में अब तक 30 से अधिक चोरी की घटना हो चुकी है वर्तमान में इस मोहल्ले में असामाजिक तत्वों के लोगों का आना जाना देखा गया है

नगर में सीसी टीवी लंबे समय बंद

नगर में 50 लाख से अधिक की राशी से नगर के मुख्य मार्ग और चौक चौराहे पर सीसी टीवी कैमरा लगाया गया था जो वर्तमान में पूरी तरह से बंद पड़ा है पूर्व में डीएसपी मयंक गुज्जर के कार्यकाल में ये सीसी टीवी कैमरा नगर में लगाया गया था जिनमें नगर के व्यापारी वर्ग भी सहयोग किया था नगर में हो रहे चोरी की घटना के बाद नागरिकों ने रात्रि पुलिस गस्त लगाने की मांग की गई है

# शासकीय प्राथमिक शाला नाथूनवागांव में विदाई समारोह सम्पन्न



**डोंगरगांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। तुमड़ीबोड़ संकुल अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नाथूनवागांव के छात्र छात्राओं द्वारा 13 मार्च को कक्षा पांचवी के बच्चों को विदाई दी गई। विदाई समारोह के सफल आयोजन की रूपरेखा व बच्चों द्वारा संचालन का मार्गदर्शन शाला में पदस्थ प्रधान पाठक व शिक्षकों द्वारा दिया गया । इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति तथा शाला के शिक्षकों द्वारा ग्राम पंचायत नाथूनवागांव के नव निर्वाचित सरपंच व समस्त पंचों को आमंत्रित कर सम्मान किया गया । जनप्रतिनिधियों के सम्मान की कड़ी में नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव और जनपद सदस्य जया तिमेश साहू विशेष रूप से उपस्थित थे इस अवसर पर शाला के शिक्षकों द्वारा आगन्तुक प्रतिनिधियों व ग्रामवासियों के समक्ष शाला विकास योजना प्रस्तुत की गई तथा शिक्षागुणवत्ता बढ़ाने हेतु विशेष उपाय प्रस्तुत किये गये । बच्चों में शैक्षिक प्रतिस्पर्धा विकसित करने के लिये जनप्रतिनिधियों से विशेष सहयोग की अपेक्षा की गई जिससे प्रभावित हो कर उपस्थित जनप्रतिनिधियों में से खोमन साहू द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय व एकलव्य विद्यालय में शाला से चयनित होने वाले छात्र छात्राओं को 25000/- रुपये की प्रोत्सहन राशि देने की घोषणा की गई। प्रोत्साहन की इसी कड़ी में नव निर्वाचित युवा सरपंच द्वारा कक्षा पांचवी में प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को क्रमशः 1500/-,1000/-,500/- की राशि तथा उप सरपंच द्वारा कक्षा चौथी के बच्चों को 900/-,700/-,400/- की प्रोत्साहन राशि देनें की घोषणा की गई

कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के शिक्षक नरेन्द्र साहू की पत्नि नेमिन साहू प्रधान पाठक शास . प्राथ.शाला घोरदा वि.ख.अंम्बागढ़ चौकी द्वारा अपने जन्म दिवस के अवसर पर शाला के बच्चों को न्योता भोज दिया गया।

कार्यक्रम में सभी नवनिर्वाचित पंचगणों ने अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान की।

कार्यक्रम के सफल आयोजन व संचालन में शाला के प्रधान पाठक डोमन लाल सिन्हा , शिक्षक नरेन्द्र साहू , वीणा सोनी टेमन लाल साहू ने उल्लेखनीय सहयोग प्रदान किया

# सांसद संतोष पांडे होलिका दहन कार्यक्रम में हुए शामिल, अबीर गुलाल लगाकर खुशिया बाटी



राजनांदगांव, 16 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा क्षेत्र माननीय सांसद श्री संतोष पांडे जी गंज चौक राजनांदगांव में स्थापित बालाजी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर आरती की । तत्पश्चात होलिका दहन कार्यक्रम में शामिल हुए श्री पांडे जी ने विधिवत पूजा अर्चना की, उन्होंने कहा कि भक्त प्रहलाद ने सिद्ध किया भगवान है, ईश्वर है,सर्वोपरि है। भारतीय संस्कृति और सनातन के खूबसूरत होली उसी के स्मृति में हम सब मानते हैं मैं आप सब को क्षेत्र वासियों को हृदय से होली की शुभकामनाएं देता हूँ।संसाद श्री संतोष पांडे जी होलिका दहन के पश्चात अपने समर्थकों के साथ और आमजन के बीच पहुंच कर अबीर गुलाल एक दूसरे को लगाकर होली पर्व की खुशियां बाटी।

# एक दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन

**राजनांदगांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। डोंगरगाँव स्थित ग्राम मोखली में राधाकृष्ण फाग उत्सव समिति एक दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग पच्चीस मंडलीयों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू , अध्यक्षता जनपद सदस्य टुम्मन साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच सोहाद्र साहू, उपसरपंच नूतन साहू , लोकेश्वर साहू थे। श्रीमती विभा साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए होली के महत्व बताते हुए कहा हिरन कश्यप जैसे



असुर भगवान् विष्णु के नाम से भी चिढ़ते थे लेकिन उनके ही पुत्र प्रहलाद विष्णु के अनन्य भक्त थे । हिरण्यकश्यप की बहन होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ जाती है और होलिका भस्म हो जाती है वहीं प्रहलाद विष्णु भक्त होने के कारण बच जाते हैं ।उसी दिन से होलिका दहन किया जाता है और दूसरे दिन होली का त्योहार मनाया जाता है। श्रीमती साहू ने आगे कहा यह त्योहार हमें प्रेम सौहार्द और भाईचारे की सीख देता हैं । राधाकृष्ण फाग उत्सव समिति के अध्यक्ष रीतेश कुमार साहू उपाध्यक्ष राज किरन निषाद, सचिन यश कुमार कोषाध्यक्ष अमित कुमार सह सचिव जितेन्द्र कुमार एवं कुलेश्वर साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मुख्य पुरस्कार प्रथम पुरस्कार मोर जहुरिया रासलीला एवं फाग परिवार पसौद देवरी, द्वितीय पुरस्कार कृष्ण सावन के बरसा फाग एवं झांकी परिवार चेनदरिबन नवागाँव, तृतीय पुरस्कार कान्हा के सूरता भुवनेश्वर फाग परिवार माँगाटोला मोगरा बराज, चतुर्थ पुरस्कार सावरिया फाग परिवार चारभाटा कलंगपुर, पाँचवा पुरस्कार माँ की ममता पायल पूरन फाग मंडली भोथीपार कला, षष्ठम पुरस्कार जय माँ भानेश्वरी फाग परिवार सिंघोला माईदरबार विशेष पुरस्कार श्रेष्ठ गायन लोक यामिनी मानस जस जगराता फाग परिवार झिटिया बालोद , श्रेष्ठ वादन जय माँ शारदा जस एवं फाग बघवा परिवार गुंडरदेही बालोद, श्रेष्ठ अनुसासन जय भूतेश्वर बोल बम फाग मौनी परिवार किरगी ब पेंडरी, श्रेष्ठ वेशभूषा जय माँ सरस्वती जस एवं फाग मंडली औरी गंधरी, श्रेष्ठ नृत्य जय माँ शी तला फाग जस एवं झाँकी परिवार करेठी आतरगाँव, श्रेष्ठ झाँकी जय चैतुबाबा पूरन जस झांकी परिवार पुरैना बिल्हारी को दिया गया। इस अवसर पर विजय कुमार, पुनेश्वर निषाद , रामेश्वर साहू, टुमेन्द्र साहू, युवराज साहू, चमन साहू, योगेश साहू, सूरज निषाद, रितेश साहू , उमा शंकर साहू, वीरेंद्र साहू, निखिल साहू, चंदन साहू, सुभास धनकर, पीयूष साहू, पुकेश्वर धनकर, शीतल साहू, होरी साहू, गोपाल साहू, हरनारायण साहू, सहित सैकड़ों ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# डॉ. द्विवेदी को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मान

**राजनांदगांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। 35वें अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक अचीवर अवार्ड समारोह दिसंबर 15-17, 2024 में थाईलैण्ड के बैंकाक शहर में संस्था एडविन इन कार्पोरेशन थाईलैण्ड द्वारा आयोजित किया गया। उल्लेखनीय रूप से नगर के लोकप्रिय शिक्षाविद एवं पर्यावरण विज्ञ प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी को इस समारोह में प्रमुख रूप से उनके पर्यावरण जनजागृति विचार-आलेख एवं चिंतन टीप पर पर्यावरण सम्मान प्रमाण पत्र जारी किया गया। यह सम्मान प्रमाण पत्र अंतर्राष्ट्रीय समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ. पी.के. खरे थाईलैण्ड, ऊजो ओनावऊके एडविन इन कार्पोरेशन प्रभारी नाइजिरिया तथा भारतीय एडविन इन कार्पोरेशन प्रतिनिधि डॉ. जी. थईप्पाना के हस्ताक्षर से जारी किया गया है। यह विशेष सम्मान विशिष्ट कोरियर द्वारा प्राप्त होकर संस्था प्राचार्य डा. आलोक मिश्रा द्वारा (कार्यरत संस्था शास. कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव) बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ प्रदान किया गया। डॉ. द्विवेदी को इस सम्मान एवं सतत् पर्यावरण जन-जागृति के लिए वरिष्ठ परिजनों, मित्रों एवं सहभागी प्राध्यापकों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा के साथ उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कोटिशः मंगल बधाईयां प्रदत्त की गई।



# जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र विभिन्न गांवों में फाग महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई



**छुरिया,** 16 मार्च (देशबन्धु)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मगर धोकरा , दर्तेगाटोला, भोलापुर,जरहामहका,बेलरगोदी, हैदर कोड़ों, तेलंगाना, पदगुडा, एवं बोईडीह साल्हे जैसे विभिन्न गांवों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। ग्राम वासियों के द्वारा प्रथम बार जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात कार्यक्रम में शामिल होने के अवसर पर फूल माला गुलाल से नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव का अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने ग्राम वासियों को रंगों के महापर्व होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारी पौराणिक कथाओं में फाग में होली खेलने तथा प्रकृति की सुंदरता और राधा-कृष्ण के प्रेम का वर्णन है।आप सबके जीवन में खुशियों का रंग घुले, प्रेम की अमृत वर्षा हो और हँसते-मुस्कुराते उत्सवों का आनंद बना रहे।होली का त्योहार राधा और कृष्ण की पावन प्रेम कहानी से भी जुडा हुआ है। वसंत के सुंदर मौसम में एक दूसरे पर रंग डालना उनकी लीला का एक अंग माना गया है। मथुरा और वृन्दावन की होली राधा और कृष्ण के इसी रंग में डूबी हुई होती है। बरसाने और नंदगाँव की लठमार होली तो प्रसिद्ध है ही । साथ ही श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने जिला पंचायत सदस्य चुनाव में सहयोग कर विजयी बनाने के लिए ग्राम वासियों का सहृदय आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित की, और कहा कि आप सभी के सहयोग से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मुझे जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में अधिकृत कर मुझे जिला पंचायत अध्यक्ष बनाया मैं सदैव आप सभी के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करूंगी व आपके हर सुख दुःख में सदैव आपके बीच उपस्थित रहुंगी।इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य गोपाल भुआर्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर साहु,कुमर्दा मंडल अध्यक्ष हिरदे देवांगन, जनपद सदस्य भेष बाई साहू,बोधन साहु, कुमार साहू, कुमारशय साहू,शिशुपाल साहू,चंद्रिका वर्मा अंजली धावड़े,महेश यदु,कमलेश सोहन साहू,कीर्तन कोसरे, मांडवी ,होमदास साहू,हेमंत कौशल,बिसरू चंद्रवंशी,अशोक साहू,उदय चंद्रवंशी,भागचंद मांडवी,मन्नू चंद्रवंशी,सीता वैष्णव,संकुन गंधर्व, सोनू कसेर समेत ग्राम वासियों उपस्थित थे..

## निर्वाचन मानदेय अप्राप्त, शीघ्र किया जाए भुगतान

**राजनांदगांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने जिले के सभी विकास खंडों में नगरीय निकाय एवं पंचायत आम निर्वाचन 2025 में ड्यूटी कर चुके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मानदेय शीघ्र भुगतान की मांग की है। विदित हो कि निर्वाचन आयोग के द्वारा तय कार्यक्रम अनुसार जिले में विभिन्न नगरीय निकायों में व पंचायत आम निर्वाचन छूरिया, डोंगरगढ़, डोंगरगांव व राजनांदगांव विकासखंड में संपन्न किया जा चुका है जिसमें मतदान दलों के साथ अन्य निर्वाचन कार्यों के लिए शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। जिले के कई कर्मचारियों को नगरीय निकाय के साथ पंचायत निर्वाचन में अलग अलग चरणों में भी 2-3 ड्यूटी करना पड़ा था। निर्वाचन उपरांत निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण होकर कार्यभार ग्रहण भी हो चुका है परंतु आज पर्यंत मानदेय अप्राप्त है. वहीं कुछ जगहों पर निर्वाचन के समय कर्मचारियों को नगद भुगतान व कुछ जगह निर्वाचन पश्चात आनलाईन भुगतान भी कर दिए जाने की जानकारी मिली है। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ की ओर से जिलाध्यक्ष नीलेश कुमार रामटेके ने शीघ्र मानदेय भुगतान की मांग की है।

# ग्रामीणों ने आयोजित किया सरपंच धर्मेंद्र साहू की विदाई समारोह



**डोंगरगांव,** 16 मार्च (देशबन्धु)। ग्राम बम्हनीचारभाटा में सरपंच के कार्यकाल को याद करते हुए विदाई समारोह का आयोजन रखा गया।

उक्त आयोजन ग्राम विकास समिति द्वारा किया गया। सरपंच धर्मेंद्र साहू को बाजे गाजे के साथ मंच तक ले जाया गया था सभा का आयोजन हुआ। पश्चात डीजे के माध्यम से नाच गाने के साथ सकुशल घर तक पहुंचा कर कार्यक्रम का समापन किया।

जिसमें ग्राम पटेल यादो दास वैष्णव ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में जो विकास कार्य हुआ। उतना कार्य पिछले कई वर्षों से नहीं हो पाया था। सरपंच धर्मेंद्र साहू ने ग्राम के समस्त नागरिकों का आभार व्यक्त किया तथा बीते पंचवर्षी में विधायक छन्नी साहू का विकास कार्यों के योगदान के बारे में प्रशंसा किया।

उक्त कार्यक्रम में देवासु राम,आधार राम,रामचरण,नवीन सरपंच मीना बाई, उप सरपंच भारत मंडावी, सीताराम गोपीराम,गिरजा बाई,पुनीता बाई,केशर बाई, प्रदेश, संगीता बाई जनक लाल,मोहित कुमार,तामेश्वर साहू भोजराज साहू,भुनेश्वर साहू लीलाराम साहू साथ ही गांव के समस्त नागरिक उपस्थित थे।

# होलिका दहन पर्व पर आयोजित हुआ सामूहिक न्योता भोज



**थान खम्हरिया,** 16 मार्च (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत चीजगांव में होलिका दहन पर्व के अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच भगेला साहू द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को खीर, पूड़ी एवं मिठाई परोसी गई।

भोज कार्यक्रम के दौरान सरपंच भगेला साहू ने विद्यार्थियों को होली और होलिका दहन के धार्मिक और सामाजिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का प्रतीक पर्व है, जिसे हमें बिना किसी द्वेष और कटुता के उल्लासपूर्वक मनाना चाहिए। उन्होंने सभी से आंख, कान, नाक और मुंह की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सुरक्षित होली खेलने की अपील की।

इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक लोकेश साहू, सहायक शिक्षक परमानंद तिवारी, मिडिल स्कूल प्रधान पाठक तीजराम ठाकुर, शिक्षक अशोक साहू, दीपक लाल ठाकुर और सरकार सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने भी बच्चों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

# केसीजी जिलेवासियों ने पुरानी परंपरा और फाग गीतों के साथ मनाया होली



**खैरागढ़,** 16 मार्च (देशबन्धु)। केसीजी जिले में इस बार ग्रामीण क्षेत्रों में होली के त्यौहार को लेकर पारंपरिक पुराने रीति-रिवाजों के साथ होली को हर्षोल्लास,उमंग के साथ मनाया गया। क्षेत्र की महिला, पुरुष,बच्चे घर-घर जाकर गुलाल लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया गया। खास बात यह रही कि इस वर्ष महिलाओं में होली को लेकर पहले से कहीं अधिक उत्साह देखने को मिला। वे बिना किसी संकोच और झिझक के अपने घरों से बाहर निकलीं और पूरे आनंद के साथ इस रंगोत्सव में भाग लिया। गांव के छोटे - छोटे बच्चों ने भी इस उमंग में पीछे नहीं रहा। गांव के चौक चौराहो और गलियों में डीजे की धुनों पर थिरकते हुए उन्होंने होली का पूरा आनंद उठाया। पारंपरिक होली गीतों के साथ आधुनिक संगीत की धुनें भी माहौल को और अधिक उत्साहपूर्ण बना रही थीं।

ग्रामीणों ने सदियों पुरानी परंपराओं को संजोते हुए, एकता और भाईचारे का परिचय दिया। लोग अपने गिले-शिकवे को भुलाकर एक-दूसरे को रंग लगाते नजर आए। बड़े-बुजुर्गों ने भी इस मौके पर पुराने समय की होली की याद को ताजा कीं और नई पीढ़ी को इस पर्व के महत्व से अवगत कराया। खैरागढ़ के ग्रामीणों ने यह साबित कर दिया कि समय बदलने के बावजूद भी उनकी परंपराएं जीवित हैं। यहां की होली केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द और मिलन का प्रतीक है। उत्सव के दौरान फाग गीतों की धुन गूंज उठी, ढोलक की थाप पर लोग झूम उठे और पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया। सामाजिक समरसता और नई सोच की झलक इस बार महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ने यह संदेश दिया कि अब समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। वे भी बिना किसी झिझक के इस आनंदोत्सव का हिस्सा बनीं, जिससे यह होली और भी खास बन गई।

## लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**खैरागढ़,** 16 मार्च (देशबन्धु)। 13 मार्च गुरुवार की रात में खैरागढ़ पुलिस के द्वारा होली के मौके पर पर रात्रि में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले युवक को खैरागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया 13 मार्च की रात्रि में सिद्धांत पिता हरि डड़सेना गुरुवार की रात्रि में तकरीबन 8:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 08 बीए 2413 में सवार होकर लापरवाही पूर्वक तेज गति से वाहन को दौड़ा रहा था। यह घटना शहर के मुख्य मार्ग पालिका के पास की बताई जा रही है। आम लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। खैरागढ़ पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने उसे मौके पर रोका और पूछताछ किया पुलिस जांच में पाया गया कि सिद्धांत ने मोटर व्हीकल एक्ट और भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध किया है। इसके तहत धारा 281 बीएनएस और धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत गिरफ्तार कर थाना लेकर गए और कानूनी प्रक्रिया शुरू की। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की घटनाओं पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। आम जनता की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने खतरनाक ड्राइविंग करने वालों पर कड़ा रुख अपनाने का निर्णय लिया है।

# पूर्व जिला अध्यक्ष ने मनाई होली



**थान खम्हरिया,** 16 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी अपने समर्थकों और पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ होली मनाई। एक दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। होली के अवसर पर जोशी जी ने कहा, होली केवल रंगों का नहीं बल्कि आपसी प्रेम और भाईचारे का पर्व है। होली हमें मिलकर रहने एक, दूसरे का सम्मान करने की सीख देती है। इस मौके पर राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, संजय सिंघानिया, हरि अग्रवाल, राहुल छाबड़ा, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, अतुल सिंघानिया, हर्ष जोशी, सतीश केडिया, गोपाल शर्मा, श्यामा सिंघानिया, उज्जवल सिंघानिया, नटवर सिंघानिया, रमेश जैन, टीकम अग्रवाल, नेहा जितेंद्र सिन्हा पार्षद उपस्थित थे।

उल्टा पुल्टा

टीचर- लड़कियां अगर पराया धन होती है तो लड़के क्या होते है??
गप्पू- सर चोर होते है!
टीचर- वो कैसे??
गप्पू- क्योकि चोरों की नजर हमेशा पराये धन पर होती है।

# गर्भगृह से बाहर निकलकर भगवान राजीव लोचन ने भक्तों के साथ खेली होली

## जमकर उड़े रंग गुलाल, भगवान कुलेश्वर नाथ का रंगों से हुआ श्रृंगार



**राजिम,** 16 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कीन प्रयाग नगरी राजिम में भगवान राजीवलोचन के साथ होली खेलने के लिए प्रदेश भर से लोग पहुंचे हुए थे और एक दूसरे से गुलाल लगाकर होली की बधाई देते रहे। शाम को 6:00 भगवान राजीवलोचन गर्भगृह से होकर जगमोहन, महामंडप और दरवाजा से निकलकर सिढ़ी से होते हुए जैसे ही आम भक्तों के बीच में पहुंचे उसके बाद तो गुलाल की बौछार देखते ही बन रही थी। हर तरफ गुलाल की सतरंगी छटा बिखर रही थी। इनमें से सबसे ज्यादा लाल रंग कब्जा जमाया हुआ था।

**भगवान की एक झलक पाते ही लोग बरसाने लगे गुलाल :** श्रद्धालुओं के चेहरे समेत पूरा शरीर गुलाल से रंग गया था। मंदिर के सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर, पुजारी समिति के अध्यक्ष रामकुमार सिंह ठाकुर, शिव सिंह ठाकुर, श्रवण सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर, रमेश सिंह ठाकुर, सनत सिंह ठाकुर, बलजीत सिंह ठाकुर, हर्ष सिंह ठाकुर, बैकुंठ सिंह ठाकुर, सूरज सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, कन्हैया सिंह ठाकुर, पारस सिंह ठाकुर, ट्रस्ट के मैनेजर पुरुषोत्तम मिश्रा, सह व्यवस्थापक सुनील शर्मा, पंडित विजय शर्मा, पंडित रुपेश तिवारी, पंडित ऋषि तिवारी, पंडित संतोष शर्मा इत्यादि व्यवस्था में लगे हुए थे। पुजारी ने बताया कि सुबह 4:30 बजे मंदिर के पट खुल गया था। सबसे पहले भगवान का पंचामृत अभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर, और मधुरस से किया गया। सुबह बाल्य आरती हुई। अपराह्न 3:00 बजे भगवान राजीव लोचन का विशेष श्रृंगार किया गया जिसमें विशेष रूप से सफेद पीतांबरी के साथ ही सर पर पगड़ी पहनाया गया। खासतौर से भगवान को बताशे का माल भी पहनाया गया।

**नगाड़े की थाप पर झूमते रहे राजीवलोचन के दीवाने :** होली के एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए जा रहे थे। नगाड़ा बजाने वालों की टीम पहले से उपस्थित थी और वह होली की एक से बढ़कर एक फाग गीत प्रस्तुत कर रहे थे। भगवान राजीव लोचन के दीवाने बड़ी संख्या में उपस्थित थे और वह फाग गीतों पर गुलाल छिड़ककर झूम रहे थे। पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भर गया था। हर साल की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में भीड़ देखी गई। बताया गया कि भगवान राजीव लोचन के साथ होली खेलने के लिए प्रदेश के अलावा उड़ीसा राज्य से भी श्रद्धालु पहुंचे हुए थे।

**विधायक पूर्व मंत्री से लेकर पूर्व सांसद भी पहुंचे थे भगवान श्री राजीव लोचन से होली खेलने :** भगवान के साथ होली खेलने के लिए राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के उपाध्यक्ष सतीश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, गोबरा नवापारा नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय साहू, किशोर साहू, पूरन निर्मलकर, भीखम सोनकर के अलावा अनेक जनप्रतिनिधिगण एवं उनके समर्थक पहुंचे हुए थे। विधायक रोहित साहू का काफिला जैसे ही आया लोग उनके उपर गुलाल लगाने के लिए टूट पड़े। उन्होंने भी सभी को होली की बधाई दी। वह सीधे चलकर फाग मंडली के पास जाकर बैठ गए और हाथ में छड़ी लेकर नगाड़ा बजाने लगे। शहर अध्यक्ष महेश यादव फाग गीत गाते हुए झूमने लगे और उनके साथ में श्रद्धालुगण थिरकने लगे। नगर पंचायत के वार्ड पार्षद भी बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे।

**होली के एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए गए :** नगाड़ा बजाने वालों की टीम पहले से उपस्थित थी और वह होली की एक से बढ़कर एक फाग गीत प्रस्तुत कर रहे थे। भगवान राजीव लोचन के दीवाने बड़ी संख्या में उपस्थित थे और वह फाग गीतों पर गुलाल छिड़ककर झूम रहे थे। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# होली मिलन में जमकर उड़े रंग गुलाल, फाग गीत की धुन में विधायक सहित भाजपा नेता भी झूमे



**महासमुंद,** 16 मार्च (देशबन्धु)। रंगों के त्यौहार होली के उपलक्ष्य में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा बीटीआई रोड स्थित विधायक कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा नेताओं सहित आसपास शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आम जन भी शामिल हुए। इस समारोह में जमकर रंग गुलाल उड़े और फाग गीत की धुन में नेतागण झूमने लगे। शनिवार शाम 4 बजे समारोह शुरू हुआ, इससे पहले ही लोगों का कार्यालय में आगमन शुरू हो गया था। कुछ ही देर में होली खेलने जनसैलाब उमड़ पड़ा। एक तरफ फाग गीतों की धुन तो दूसरी तरफ लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते रहे। आए हुए सभी लोगों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को रंग लगाया और पर्व की बधाई दी। विधायक श्री सिन्हा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और उनके साथ जमकर होली का आनंद लिया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भावना और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का पर्व भी है। होली को बसंत महोत्सव रंगों का त्यौहार और प्रेम व भाईचारे का प्रतीक जैसे कई नामों से जाना जाता है। यह त्यौहार धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। होली के दिन लोग एक.दूसरे पर रंग डालकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं। यह पर्व आपसी भेदभाव भुलाकर एकजुट रहने का संदेश देता है। यह पर्व एकता का पर्याय है लेकिन, हमें हमेशा एकता का संदेश समाज और देश में फैलाना चाहिए। देश में एकता और भाईचारा बहुत ही जरूरी चीज है। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, डिगेश्वरी चंद्राकर, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ नेता माधवराव टांकसाले, रमेश साहू, संदीप दीवान, निरंजना शर्मा, मुन्ना साहू, अनिता रावटे, करुणा शुक्ला, पवन पटेल, सुनिता देवांगन, हरवंश सिंह नानू भाई, देवीचंद राठी, शुभ्रा शर्मा, सीता डोंडेकर, माखन पटेल, पीयूष साहू, निश्चय चंद्राकर, सुनैना ठाकुर, भारती चंद्राकर, मनीष शर्मा, हुलसी चंद्राकर, मीना वर्मा, संदीप घोष, राजेंद्र चंद्राकर, चुनेश्वरी साहू, हनीश बग्गा, ऋषभ बाफना, पप्पू ठाकुर, अमित साहू, सुरेखा कंवर, लक्ष्मी साहू, मैना कोसले, डिगेश साहू, अभिषेक पांडे, जितेंद्र चंद्राकर, गुड्डा सिन्हा, सुनिता साहू, हेमकांति देवांगन, कुबेर यदु, भैरव पाल सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगणए जनप्रतिनिधि, कार्यकर्तागण और आमजन उपस्थित थें।



महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पदभार ग्रहण पश्चात राजिम स्थित संत माता राजिम भक्तिन के दर्शन कर नगर वासियों की खुशहाली की कामना की।

# महिला स्व सहायता समूह द्वारा होली मिलन संपन्न

**नपा अध्यक्ष अशोक जैन एवं पार्षदगणों का किया गया सम्मान**



**बलौदाबाजार,** 16 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत स्थानीय वार्ड क्रमांक 01 में स्थित योग भवन में महिला स्व. सहायता समूह एल.एफ के द्वारा होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना करते हुए कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। इस दौरान नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले सहित पार्षद रेखा पटेल, श्रद्धा वर्मा, ममता राव, अमितेष नेताम का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा महिला स्व. सहायता समूह के होली मिलन समारोह पर सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए किये गये समान के लिए आभार व्यक्त किया गया व महिला स्व. सहायता समूह के द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की गयी।

आयोजित कार्यक्रम में समाज सेवी योगेश अग्रवाल, के.के. वर्मा भी उपस्थित थे। महिला स्व. सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमति सरिता वर्मा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विनिता मानिकपुरी, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भीषण सड़क हादसे से तीन लोगों की हुई मौत

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 16 मार्च (देशबन्धु)। होली की खुशी उस समय मातम में बदल गई जब एक भीषण सड़क हादसे में ग्राम अमेरा के तीन लोगों की जान चली गई, जिसमें एक 4 साल का मासुम भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि तीनों लोग एक ही बाईक पर पलारी पारिवारिक काम से गये हुए थे। जहां जागेश्वर सेन का अपने ससुराल परिवार में विवाद होने के चलते 4 वर्ष के मासुम बच्चें को लेकर अपने घर अमेरा आ रहा था। अमेरा आते वक्त ग्राम बिनौरी एवं अमेरा के बीच अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया। मौके पर ग्राम अमेरा निवासी नवीन फेकर, जागेश्वर सेन और 4 साल का मासुम की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। पुलिस जांच में सामने आया की बाईक सवार शराब के नशे में थे। उधर पलारी पुलिस को जानकारी मिलते ही, मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया। पुलिस द्वारा उक्त घटना को लेकर अपराध पंजीबद्ध करते हुए जांच कार्यवाही की जा रही है।

# शरारती तत्वों ने देशी-विदेशी शराब दुकान में लगाई आग



**लाखों की शराब व अन्य सामान जलकर राख**

**महासमुंद,** 16 मार्च (देशबन्धु)। शहर के तुमाडबरी क्षेत्र में स्थित देशी और विदेशी शराब दुकान में बीती रात शरारती तत्वों ने आग लगा दी। जिससे दुकान में रखी लाखों रूपयों की मदिरा व अन्य सामान जल गया। आबकारी अमला आग से नुकसान का आंकलन करने जुटा है। फिलहाल पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पुलिस और आबकारी से मिली जानकारी के अनुसार 14 मार्च को शुष्क दिवस होने के कारण दोनों दुकानें बंद थी। रात में सुरक्षा गार्ड विजय साहू और त्रिभुवन धीवर तैनात थे। तड़के साढ़े 4 बजे के करीब कोतवाली पुलिस को आग लगने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस ने दमकल वाहन रवाना किया। साथ.साथ पुलिस और आबकारी विभाग के प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी निधिष कुमार कोष्ठी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी दीपक ठाकुर भी स्टाफ के साथ पहुँचे। बाद में कुछ और दमकलों ने पहुँचकर आग पर काबू पाया। तब तक दिन का उजाला फैल चुका था। आग पीछे की तरफ से करीब 12.13 फीट ऊँचे रोशनदान से दुकान के भीतर पेट्रोल छिड़ककर लगाये जाने की बात बताई गई। पीछे रोशनदान से कुछ दूर लोहे की ऊँची सीढी व 2 जरीकेन बरामद किया गया है। पूछताछ में सुरक्षा गार्डों ने आबकारी अधिकारियों को बताया कि आग करीब 3 बजे लगाई गई। आवाज आने पर वे पीछे की ओर गये तो उन्हें देखकर 2 लोग लोहे की ऊँची सीढी लेकर भागने लगे। दौड़ाने पर वे सीढी छोड़कर भाग निकले। उधर, मौके पर पहुँचे प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी निधिष कुमार कोष्ठी और उनकी टीम मौके पर घंटों रही। दुकानों के भीतर भारी गर्माहट और धुंआ होने के कारण वहां खड़े रहना कठिन था। बीयर और वाइन की बोतले भी गर्म थी। जबकि, काफी बक्से और बोतले टूट.फूट कर बिखर चुकी थीं। इन अवशेषों में से कुछ दस्तावेज व रजिस्टर आबकारी टीम को मिले हैं। दुकानों के भीतर प्रतिकूल वातावरण होने के कारण नुकसान का आंकलन फिलहाल नहीं किया जा सका है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व रायपुर रोड स्थित प्रीमियम शराब दुकान में बीते वर्ष भीषण आग लगी थी।

## दीपक निकुंज होंगे एसडीएम पलारी

**बलौदाबाजार,** 16 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने आदेश जारी कर जिला कार्यालय बलौदाबाजार मे पदस्थ डिप्टी कलेक्टर दीपक निकुंज को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पलारी मे पदस्थ किया है। वहीं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पलारी मे पदस्थ डिप्टी कलेक्टर सीमा ठाकुर को आगामी आदेश पर्यन्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार मे पदस्थ किया गया है।

# नगर में पुलिस प्रशासन की चुस्त व्यवस्था के चलते शांतिपूर्वक मनाया गया होली त्यौहार



**बलौदाबाजार,** 16 मार्च (देशबन्धु)। नगर एवं ग्रामींण क्षेत्र में होली पर्व इस वर्ष शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। होली शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की गई थी। जिसके चलते कही कोई अप्रिय घटना होने की जानकारी नही मिली है। उल्लेखनीय है कि होलिका दहन से लेकर रंग त्यौहार दिवस में भी नगर में लोगो का शांतिपूर्वक आवागमन जारी रहा। एक दूसरे को होली की बधाई देते हुए वार्डो में परिचितो के यहां आना जाना भी रहा। जगह जगह पुलिस टीम तैनात थी जिसके चलते मनचले लोगों एवं शराबियों की हुल्लड बाजी नही हो पायी। महिलाऐं भी शाम को बिना कोई डर भय के वार्डो में एवं एक दूसरे के यहां घूम घूमकर होली की बधाई देते रहे। इस वर्ष पुलिस प्रशासन भी दूसरे दिवस शांति व्यवस्था बनाये रखने के चलते होली न मनाकर तीसरे दिन पुलिस लाईन में होली उत्सव मनाया। पुलिस प्रशासन की व्यवस्था को लेकर सभी वर्गो ने पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल एवं सिटी कोतवाली निरीक्षक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जपं के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



**राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा हुए शामिल**

**बलौदाबाजार,** 16 मार्च (देशबन्धु)। जनपद पंचायत बलौदाबाजार के नवनिर्वोचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को जनपद पंचायत कार्यालय परिसर मे सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। पीठासीन अधिकारी जनपद सीईओ फकीर चरण पटेल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा एवं सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि आप सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र की जनता की आशाओं और विश्वास के मुताबिक सेवा भाव से कार्य करें। ग्रामीण क्षेत्रों मे विकास के अनेक संभावनाएं हैं जिन्हे तेजी से आगे बढ़ाना है। लोगों की समस्याओं को सुने और निराकरण कराने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व मे हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा मे अनेक योजना संचालित कर रही है जिसमें महतारी वंदन योजना प्रमुख है। इसी तरह युवा, किसानों सहित हर वर्ग के लिए योजना लागू किया गया है। जनता से किया अधिकांश वादा एक साल के अंदर पूरा किया है। प्रदेश आज तेजी से विकास की राह पर अग्रसर है। समारोह को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, पूर्व विधायक बिलाईगढ़ डॉ. सनम जांगड़े ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।



**किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत का नागरिक अभिनन्दन कल**

**राजिम,** 16 मार्च। राकेश टिकैत चार दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे इस दौरान गरियाबंद जिला के ग्राम बेलटुकरी (राजिम) के ग्रामीणों द्वारा राकेश टिकैत का नागरिक अभिनन्दन किया जायेगा।



# रंग व गुलाल से सराबोर रहा गरियाबंद



**गरियाबंद,** 16 मार्च (देशबन्धु)। नगर में होली का उत्साह चरम पर रहा। गुरुवार रात शुभ मुहूर्त में जगह-जगह होलिका दहन हुआ। लोगों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। होलिका की सात परिक्रमा कर मंगलकामना की गई। बस स्टैंड, संतोषी मंदिर, शिक्षक नगर, आमदी, पैरी कॉलोनी, यादव पारा, बजरंग चौक, सिविल लाइन, डाग बंगला, रावनभाठा, पुराना मंगल बाजार, सुभाष चौक, अंबेडकर चौक, गायत्री मंदिर सहित कई स्थानों पर होलिका दहन हुआ। मध्यरात्रि तक फाग गीतों और नगाड़ों की गूंज सुनाई देती रही।

शुक्रवार को शहर से लेकर गांव गांव तक रंगों की बौछार के साथ होली का उत्साह देखने को मिला। बच्चे, बड़े, बुजुर्ग सभी होली के रंग में सराबोर नजर आए। लोगो ने एक दूसरे को रंग, गुलाल और अबीर लगाकर बधाई दी। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। नई नई पिचकारी और रंगों के साथ बच्चों ने खूब मस्ती की। ग्रामीण अंचलों में भी लगातार दो दिन तक जबरदस्त उत्साह रहा। फाग गीतों और नगाड़ों की धुन के साथ जमकर रंग उड़े। शहरी क्षेत्र में भी गुरुवार से होली का रंग चढ़ गया था जो शनिवार तक चलता रहा।

इसके पहले अंतिम दो दिनों में बाजार में रंग-गुलाल और पिचकारियों की जमकर बिक्री हुई। नकली बाल, गुब्बारे, टोपी, स्प्रे सहित अन्य होली सामग्री भी खूब बिकी। व्यापारियों ने बताया कि नई-नई पिचकारियां बच्चों को लुभा रही हैं। लोगों का ध्यान भी हर्बल गुलाल की ओर आकर्षित रहा। केमिकल रंगों की जगह चंदन और गुलाब की खुशबू वाले गुलाल की खरीदी ज्यादा हुआ।

**जिले में धूमधाम से मनाई गई होली, प्रशासन रहा सजग**

**पुलिस को सक्रियता से शांतिमय संपन्न हुआ होली का पर्व**

इधर, होली को लेकर शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। हर चौक-चौराहे पर पुलिस बल तैनात रहा। जिला मुख्यालय गरियाबंद में थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव के नेतृत्व लगातार पुलिस की टीम गश्त करती रही। जिले के अन्य सभी थाना क्षेत्रों में यही स्थिति रही। बड़े अधिकारी एएसपी जितेंद्र चंद्राकर, डीएसपी निशा सिन्हा भी दौरा कर शान्ति व्यवस्था का जायजा लेते रहे। पुलिस ने पहले ही शराब और भांग के नशे में वाहन न चलाने और ट्रिपल सवारी से बचने की हिदायत दी भी गई थी, जिसका असर होली के दौरान देखने को मिला।

**जिला प्रशासन ने दी लोगों को होली की बधाई**

होली के अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल और एसपी निखिल राखेचा ने जिलेवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उमंग, उत्साह और भाईचारे का त्योहार है। सभी मिलकर इसे सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। साथ ही, त्योहार के नाम पर किसी को परेशानी न हो, इसका भी ध्यान रखें।

**होली पर कानून व्यवस्था रही सख्त, नहीं हुई अप्रिय घटना**

इधर, कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने होलिका दहन और होली के दौरान शांति बनाए रखने के दृष्टिकोण से राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य और आबकारी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। जिले में पर्याप्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी। सभी तहसीलदार अपने अपने क्षेत्र में तैनात रहे। जिसके चलते कही भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

# जंगल को आग न लगाएं : वन विभाग

**बिलाईगढ़** 15 मार्च (देशबन्धु)। होली पर्व पर कुछ लोगों के द्वारा और मौसम में परिवर्तन पर जंगल में आग लगने की घटनाएं घटित होती हैं जिसको लेकर वन विभाग और वन अधिकारी गंभीर है। दावानल और वनोपज संग्रहण के लिए लगाये जाने वाले आग की सूचना देने टोल फ्री 18002337000 नंबर जारी किया है, ताकि फायर वाचर्स और वन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंच आग पर काबू पा सके। वन विभाग की ओर से गांवों में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से लोगों को आग की लपट से होने वाली नुकसान की जानकारी दी जा रही है। जिले का गोमर्डा अभ्यारण्य घने जंगल से घिरा हुआ है। वनांचल क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों के लिए वनोपज संग्रहण जीविकोपार्जन का प्रमुख साधन है। ग्रामीण महुआ, चार, तेंदू का संग्रहण कर न सिर्फ जीविकापार्जन करते है, बल्कि वनोपज से होने वाले आमदनी का उपभोग शादी विवाह सहित घरेलू उपयोग के लिए सामान की खरीददारी भी करते है। मौसम ने अब करवट बदलना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में वनोपज संग्रहण की तैयारी भी शुरू हो गई है। ग्रामीण सुबह होते ही जंगल जाकर पूरे दिन महुआ, चार व तेंदू सहित अन्य वनोपज का संग्रहण करते हैं। ग्रामीण वनोपज संग्रहण के लिए पेड़ों के नीचे आग लगा देते है। यह आग देखते ही देखते पूरे जंगल को चपेट में ले लेता है। इसी तरह दावानल के कारण जंगल के भीतर आग लगने की घटनाएं होती है। जंगल के भीतर आग लगने से न सिर्फ औषधीय, ईमारती पेड़ पौधे जलकर खाक हो जाते है। वन्यप्राणियों की जीवन सांसत में पड़ जाता है। ऐसी घटनाओं को सारंगढ़ बिलाईगढ़ वनमण्डलाधिकारी पुष्पलता टंडन ने गंभीरता से लिया है। उन्होने जंगल में लगने वाली आग और दावानल की रोकथाम के लिए टोल फ्री 18002337000 नंबर जारी किया है। टोल फ्री के जरिए वन अफसर के अलावा संबंधित रेंज, सर्किल और बीट के अधिकारियों, कर्मचारियों को आग के संबंध में सूचना दी जा सकती है। सूचना मिलते ही वनकर्मी फायर वाचरों के साथ मौके पर पहुंचेगें। उनके द्वारा धधकती आग को रोकने का प्रयास किया जायेगा ताकि जंगल को नुकसान से बचाया जा सके। वनमन्डलाधिकारी के निर्देश पर वनकर्मी गांवों में जनजागरूकता अभियान चला रहे है ताकि लोगों को जंगल में लगने वाली आग और दावानल के कारण होने वाले नुकसान से अवगत कराया जा सके।

**जंगल में आग को रोकने टोल फ्री 18002337000 नंबर जारी**

**आग लगाने वाले पर होगी कार्रवाई**

जंगल में आग लगने से पेड़-पौधे जलकर खाक हो जाते है। वन्यजीवों का जीवन सांसत में पड़ जाता है। लिहाजा आग लगने के मामले को भारतीय वन अधिनियम 1927 व वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत् अपराध की श्रेणी में रखा गया है। वन विभाग के कर्मचारी एवं फायर वॉचर्स जंगल की निगरानी कर रहे हैं। इसके अलावा आधुनिक उपकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। आग लगाने वाले पर वन अधिनियम के तहत् कार्यवाही की जाएगी।

## नपं प्रांगण नगरी में होली मनाई गई



**नगरी,** 16 मार्च (देशबन्धु)। नगर पंचायत नगरी के प्रांगण में नगाड़ों के थाप और रंग गुलाल के बीच होली मनाई गई। पारंपरिक रूप से नाचते गाते रंगारंग होली में नगरवासी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा सहित प्रतिष्ठित नागरिक युवाओं की टोली बड़ी संख्या में उपस्थित हो एक दूसरे पर गुलाल लगाकर बड़े ही उमंग और उत्साह से होली का पर्व मनाया गया। नगरी नगर की बरसों पुरानी परंपरा को बनाए रखने आपसी प्रेम और भाईचारे के प्रतिक होली के शुभ अवसर पर नगर पंचायत के प्रांगण में प्रति वर्ष होली कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जहां पर नागरिक नगाड़ों के थाप में नाच गाकर रंगों की बरसात के साथ नगरवासी एक साथ मिलकर उत्साहपूर्वक होली मनाते हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने नगर वासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## हाईकोर्ट की अवमानना भखारा तहसीलदार भूपेश चंद्राकर को पड़ा महंगा



**भखारा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिकाकर्ता दिग्विजयसिंह साहू पिता तेजराम साहू ने ग्राम - सुपेला की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक - 123, रकबा - 2.40 हेक्टेयर से अवैध अतिक्रमण जनहित याचिका क्रमांक - 27/2022 लगाया था और जिसमें याचिकाकर्ता दिग्विजयसिंह ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर से जनहित याचिका में अनुरोध किया था कि ग्राम सुपेला में स्तिथ शासकीय भूमि खसरा क्रमांक - 123,रकबा - 2.40 हेक्टेयर सार्वजनिक भवन एवं बच्चों के खेलकूद मैदान के लिए आरक्षित है जिसमें ग्राम पंचायत सुपेला के निवर्तमान सरपंच श्री मति लीलेश्वरी देवांगन के पति नवनिर्वाचित सरपंच चेतन लाल देवांगन एवं उनके जेठ नरसिंग राम देवांगन के द्वारा अवैध अतिक्रमण किया है जिस पर उच्च न्यायालय बिलासपुर ने दिग्विजयसिंह साहू की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए तत्कालीन नायब तहसीलदार एवं वर्तमान तहसीलदार भूपेश चंद्राकर को ग्राम पंचायत सुपेला से अवैध अतिक्रमण हटाने निर्देश दिया था लेकिन ग्राम पंचायत सुपेला की निवर्तमान सरपंच श्री मति लीलेश्वरी देवांगन ने अपने पति चेतन लाल देवांगन व जेठ नरसिंग राम देवांगन को अवैध अतिक्रमण से बचाने नायब तहसीलदार भूपेश चंद्राकर की आदेश छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 का पालन नही किया और अवैध अतिक्रमण नही हटाया। तत्पश्चात उच्च न्यायालय बिलासपुर ने तत्कालीन नायब तहसीलदार व वर्तमान तहसीलदार भूपेश चंद्राकर को अवैध अतिक्रमण 8 सप्ताह के भीतर हटाने के लिए आदेशित किया जिनके परिपालन में तहसीलदार भूपेश चंद्राकर ने अवैध अतिक्रमण पर कोई कार्रवाई नही किया और उच्च न्यायालय बिलासपुर की आदेश की अवमानना किया जिस कारण याचिकाकर्ता दिग्विजयसिंह साहू ने उच्च न्यायालय बिलासपुर में अवमानना याचिका प्रस्तुत किया जिस पर न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए तहसीलदार भूपेश चंद्राकर को नोटिस जारी करते हुए 4 सप्ताह के भीतर में लिखित जवाब मांगा है।

इस संबंध में याचिकाकर्ता दिग्विजयसिंह ने बताया कि निवर्तमान सरपंच श्री मति लीलेश्वरी देवांगन ने अपने पति नवनिर्वाचित सरपंच चेतन लाल देवांगन और जेठ नरसिंग राम देवांगन को अवैध अतिक्रमण से बचाने के लिए पंचायत द्वारा बेदखली की कोई वैधानिक कार्रवाई नही किया और निवर्तमान सरपँच ने अपने पति व जेठ को अवैध अतिक्रमण से बचाने के लिए तहसीलदार भूपेश चंद्राकर को ग्राम पंचायत सुपेला की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक - 123 व 116 को आबादी कराने के लिए गुपचुप तरीके से पंचायत प्रस्ताव सौंप दिया और तहसीलदार भूपेश चंद्राकर के साथ साठगांठ कर फर्जी तरीके से जिस भूमि पर उनके पति व जेठ का अतिक्रमण है उसी भूमि पर अपने पारिवारिक सदस्यों के नाम आबादी घोषित करा दिया निवर्तमान सरपँच श्री मति लीलेश्वरी देवांगन ने तहसीलदार भूपेश चंद्राकर के साथ मिलीभगत कर फर्जी व गुपचुप तरीके से आबादी घोषित किया जिसकी जानकारी मुझे मिलने पर आपत्ति दर्ज किया गया था लेकिन तहसीलदार भूपेश चंद्राकर ने राजनैतिक दबाव के चलते मेरा आपत्ति खारिज कर खसरा क्रमांक - 123 व 116 को आबादी घोषित कर दिया है।

## कुओं की साफ-सफाई की गई



**पलारी** 16 मार्च (देशबन्धु) विकास खण्ड के ग्राम पंचायत बिनौरी के वार्ड क्रमांक 11 के कुओं की साफ सफ़ाई कर उसके बाद पानी टैंकर से कुओं में पानी डाले जाएंगे सभी वार्ड के पंचों से कहा गया है कि अपने सार्वजनिक कुओं की साफ सफ़ाई जल्द से जल्द करावे, ताकि पानी की किल्लत से आम जन को सुविधा मिल सके। उक्त जानकारी सरपंच ग्राम पंचायत बिनौरी ने दी।

## हर्षोल्लास पूर्वक होली मनाई गई

**पलारी,** 16 मार्च (देशबन्धु) नगर सहित पूरे विकास खंड पलारी में होली का पर्व हर्षोल्लास से मनाई गई। विकास खण्ड के ग्राम देवसुंदरा में रंगोत्सव पर्व के तीन दिन पहले बाजे गाजे के साथ घुम घुमकर ग्राम के कलाकारों द्वारा डंडा नृत्य गीत के साथ प्रस्तुत किया ।जगह जगह नगाड़े की थाप पर युवा थिरकते रहे रात्रि में शांति पूर्वक होलिका दहन संपन्न हुआ दूसरे दिन रंगोत्सव का पर्व रिकार्डिंग डांस के साथ लोगों ने झुम झुमकर नाचे इस बार बच्चे अति उत्साह में एक दूसरे के कपड़े फाड़े और ऐसे ही खुले बदन घुमते दिखे अंततः रंग गुलाल में सराबोर होते होते शाम ढल गया और शांति पूर्वक सौहार्दपूर्ण साल का अंतिम धार्मिक त्यौहार होली संपन्न हुआ।

## निधन

### बाबूलाल धूमकेतु



**जी जामगांव** 16 मार्च। ग्राम जी जामगांव निवासी बाबूलाल धूमकेतु सेवानिवृत शिक्षक का आकस्मिक निधन 13 मार्च को हो गया। जिसका अंतिम संस्कार 15 मार्च को उनके गृह ग्राम जी जामगांव में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में सामाजिक बंधु, ग्राम के गणमान्य नागरिक, ग्राम वासी शामिल थे। वे हृदय भूषण कहार (व्याख्याता) आशुतोष कहार (शिक्षक) एवं अम्बरीश कहार के पिता थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए।

### मदनलाल बाफना



**बालोद,** 16 मार्च। जैन श्री संघ बालोद के एवं प्रतिष्ठित बाफना परिवार के मदनलाल बाफना का 72 वर्ष की आयु में आज निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। बालोद मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। बालोद के गणेश प्रसादम के संचालक मूलचंद, गौतम, प्रकाश बाफना के भाई व अरुण बाफना के पिता थे।

### बुधराम साहू



**महासमुंद,** 16 मार्च (देशबन्धु)। स्थानीय शंकर नगर वार्ड नं. 1 भाठापारा खरोरा निवासी बुधराम साहू 80 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। वे सब्जी व्यवसायी पोखन साहू, कमल साहू के पिता थे। उनकी अंत्येष्टि ग्राम खरोरा स्थित मुक्ति धाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य जन शामिल हुए।

## कुरूद में धूमधाम के मनाया गया होली



**कुरूद,** 16 मार्च। शुक्रवार को रंगों का महापर्व होली नगर में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान हर वर्ग के लोगों में पर्व के प्रति विशेष उत्साह नजर आया । सुबह से ही लोग इस उत्सव में डूबने लगे और चारों ओर रंगो की उमंग बिखरने लगी। आमजन परिवार जनों के साथ घरों में पर्व मनाकर खुशियों का इजहार करने लगे, वहीं घरों-घर जाकर अपने मित्रों और शुभचितकों को रंग से सराबोर कर प्रेम और समरसता के इस महात्सव में चार चांद लगाने लगे। पर्व के दौरान नगर के जनप्रतिनिधियों , गणमान्य जनों और विशेष वर्ग के लोगों से मिलकर आम लोगों ने पर्व की खुशियां बिखेरी। सभी एक दूसरे को पर्व के रंगो से सजाकर और मिठाई खिलाकर इस उत्सव की सुंदरता को और बढ़ाने लगे। इसी तरह गली मोहल्लों में युवा वर्ग गीत संगीत में थिरकते हुए त्यौहार का जश्न मनाने लगे। वहीं कुछ स्थानों पर पारंपरिक नगाड़ों की मनमोहक ध्वनि से सजे फाग गीत गाते हुए इस महापर्व की मस्ती में डूबने लगे। इस तरह पूरे नगर में दिनभर त्यौहार को लेकर उल्लास बना रहा ।छोटे बच्चो ने अपनी चंचलता से इस उत्सव की खुशियों को दुगुना कर दिया वहीं आमजन समरसता और प्रेम के रंग में रंगकर भाईचारे और एकता का संदेश देने लगे।

## तिल्दा में नपा अध्यक्ष ने किया जिम का उद्घाटन

**कोहका नेवरा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। स्थानीय कुर्मी बोर्डिंग नेवरा में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला वर्मा ने जिम के उद्घाटन अवसर पर कहा कि युवाओं को प्रोत्साहित करते रहना चाहिए जिससे उनका उत्साह बढ़ा रहता है । व्यवसाय के साथ-साथ समाज को भी साथ लेकर चलने वाले का हमें भी साथ देना चाहिए जिससे युवाओं का उत्साह बना रहे और वह व्यवसाय हो अथवा स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभदायक है । हमारे शरीर के लिए भोजन आवश्यक है इस तरह स्वस्थ शरीर के लिए योग अथवा जिम आवश्यक है। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिलदा राज के संरक्षक महेश नायक ने कहा कि पहले के लोग खेती बाड़ी अथवा साइकलिंग ज्यादा किया करते थे अर्थात् मेहनत का कार्य ज्यादा करते थे जिसके कारण वह स्वस्थ रहते थे परंतु आजकल मेहनत का कार्य कम होने से शरीर स्वस्थ नहीं रह पाता जिसके कारण शहरों में जिम ही एकमात्र सहारा है जो शरीर को स्वस्थ बनाएं रखता है। इसलिए वर्तमान समय में स्वस्थ शरीर के लिए जिम आवश्यक हो गया है। इस अवसर पर कुर्मी समाज के उपराज्य प्रधान डॉक्टर कृष्ण कुमार वर्मा छात्रावास संरक्षक हेमचंद वर्मा तिल्दा नगर संरक्षक जैनेंद्र बघेल, तिल्दा बस्ती प्रमुख शिव वर्मा, ऋषि कुमार वर्मा विश्वनाथ वर्मा अनिल वर्मा दीपक वर्मा प्रवीण कुमार नायक, श्रीमती कौशल वर्मा, श्रीमती नंदनी खिचड़िया, श्रीमती मैना वर्मा आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन जीवा फिटनेस जिम के संचालक प्रदीप वर्मा ग्राम रजिया के द्वारा किया गया।



## नगर में शिक्षा का अलख जगाते युवा



**कुरूद,** 16 मार्च (देशबंधु)। कुरुद नगर से तीन युवा जो शासकीय कार्य में सेवा देने के साथ साथ नगर के युवाओं को सरकार के सिपहसालार बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सिविल सर्विसेज, व्यापम, एस आई भर्ती और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये निःशुल्क कोचिंग क्लासेस अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में दिनांक 17 मार्च से प्रारंभ कर रहे है । जिसमें युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में निःशुल्क क्लास में उपस्थित होकर बड़े शहरों में मोटी रकम खर्च करने से बचकर अपने घर पर रहकर पढ़ाई करने का अच्छा अवसर मिल रहा है जिसका लाभ उठायें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाये। नगर के लिये यह गौरव की बात है कि युवाओं ने कुरुद के बेटे बेटियों के भविष्य को सहेजने का बीड़ा उठाया है साथ ही अपने जैसे योग्य बनाने के उद्देश्य को लेकर आज कुरुद नगर में शिक्षा का अलख जग रहे है । इन युवाओं के सरहानीय कार्य के लिये नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर समाजसेवी भानू चंद्राकर एवं नगर के नागरिकगण पढ़ने वाले युवा छात्र छात्राओं ने नये बैच प्रारंभ होने की शुभकामनाएं दी ।

## मंदरौद में खुला नया राशन दुकान

**कुरूद,** 16 मार्च (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत मंदरौद में नया राशन दुकान का शुभारंभ भाजपा मण्डल अध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू के करकमलों से हुआ । अपने उद्बोधन में कृष्णकांत साहू ने कहा कि जब से सायं जी की सरकार बनी है तब से जन सुविधा के कार्यों में तेजी आई है उसी का परिणाम है कि आज क्षेत्रिय विधायक अजय चंद्राकर जी के प्रयास से पूरे क्षेत्र में सभी गांव राशन दुकान खुल रहा है।आज कुरूद विधानसभा हर क्षेत में विकास के आयाम गढ़ रहा है जैसे एल एल बी ,बीएड, लवलीहुड कॉलेज, पालीटेक्निक कॉलेज ये सभी हमारे विधानसभा कुरूद में है लगभग सभी विषयों में उच्चशिक्षा की पढ़ाई है इसके लिए आप लोग की धन्यवाद के पात्र है जिन्होंने कुरूद की बागडोर एक सशक्त हाथों में दिया जिसका नाम अजय चंद्राकर है। हमारा कुरूद और प्रगति उन्नति करे हमारा गांव सर्व सुविधायुक्त बने यही मंगलकामना के साथ अपने विचार रखे कार्यक्रम में प्रेमचंद साहू,भीखम लहरें सरपंच,कंचन नारद साहू,मौजी राम गुरुजी,अशोक साहू,राजू कोसरिया,रमेश निषाद,हीरामन साहू,रामचरण साहू,रामकृष्ण टंडन,गजेंद्र साहू,पोखन सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहा।



## प्रादेशिकी का शेष...

### गर्भगृह से बाहर निकलकर भगवान...

पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भर गया था। हर साल की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में भीड़ देखी गई। बताया गया कि भगवान राजीव लोचन के साथ होली खेलने के लिए प्रदेश के अलावा उड़ीसा राज्य से भी श्रद्धालु पहुंचे हुए थे।

### कुलेश्वरनाथ महादेव का गुलाल से श्रृंगार

त्रिवेणी संगम के मध्य में स्थित पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में अच्छी खासी भीड़ रहीं, होली को लेकर महादेव का विशेष रूप से श्रृंगार किया गया था जिसमें गुलाल के अलग-अलग रंगों को आकार दिया गया था। शिवलिंग के अलावा वेदी अर्थात माता पार्वती को भी गुलाल से श्रृंगार किया गया था। यह दृश्य आने वाले श्रद्धालुओं को अपनी ओर खासतौर से आकर्षित कर रही थीं। होली के मौके पर अन्य मंदिरों में भी विशेष रूप से भीड़ रही। जिसमें प्रमुख रूप से महाप्रभु जगन्नाथ मंदिर, नरसिंह अवतार, वामन अवतार मंदिर, बद्रीनारायण अवतार, वराह अवतार, साक्षी गोपाल मंदिर, छोटे राजीवलोचन मंदिर, राम मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, भूतेश्वर नाथ महादेव मंदिर, पंचेश्वरनाथ महादेव मंदिर, राजिम भक्तिन माता मंदिर, राजराजेश्वरनाथ महादेव मंदिर, दान दानेश्वर नाथ महादेव मंदिर, आदिशक्ति मां महामाया मंदिर, बाबा गरीब नाथ मंदिर, सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर इत्यादि है।

### महिला स्व सहायता समूह...

वर्षा पटेल, रानू बाजपेयी, पिंकी कश्यप, राधिका साहू, सीमा सेन, मिथला वर्मा, नागेश्वरी वर्मा, सीमा सेन, नीलम जायसवाल, टिकेश्वरी पाल, रत्ना जायसवाल, कोमल ध्रुव, प्रमिला वर्मा, रानू साहू, प्रिया वर्मा, पायल यादव, सुबी यादव, रमशीला वर्मा, श्वेता वर्मा, ज्योति तलाम, रिया दत्ता, संजू खरे, लीना साहू, रीना बंजारे, रोशनी टंडन, कुमारी पाल सहित महिला स्व. सहायता समूह की महिलाएं एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

### नगर में पुलिस प्रशासन...

अजय झॉ सहित पुलिस को बधाई दी है। वहीं क्षेत्रिय विधायक एवं केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने गृहग्राम चांपा में होली उत्सव मनाया। जहां ग्रामीणजनों के अलावा स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। मंत्री श्री वर्मा स्वयं हारमोनियम के साथ होली गीत गाकर लोगों को आकर्षित किया, जहां संगत के.के. वर्मा ने किया। वहीं कलेक्टर निवास परिसर में भी काफी उत्साह एवं शांतिपूर्वक होली उत्सव मनाया गया।

# लो-वोल्टेज व बिजली कटौती ने ले ली किसान की जान : विधायक यादव

**बागबाहरा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा सरकार की लापरवाह नीतियों और विद्युत विभाग की अयोग्यता के कारण प्रदेश में किसानों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। कृषि कार्य के लिए दी जाने वाली बिजली की लो वोल्टेज और लगातार कटौती के चलते झलप क्षेत्र के सिंघनपुर निवासी किसान पूरन निषाद ने अपनी पूरी तरह बर्बाद हो चुकी फसल को देखकर पेड़ में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूरन निषाद को उम्मीद थी कि वह मेहनत से अपनी फसल तैयार करेंगे। और कर्ज चुका पाएंगे। लेकिन बिजली संकट ने उनके सारे सपनों को चकनाचूर कर दिया। खेतों में लगी फसल लो वोल्टेज और विद्युतकटौती के कारण सूखने लगी। लेकिन सरकार और विद्युत विभाग उनकी परेशानी से बेखबर बने रहे। जब उन्होंने संबंधित विभागों से मदद मांगी, तो उन्हें सिर्फ झूठे आश्वासन मिले। आखिरकार, फसल के सूखने और कर्ज के बोझ से टूटे किसान को आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा।

**कांग्रेस की जांच समिति ने की मृतक के परिजनों से मुलाकात**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में जांच समिति मृतक कृषक के परिजनों से मिलने उनके घर पहुँची। जहां उन्होंने मृतक कृषक पूरन निषाद के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को ढाढस बंधाया।

वहीं परिजनों चर्चा के दौरान मृतक पूरन निषाद के परिजनों ने विधायक श्री यादव एवं कमेटी के सदस्यों को बताया कि ङ्क मृतक ने अपनी फसल को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया । उन्होंने खेतों की सिंचाई के चलते बार-बार बिजली ऑफिस के चक्कर लगाए। लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। दिन में 20 बार से अधिक लाइन बंद हो रहा था। साथ ही जब लाइट रहती थी तो लो वोल्टेज के कारण मोटर चालू नहीं हो रहा था।

**पड़ोसी किसान से भी मांगी थी मदद**

मृतक कृषक पूरन निषाद ने दूसरे साथी कृषक जिसका बाजू में खेत और बोर है, उसे भी कुछ राशि देकर खेत की सिंचाई के लिए निवेदन किया। तो उसने भी प्रयास किया। लेकिन फिर भी उसे सफलता नहीं मिली। और इस बीच उनकी फसल सूखकर बर्बाद होने लगी। एक तरफ कर्ज का दबाव, दूसरी ओर खेतों में खड़ी सूखती फसल, और सरकार की बेरुखी ने उन्हें आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाने पर मजबूर कर दिया।



**बिजली संकट और किसानों के आत्महत्याओं के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार**

**फसल बर्बादी से हताश होकर किसान ने की आत्महत्या**

परिजनों से चर्चा के पश्चात पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि यह सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। जब किसानों को पानी और बिजली की जरूरत होती है। तब सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग जाती है। पूरन निषाद की आत्महत्या भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों का सीधा परिणाम है। अगर बिजली की आपूर्ति सुचारू होती, तो आज यह दुखद घटना नहीं होती।

विधायक श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा किसानों के हितैषी होने का दिखावा करती है। लेकिन हकीकत यह है कि राज्यभर में लो वोल्टेज और बिजली कटौती ने किसानों की कमर तोड़ दी है।

जब उद्योगों को चौबीसों घंटे बिजली दी जा सकती है, तो किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली क्यों नहीं मिलती ? बिजली पर तो सभी का हक है। और खासकर के छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों का तो उस पर विशेष हक है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ वादे करती है। लेकिन जब किसानों को मदद की जरूरत होती है। तब वह अपना पल्ला झाड़ लेती है। यह सरकार किसान विरोधी है। और इसे सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं

**बिजली विभाग के लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई हो**

परिजनों से चर्चा करने के पश्चात विधायक द्वारिकाधीश यादव ने सरकार के समक्ष परिजनों के लिए मांग रखते हुए कहा कि मृतक किसान के परिवार को कम से कम ?10 लाख का मुआवजा मिले। विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।।किसानों को पर्याप्त बिजली देने के लिए सरकार ठोस नीति बनाए।

**कब तक मरते रहेंगे किसान ?**

अंत में विधायक श्री यादव ने कहा कि किसानों की आत्महत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। पूरन निषाद पहले किसान नहीं हैं जिन्होंने सरकार की नाकामी के कारण अपनी जान गंवाई है। अगर भाजपा सरकार ने अब भी अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया, तो प्रदेश के और भी किसान ऐसी ही त्रासदी का शिकार होंगे। मृतक कृषक के परिजनों से मिलने पहुंची कमेटी में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त जांच समिति के संयोजक विधायक द्वारिकाधीश यादव, पर्यटन मंडल के पूर्व सदस्य अंकित बागबाहरा, सीटू सलूजा, मोहित ध्रुव, जगजीवन सिंह राजा, मोहम्मद शोएब, आलोक नायक, लाल जी भारतीय, दारा सिंह साहू पूर्व जनपद सदस्य, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खिलावन साहू, नरेंद्र कौशिक सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

# प्रेस क्लब सिहावा नगरी के तत्वाधान में फाग गीत एवं झांकी का आयोजन

## नवनिर्वाचित नगर पार्षदों का श्रीफल एवं साल से किया गया सम्मान

**नगरी,** 16 मार्च (देशबन्धु)। नगर के राजाबाडा में प्रेस क्लब सिहावा नगरी के तत्वाधान में झाकी एवं फाग गीत का आयोजन किया गया, जिसने लोगो का मन मोह लिया, समापन तक लोग टस से मस नहीं हुए।

सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी एवं माँ सरस्वती के चलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर फाग गीत एवं झांकी कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें छत्तीसगढ़ की प्रख्यात फाग गीत एवं झांकी मंडली एकता फाग मंडली बकनी और जय छत्तीसगढ़ महतारी जस झाकी एवं फाग गीत मंडली बगदेही ने अपनी प्रस्तुति दी। इस तरह का आयोजन नगर में प्रेस क्लब द्वारा पहली बार कराया गया। कार्यक्रम को देखने लोगो की भारी भीड़ रही।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी पर क्षेत्रीय विधायक अंबिका मरकाम थी, अध्यक्षता नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने की जबकि विशेष अतिथि के रूप में नगर व्यवस्था समिति अध्यक्ष नंद यादव, नवनिर्वाचित नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा, मोहन सोनी, अमितेष गोलछा, सुधीर छाजेड़, प्रिंस गोलछा, संतोष साहू, देवेन्द्र मिश्रा, विक्की छाजेड़, राकेश नारंग, रवेन्द्र साहू, संतोष अगलावे उपस्थित थे।

- विधायक ने प्रेस क्लब को दिए तीन लाख रूपए
- आयोजक समिति की जमकर हुई प्रशंसा

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अंबिका मरकाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रेस क्लब सिहावा नगरी द्वारा होली मिलन समारोह कराना सराहनी कार्य है, इस तरह की आयोजन हमेशा होते रहना चाहिए जिससे लोगों में एकता एवं भाईचारा बना रहता है, विधायक ने प्रेस क्लब सिहावा नगरी को स्वेच्छा अनुदान मद से तीन लाख रुपए देने की घोषणा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बलजीत छाबड़ा ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और प्रेस क्लब सिहावा नगरी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने फाग गीत गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दियाद्य

अतिथियों का टोपी, पुष्प माला, रंग गुलाल, बेच लगाकर स्वागत सत्कार किया और प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया, नव निर्वाचित पार्षदों का भी साल और श्रीफल से सम्मान हुआ।

सफल आयोजन में हरीश मालू, अनिल वाधवानी, अनिल बोहरा, योगेश साहू प्रेस क्लब संरक्षक जीवन नाहटा, विनोद गुप्ता, अध्यक्ष राजशेखर नायर, उपाध्यक्ष अभिनव अवस्थी, सचिव दीपेश निषाद, कोषाध्यक्ष अशोक सोचती, मंच संचालन कर रहे वरिष्ठ पत्रकार कुमार नायर सहित समाचार पत्र बांटने वाले कमल नारायण, विजय साहू, निकेश साहू, हिमांशु यादव, विक्की का योगदान सराहनीय रहा।

# लालसोट ब्राह्मण समाज महिला मंडल भाटापारा में कार्यकारिणी गठित



## नेहा अश्वनी शर्मा बनी अध्यक्ष

**भाटापारा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। दिनाँक 11/03/25 को लालसोट समाज की महिलाओं की बैठक संपन्न हुई। जिसमें नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों एवं सभी महिलाओं द्वारा सर्वसम्मति से महिला मंडल की अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती नेहा अश्वनी शर्मा को चुना गया। विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए कार्यकारिणी के विभिन्न पदों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। महिला इकाई की संरक्षिका श्रीमती पूजा नरेश चौबे व श्रीमती वंदना गोपाल शर्मा बनाई गयी। कार्यकारिणी की मार्गदर्शिका श्रीमती कमला धनजी जोशी व श्रीमती आशा जितेंद्र पुरोहित होंगीं। इसी प्रकार उपाध्यक्ष –श्रीमती प्रियंका दुर्गेश शर्मा, सचिव –श्रीमती ज्योति शैलेश शर्मा व श्रीमती उमा सोनू पटाक, कोषाध्यक्ष –श्रीमती रेखा जयप्रकाश शर्मा व श्रीमती यामिनी आलोक शर्मा, सहसचिव– श्रीमती मीता संतोष शर्मा व श्रीमती पदमा प्रमोद तिवाड़ी, मिडिया प्रभारी – श्रीमती आभा हेमंत व्यास, सांस्कृतिक प्रमुख– श्रीमती साक्षी मोनू शर्मा व श्रीमती साक्षी राहुल जोशी चुनी गयी।

इनके अतिरिक्त विभिन्न आयोजनों व सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग हेतु कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में – श्रीमती योगिता योगेश शर्मा, श्रीमती ममता गोविन्द शर्मा, श्रीमती पायल मयंक तिवाड़ी, श्रीमती खुशी आशीष टोडर, श्रीमती आरती वैभव टोडर, श्रीमती अर्चना वीनू शर्मा, श्रीमती पिंकी अभिषेक शर्मा, श्रीमती संध्या चंदू चौबे, श्रीमती महिमा सिद्धार्थ शर्मा, श्रीमती अंकिता आशीष पुरोहित, श्रीमती सोनिया अभिषेक शर्मा, श्रीमती पलक सौरभ चौबे, श्रीमती सपना आयुष पुरोहित व श्रीमती मोनिका सन्नी शर्मा का चयन किया गया। समाज की वरिष्ठ महिलाओं व सभी सदस्यों द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को आशीर्वाद व बधाई देकर कर्तव्यों के कुशल निर्वहन की बात कही गयी। उपरोक्त जानकारी मिडिया प्रभारी श्रीमती आभा हेमंत व्यास द्वारा दी गयी।

# भाजपा नेता किशोर देवांगन ने क्षेत्रवासियों के साथ खेली होली



**नवापारा राजिम,** 16 मार्च (देशबन्धु)। होली के अवसर पर युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने अपने मित्रों और क्षेत्र के युवाओं व शुभचिंतकों के साथ जमकर होली खेली। होली के दिन सुबह श्री देवांगन ने अपने घर आए विभिन्न जनप्रतिनिधियों और समर्थकों के साथ रंग गुलाल लगाकर होली खेलते हुए उनका मुंह मीठा कराया। इसके बाद नगर में अपने मित्रों के साथ जमकर होली खेली। इसके बाद देवांगन अपने चुनिंदा समर्थकों के साथ अंचल के विभिन्न ग्राम पहुंचे और वहां युवाओं व शुभचिंतकों के साथ जमकर होली खेली। साथ ही वहां फाग गा रहे मंडलियों के बीच बैठकर जबर्दस्त तरीके से नगाड़ा बजाकर लोगों को हैरान करते हुए उनकी खुशी दुगुनी कर दी।

देवांगन ने सभी को रंगों के त्यौहार की बधाई देते हुए सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर होली के रंगों की तरह मिल-जुलकर रहते हुए अपनी-अपनी जिंदगी खुशियों से रंगीन करने की अपील की। क्षेत्र के युवा और उनके समर्थक किशोर को अपने बीच पाकर काफी खुश नजर आये।

# विधायक इंद्र साव ने बजाया नगाड़ा, गाया फाग

**भाटापारा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। रंग उमंग और आपसी भाई चारे का त्यौहार होली का पर्व पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कांग्रेस भवन में इस बार होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें विधायक इंद्र साव ने नगाड़ा बजाकर साथियों के फाग गाया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को होली पर्व की बधाई देते हुए नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का शाल श्रीफल से सम्मान करते हुए उन्हें नए दायित्वों की शुभकामना दी।

होली का त्यौहार हो और उसमें ढोल नगाड़े की थाप पर फाग गीतों की धूम इस त्योहार को रंगीन और खुशनुमा बना देती है। शहर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी इस बार होलीकोत्सव की धूम काफी देखने सुनने को मिली। कांग्रेस भवन में इस बार होली पर्व का नजारा देखते ही बन रहा था, जहा शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस की राजनीति करने वालों की काफी बड़ी तादाद में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां एक ओर विधायक इन्द्र साव स्वयं काफी देर तक परंपरागत रूप से नगाड़ा बजाते व फाग गाते नजर आए वहीं



## होली मिलन समारोह में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का विधायक ने किया सम्मान

दूसरी ओर विधायक श्री साव मिलने-जुलने व होली की बधाईयां देने वालों से लगातार मिलकर बधाई देते रहे। इस होली मिलन के अवसर पर ही विधायक ने नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत कर आए सभी नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का शाल श्रीफल देकर सम्मान किया और सभी को उन्हें नए दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ अपनी जनता के हितों के लिए करने का संदेश दिया।

विधायक इन्द्र साव ने होली मिलन समारोह में उपस्थित सभी लोगों को होली की बधाई देते हुए कहा कि मन का मेल दूर करने वाला यह पर्व आपसी भाईचारे को मजबूत करता है। होली सिर्फ रंगों का यह त्यौहार नहीं बल्कि दिलो को जोड़ने का अवसर भी है। विधायक श्री साव ने सभी को आपसी मेल जोल बनाए रखने की अपील की है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से ईश्वर सिंह ठाकुर, कुबेर यदु, राजकुमार शर्मा, रोशन हबलानी आलोक मिश्रा, अशोक ध्रुव, हिरेंद्र कोशले, गोलू साहू, कमलेश साहू, दिवाकर मिश्रा, नानू सोनी, वैभव केसरवानी, चंद्रशेखर चक्रधारी, सुन्दर साहू, रुद्धडुठु नेताम, इतवारी जांगड़े, आबिद खान, चंद्रकांत साहू, गेंद राम साव, ठाकुर राम साहू, नरेंद्र यदु, चंद्रकांत खूंटे, नवीन बक्स, मदन ठाकुर, सिमगा पार्षद गोलू पाटकर, अशोक, सोनकर, प्रमीला साहू, सावित्री ध्रुव, हिरमत साहू, निर्मला कोशले, सतरूपा वर्मा, दानी भाट, पूर्णिमा श्रीवास, कुमारी जांगड़े व अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# भव्यता एवं दिव्यतापूर्वक सम्पन्न हुआ महाआरती

**पिथौरा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। दुर्गा चालीसा पाठ के साथ शुभारंभ महाआरती क्रम भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम के संयुक्त तत्वाधान में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में भव्यता एवं दिव्यता पूर्वक सम्पन्न हुआ महाआरती क्रम। भगवती मानव कल्याण संगठन, पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम के संस्थापक संचालक परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशानिर्देश में यह महाआरती क्रम माह के तृतीय रविवार को प्रातः 11ः00बजे हुआ। जो निरंतर प्रत्येक माह के तृतीय रविवार को होगा। सिद्धाश्रम धाम में सुबह शाम होने वाले आरती क्रम को माह में 1 बार जिले के तहसील एवं जिला में प्रदान किया गया है जो लाभ



सिद्धाश्रम धाम में मिलता है वह यहां रहकर प्राप्त कर सकते हैं। आज रविवार से प्रारंभ हुआ। आपको बता दें भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पूर्ण आध्यात्मिक संगठन है जिसके प्रत्येक सदस्य नशे, मांस से मुक्त चरित्रवान जीवन जीते हुए समाज को इसी क्षेत्र में आगे बढ़ा रहे हैं निःशुल्क मां की आरती चालीसा पाठ के माध्यम से। यह संगठन विगत 30 वर्षों से मानवता की सेवा कर रहा है। श्री शक्तिपुत्र जी महाराज अपने शिष्यों नशामुक्त, मांसाहार मुक्त, चरित्रवान, चेतनावान जीवन जीने का संकल्प कराकर, धर्मरक्षा, राष्ट्र रक्षा, मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देते हैं। जिससे मानव में मानव मूल्यों की स्थापना हो सके। इस कार्यक्रम में चिंतन भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ विरेन्द्र चौधरी, भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष दीपक नायक, बीएससीपी जिलाध्यक्ष केशव साव ने प्रदान किये, संचालन सागरचंद पटेल द्वारा किया गया अंत में घांसीराम नायक द्वारा आभार प्रकट करते हुए समापन की घोषणा की। जिसमें उपाध्यक्ष कुमार पटेल, रंजित चंद्राकर, सिताराम सेन कोषाध्यक्ष तोषराम पटेल, विसाहू यादव, बसंत, जीवराखन यादव, सहित सैकड़ों की संख्या में गुरू भाई, बहन बच्चे उपस्थित हो कर धर्म लाभ प्राप्त किए, अंत में उपस्थित मां भक्तों को खिचड़ी प्रसाद प्रदान किये।

# कांति ध्रुव निर्विरोध बनी उपसरपंच

**भाटापारा,** 16 मार्च (देशबन्धु)। भाटापारा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजराडीह से श्रीमती कांति रघुनन्दन वर्मा निर्विरोध उपसरपंच चुनी गयी 7ग्राम पंचायत बिजराडीह के नवनिर्वाचित सरपंच शिवचरण यदु के आलावा 10 पंच ने गांव के मिलनसार योग्य श्रीमती कांति ध्रुव को उपसरपंच पर निर्विरोध चुनी गईं 7 श्रीमती ध्रुव ने सबके सहयोग से मिलकर ग्राम विकास को आगे बढ़ाने की बात कही तथा सरपंच, समस्त पंचो एवं ग्राम वासियो का आभार व्यक्त किया, इस अवसर पर सरपंच शिवचरण यदु, समस्त पंचगण, ग्रामवासियो एवं मित्रगण ने श्रीमती कांति रघुनंदन ध्रुव को बधाई दी।



# होली के एक दिन पूर्व नगर एवं क्षेत्र के देशी एवं विदेशी दुकानों में ओवररेट में बेची गई शराब



**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 16 मार्च (देशबन्धु)। बलौदाबाजार सहित ग्राम अर्जुनी, रवान के देसी एवं अंग्रेजी शराब भट्टी में होली के एक दिन पूर्व ओवर रेट में 12 मार्च को लाखों का शराब का बिक्री किया गया। शराब भट्टी में मेला की तरह भीड़ लगा हुआ था। लोग शराब खरीदने के लिए घंटो लाइन में लगे हुए थें। आबकारी विभाग की निष्क्रियता के कारण बलौदाबाजार के दोनो मदिरा दुकान एवं ग्राम अर्जुनी के अंग्रेजी शराब भट्टी, देसी शराब भट्टी में त्यौहार के अवसर का लाभ उठाकर शराब भट्टी के मैनेजर एवं कर्मचारियों के द्वारा दादागिरी के साथ शराब का बिक्री खुले आम अधिक रेट पर किया गया। भीड एवं अधिक रेट के चलते बलौदाबाजार के ग्राहक रायपुर रोड से रिसदा रोड की दूकान पर जाया करते थे। वहीं समान न मिलने की स्थिति में रिसदा रोड से रायपुर रोड की दुकान का भी चक्कर ग्राहको के द्वारा लगाया जाता था। अंततः कोचियों के सहारे ग्राहको को मजबूरी में अधिक रेट पर सामान लेकर जाना पड़ता था।

## लोगों की लगी थी लम्बी कतारे, 100 से 200 रू. अधिक रेट में बेचा गया

इस ओवर रेट पर शराब बेचना आबकारी विभाग के मिली भगत से संपन्न होना निश्चित माना जा रहा है। होली के पावन त्यौहार पर मदिरा प्रेमियों को शराब लेने के लिए 12 तारीख को सुबह से शाम तक भीड़ भाड का लाभ उठाकर शराब भट्टी के कर्मचारियो एवं मैनेजर के द्वारा लाखों रुपया का अधिक रेट पर मदिरा बेचकर मुनाफा कमाया गया। अनेकों ग्रामीणों ने बताया कि अंग्रेजी शराब भट्टी में एक पौवा का 500 रू. तक ग्रामीणों को बेचा गया है। तथा देसी शराब भट्टी में प्लेन पावा का 90 के स्थान पर 100 से 150 रूपया प्रति पौवा ओवर रेट मे बेच रहे थें। वहीं चिल्हर नही होने की स्थिति में 50 से 100 रूपया तक को भी ग्राहको को वापस नही किया जा रहा था।

अनेक ग्राहको ने बताया कि अधिक भीड को देखते हुए स्वयं शराब दुकान के मैनेजर द्वारा अपने आदमी को शराब दुकान के बगल में शराब की बोतल देकर अधिक रेट में बेचवाया जा रहा था। लोग लम्बी लाईन लगाने से बचने के लिए उन्ही लोगों से अधिक रेट पर जो भी ब्रांड का मिल जाता था उसे खरीदना पडता था। एक ग्राहक ने यहां तक बताया कि एक अंग्रेजी शराब की बाटल जिसका रेट 1400 रूपया लिखा हुआ था उसे 1600 रूपया में शराब दुकान की काउंटर पर बेचा गया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के मदिरा ग्राहको ने पुलिस प्रशासन एवं आबकारी अधिकारियों से शराब की ओवरराइटिंग पर कार्यवाही करने की मांग किया है।

# गर्मी के मौसम की शुरुआत होते ही पानी की किल्लत प्रारम्भ

**नवापारा-राजिम,** 16 मार्च (देशबन्धु)। गर्मी के मौसम की शुरुआत होते ही वार्ड क्रमांक 08 भोई पारा मे पानी की किल्लत प्रारम्भ हो गई। यहाँ की महिला सहित बच्ची हाथ मे खाली बाल्टी, पानी भरने का बर्तन ले जाकर सदर रोड और कुम्हार पारा के घरो-घर से एक एक बाल्टी पानी का जुगाड़ के लिए जद्दोजहद करते नजर आ रहे है। वही इन महिलाओं को पानी देने वाले इस गर्मी को देखकर तो कभी तो इंकार भी करते दिखाई देते है। इनकी सुध लेने वाला कोई नही है। इस वार्ड मे पानी की किल्लत इस वजह से बढी है कि पूर्व मे जो पाईप लाईन से पानी आ रहा वहा वहाँ रेल्वे के पटरी बिछाई गयी



जिसके वजह से पाईप लाईन क्षतिग्रस्त हो गया। जो उपयोग लायक नही रहा। पूर्व वार्ड पार्षद चतुर सिग जगत कथनानुसार वार्डवासी नल के पानी की किल्लत न हो इस वजह से मोहल्ले मे बिछे पाईप लाईन से स्वय के खर्च से फिर से नल कनेक्शन लिया। लेकिन जब से पाईप लाईन से नया नल कनेक्शन लिया है तो उसमे से 10-15 मिनट ही पानी आ रहा है। जो आवश्यकता से नही के बराबर है। इन परिस्थितियों को देखते हुए वार्ड वासी अभी से परेशान दिखाई दे रहे है वार्ड वासी नगर पालिका प्रशासन से माँग कर रहे है कि पूर्व मे रेल लाइन बिछाने के वजह से क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के बदले में नए बिछी गई पाइप लाइन से जो नल कनेक्शन लिया गया है उसमें पानी के बहाव को तेज करे ताकि वार्ड वासियों को पानी आवश्यकता अनुसार पानी मिल

# होली केवल रंगों का नहीं, प्रेम और अपनेपन का त्यौहार हैं : कल्याणी कंसारी

**नवापारा राजिम,** 16 मार्च (देशबन्धु)। उत्साह के रंग से रंगी होली का प्रेम भरा पर्व, दुर्गा शक्ति समिति वार्ड नंबर 07 नवापारा द्वारा हर्षोल्लास के साथ मंदिर के सामने श्रीराम, हनुमान जी महराज एवं भोलेबाबा के साथ भक्ति रंग में डूबकर मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम भोले बाबा को गुलाल लगाकर सभी ने आशीर्वाद लिए और होली पर्व की बधाई दी। समिति की सचिव कल्याणी कंसारी ने होली पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि द्रुयह त्यौहार सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं हैं बल्कि स्नेह और अपनेपन का त्यौहार हैं। जिसमें बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने का संदेश दिया जाता हैं। एक पौराणिक कथा के अनुसार होलिका अपनी गोद में सच्चाई के प्रतीक के रूप में भगवान विष्णु जी के परम भक्त प्रहलाद का अंत करने के लिए अपनी गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश करती हैं। जिसमें होलिका का अंत हो जाता हैं, प्रहलाद अग्नि में नहीं जलता। इसलिए हमें अपने सारे दुर्गुणों को दूर करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर डाली, संजू ध्रुव, बबली, माही, हिमांशी साहू, लक्ष्मी साहू, बेबी, मोक्ष, यादव, वीरू, भवानी, बिजली बाई, उर्वशी, कंचन, पूजा, पीना, कविता, रेखा कंसारी उपस्थित रहें।



# राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कर्मचारियों के साथ खेली होली



**राजिम,** 16 मार्च (देशबन्धु)। राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों के साथ होली खेली श्री यादव के इस अपनत्व को देखते हुए कर्मचारियों ने श्री यादव की प्रशंसा की।